आषाढ़ शुक्ल पक्ष सप्तमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 13 जुलाई 2024
वर्ष 5, अंक 109, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



फिर से चुनाव लड़ने के लिए प्रतिबद्ध हूं : बाइडन 18

पारी और 114 रनों से जीता इंग्लैंड 17

# आपातकाल की याद में हर साल 25 जून को मनेगा संविधान हत्या दिवस

## केंद्र सरकार ने जारी की अधिसूचना, 1975 में इसी दिन देश में लगा था आपातकाल

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने आपातकाल की अवधि के दौरान अमानवीय पीड़ा झेलने वालों के व्यापक योगदान को याद करने के लिए 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने का फैसला किया है। इसी दिन 1975 में आपातकाल की घोषणा की गई थी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को यह घोषणा की।

उन्होंने यह भी कहा कि 'संविधान हत्या दिवस' मनाने से प्रत्येक भारतीय में व्यक्तिगत स्वतंत्रता और लोकतंत्र की रक्षा की अमर ज्वाला को प्रज्वलित रखने में मदद मिलेगी, जिससे कांग्रेस जैसी तानाशाही ताकतों को उन भयावहताओं को दोहराने से रोका जा सकेगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी एक राजपत्र अधिसूचना में कहा गया है कि 25 जून 1975 को आपातकाल की घोषणा की गई थी, जिसके बाद तत्कालीन सरकार द्वारा सत्ता का घोर दुरुपयोग किया गया और भारत के लोगों पर ज्यादतियां और अत्याचार किए गए। इसमें कहा गया है कि भारत के लोगों को संविधान और इसके लचीले लोकतंत्र की शक्ति पर अटूट विश्वास है। अधिसूचना में कहा गया कि इसलिए भारत सरकार 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में घोषित करती है, ताकि आपातकाल के दौरान सत्ता के घोर दुरुपयोग के खिलाफ लड़ने वाले सभी लोगों को श्रद्धांजलि दी जा सके और भारत के लोगों को भविष्य में किसी भी तरह से सत्ता के ऐसे घोर दुरुपयोग का समर्थन न करने के लिए पुनः प्रतिबद्ध किया जा सके। शाह ने कहा कि 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने तानाशाही मानसिकता का खुला प्रदर्शन करते हुए देश में आपातकाल लागू करके भारत के लोकतंत्र की आत्मा का गला घोंट दिया। उन्होंने कहा कि लाखों लोगों को बिना किसी गलती के सलाखों के पीछे डाल दिया गया और मीडिया की आवाज को दबा दिया गया। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भारत सरकार ने हर साल 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय किया है। यह दिन उन सभी लोगों के विराट योगदान का स्मरण कराएगा, जिन्होंने 1975 के आपातकाल के अमानवीय दर्द को झेला था।



● अमानवीय दर्द को झेलने वालों की पीड़ा को इस दिन किया जाएगा याद : अमित शाह

### यह दिन याद दिलाएगा कि जब संविधान को रौंदा गया था, तो क्या हुआ था: मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाया जाना इस बात की याद दिलाएगा कि जब संविधान को रौंदा गया था, तो क्या हुआ था। मोदी ने 'एक्स' पर कहा कि यह उस प्रत्येक व्यक्ति को श्रद्धांजलि अर्पित करने का भी दिन है, जिसने आपातकाल की ज्यादतियों के कारण कष्ट झेले और जो कांग्रेस द्वारा लाया गया भारतीय इतिहास का काला दौर था।

### मोदी मुक्ति दिवस के रूप में दर्ज होगा 4 जून

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने आरोप लगाया कि आपातकाल को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने का केंद्र सरकार का कदम सुर्खियां बटोरने की कवायद भर है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि चार जून 2024 का दिन इतिहास में मोदीमुक्ति दिवस के रूप में दर्ज होगा तथा देश की जनता 8 नवंबर के दिन को आजीविका हत्या दिवस के रूप में मनाएगी क्योंकि वर्ष 2008 में इसी दिन नोटबंदी की घोषणा की गई थी। रमेश ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि नॉन-बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री द्वारा पाखंड के जरिए सुर्खियां बटोरने की एक और कवायद की गई है, जबकि उन्होंने भारत के लोगों द्वारा 4 जून, 2024 को व्यक्तिगत, राजनीतिक और नैतिक हार सुनिश्चित किए जाने से पहले 10 वर्षों तक अघोषित आपातकाल लगाया था।

चितवन जिले में नारायणघाट-मुगलिंग मार्ग पर भूस्खलन के चलते हुआ हादसा

# नेपाल में दो बसें नदी में बहीं, सात भारतीयों समेत 60 यात्री लापता

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल में शुक्रवार तड़के भूस्खलन की चपेट में आई दो बसों के उफनाई नदी में बहने से उनमें सवार 60 से अधिक यात्रियों के लापता होने की खबर है। लापता यात्रियों में सात भारतीय नागरिक भी हैं। समाचार पोर्टल माईरिपब्लिका की खबर के मुताबिक, 65 यात्रियों को ले जा रही दो बसें चितवन जिले के सिमलताल इलाके में नारायणघाट-मुगलिंग मार्ग पर भूस्खलन की चपेट में आने के बाद उफनाई त्रिशूली नदी में बह गईं। चितवन के मुख्य जिला अधिकारी इंद्र देव यादव ने इस हादसे की पुष्टि की। यादव ने बताया कि बीरगंज से काठमांडू जा रही एंजेल बस और राजधानी से गौर के लिए रवाना हुई गणपति डीलक्स तड़के साढ़े तीन बजे भूस्खलन की चपेट में आ गई।

पुलिस के अनुसार, एंजेल बस में 24 जबकि गणपति डीलक्स में 41 यात्री सवार थे। 'द काठमांडू पोस्ट' की खबर के मुताबिक, गणपति डीलक्स में सवार तीन यात्री बस से कूद गए, जिससे वे मलबे के साथ बहने से बच गए। पुलिस ने बताया कि बीरगंज से काठमांडू जा रही एंजेल बस में सवार 21 यात्रियों का विवरण मिल गया है और इनमें सात भारतीयों के शामिल होने की बात सामने आई है। छह भारतीयों की पहचान संतोष ठाकुर, सुरेंद्र शाह, आदित मियान, सुनील, शाहनवाज आलम और अंसारी के रूप में की गई है। सातवें भारतीय की शिनाख्त अभी बाकी है। यादव ने बताया कि बचावकर्मियों ने भूस्खलन के मलबे को हटाने का काम शुरू कर दिया है। प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' ने त्रिशूली नदी में दो बसों के बहने की घटना पर दुख जताते हुए युद्धस्तर पर तलाश एवं बचाव अभियान के निर्देश जारी किए हैं। प्रचंड ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया कि मैं देश के विभिन्न हिस्सों में बाढ़ और भूस्खलन के कारण संपत्ति को पहुंचे नुकसान तथा नारायणघाट-मुगलिंग मार्ग पर बस के भूस्खलन की चपेट में आकर नदी में बहने की घटना से बहुत दुखी हूं।



बचाव अभियान में जुटे नेपाली सेना के जवान और अन्य लोग। ● एजेंसी

● लापता भारतीय 24 अन्य के साथ बीरगंज से जा रहे थे काठमांडू

● काठमांडू जा रही बस में 24 और गौर जा रही बस में थे 41 यात्री

## एक नजर

### कश्मीर के बारामूला में लगे 4.2 तीव्रता के झटके

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के बारामूला जिले में शुक्रवार को 4.2 तीव्रता का भूकंप आया। अधिकारियों ने बताया कि इस भूकंप में किसी भी प्रकार के जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। उन्होंने बताया कि उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले में दोपहर 12:26 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र 34.32 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 74.41 डिग्री पूर्वी देशांतर पर पांच किमी की गहराई पर था।

### आतंकी समेत दो के खिलाफ चार्जशीट

**मुंबई।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने लीबिया में सक्रिय आईएसआईएस के एक आतंकवादी सहित दो लोगों के खिलाफ कथित तौर पर भारत विरोधी एजेंडे को बढ़ावा देने की साजिश में संलिप्त होने के मामले में शुक्रवार को आरोप पत्र दाखिल किया। आतंकवाद रोधी एजेंसी ने एक बयान में बताया कि दोनों आरोपियों ने भारत में संवेदनशील संस्थानों पर हमला करने के लिए युवकों की भर्ती करने की साजिश रची थी। इसमें कहा गया कि मोहम्मद जोहेब खान को एनआईए ने कई स्थानों पर छापेमारी के बाद इस साल फरवरी में गिरफ्तार किया था।

### गोवा के निलंबित आईपीएस अधिकारी की हुई बहाली

**नई दिल्ली।** गोवा में करीब एक साल पहले एक महिला पर्यटक के साथ दुर्व्यवहार करने के आरोप में निलंबित किए गए आईपीएस अधिकारी ए. कोआन को सरकार ने सेवा में बहाल कर दिया है। 2009 बैच के आईपीएस अधिकारी कोआन को निलंबन अवधि के दौरान बिना अनुमति के गोवा से नहीं जाने का आदेश दिया गया था, उन्हें अब अंडमान एवं निकोबार भेजा गया है।

## आंध्र के पूर्व मुख्यमंत्री जगन रेड्डी पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

**गुंटूर (आंध्र प्रदेश)।** आंध्र प्रदेश पुलिस ने तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) के एक विधायक की शिकायत पर पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी, दो वरिष्ठ आईपीएस और दो सेवानिवृत्त अधिकारियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। इस संबंध में उंडी विधानसभा क्षेत्र से तेदेपा विधायक के. रघुराम कृष्ण राजू ने शिकायत दर्ज कराई थी। राजू 2019 से 2024 के बीच वाईएसआरसीपी के लोकसभा सदस्य थे, लेकिन शुरुआती दौर में ही रेड्डी से उनका अलगाव हो गया था।

# तेरह अभियुक्त नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई रिमांड पर

पटना, एजेंसी

● हाईकोर्ट के निर्देश पर विशेष अदालत ने 15 दिनों के लिए हिरासत में भेजा

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट 2024 के प्रश्न-पत्र लीक मामले में पटना हाईकोर्ट के आदेश के बाद पटना व्यवहार न्यायालय स्थित एक विशेष अदालत ने शुक्रवार को पूर्व में गिरफ्तार किए गए जेल में बंद 13 अभियुक्तों को हिरासती पूछताछ के लिए 15 दिनों की पुलिस रिमांड पर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपे पर जाने का आदेश दिया। विशेष न्यायिक दंडाधिकारी हर्षवर्धन सिंह की अदालत में एक याचिका दाखिल कर पटना हाईकोर्ट द्वारा पारित आदेश का हवाला देते हुए सीबीआई की ओर इस मामले में पटना पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए जेल मे बंद 13 अभियुक्तों से हिरासती पूछताछ के लिए 15 दिनों की पुलिस रिमांड पर सौंपे जाने का अनुरोध किया गया था। पटना हाईकोर्ट के आदेश के आलोक में विशेष अदालत ने सभी 13 अभियुक्तों को अविलंब सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश आदर्श केंद्रीय कारागार, बेउर के अधीक्षक को दिया है। गौरतलब है कि इस मामले में अभी 27 अभियुक्त जेल में बंद है। उनमें से 13 अभियुक्तों को पटना पुलिस ने 05 मई 2024 को पटना के शास्त्रीनगर थाना में इस मामले की प्राथमिकी दर्ज करने के बाद गिरफ्तार किया था और उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया था।

## स्मृति ईरानी के खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल न करें : राहुल

**लखनऊ।** रायबरेली से कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को लेकर की सोशल मीडिया पर की जा रहीं आपत्तिजनक टिप्पणियों पर अप्रसन्नता जाहिर की है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को ऐसा न करने की हिदायत दी है। राहुल गांधी ने अपने एक्स अकाउंट पर शुक्रवार को लिखा है कि, जीवन में हार-जीत तो होती रहती है। मैं सभी से आग्रह करता हूं कि वे स्मृति ईरानी या किसी अन्य नेता के प्रति अपमानजनक भाषा का प्रयोग करने से बचें। लोगों को अपमानित करना कमजोरी की निशानी है, ताकत की नहीं। दरअसल अमेठी से हारने के बाद स्मृति ईरानी को निशाना बनाया जा रहा था।



● बोले, किसी को बेइज्जत व शर्मसार करना कमजोर होने की निशानी

# चार माह के उच्चतम स्तर पर खुदरा महंगाई, जून में 5.08 प्रतिशत पर पहुंची

नई दिल्ली, एजेंसी

सब्जियों और अन्य खाद्य उत्पादों की कीमतें बढ़ने से जून में खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर चार महीने के उच्चतम स्तर 5.08 प्रतिशत पर पहुंच गई। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति जनवरी से ही घट रही थी लेकिन जून का महीना एक बार फिर इसमें तेजी लेकर आया। मई 2024 में खुदरा मुद्रास्फीति 4.8 प्रतिशत पर थी जबकि जून 2023 में यह 4.87 प्रतिशत रही थी। खुदरा महंगाई का पिछला उच्च स्तर फरवरी में 5.09 प्रतिशत रहा था।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक खाद्य समूह में शामिल उत्पादों की महंगाई दर जून में बढ़कर 9.36 प्रतिशत पर पहुंच गई। मई में खाद्य मुद्रास्फीति 8.69 प्रतिशत थी। भीषण गर्मी से प्रभावित रहे जून के महीने में सब्जियों की कीमतें सालाना आधार पर सबसे अधिक 29.32 प्रतिशत बढ़ गईं। उसके बाद ''दालें और उत्पाद'' में मुद्रास्फीति 16.07 प्रतिशत रही। जून में ''अनाज और उत्पाद'' के अलावा फलों के दाम भी एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में महंगे बिके।

एनएसओ के आंकड़ों से पता चलता है कि जून में ग्रामीण क्षेत्रों में खुदरा मुद्रास्फीति 5.66 प्रतिशत रही जबकि शहरी भारत में महंगाई दर 4.39 प्रतिशत रही।



● सब्जियों और अन्य खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि का पड़ा असर

● मई 2024 में 4.8% जबकि जून 2023 में 4.87 प्रतिशत रही थी

### बारिश सामान्य रहने पर स्थितियां होंगी अनुकूल

अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि यदि मानसून के बाकी वक्त में बारिश सामान्य रहती है और वर्षा वितरण भी अनुकूल रहता है तो खाद्य मुद्रास्फीति का दृष्टिकोण निश्चित रूप से अनुकूल हो जाता है। वैश्विक या घरेलू स्तर पर कोई अन्य झटका नहीं लगने पर हम अक्टूबर 2024 में नीतिगत रुख में बदलाव और दिसंबर 2024 एवं फरवरी 2025 में 0.25 प्रतिशत की कटौती की संभावना से इनकार नहीं कर रहे हैं। एनएसओ के मुताबिक, जून में सबसे अधिक मुद्रास्फीति ओडिशा (7.22 प्रतिशत) और सबसे कम दिल्ली (2.18 प्रतिशत) में रही।

## अब स्कूल समय में कभी भी हाजिरी लगा सकेंगे शिक्षक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

● महानिदेशक शिक्षा ने ऑनलाइन हाजिरी में दी रियायत

● अभी तक सुबह 8:30 बजे तक ही दर्ज करा सकते थे उपस्थिति

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा परिषद के 1.33 लाख सरकारी स्कूलों में तैनात 6 लाख से अधिक शिक्षकों को बड़ी राहत मिल गई है। शिक्षा महानिदेशक ने शिक्षकों की दिक्कतों को ध्यान में रखते हुए उन्हें टैबलेट के माध्यम से विद्यालय समय अवधि में किसी भी समय ऑनलाइन हाजिरी दर्ज कराने की रियायत दी है।

महानिदेशक कंचन वर्मा ने कहा कि समीक्षा में पाया गया कि वर्तमान में आनलाइन हाजिरी प्रातः 8:30 बजे तक ही लगाई जा सकती है। इसके बाद एप पर इसमें कोई बदलाव या अपडेट नहीं किया जा सकता। इसमें सामने आईं दिक्कतों को तकनीकी टीम दूर नहीं कर सकी। इसलिए तय किया गया है प्रक्रिया के स्थापित होने तक विद्यालय की पूर्ण अवधि में किसी भी समय डिजिटाइज रजिस्टर एप का प्रयोग किया जा सकेगा। इससे विद्यालय अवधि में विद्या समीक्षा केन्द्र तथा विभागीय व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से राज्य स्तर तक संज्ञान में लाए गए मामलों का निवारण विद्यालय कार्य अवधि में ही किया जाना संभव होगा।

# सेबी की कार्रवाई : सहारा के पास जमा 14,106 करोड़ किया कुर्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने सहारा इंडिया कामर्शियल कार्पोरेशन लिमिटिड (एसआईसीसीएल) व उसके निदेशकों के बैंक खातों, डीमैट खातों एवं म्युचुअल फंड फोलाइन में जमा 14,106 करोड़ रुपये की धनराशि कुर्क किया है। बोर्ड ने तीन वर्ष तक कई नोटिसें भी भेजी थीं, लेकिन एसआईसीसीएल से कोई जवाब नहीं आया।

सेबी के रिकवरी अधिकारी ने 09 अप्रैल 2021 को एसआईसीसीएल और उसके निदेशकों के बैंक खातों, डीमैट खातों, म्युचुअल फंड फोलाइन को कुर्क करने का निर्देश दिया था। इसके अंतर्गत सुब्रत राय सहारा, बी. राय, ओपी श्रीवास्तव, लेफ्टीनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) एएस राव व रनोज दास गुप्ता को एसआईसीसीएल द्वारा जारी ओएफसीडी के मामले में 14,106 करोड़ रुपये की वसूली की जानी थी। 21 अक्टूबर और 17 नवंबर 2021 को बैंक खाता और म्युचुअल फंड की कुर्की की नोटिस पुनः जारी की गई। जवाब नहीं मिलने पर कुर्की की गई।



● वर्ष 2021 में शुरू हुई थी कार्रवाई की प्रक्रिया, छह आरोपियों को दिया था नोटिस

### ईडी ने सहारा समूह के जब्त किए 2.98 करोड़

**लखनऊ।** ईडी कोलकाता ने धनशोधन एक्ट के तहत शुक्रवार को कोलकाता, लखनऊ और मुंबई स्थित हुमारा इंडिया क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड के मामले में तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान हुमारा इंडिया और सहारा समूह की अन्य संस्थाओं के बही-खाते, डिजिटल डिवाइस, कई आपत्तिजनक दस्तावेज और अपराध की आय (पीओसी) 2.98 करोड़ जब्त किए।

# आबकारी घोटाला : केजरीवाल को ईडी मामले में सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में शुक्रवार को अंतरिम जमानत दे दी। ईडी के मामले में जमानत मिलने के बाद भी मुख्यमंत्री केजरीवाल अभी जेल में ही रहेंगे, क्योंकि सीबीआई ने कथित आबकारी नीति घोटाले से संबंधित भ्रष्टाचार के एक मामले में उन्हें गिरफ्तार किया था। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह निर्णय केजरीवाल को करना है कि वह मुख्यमंत्री पद पर बने रहेंगे या नहीं। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा कि हम इस तथ्य से अवगत हैं कि अरविंद केजरीवाल निर्वाचित नेता हैं। पीठ ने यह भी कहा कि केजरीवाल 90 दिनों से अधिक समय से कारावास में हैं। पीठ ने ईडी मामले में उनकी गिरफ्तारी की वैधता से संबंधित प्रश्नों को वृहद पीठ के पास भेज दिया। अदालत ने कहा कि चूंकि मामला जीवन के अधिकार से संबंधित है और गिरफ्तारी का मुद्दा बड़ी पीठ को सौंप दिया गया है इसलिए केजरीवाल को अंतरिम जमानत पर रिहा किया जाए।



● सीबीआई द्वारा दर्ज किए मामले में अभी जेल में ही रहेंगे मुख्यमंत्री

● ईडी की गिरफ्तारी को चुनौती की अर्जी पर वृहद पीठ करेगी विचार

### सीबीआई मुकदमे में 25 तक बढ़ी न्यायिक हिरासत

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक विशेष अदालत ने आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के मुकदमे गिरफ्तार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत शुक्रवार को 25 जुलाई तक के लिए बढ़ा दी। राऊज एवेन्यू स्थित सीबीआई और ईडी मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने यह आदेश पारित किया।

# शारदा की बाढ़ ने किया बेहाल, घरों में नहीं जल पा रहे चूल्हे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

भोजन-पानी के लिए परेशान हो रहे ट्रांस शारदा क्षेत्र में निवास करने वाले ग्रामीण

**अमृत विचार :** शारदा नदी में आई बाढ़ के बाद ट्रांस शारदा क्षेत्र के हालात दयनीय हैं। सड़कों से लेकर घरों तक में पानी भरा हुआ है। स्थिति यह है कि घरों में चूल्हे तक नहीं जल पा रहे हैं। बाढ़ पीड़ितों को खाना और पीने का पानी तक नसीब नहीं हो पा रहा है। पिछले दिनों पहाड़ों समेत मैदानी इलाकों में हुई भारी बारिश से शारदा नदी उफना गई। नदी किनारे बसे गांवों में पानी घुस गया। पूरनपुर तहसील के ट्रांस शारदा क्षेत्र में हालात खराब हैं। शारदा पार इलाके की 16 ग्राम पंचायतों की करीब 40 हजार आबादी बाढ़ की चपेट में है। तमाम ग्रामीण घरों की छतों और ऊंचे स्थानों पर शरण लिए हुए हैं। वहीं चंदिया हजारा और आसपास के गांवों के लोग हरीपुर जंगल में ऊंचे स्थानों पर रह रहे हैं। कुछ ग्रामीण गांव में हैं भी तो कीचड़ और जलभराव के चलते घरों में चूल्हे नहीं जल पा रहे हैं। कई मकान धराशायी हो गए हैं। बाढ़ में झोपड़ियों, मवेशी व राशन बहने के बाद लोग भोजन के साथ-साथ सिर पर छत के लिए भी मोहताज हो गए हैं। पानी निकलने के बाद लोग क्षतिग्रस्त घरों में बर्तन और अन्य सामान ढूंढ रहे हैं। प्रशासन का दावा है कि शुक्रवार शाम को 500 पैकेट राशन किट लेकर ट्रक शारदा पार रवाना किया गया है।



शाहजहांपुर में बरेली मोड़ पर भरा पानी। ● अमृत विचार

● आटा चक्कियों और गैस एजेंसी में जलभराव, रास्ते बंद

● बरखेड़ा और बीसलपुर क्षेत्र के गांवों में सरकारी मदद का इंतजार

### नहीं मिल रहा भोजन-पानी, प्रशासन के प्रति आक्रोश

**शाहजहांपुर।** बाढ़ की चपेट में आए लोग अब खाने और पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं। अमृत विचार की टीम ने शुक्रवार को बाढ़ प्रभावित अजीजगंज डैम मार्ग और अजीजगंज बरेली मोड़ का भ्रमण किया तो हालात खराब मिले। लोगों ने आक्रोश जताते हुए दो दिन से प्रशासनिक मदद की राह देखने की बात कही। घरों और गलियों में पानी भर जाने से सैकड़ों लोग कैद होकर रह गए हैं। लंच पैकेट इतने कम बांटे जा रहे हैं कि सभी को नहीं मिल पा रहे हैं। डैम मार्ग स्थित बाढ़ पीड़ित छोटेलाल, अलीहसन, सुल्तान, श्यामा देवी, कांशीराम कॉलोनी निवासी बबलू सक्सेना, श्यामा देवी आदि ने बताया कि प्रशासनिक मदद पर्याप्त नहीं मिल पा रही है। कुछ सामाजिक संगठनों के लोग खाना बांट जाते हैं, जिससे जैसे-तैसे काम चल रहा है। बाढ़ में सैकड़ों मकान डूबे हुए हैं, जिनमें हजारों लोग कैद हैं और भोजन-पानी पहुंचाने की गुहार लगा रहे हैं।

## एक नजर

### सेंट पॉल्स स्कूल के प्रशासक की हार्टअटैक से जान गई



रामपुर, अमृत विचार : सेंट पॉल्स स्कूल के प्रशासक की नेपाल में हार्टअटैक से मौत हो गई। राहे रजा पर जिलाधिकारी आवास के सामने सेंट पॉल्स की जूनियर विंग है। इसी में उनका आवास भी है। सेंट पॉल्स स्कूल के प्रधानाचार्य मनोज पाठक ने बताया कि स्कूल के प्रशासक अनुज दयाल की उम्र करीब 65 वर्ष थी। वह कुछ दिन पहले अपने मित्र के बेटे की शादी में शामिल होने नेपाल गए थे। वहां गुरुवार की देर रात उनकी हार्ट अटैक से मौत हो गई। इसे परिजनों और स्कूल के स्टाफ में शोक छा गया। गुड़गांव में रहने वाले उनके बेटे अंशुल दयाल सूचना पाकर नेपाल पहुंच गए हैं। वह पिता का शव यहां लाने की तैयारी में जुटे हैं।

# प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक में सीबीआई की एंटी करप्शन टीम ने मारा छापा

संवाददाता, डिलारी (मुरादाबाद)



बैंक शाखा गेट पर गाजियाबाद सीबीआई की एंटी करप्शन टीम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** किसान से तीन हजार रुपये की रिश्वत मांगने की शिकायत पर गाजियाबाद सीबीआई की एंटी करप्शन टीम ने प्रथमा बैंक शाखा में छाप मार दिया। इससे बैंक स्टाफ में हड़कंप मच गया। देर रात कर टीम बैंक शाखा में जांच करती रही।

डिलारी क्षेत्र के गांव महेशपुर निवासी किसान सुमित ने सरकड़ा विश्नोई में स्थित प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक शाखा से एक साल पहले पांच लाख रुपये का ऋण लिया था। सुमित के भाई अनुज ने बताया कि चार दिन पहले उनके भाई ऋण का नवीनीकरण कराने के लिए बैंक गए थे। आरोप है कि उस समय बैंक शाखा प्रबंधक सचिन कुमार ने ऋण का नवीनीकरण करने के लिए उनसे तीन हजार रुपये की मांग की तो उन्होंने उन्हें रुपये दे दिए। इसके बाद दो दिन बाद सुमित ने गाजियाबाद सीबीआई से मामले की शिकायत कर दी। इस पर शुक्रवार दोपहर चार बजे गाजियाबाद सीबीआई की एंटी करप्शन टीम बैंक शाखा पहुंची। टीम ने बैंक में प्रवेश करते ही प्रबंधक को पकड़ लिया। इससे बैंक स्टाफ में खलबली मच गई। टीम ने बैंक का गेट बंद करके जांच की और देर रात तक कार्रवाई चलती रही। इस दौरान किसी को भी बैंक शाखा में प्रवेश नहीं करने दिया।

## श्मशान घाट में दफन करने का प्रयास करने पर हिंदू और सिखों ने किया विरोध

# तीन घंटे घर में रखा रहा ईसाई महिला का शव

संवाददाता, स्वार


सीओ से बात करते भावाधस के राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री दीप सिंह राही। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** दलित से ईसाई बनी महिला के शव को श्मशान घाट में दफनाने को लेकर भावाधस के राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री व हिंदुओं ने विरोध शुरू कर दिया। सूचना पर क्षेत्राधिकारी व नायब तहसीलदार भी मौके पर पहुंच गए। शव को रामपुर स्थित मैथौडिस्ट चर्च भेज दिया गया। तब मामला शांत हुआ।

कोतवाली क्षेत्र के गांव बहादुर का मझरा निवासी दलित ओमप्रकाश ने ईसाई धर्म अपना लिया था। उसकी पत्नी 50 वर्षीय शीला की बीमारी के कारण शुक्रवार की सुबह मौत हो गई थी। गांव या आसपास ईसाइयों का कोई कब्रिस्तान नहीं है। इसके चलते पुलिस प्रशासन व परिजनों ने महिला के शव को श्मशान घाट में दफनाने का प्रयास किया। इस पर हिन्दू समाज के लोगों ने विरोध शुरू कर दिया। इसके बाद परिजन शव को अपने खेत में दफनाने लगे। इस पर सिख समाज के लोगों ने अपने घरों के पास शव दफनाने का विरोध करते हुए कहा कि नई परंपरा नहीं पड़ने दी जाएगी। इस कारण महिला का शव करीब तीन घंटे घर में ही रखा रहा।

मामले की सूचना मिलने पर क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार पांडेय, नायब तहसीलदार लोकेश कुमार व कोतवाल संदीप त्यागी मौके पर पहुंच गए। भावाधस के राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री दीप सिंह राही ने पुलिस प्रशासन से वार्ता की और ईसाइयों को अलग कब्रिस्तान देने

### नाराजगी

- क्षेत्राधिकारी, नायब तहसीलदार ने शव को मैथौडिस्ट चर्च में भिजवाकर लोगों को शांत किया

की मांग की। इस पर प्रशासनिक अधिकारियों ने इस परिवार को एक माह में कब्रिस्तान के लिए भूमि देने का आश्वासन दिया। इसके बाद पुलिस प्रशासन ने महिला के शव को रामपुर स्थित मैथोडिस्ट चर्च भेज दिया।

भावाधस के राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री ने कहा कि क्षेत्र में ईसाई मिशनरियां दलितों का चंगाई के नाम पर तथा लोभ लालच देकर धर्म परिवर्तन करा रही हैं। सरकार ऐसे दलितों की जांच कराए जो धर्म परिवर्तन कर ईसाई बनकर सरकार की योजनाओं का फायदा उठाते हैं।

# मुरादाबाद और रामपुर में दो फैक्ट्रियों पर टीम का छापा, 1.12 करोड़ जुर्माना वसूला

## बोगस फर्मों से कर रहे थे करोड़ों का लेनदेन, दोनों फर्मों के अभिलेख सील

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


कार्रवाई के दौराम फर्म में मौजूद टीम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** राज्य कर विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए रामपुर, मुरादाबाद की दो फर्मों के तीन ठिकानों पर कार्रवाई करते हुए 1.12 करोड़ रुपये का जुर्माना वसूल किया है।

अपर आयुक्त ग्रेड 2 आरए सेठ ने बताया कि गुरुवार को लाकड़ी फाजलपुर स्थित फर्म के दो ठिकानों पर सचल दल की टीमों ने छापामार कार्रवाई की। जबकि रामपुर के अजीतपुर शाहबाद स्थित मेंथा ऑयल फैक्टरी पर छापेमारी के दौरान फर्म स्वामी ने फर्म का गेट ही नहीं खोला। जिसके बाद सचल दल के 15 सदस्यों की टीम 24 घंटे फर्म स्वामी का इंतजार करती रही। बाद में फर्म स्वामी को घर से उठवाकर फर्म में खरीद फरोख्त से संबंधित दस्तावेज दिखाने को कहा गया। लेकिन, दस्तावेज नहीं दिखाए गए और न ही खरीद फरोख्त को दस्तावेजों के अनुसार प्रमाणित कर पाए।

कार्रवाई के दौरान लोकल फर्मों की खरीद फरोख्त में कुछ फर्में बोगस पाई हैं। शुरुआती जांच में काफी खामियां पाई गईं। साथ ही जांच के समय मौके से ही व्यापार स्थल से पांच करोड़ का स्टॉक दस्तावेजों में कम पाया गया। जबकि मेंथा कारोबारी का व्यापार 105 करोड़ रुपये सालाना होना बताया गया है। सचल दल की टीम ने फैक्टरी स्वामी से मौके पर ही 76 लाख रुपये जुर्माने के वसूल कर संदिग्ध दस्तावेजों को सील कर दिया। मुरादाबाद के लाकड़ी फाजलपुर स्थित फर्म पर 30 सदस्यों की टीम ने छापामार कार्रवाई की। यहां भी फर्म में छापेमारी के दौरान स्थानीय फर्मों से लेनदेन में कुछ फर्में बोगस पाई गई हैं। यहां भी विभागीय टीम ने 36 लाख 12 हजार रुपये जुर्माने के तौर पर जमा कराए। अपर आयुक्त ने बताया कि दस्तावेजों की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान संयुक्त आयुक्त एसआईबी मोहित गुप्ता, उपायुक्त विकास बहादुर चौधरी, उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह, सहायक आयुक्त रणंजय यादव आदि मौजूद रहे।

## मचान से लटका मिला किसान का शव, हत्या की आशंका जताई

**बुरावली (अमरोहा), अमृत विचार :** खेत पर बने मचान के सहारे फंदे पर लापता किसान का शव लटका मिला। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।

मामला रहरा थाना क्षेत्र के गांव देहरी गुर्जर का है। यहां किसान पुष्पराज उर्फ बबलू सिंह (45) का परिवार रहता है। 10 जुलाई को पुष्पराज अपने घर से लापता हो गया था। परिजनों ने उसकी तलाश की, लेकिन किसान का कोई सुराग नहीं मिला। शुक्रवार शाम पुष्पराज का भाई लकी खेत पर काम करने गया था। इस दौरान उसकी नजर मचान से लटके व्यक्ति पर पड़ी। इसे देखकर उसके होश उड़ गए। पास जाकर देखा तो वहां उसका भाई ही लटका हुआ था। मृतक की पत्नी राजवती ने हत्या की आशंका जताई है। सूचना पाकर जल्लोपुर चौकी की पुलिस मौके पर पहुंच गई। ग्रामीणों की सहायता से पुलिस ने शव को नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिवार में पत्नी व चार लड़की व एक लड़का है। थाना प्रभारी रमेश सहरावत ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# केयरटेकरों को मानदेय नहीं देने समेत कई आरोप में प्रधान से जवाब तलब

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** विकास खंड संभल के गांव शरीफपुर की गोशाला में गोवंश पशुओं की मौत मामले में अब प्रधान पर कार्रवाई के लिए शिकंजा कसने लगा है। गोवंश पशुओं के खानपान को लेकर लापरवाही एवं केयरटेकरों को मनमाने ढंग से बदलने के साथ ही मानदेय नहीं देने, ग्राम पंचायत को मिली धनराशि से विकास कार्यों की जानकारी नहीं देने आदि के आरोप को लेकर जिलाधिकारी ने प्रधान को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। 15 दिनों में साक्ष्य सहित स्पष्टीकरण नहीं देने पर अगली कार्रवाई शुरू की जाएगी।

गांव शरीफपुर की गोशाला में गोवंश पशुओं की मौत का मामला सामने आ चुका है। जिसके बाद बीडीओ और एडीओ पंचायत ने निरीक्षण रिपोर्ट जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया को सौंपी। रिपोर्ट में ग्राम प्रधान पर बेहद गंभीर आरोप हैं। रिपोर्ट मिलने के बाद इस मामले में जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने ग्राम प्रधान सुरेंद्र सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कहा है कि फोन पर वार्ता में भी गोशाला के संबंध में संतोषजनक जवाब नहीं दिया। यह बात भी सामने आई है कि प्रधान द्वारा केयर टेकरों को मनमाने ढंग से बदल दिया जाता रहा है। केयरटेकरों को मानदेय भी नहीं दिया गया है। केयर टेकर बलवीर सिंह को 4 महीने 19 दिन, राजेश को 3 महीने 24 दिन, लोकेश को 2 महीने 24 दिन का मानदेय नहीं दिया गया। पप्पू का 1 महीने 24 दिन और रमेश का 1 महीने 24 दिन के मानदेय को लेकर खाता उपलब्ध नहीं कराया गया।

### धनराशि से विकास कार्यों की नहीं दी जानकारी

**संभल, अमृत विचार :** एडीओ पंचायत ने डीएम को बताया कि गोशाला से निकलने वाले गोबर को प्रधान द्वारा प्रत्येक महीने 15 से 20 ट्रैक्टर टाली के माध्यम से नीलामी की जाती है। प्रत्येक ट्राली का मूल्य 1000 से 1200 रुपये होता है। यह धनराशि न तो ग्राम निधि खाते में और न ही गोशाला संचालन के लिए खोले गए खाते में जमा की जा रही है। यह धनराशि लगभग 4 से 5 लाख होती है। जिसका आहरण करने में प्रधान दोषी है। शरीफपुर में राज्य वित्त/15वें वित्त आयोग से वित्तीय वर्ष 2021-22 में 850341 रुपये, वित्तीय वर्ष 2022-23 में 891907 रुपये एवं वित्तीय वर्ष 2023-24 में 1000759 रुपये की धनराशि प्राप्त हुई। प्रधान और सचिव से धनराशि से कराए विकास कार्यों के बारे में पूछा गया तो अभिलेख व कार्यों को नहीं दिखाया गया। जिससे प्रतीत होता है कि धनराशि का ग्राम पंचायत द्वारा दुरुपयोग कर लिया गया।

### 15 दिन में साक्ष्य सहित देना होगा स्पष्टीकरण

**संभल, अमृत विचार :** डीएम ने कहा है कि आरोपों में प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने के कारण प्रधान के खिलाफ कार्रवाई करने से पहले उचित अवसर देने के लिए प्रधान को कारण बताओ नोटिस के द्वारा 15 दिन का समय दिया गया है। स्पष्टीकरण साक्ष्य सहित नियत समयावधि में प्रस्तुत करना है। उत्तर प्राप्त न होने अथवा संतोषजनक न पाए जाने की स्थिति में प्रधान के खिलाफ अधिनियम में निहित प्रावधानों के अंतर्गत कार्रवाई कर दी जाएगी।

# चार प्रधानाध्यापक समेत पांच निलंबित, कई का रोका वेतन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र कुमार सिंह ने शुक्रवार को विकास क्षेत्र दहगवां के 11 परिषदीय विद्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान एक विद्यालय में मध्याह्न भोजन के नाम पर उन्हें टॉफी बांटने का पता चला। अनियमितता मिलने पर चार इंचार्ज प्रधानाध्यापक और एक शिक्षक को निलंबित किया गया है। 14 पंजिकाओं का डिजीटिलिकरण कर ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने का निर्देश दिया।

निरीक्षण में संविलियन विद्यालय रसूलपुर कलां में शिक्षक ताराचंद्र अनुपस्थित मिले जबकि ईश्वर चंद्र विलंब से पहुंचे। शिक्षामित्र सावित्री चिकित्सा अवकाश पर मिलीं। 396 के सापेक्ष मात्र 33 बच्चे ही विद्यालय में थे। ताराचंद्र का एक दिन का वेतन काटा गया है। विलंब से आने पर चेतावनी दी गई। कम उपस्थिति पर पूरे स्टाफ का वेतन रोक दिया गया। प्राथमिक विद्यालय बस्तोई सीकरी में 121 के सापेक्ष मात्र छह बच्चे उपस्थित थे। यहां के प्रधानाध्यापक राकेश कुमार को निलंबित कर दिया गया। उच्च प्राथमिक विद्यालय समसपुर भूड़ में 64 में से तीन बच्चे ही मिले। उपस्थिति बढ़ाने की दिशा में काम नहीं कराया गया था। विद्यालय में गंदगी थी।

कक्षा कक्ष बंद थे। मांगने के बाद भी शिक्षक डायरल, पुस्तकालय पंजिका, खेलकूद सामग्री पंजिका उपलब्ध नहीं कराई गई। विद्यालय में शिक्षक होने के बाद भी गिरधरपुर विद्यालय के प्रधानाध्यापक मध्याह्न भोजन का संचालन कर रहे हैं। बच्चों को भोजन का वितरण नहीं किया जाता। ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय समय से नहीं खुलता है। शिक्षक भी समय से नहीं आते हैं।

## डीएमओ ने ग्राम प्रधान सफाईकर्मी को संक्रामक रोगों के बारे में समझाया

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. प्रेम नारायण यादव ने शुक्रवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ताजपुर के संवेदनशील गांवों में निरीक्षण किया। इस दौरान रामपुर दोराहा क्षेत्र के गांव गोट में जलभराव वाले स्थलों को देखा। गांव के प्रधान व सफाई कर्मी को संक्रामक रोगों के बारे में समझाया। यही नहीं, उन्होंने खुद गमलों में भरे पानी को फेंका। ग्रामीणों से कहा कि घर की छत पर देख लें कि बेकार पड़े टॉयर आदि में पानी तो नहीं भरा है। अन्यथा मच्छर पनपेंगे और मलेरिया, ड्रेंगू व अन्य संक्रामक रोग फैलेगा। इसी तरह जिला मलेरिया अधिकारी और उनकी टीम गांव ठिकरी पहुंचे थे। प्रधान व सफाई कर्मी से साफ-सफाई रखने को कहा। मलेरिया निरीक्षक शेखर गुप्ता, अमित कुमार व शरद पाल थे।

# जल ही है जीवन की आस: जिलाधिकारी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


जोगिन्दर सिंह, जिलाधिकारी।

- 16 से 22 जुलाई के मध्य मनाया जाएगा भू जल सप्ताह
- शिक्षा विभाग एवं राजकीय शिक्षण संस्थाएं करेंगी प्रतिभाग

**अमृत विचार :** जल संरक्षण का करो प्रयास, जल ही है जीवन की आस इस वर्ष की थीम है। 16 से 22 जुलाई के मध्य भूजल सप्ताह मनाया जाएगा। जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने बताया कि प्रदेश में भूगर्भीय जल की महत्ता के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए 2012 से प्रत्येक वर्ष भूजल सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। भूजल जनजागरूकता कार्यक्रम में जनपद स्तर, तहसील व विकास खंडों में बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, उच्चतर शिक्षा, प्राविधिक शिक्षा विभाग एवं अन्य राजकीय शिक्षण संस्थाएं प्रतिभाग करेंगी।

इस आयोजन के लिए अपने नियंत्रणाधीन स्कूल-कॉलेज, विश्वविद्यालयों व शैक्षिक संस्थानों को आवश्यक दिशा निर्देश देंगे। आयोजन का अनुश्रवण करेंगे। सभी स्कूल कालेजों में वाद-विवाद प्रतियोगिताएं निबन्ध लेखन एवं नुक्कड़ नाटक आदि गतिविधियों का आयोजन कराया जाएगा। शहरी क्षेत्रों में आवास एवं शहरी नियोजन विभाग अपने अधीनस्थ प्राधिकरणों, उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद आदि के माध्यम से इस आयोजन की अवधि में व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जन जागरूकता के लिए पोस्टर, बैनर, होर्डिंग आदि का प्रदर्शन कराएंगे। समस्त विभागों में वर्षा जल संचयन एवं भूजल संवर्धन से संबंधित योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण जनप्रतिनिधियों द्वारा भूजल सप्ताह की अवधि में कराया जाएगा।

उन्होंने कहा कि जल संसाधनों से सम्बन्धित समस्त विभाग सिंचाई, कृषि, लघु सिंचाई, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण विभाग, भूमि विकास एवं जल संसाधन, ग्राम्य विकास पंचायतीराज, जल निगम, समस्त शहरी निकाय आदि भूजल सप्ताह के आयोजन में समुचित भागीदारी के साथ अपना पूर्ण सहयोग देंगे। विशेष रूप से कृषि विज्ञान केन्द्र, जिला विज्ञान क्लब, शिक्षा मित्र, ऑगनबाड़ी केंद्र, युवक मंगल दल, नेहरू युवा केन्द्र, एनजीओ, आर्ट ऑफ लिविंग जैसे संगठनों को भी इस आयोजन से जोड़ने का प्रयास किया जाए।

# अभद्रता पर तीन वार्ड ब्वाय व चौकीदार की सेवा समाप्त

संवाददाता, संभल/गुन्नौर

- इ्यूटी में लापरवाही व प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक के साथ अभद्रता पर की गई कार्रवाई

**अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर में प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक के साथ अभद्रता व ड्यूटी में लापरवाही करने वाले कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की गई है। गुन्नौर स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात तीन वार्ड ब्वाय व एक चौकीदार सहित के चार आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त कर दी गई है।

गुन्नौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिछले कुछ माह से कर्मचारियों की राजनीति का अखाड़ा बना हुआ था। कर्मचारियों के बीच आपसी विवाद के साथ ही चिकित्सा अधीक्षक से भी विवाद की कई घटनाएं हुई थीं। 14 मई को आउटसोर्सिंग के तहत रखे गये कर्मचारियों ने चिकित्सा अधीक्षक डा. पवन सिंह से गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी थी। इस मामले में डा. पवन सिंह की ओर से कर्मचारियों के खिलाफ कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई गई थी। इसके साथ ही आउटसोर्सिंग कर्मचारी नियोक्ता कंपनी अवनि परिधि एनर्जी एंड कम्युनिकेशन को कर्मचारियों की अभद्रता से अवगत कराते हुए उनकी सेवा समाप्ति का अनुरोध किया गया था। डा. पवन सिंह ने बताया कि कर्मचारी नियोक्ता संस्था अवनि परिधि एनर्जी एंड कम्युनिकेशन ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर से सम्बद्ध बार्ड ब्वाय शिवम शाक्य, रामरतन व पूरन सिंह के साथ ही चौकीदार डम्बर सिंह की भी सेवाएं समाप्त कर दी हैं।

**राजनीति** | पूर्व सांसद बोलीं-भाजपा हाईकमान के निर्देशों का करुंगी पालन

# आजम के बारे में क्या बात करना वह तो अब जेल में हैं : जयाप्रदा

संवाददाता, रामपुर/मिलक


रठौंडा मंदिर में पूजा-अर्चना करतीं पूर्व सांसद जयाप्रदा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** फिल्म अभिनेत्री एवं पूर्व सांसद जयाप्रदा ने कोर्ट से बरी होने के बाद रठौंडा मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद पत्रकारों के आजम खान के सवाल पर कुछ पल चुप्पी साधी। फिर सधा हुआ जवाब दिया कि आजम खां के बारे में क्या बात करना, वह तो अब जेल में हैं।

शुक्रवार की दोपहर रठौंडा स्थित मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद मंदिर परिसर में बैठे लोगों से जयाप्रदा ने हालचाल पूछा। इसके बाद पत्रकारों के सवालों का जवाब बहुत सधे हुए अंदाज में देते हुए कहा कि जब भी वह रामपुर आती हैं रठौंडा पहुंचकर भगवान के दर्शन जरूर करती हैं। गुरुवार को अदालत में उन्हें जो राहत मिली है उसके लिए भगवान से वह धन्यवाद कहने के लिए आई हैं। प्रत्याशी के तौर पर रामपुर आने पर सबसे पहले इसी मंदिर में आई थीं। इस मंदिर में उनकी बहुत आस्था है।

शुक्रवार को 11:30 बजे वह प्रसिद्ध रठौंडा मंदिर पहुंचीं। उन्होंने करीब पंद्रह मिनट तक पूजा की और भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया। मंदिर के पुजारी ने उन्हें रठौंडा मंदिर में स्थापित माह बामेश्वर भोलेनाथ के शिवलिंग की तस्वीर व आसन भेंट किया। मंदिर परिसर में मीडिया से रूबरू हुई जयाप्रदा ने कहा कि उन्हें पूरा भरोसा था कोर्ट उन्हें बरी करेगा।

### प्रार्थना

- कोर्ट से बरी होने के बाद रठौंडा मंदिर में पूर्व सांसद ने की पूजा

राजनैतिक भविष्य को लेकर कहा कि भाजपा के शीर्ष नेताओं का जो निर्देश होगा वह उसका पालन करेंगी। जिला पंचायत सदस्य टेकचन्द गंगवार ने उनके चुनावी सभा स्थल की याद दिलाई तो कहा कि आगे भी वह यहां चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगी। इस अवसर पर मिलक क्राइम इंस्पेक्टर राघवेंद्र प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

## करंट की चपेट में आने से ट्रक चालक की मौत

**संभल, अमृत विचारः** मुरादाबाद दिल्ली मार्ग पर पाकबाडा में सड़क किनारे ट्रक में लदे आम की पेटियों के ऊपर तिरपाल का रस्सा बांधते समय करंट लगने से संभल निवासी चालक की मौत हो गई। नखासा थाना क्षेत्र के मुहल्ला तुर्तीपुर इल्हा निवासी नदीम 30 वर्ष गुरुवार की रात पाकबाडा में दिल्ली मुरादाबाद मार्ग के किनारे ट्रक में लदे आम के ऊपर तिरपाल का रस्सा बांध रहा था। अचानक से नदीम ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन के करंट से झुलस गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने नदीम को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टर ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया और रोते बिलखते परिजन भी अस्पताल आ गए। जिसके बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर नदीम का शव शुक्रवार को परिजनों को सौंप दिया।

# बसपा ने घोषित कीं चारों विधानसभा की कमेटियां, कई को मिली जिम्मेदारी

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी हाईकमान के निर्देश पर संभल जिले की विधानसभा चंदौसी, असमोली, संभल और गुन्नौर की कमेटियां घोषित की हैं। पदाधिकारियों को पार्टी के हित में काम करने के लिए कहा गया है।

बसपा जिलाध्यक्ष जितेंद्र सिंह एडवोकेट, जिला प्रभारी संसार सिंह एडवोकेट और हरद्वारी लाल गौतम ने कमेटियां घोषित करते हुए जानकारी दी है। बताया कि चंदौसी विधानसभा क्षेत्र के लिए अजब सिंह और कपिल कुमार उर्फ मोनू विधानसभा प्रभारी, सुभाष खागी विधानसभा अध्यक्ष, सत्यवीर सिंह विधानसभा उपाध्यक्ष, साजिद अहमद सैफी एडवोकेट विधानसभा महासचिव, शेर सिंह एडवोकेट विधानसभा सचिव, अभिषेक उर्फ नीलू शर्मा विधानसभा कोषाध्यक्ष, करतार सिंह बीवीएफ विधानसभा संयोजक बनाए गए हैं।

असमोली में संजय गौतम और फिरोज मलिक विधानसभा प्रभारी, नरेंद्र कुमार विधानसभा अध्यक्ष, प्रेमपाल विधानसभा उपाध्यक्ष, अरिफ मलिक विधानसभा महासचिव, हरीश कुमार विधानसभा सचिव, ब्रह्मपाल सिंह विधानसभा कोषाध्यक्ष, दिनेश कुमार बीवीएफ विधानसभा संयोजक घोषित किए गए हैं।

### संभल और गुन्नौर में इन्हें मिले पद

**संभल, अमृत विचार :** विधानसभा क्षेत्र संभल में सुखवीर सिंह उर्फ लड्डू चौधरी और मॉन्टी विधानसभा प्रभारी, रविशंकर भारती विधानसभा अध्यक्ष, मोहम्मद उस्मान विधानसभा उपाध्यक्ष, सुरेंद्र कुमार विधानसभा महासचिव, कुलदीप सिंह विधानसभा सचिव, अंकुल कुमार विधानसभा कोषाध्यक्ष, कमल सिंह बीवीएफ विधानसभा संयोजक बने हैं। गुन्नौर में रफेदीन खान और किशोरी लाल विधानसभा प्रभारी, विजय सिंह सागर एडवोकेट विधानसभा अध्यक्ष, इस्लाम अंसारी विधानसभा उपाध्यक्ष, कंचन सिंह विधानसभा महासचिव, अजयपाल गौतम विधानसभा सचिव, प्रकाश वाल्मीकि विधानसभा कोषाध्यक्ष, शनिदेव बीवीएफ विधानसभा संयोजक बने हैं।

पूरे भारत में सबसे कम फीस में अपने Business का रजिस्ट्रेशन कराएं घर बैठे
REGISTRATION INDIA TM©
We Provide all consultancy related Services to NGO, Trust, Society, Private Limited Company, GST Registration, ITR Filing, TDS, FSSAI, Income tax
अपना काम Expert CA और Expert Advocate से ही करायें और भविष्य में होने वाली परेशानियों से बचें।
• Ngo Registration
• Society Registration
• Trust Registration
• Section 8 Company Registration
• Project Report
• Audit Report
• Annual Report
• 12A Registration
• 80G Registration
• Website for Ngo
• Niti Ayog Registration (NGO Darpan)
• E-Anudan, FCRA & MHRD
• One Person Company Registration
• LLP Company Registration
• Private Limited Company Registration
• MSME Registration & CSR
• Service Tax & DSC
• 35AC Registration
• Pan Card for Ngo
• PAN Registration
• Trade Mark Registration
• Copy Right Registration
• Patent Registration
अपने संस्थान की किसी भी प्रकार की वेबसाइट बनवायें।
Contact: 7500277920 7500223290
T&C Apply
एल.आई.सी. रोड, सिविल लाइन्स, रामपुर 244901 (यू.पी.) Email: teamindia5050@gmail.com

### आज का मौसम

मौसम साफ रहेगा, छिटपुट बूंदाबांदी हो सकती है।

33.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:25 | सूर्यास्त 07:16

## एक नजर

### टीपी नगर क्षेत्र में मिला अज्ञात युवक का शव

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** पुलिस ने शुक्रवार को मझोला क्षेत्र से एक अज्ञात शव बरामद किया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। शव की शिनाख्त की जा रही है। थाना क्षेत्र के टीपी नगर में शव देख स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते लोगों की भीड़ जमा हो गई। इसके बाद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम में बीमारी से मौत होने की पुष्टि हुई है। थाना प्रभारी केके वर्मा के मुताबिक, मामले की जांच की जा रही है। फिलहाल पुलिस शव की शिनाख्त में जुटी है।

### बच्चों को फलों के राजा आम का महत्व बताया

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** केसीएम स्कूल में शुक्रवार को फन विद मैंगो पार्टी और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें एलकेजी, यूकेजी के बच्चे शामिल हुए। मैंगो-डे के अवसर पर बच्चे मैंगो की वेशभूषा धारण कर विद्यालय पहुंचे। बच्चों को फलों के राजा आम के महत्व और उसकी पौष्टिक गुणवत्ता के बारे में बताया। इसके अलावा फैंसी ड्रेस, कविता पाठ और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें बच्चों ने प्रस्तुतियां दीं। बच्चों को पुरस्कृत भी किया। प्रधानाचार्य सुरिंदर सिंह ने बच्चों के रचनात्मक कार्य की सराहना की। विभा रायजादा, प्रिया अरोड़ा, खुशबू गुप्ता, आमना खान, शालिनी वैश्य आदि शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

### सलोनी जैन बनीं रॉयल वूमेन क्लब की अध्यक्ष

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रॉयल वूमेन क्लब ने शुक्रवार को सत्र की प्रथम बैठक का आयोजन किया। बैठक का आरंभ संस्थापिका प्रियंका गुप्ता ने किया। सभा में इस वर्ष की नयी कार्यकारिणी गठित की गई। प्रियंका गुप्ता ने सलोनी जैन को अध्यक्ष, अमिता सक्सेना को सचिव व पारुल विद्यार्थी को कोषाध्यक्ष के मनोनीत कर कार्यभार सौंपा गया। साथ ही नारी सशक्तिकरण हेतु विचार-विमर्श किया व कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की। मीनू अग्रवाल, मीनू यादव, दिव्या, रुचि, वत्सला, श्वेता, निधि, सोनी अग्रवाल व प्रीति गुप्ता आदि मौजूद रहीं।

# दिव्यांग, बुजुर्ग और निराश्रित महिला पेंशन लाभार्थियों के राशनकार्ड बनवाएं अधिकारी

## राशन वितरण को लेकर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पूर्ति विभाग की बैठक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को पूर्ति विभाग के अधिकारियों के साथ राशन वितरण व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने जनपद में रिक्त राशन की दुकानों के आवंटन, दिव्यांग, बुजुर्ग और निराश्रित महिला पेंशन योजना पाने वाले लाभार्थियों का भी राशनकार्ड नियमानुसार बनवाने के लिए अभियान चलाने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि राशन की जो दुकानें रिक्त हैं उनके संबंध में ग्राम पंचायत की खुली बैठक में प्रस्ताव कराकर प्रक्रिया संबंधित खंड विकास अधिकारी के माध्यम से जल्द पूरा कराएं। कहा कि राशन वितरण व्यवस्था पूरी तरह पारदर्शी होनी चाहिए। जिला पूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह ने बताया कि अन्नपूर्णा मॉडल शॉप योजना के अंतर्गत अब तक जिले में 64 उचित दर दुकानों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। जिले में 1235 उचित दर की दुकान संचालित हैं। अंत्योदय योजना के अंतर्गत 30,090 राशन कार्ड और पात्र गृहस्थी योजना के अंतर्गत 5,22,153 राशनकार्ड धारक हैं। सभी उचित दर दुकानों पर नोडल अधिकारियों के माध्यम से खाद्यान्न के स्टॉक सत्यापन और वितरण व्यवस्था की मॉनिटरिंग कराई जा रही है। इस दौरान एआरओ राहुल दीप गुप्ता सहित सभी पूर्ति निरीक्षक आदि मौजूद रहे।



एनआईसी सभागार में प्रशिक्षण देते अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चंद्र।

### वारिसों का नाम खतौनी में दर्ज करने के लिए प्रशिक्षित किया

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चंद्र की अध्यक्षता में निर्विवाद उत्तराधिकार के प्रकरण खतौनियों में दर्ज कराने की ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के बारे में एनआईसी सभागार में प्रशिक्षण दिया गया। अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने खातेदार/सहखातेदारों की मृत्यु के बाद उनके वारिसों का नाम खतौनी में दर्ज कराने के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया के सम्बन्ध में एडीओ पंचायत और ग्राम पंचायत सहायकों को जानकारी दी। प्रशिक्षण में सभी तहसीलों के नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, एडीओ पंचायत आदि शामिल रहे।

### कांवड़ यात्रा को लेकर संभागीय परिवहन विभाग की तैयारियां पूरी

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** कांवड़ यात्रा को लेकर संभागीय परिवहन विभाग ने अपनी ओर से पूरी तैयारी कर ली है। यात्रा से पहले विभाग की इंफोर्समेंट टीम बनाए गए शेड्यूल के मुताबिक ट्रैफिक को कंट्रोल करेगी।

शुक्रवार को एआरटीओ प्रवर्तन निर्मल सिंह ने बताया कि कांवड़ यात्रा को लेकर संभागीय परिवहन विभाग को जिलाधिकारी अनुज सिंह ने डायवर्जन व वनवे करने को रूट मैप जारी कर दिया है। जिसके अनुसार हाईवे से शहर में भारी वाहनों का 22 जुलाई से प्रवेश वर्जित कर दिया है। जिसको लेकर रामपुर दोराहे जीरो प्वाइंट से दिल्ली रोड आने वाले बड़े वाहनों को पाकबड़ा जीरो प्वाइंट पर रोक कर शहर के बाहर बाहर निकाला जाएगा। वहीं कांठ रोड पर उत्तराखंड के हरिद्वार से आने वाली रोडवेज बसों के अलावा भारी वाहनों को धर्मपुर शेरवा चौराहे से पाकबड़ा दिल्ली रोड के लिए डायवर्ट किया जाएगा।

## शादी में रसगुल्ले मांगने पर विवाद बरातियों की लाठी-डंडों से पिटाई

- कटघर थाना क्षेत्र के गांव हृदयपुर में एक घंटे तक चला हाई वोल्टेज ड्रामा, पिटाई के डर से भागे बराती

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** विवाह समारोह में रसगुल्लों को लेकर विवाद हो गया। बरातियों को रसगुल्ले मांगने पर लाठी-डंडे मिले। विवाद में एक घंटे तक हाई वोल्टेज ड्रामा चला। दोनों ओर से जमकर कुर्सी, मेज और प्लेटें फेंकी गईं। बराती भारी पड़े तो दुल्हन पक्ष के लोगों ने राइफल-तमंचा निकाल लिए। फिर बरातियों की जमकर पिटाई की। डर की वजह से बराती अपने-अपने वाहन लेकर मौके से फरार हो गए। विवाद में आधा दर्जन लोग घायल हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कटघर थाना क्षेत्र के हृदयपुर निवासी युवक ने बताया है कि रिश्ता पक्का होने के बाद लड़की के परिजन 10 जुलाई को उनके ताऊ के लड़के का लगन-टीका लेकर हृदयपुर आए थे। लोगों के लिए खाने-पीने से लेकर सारी व्यवस्था की गई थी। लेकिन, दावत में शराब कम पड़ गई। लड़की पक्ष के लोगों ने इसे अपनी बेइज्जती समझा। अगले दिन दूल्हा बरात लेकर रफादपुर पहुंचा। समारोह में विवाह के सारे कार्यक्रम हो चुके थे। जयमाला की तैयारी चल रही थी। समारोह में रसगुल्ला न मिलने पर बरातियों की दुल्हन पक्ष के लोगों से विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में कुर्सी, मेज और प्लेटों से एक दूसरे पर वार करना शुरू कर दिया। युवक का आरोप है कि जब बराती हावी हुए तो दुल्हन पक्ष के लोगों ने राइफल और तमंचे निकाल लिए। फिर बरातियों को ढूंढ-ढूंढकर लाठी-डंडों से जमकर पीटा गया। मारपीट में आधा दर्जन लोग जख्मी हो गए। एक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जबकि अन्य घायल बराती डर की वजह से अपने-अपने वाहन लेकर मौके से फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार के मुताबिक, मामले की जांच की जा रही है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## प्रवर्तन टीम ने सील किया बिना मानचित्र के बन रहा अस्पताल

- शिकायत मिलने पर एमडीए ने भेजा था नोटिस, इसके बाद भी नहीं रोका गया था निर्माण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा अवैध निर्माण के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिसके चलते एमडीए की टीम ने कटघर थाना क्षेत्र में बिना नक्शे के बन रहे अस्पताल को सील कर दिया। इसके बाद निर्माण कराने वाले को सक्षम अधिकारी के पास अपना पक्ष रखना होगा। इसके लिए सीलिंग के दौरान चस्पा किए गए नोटिस में समय दिया गया है।

महानगर के थाना गलशहीद क्षेत्र के सीधी सराय निवासी शहजाद अहमद ने मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष को प्रार्थना पत्र देकर शिकायत की थी कि कांठ रोड स्थित इंपीरियल ग्रीन निवासी सैयद अस्मत अली ने प्रभात मार्केट के पास उमेश कुमार गुप्ता से जमीन खरीदी है। इसके बाद अस्मत अली द्वारा उस जमीन पर बिना नक्शा पास कराए अवैध तरीके से निर्माण कराया जा रहा है। शहजाद अहमद द्वारा उस संपत्ति को विवादित बताया गया था।

मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की सचिव अंजूलता ने बताया कि शिकायत की जांच कराने पर अवैध निर्माण होता पाया गया। निर्माणकर्ता को नोटिस जारी करके काम रोकने के लिए कहा गया।

इसके बाद भी उन्होंने निर्माण कार्य जारी रखा। जिसके चलते प्रवर्तन की टीम ने मौके पर पहुंचकर निर्माणाधीन अस्पताल को सील कर दिया है। अब एमडीए के सक्षम अधिकारी के सामने निर्माणकर्ता को अपना पक्ष रखना होगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि कोई भी मुरादाबाद विकास प्राधिकरण से बिना मानचित्र पास कराए निर्माण न करें।



प्रभात मार्केट में सील किया गया अस्पताल।

### युवती को नशीला पदार्थ मिला प्रसाद खिलाकर खींचे अश्लील फोटो

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** नागफनी में एक युवती को प्रसाद में नशीला पदार्थ मिलाकर खिला दिया। बेहोश होने पर युवक ने छेड़खानी की और अश्लील फोटो खींच लिए। आरोपी ने ब्लैकमेल कर युवती से नकदी व आभूषण ठग लिए। विरोध करने पर फोटो वायरल करने की धमकी देने लगा। युवती के पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना क्षेत्र के निवासी व्यक्ति ने तहरीर में बताया है कि पड़ोस का रहने वाला मयंक गुप्ता उनकी बेटी को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित कर रहा है। एक दिन युवती को मयंक ने नशीला पदार्थ मिलाकर प्रसाद खिला दिया। उस समय दोनों घर में अकेले थे। युवती प्रसाद खाने के बाद बेहोश हो गई। आरोप है कि इसी दौरान मयंक ने युवती से छेड़छाड़ की और अश्लील फोटो खींच लिए। इसके बाद मयंक ने ब्लैकमेल कर युवती से कुछ नकदी, सोने की चेन व दो अंगूठी ले ली। आरोप है कि आरोपी विरोध करने पर अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी दे रहा है। पीड़िता के पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## रामपुर, अमरोहा व धामपुर डिपो परिसर में गंदगी देख बिफरे नोडल अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मुरादाबाद रोडवेज परिक्षेत्र का निरीक्षण करने आए नोडल अधिकारी आरबीएल शर्मा ने वर्कशॉप में बसों की हालत खस्ता देख कर नाराजगी जाहिर की। मुरादाबाद डिपो पर खराब व्यवस्था मिलने पर जल्द सुधार के निर्देश दिए। रामपुर, अमरोहा, धामपुर सफाई व्यवस्था चरमराई मिली। जिस पर तीनों सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों के खिलाफ आरएम को कार्रवाई करने के लिए कहा।

शुक्रवार को नोडल अधिकारी ने मुरादाबाद रोडवेज परिक्षेत्र के दो दिन निरीक्षण के बाद मिली खामियों के बारे में बताया। उनके साथ कार्यालय में आरएम ममता सिंह, एआरएम पीतल नगरी डिपो प्रेम सिंह, एसएम सुरेंद्र सिंह मौजूद थे। उन्होंने बताया कि वह गुरुवार सबसे पहले अमरोहा डिपो पहुंचे जहां उन्हें रोडवेज परिसर पसरी गंदगी मिली। सफाई व्यवस्था का यही हाल रामपुर और धामपुर डिपो पर भी मिला। नोडल अधिकारी ने आरएम को तीनों एआरएम के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए और जल्द ही सफाई में सुधार कराने को कहा। इसके बाद वह मुरादाबाद डिपो पहुंचे। जहां डिपो परिसर में घास उगी मिली। वहीं परिसर के बीचों बीच गार्डर टेड़ा मिला जिससे किसी यात्री के चोटिल होने का खतरा बना हुआ था। डिपो का अतिरिक्त चार्ज संभाल रहे पीतल नगरी डिपो के एआरएम प्रेम सिंह को खामियों को तुरंत सुधारने के निर्देश दिए। इसके बाद वर्कशॉप पहुंचे। जहां कई बसों की सीटें उखड़ी मिली। जिस पर आरएम और एसएम पर बसों की खराब हालत देख नाराजगी जताई। चालक परिचालक के द्वारा यात्रियों के साथ मधुर व्यवहार करने के लिए कहा। इसके साथ ही रोडवेज परिक्षेत्र में खड़ी अनुबंधित बसों को हटाने के लिए आरएम रोडवेज को निर्देशित किया गया। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक बसों का मुरादाबाद रोडवेज डिपो से जल्द संचालन होना शुरू होगा। इसके लिए आरएम रोडवेज ने चार्जिंग प्वाइंट बस स्टेंड पर बनाने के लिए दो जगह का प्रस्ताव भेजा है। वहीं आरएम कार्यालय में पहुंचे यूपी रोडवेज इंप्लाइज यूनियन के पदाधिकारियों ने मुरादाबाद रोडवेज डिपो में बीएस-6 बसों से 21 हजार लीटर डीजल गबन के मामले में नोडल अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।



आरएम कार्यालय में बैठक लेते नोडल अधिकारी आरबीएल शर्मा। • अमृत विचार

#### नाराजगी

- निरीक्षण के दौरान वर्कशॉप में बसों की उखड़ी मिलीं सीटें



हिंदू कॉलेज में टैबलेट वितरित करते प्राचार्य प्रोफेसर सत्यव्रत सिंह रावत।

### टैबलेट पाकर खिले विद्यार्थियों के चेहरे

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** हिंदू कॉलेज में शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत एमए, एमएसडब्ल्यू और एमजेके विद्यार्थियों को टेबलेट वितरित किए गए। इस दौरान टैबलेट हाथों में पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे।

प्राचार्य प्रोफेसर सत्यव्रत सिंह रावत ने कहा कि वर्तमान में दूरस्थ शिक्षा मील का पत्थर साबित हो रही है। उत्तर प्रदेश सरकार की इस योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों को डिजिटल माध्यम से शिक्षा उपलब्ध कराना है। अध्ययन केंद्र के समन्वयक डॉ. एसबी यादव ने बताया कि मास्टर डिग्री करने वाले सभी विद्यार्थियों को टैबलेट एवं स्नातक डिग्री करने वालों के लिए मोबाइल फोन सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए हैं। इस दौरान गंगाराम, राम ध्यान, अतर सिंह आदि मौजूद रहे।

**प्रतिस्पर्धा** जनपद में अधिकांश क्षेत्रों में बीएसएनएल की 4जी सेवाएं शुरू, तेजी से बढ़ रहा उपभोक्ताओं का रुझान

# निजी कंपनियों के रिचार्ज महंगे होने से बीएसएनएल की बल्ले-बल्ले

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** देशभर में निजी टेलीकॉम कंपनियों के रिचार्ज महंगे होने से एक बार फिर भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) की तरफ उपभोक्ता आकर्षित हो रहे हैं। मुरादाबाद मंडल में भी बीएसएनएल के ग्राहकों में महज आठ दिन में तीन गुना बढ़ोतरी दर्ज की गई है। जबकि पोर्टिबिलिटी बढ़कर तिगुना हो गई है।

विभाग की ओर से शुक्रवार तक जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक तीन जुलाई से प्रतिदिन बीएसएनएल ग्राहकों में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। यहां प्रतिदिन लगभग 750 नए ग्राहक बीएसएनएल पर भरोसा जता रहे हैं। जबकि यह आंकड़ा 11 जुलाई तक छह हजार की संख्या को पार कर चुका है।

वहीं अन्य नेटवर्क से पोर्टिबिलिटी में भी लगभग प्रतिदिन 100 नए ग्राहक बीएसएनएल की सेवाओं से जुड़ रहे हैं। अब तक कुल 900 से अधिक अन्य कंपनियों के ग्राहक बीएसएनएल से जुड़े हैं। विभागीय अधिकारियों की माने तो मंडल में बीएसएनएल के नेटवर्क को मजबूत बनाने के लिए 176 उपकरण लगाए जाने हैं। अब तक लगभग 90 उपकरण मंडल के अमरोहा, संभल और मुरादाबाद जिले में स्थापित हो चुके हैं, बाकी जुलाई के अंत तक लगा दिए जाएंगे। माना जा रहा है कि इन नए उपकरणों के लगाए जाने के बाद नेटवर्क और भी ज्यादा मजबूत होगा और अधिक ग्राहक बीएसएनएल से जुड़ेंगे।

### पहली बार लगाए जा रहे स्वदेशी उपकरण



मंडल के उप महाप्रबंधक सुरेंद्र कुमार बर्तवाल ने बताया कि मंडल के संभल, मुरादाबाद और अमरोहा में केंद्र सरकार की आत्मनिर्भर नीति के अनुरूप पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक के 176 उपकरण लगाए जा रहे हैं। मंडल में अब तक 90 से अधिक उपकरण लगा दिए गए हैं जबकि शेष का कार्य जुलाई के अंत पूरा कर लिया जाएगा। मंडल में कुल बीएसएनएल प्रीपेड कनेक्शन की संख्या 3,15,651 हैं। जबकि मंडल में कुल 1300 कनेक्शन पोस्टपेड हैं। उन्होंने बताया कि जनपद में अधिकाश क्षेत्रों में बीएसएनएल की 4 जी सेवाएं शुरू कर दी गई हैं। जुलाई के अंत तक पूरे जनपद में ग्राहकों को बीएसएनएल की 4जी सेवाएं मिलना शुरू हो जाएंगी।

### सस्ते दामों पर 4जी सेवा बेहतर



महानगर के दीवान बाजार निवासी अरशद अहमद ने बताया कि उन्होंने तीन दिन पहले ही बीएसएनएल कनेक्शन लिया है। अभी तक नेटवर्क में कोई समस्या नहीं है। निजी कंपनियों ने टैरिफ के दाम बढ़ा दिए हैं। इसका असर आम लोगों की जेब पर पड़ रहा है।

**-अरशद अहमद,** बीएसएनएल उपभोक्ता

### बीएसएनएल के प्लान 50 प्रतिशत तक सस्ते

मंडल के उप महाप्रबंधक ने बताया कि बीएसएनएल में केवल 485 रुपये में 84 दिन की अवधि दी जा रही है। जबकि अन्य निजी कंपनी जियो में 899 रुपये में 84 दिन की अवधि है। जबकि बीएसएनएल का सलाना प्लान 3 जीबी प्रतिदिन डेटा के साथ 2399 है जबकि यही प्लान जियो नेटवर्क में 4498 रुपये में है।

## साइबर ठगी के आरोपी को नागपुर से दबोचा

- आरोपी के खिलाफ भगतपुर थाने में वर्ष 2021 में दर्ज हुआ था धोखाधड़ी का मुकदमा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** जिले के भगतपुर थाना क्षेत्र में लोगों से साइबर ठगी करने वाले आरोपी को एसटीएफ ने नागपुर से दबोच लिया है। आरोपी पर भगतपुर थाने में 2021 में धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। एसटीएफ ने आरोपी को बरेली पुलिस को सौंप दिया है। बरेली में ठगी समेत कई केसों में वांछित था।



आरोपी ज्ञानेश पाठक।

बता दें कि भगतपुर थाना क्षेत्र में आरोपी ने लोगों को जाल में फंसाने के लिए एक कंपनी खोली थी। कंपनी के कर्मचारी शहर के लोगों को निवेश करने पर कम समय में रकम दोगुनी करने का झांसा देते थे। उस समय ठगी के जाल में थाना क्षेत्र का एक व्यक्ति फंस गया। लाखों निवेश करा लिए। इसके बाद दफ्तर बंद करके फरार हो गए। पीड़ित ने उस समय पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया।

वहीं इसके बाद बरेली में भी कई लोगों से करोड़ों रुपये निवेश कराकर फरार हो गया। तभी से आरोपी फरार चल रहा था। आरोपी की लोकेशन ट्रेस कर एसटीएफ टीम ने बुधवार को महाराष्ट्र के नागपुर के हुडकेश्वर थाना क्षेत्र स्थित साईं मंदिर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान प्रयागराज के ततारगंज निवासी ज्ञानेश पाठक के रूप में हुई है। आरोपी के पास से दो मोबाइल बरामद हुए हैं। एसटीएफ टीम ने गुरुवार को बरेली पुलिस को सौंप दिया।

सूचना
• रामपुर पेज- 7,8
• संभल, चंदौसी पेज- 9,10
• अमरोहा पेज- 11,13

## शहर में आज



☞ सिविल लाइंस स्थित विल्सोनिया कॉलेज में शतरंज प्रतियोगिता सुबह 10 :00 बजे।

☞ इमामबाड़ा लाकड़ीवालान में मजलिस सुबह 8 :30 बजे।

☞ चौमुखा पुल स्थित इमामबाड़े में मजलिस शाम 5 :00 बजे।

☞ लाल मस्जिद में जिक्र ए शहीदाने कर्बला कार्यक्रम रात 9 :00 बजे।

## एक नजर



सीए की परीक्षा में सफल होने पर अंशुमान को मिठाई खिलाते माता- पिता।

### अंशुमान ने चार्टेड अकाउटेंट परीक्षा में पाई सफलता

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** द इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स आफ इंडिया की ओर से जारी परिणाम में महानगर के शारदा सदन कानून गोयन निवासी अंशुमान टंडन पुत्र राकेश टंडन की सफलता पर सभी ने खुशी जताई। अंशुमान ने अपनी सफलता श्रेय परिवार व शिक्षकों को दिया। उनकी सफलता पर दया रानी टंडन, शिवम, सरिता, स्वाति, नेहा मेहरोत्रा, रमा मेहरोत्रा, बेला रानी, श्रेयस, संभव आदि ने खुशी जताकर बधाई दी। वहीं अंशुमान ने कहा कि वह पूरी निष्ठा से समाज के हर वर्ग के लिए अपनी सेवा देते रहेंगे।

### अघोषित विद्युत कटौती को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन

**मैनाठेर, अमृत विचार :** लगातार की जा रही अघोषित विद्युत कटौती को लेकर शुक्रवार देर रात ग्रामीणों ने बिजली घर पहुंच कर प्रदर्शन किया। ग्रामीण मौलाना मुनीफ ने बताया कि जब से बारिश शुरू हुई है तब से दिन या रात में कभी भी अघोषित विद्युत कटौती की जा रही है। जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वही बिजलीघर पर फोन करने पर कर्मचारियों द्वारा भी सही जानकारी नहीं दी जाती। आरोप लगाया कि इस संबंध में उच्चाधिकारियों से भी शिकायत की गई, मगर समाधान नहीं हुआ। वहीं कटौती से परेशान होकर लोगों ने बिजली घर पहुंच कर नाराजगी जताई। इस दौरान अरमान, अंसार, आसिफ, वारिस, नसीम, रेहान, अदनान, फैजान, मारूफ, हबीब आदि मौजूद रहे।



दीनदयाल नगर स्थित श्रीराम मंदिर में रुद्राभिषेक करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

## मंत्री के जन्मदिन पर किया रुद्राभिषेक

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** वैश्य समाज के लोगों ने शुक्रवार को वैश्य शिरोमणि कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल नंदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में श्रीराम मंदिर में रुद्राभिषेक किया। कार्यक्रम पश्चिमी उत्तर प्रदेश की प्रभारी सुनीता गुप्ता के नेतृत्व में हुआ।

इस मौके पर कीर्तन भी कराया गया। इसमें महिलाओं ने प्रभु भजनों से माहौल भक्तिमय कर दिया। साथ ही भोले बाबा से मंत्री के अच्छे स्वास्थ्य और उनके दीर्घायु होने की कामना की। इस दौरान जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रकाश गुप्ता, महानगर अध्यक्ष कपिल गुप्ता, महिला संगठन की जिलाध्यक्ष सोनिया गुप्ता, राजीव गुप्ता, अरविंद गुप्ता, श्रेया गुप्ता, भावना गुप्ता, रेनू, साक्षी अग्रवाल, विमला अग्रवाल, आरती ,पूनम, प्रिया, नीलम, रुचि अग्रवाल, मिलन गुप्ता, शैफाली रस्तोगी, सोनी अग्रवाल, अलका गुप्ता आदि मौजूद रहीं।

## प्रथमा बैंक कर्मचारियों में रोष, लामबंद हुए

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** राष्ट्रीय आजीविका मिशन द्वारा संचालित समूह की महिलाओं को समय पर ऋण देने को लेकर एनआरपी के प्रशिक्षण के दौरान गुरुवार को प्रथमा बैंक कर्मचारियों और सीडीओ के बीच हुई बहस का मामला गरमा गया है।

बैंक प्रबंधक विवेक शर्मा ने अपने अपमान और बैंक की छवि धूमिल करने का आरोप सीडीओ व डीसी एनआरएलएम पर लगाते हुए मामले को प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन के समक्ष रखा है। जहां एसोसिएशन के महासचिव अनंत मोहन दुबे ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर बैंक प्रबंधक के अपमान व उनके द्वारा धूमिल की गई बैंक की छवि की भरपाई करने की बात कही है। इसके अलावा एसोसिएशन के महासचिव ने अध्यक्ष प्रथमा बैंक, संयोजक राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, मुख्यमंत्री, अपर महासचिव वित्तीय सेवा विभाग को भी पत्र के माध्यम से जानकारी दी है।

### जिले की प्रजनन दर 3.1, जनसंख्या स्थिरीकरण के राष्ट्रीय लक्ष्य 2.1 को पाने की कोशिश

# प्रदेश से एक फीसदी अधिक है औसत प्रजनन दर

**जनसंख्या स्थिरीकरण**

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जिले में बढ़ती जनसंख्या को स्थिर करने को स्वास्थ्य विभाग प्रयास कर रहा है। लेकिन, यह प्रयास कामयाब होता नहीं दिख रहा है। जनसंख्या स्थिरीकरण पर स्वास्थ्य अधिकारियों का प्रयास नाम मात्र है। यही कारण माना जा रहा है कि मुरादाबाद की प्रजनन दर ने प्रदेश की औसत दर को पार कर दिया है। इधर, विश्व जनसंख्या दिवस पर गुरुवार को रैली जरूर निकाली गई है और प्रचार-प्रसार के लिए वाहन रवाना हुए हैं। जनसंख्या नियंत्रण से जुड़े कार्यक्रम आयोजन के लिए सभी आठ ब्लॉकों में 10-10 हजार रुपये भेजे गए हैं।

अभी पिछले दिनों 10 जून को प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण ने विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा मानने को पत्र जारी किया था। इसमें कहा गया है कि यूपी को छोड़कर अन्य प्रदेशों में प्रजनन दर 2.1 या इससे भी कम है लेकिन, यूपी की प्रजनन दर 2.4 है। प्रदेश में जनसंख्या स्थिरीकरण के राष्ट्रीय लक्ष्य 2.1 को प्राप्त करने की दिशा में कोशिश हो रही है। लेकिन, जिला परिवार नियोजन प्रबंधक दीपक कुमार ने यह बताकर हैरान कर दिया है कि मुरादाबाद जिले की प्रजनन दर 3.1 है। जिसे कम करने के लिए ही जनसंख्या स्थिरीकरण से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। कार्यक्रमों के लिए सभी आठ ब्लॉकों में 10-10 हजार रुपये भेजे गए हैं। उन्होंने बताया कि जनसंख्या स्थिरीकरण से जुड़े कार्यक्रम जून महीने से चल रहे हैं। अब 11 जुलाई से विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा मनाया जा रहा है, जो 31 जुलाई तक चलेगा। इस बीच में आशा व अन्य स्वास्थ्य कार्यकर्ता महानगर से लेकर कस्बा-गांव तक के घर-घर में संपर्क करेंगी। उन्हें जनसंख्या नियंत्रण के संबंध में जागरूक करेंगी।

महिलाओं-पुरुषों को उपाय बताएंगी। जिला परिवार नियोजन प्रबंधक ने बताया कि आशाओं ने घर-घर संपर्क करने का काम शुरू भी कर दिया है। 31 जुलाई तक के लिए सभी आठ ब्लॉकों में तीन-तीन वाहन 'सारथी' भेजे गए हैं, जो कुल चार दिन क्षेत्र में भ्रमण कर लोगों को जनसंख्या नियंत्रण के संबंध में जागरूक करेंगे। जिला परिवार नियोजन प्रबंधक ने बताया कि कुछ दिनों बाद ब्लॉक स्तर पर सास-बेटा-बहू सम्मेलन कराए जाने हैं। साथ ही महिला-पुरुष नसबंदी के लिए भी अभियान शुरू किया जा रहा है।

### क्या होती है प्रजनन दर

जिला परिवार नियोजन प्रबंधक दीपक कुमार ने बताया कि प्रजनन दर का अर्थ है बच्चे पैदा कर सकने की आयु (15 से 49 वर्ष) वाली प्रति 1000 महिलाओं की इकाई के पीछे जीवित जन्मे बच्चों की संख्या। लेकिन, अन्य दरों (जन्म-मृत्यु दर) की तरह यह दर भी स्पष्ट तौर से नहीं होती है। अर्थात यह संपूर्ण जनसंख्या के लिए एक स्थूल औसत दर है। इसमें विभिन्न आयु वर्गों में पाए जाने वाले अंतर का कोई ध्यान नहीं रखा जाता। कुल प्रजनन दर (टीएफआर) की परिभाषा एक काल्पनिक माप है, जो प्रति महिला के पूरे प्रजनन वर्षों में जीवित जन्में बच्चों की संख्या को मापती है। टीएफआर की गणना यह मानकर की जाती है कि एक महिला अपने प्रजनन वर्षों के अंत तक जीवित रहेगी और वर्तमान प्रजनन दरों द्वारा अनुमानित जीवित जन्मों की संख्या होगी। टीएफआर में उम्मीद रहती है कि 1,000 महिलाओं का एक समूह कितने बच्चों को जन्म देगा, यदि वे सभी अपने प्रजनन वर्षों को एक विशेष समय के लिए प्रभावी आयु-विशिष्ट जन्म दरों के संपर्क में लाएं। टीएफआर आयु-विशिष्ट जन्म दरों का योग है।

# पंडित नगला में टीम ने नाले से अतिक्रमण हटाया

### जलनिकासी बाधित होने के चलते नगर निगम टीम ने की कार्रवाई, स्थानीय लोगों ने जताया विरोध

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** नगर निगम की टीम ने शुक्रवार को अपर नगर आयुक्त प्रथम अतुल कुमार के नेतृत्व में पंडित नगला में कृष्णा ट्रांसपोर्ट के द्वारा अपनी दुकान के आगे निगम के नाले पर किए अतिक्रमण से जलनिकासी अवरूद्ध थी, जिसे टीम ने तुड़वा दिया। इस दौरान टीम से नोकझोंक भी हुई। टीम ने अन्य व्यापारियों के द्वारा नाले पर किए अतिक्रमण को भी हटवाकर जलनिकासी सुचारु कराई।

अपर नगर आयुक्त के नेतृत्व में प्रवर्तन दल के प्रभारी एसके शाही आदि की टीम ने मौके पर पहुंचकर प्रतिष्ठान के द्वारा किए अतिक्रमण को ध्वस्त कराकर जलनिकासी सुचारू कराई। वहीं इसके अलावा दूसरे व्यापारियों के द्वारा किए अतिक्रमण को भी टीम ने हटवाया। इस दौरान व्यापारियों ने टीम के अधिकारियों के साथ नोकझोंक भी की। लेकिन, सरकारी कार्य में बाधा न डालने की चेतावनी पर सभी पीछे हट गए। इसके बाद टीम ने कार्रवाई कर जलनिकासी को सुचारू कराया। चेतावनी की दी कि दोबारा ऐसा करने पर कड़ी कार्रवाई करेंगे। इस दौरान टीम में अपर नगर आयुक्त द्वितीय अजीत कुमार, सहायक अभियंता रईस अहमद और क्षेत्रीय अवर अभियंता, सफाई व खाद्य निरीक्षक और प्रवर्तन दल के सदस्य मौजूद रहे।

इसी क्रम में निगम के निर्माण अनुभाग की ओर से कर्बला, कांशीराम नगर में मड पंप लगाकर जलनिकासी कराई गई। लाइनपार के विकास नगर में कांवड़ रूट पर नाली व सड़क की मरम्मत कराकर व्यवस्था को ठीक कराया। पंजाबी मार्केट के सामने की सड़क की मरम्मत कराई गई और खुले नाले पर पत्थर रखा गया जिससे नाले में किसी के गिरने का अंदेशा न रहे।



अतिक्रमण को ध्वस्त कराने पहुंचे अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार व अन्य अधिकारी।

### पेयजल पाइप लाइन की कराई मरम्मत

नगर निगम के जलकल अनुभाग के द्वारा जन शिकायत के आधार पर वार्ड 1, 3, 7, 9, 12, 13, 20, 25, 30, 34, 39, 54 और 70 में पेयजल पाइप लाइन में लीकेज की मरम्मत कराई गई। वार्ड 16, 26, 31, 44 में सीवर की सफाई हुई। वार्ड 30 में गंदे पानी आने की शिकायत कर्मियों ने दूर कराई।

## शिविर में जीआईएस सर्वे की आपत्तियों का होगा समाधान

- 15 जुलाई से जोनवार लगेंगे शिविर कर वसूली भी की जाएगी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** महानगर में जीआईएस सर्वे (जियोग्राफिकल इनफारमेशन सर्वे) में लोगों की आपत्तियों का निस्तारण कर टैक्स वसूली के लिए निगम प्रशासन की ओर से अब 15 जुलाई से जोनवार व तिथिवार शिविर लगेंगे। जिसमें 15 को मानसरोवर पानी की टंकी के नीचे शिविर लगेगा। इसमें वार्ड 4, 9, 16, 23, 27, 28, 29 और 37 के भवन व प्रतिष्ठान स्वामी अपनी आपत्तियों का निस्तारण कराने के लिए पहुंच सकते हैं। शिविर सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। इसमें राजस्व निरीक्षक सचिन सैनी, मोहित चौहान व वसूलीकर्ता अरविंद कुमार मौजूद रहेंगे।

वहीं 18 जुलाई को बुद्धि विहार पानी की टंकी के पास शिविर लगेगा। इसमें वार्ड 1, 3, 14, 22 और वार्ड नंबर 69 के नागरिकों की आपत्तियां सुनकर निस्तारित की जाएंगी और गृहकर की वसूली भी होगी। 20 जुलाई को करूला में पुलिया के पास वार्ड 24, 30, 43, 52, 53 के नागरिकों के लिए शिविर लगेगा। शिविर में राजस्व निरीक्षक दीपक सिंह, मोहम्मद सुबहान, राजस्व निरीक्षक मिर्जा अतीक बेग मौजूद रहेंगे। 22 जुलाई को जोन दो में मधुबनी पार्क कांठ रोड पर शिविर लगेगा। इसमें वार्ड 2, 5, 7, 8, 20, 25, 34, 70 के नागरिक अपनी समस्या व शिकायत का समाधान करा सकते हैं। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने बताया कि जीआईएस सर्वे की आपत्तियों का निस्तारण प्राथमिकता पर कराया जा रहा है। स्थानीय नागरिकों से अपील है कि वह अपने पास लगने वाले शिविर में पहुंचकर आपत्तियों का निस्तारण कराकर टैक्स जमा करें।

## प्रशिक्षण को शिक्षित बेरोजगार पांच अगस्त तक करें आवेदन

- ओ लेवल व सीसीसी कंप्यूटर कोर्स का दिया जाएगा प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक / युवतियों के लिए संचालित ओ लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रशिक्षण कार्यक्रम की समय-सारिणी जारी की गई है। इसमें प्रशिक्षण के लिए वेबसाइट पर आनलाइन आवेदन 5 अगस्त तक किया जा सकता है।

जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी विजय कुमार यादव ने बताया कि अन्य पिछड़े वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवक/ युवतियों को केंद्र सरकार की अधिकृत संस्था (नीलिट) से मान्यता प्राप्त संस्थाओं के माध्यम से रोजगारपरक ओ लेवल तथा सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण की सुविधा दी जा रही है।

इसके लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के लिए आनलाइन आवेदन-पत्र आमन्त्रित किए गए हैं। प्रशिक्षण के लिए ऐसे बेरोजगार युवक/ युवतियां जिनके माता-पिता / अभिभावक की वार्षिक आय 1 लाख रुपये हो, वह कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए पात्र होंगे। इसके लिए न्यूनतम शैक्षिक अर्हता इंटरमीडिएट और अधिकतम आयु 35 वर्ष होनी चाहिए। प्रशिक्षणार्थी बेरोजगार हो तथा किसी शिक्षण संस्था से छात्रवृत्ति न लेता हो। कम्प्यूटर प्रशिक्षण का प्रवेश सत्र वर्ष में जुलाई व जनवरी से प्रारम्भ होगा। नीलिट ओ लेवल कम्प्यूटर प्रशिक्षण की अवधि एक वर्ष की होगी। इसी प्रकार सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण की अवधि 3 माह होगी।

उन्होंने बताया कि ओ लेवल व सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए इच्छुक युवक / युवतियों द्वारा पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग उप्र लखनऊ की बेवसाइट backwardwelfare.up.gov.in एवं obccomputertraining.upsdc.gov.in पर दिए लिंक के माध्यम से 5 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आनलाइन आवेदन कर आवेदन की प्रति डाउनलोड कर समस्त अभिलेखों के साथ 5 अगस्त तक हार्ड कापी विकास भवन स्थित कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी में शाम 5:00 बजे तक जमा की जा सकती है।



गुलाबबाड़ी पर बना अटल घाट रामगंगा नदी के तेज बहाव से क्षतिग्रस्त हो गया। इसकी जानकारी नदी का जलस्तर कम होने पर हुई। जिसके बाद नगर निगम घाट पर निर्माण कार्य करा रहा है। ● अमृत विचार

## आढ़तियों की शिकायत पर सचिव से मांगा जवाब

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** नवीन फल सब्जी मंडी की सचिव और आढ़तियों के बीच मंडी में फैली गंदगी को लेकर चल रही कागजी लड़ाई लखनऊ तक पहुंच गई है। राज्य परिषद मंडी लखनऊ से अव्यवस्थाओं को लेकर सचिव से जवाब मांगा है।

पिछले दिनों हुई बारिश से फल सब्जी मंडी समिति की सड़कों पर गंदगी फैल गई थी। जिसको लेकर मंडी आढ़ती मोहम्मद अली ने राज्य परिषद मंडी लखनऊ कार्यालय को पत्र लिखकर शिकायत की थी। आढ़ती ने बताया कि इस संबंध में अब मंडी सचिव से जवाब मांगा जा रहा है। हालांकि मंडी सचिव ज्योति सिंह ने राज्य परिषद मंडी लखनऊ कार्यालय में शिकायत के बाद मंडी परिसर में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करा दी है। वहीं इस संबंध में मंडी सचिव से मोबाइल पर बात करने का प्रयास किया गया, मगर संपर्क नहीं हो सका।

## ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में महिला शिक्षक मुखर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष डॉ. ऋतु त्यागी के नेतृत्व में शुक्रवार को महिला शिक्षकों ने डिजिटलाइजेशन एवं ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री और बेसिक शिक्षा मंत्री को संबोधित ज्ञापन भेजा।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि निपुण भारत मिशन लक्ष्य प्राप्ति के लिए व शैक्षिक कर्तव्यों के लिए प्रतिबद्ध हैं। लेकिन, कुछ हमारी भी सुनी जानी चाहिए। सबसे पहले मूलभूत आवश्यकताओं वाली मांगों को पूरा किया जाए। इसमें 15 सीएल, 15 हॉफ डे सीएल, 30 ईएल, राज्य कर्मचारी का दर्जा, 30 किलोमीटर की परिधि में हर किसी को विद्यालय आवंटित हो। कैशलेस चिकित्सा सुविधा परिवार सहित, समय पर पदोन्नति, क्लर्क की व्यवस्था और पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू की जाए। इनके पूरा किए बिना ऑनलाइन उपस्थिति से मानसिक दबाव बढ़ रहा है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि महिलाओं पर दोहरी जिम्मेदारी होती है, जिसके कारण वे दोहरे मानसिक तनाव में होती हैं। इस दौरान जिला महामंत्री पूनम सक्सेना, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अलका रानी वर्मा, पुष्पा यादव, ज्योति गोस्वामी, ऊषा रवि, अभिलाषा सक्सेना, लक्ष्मी रानी, प्रेमलता गौड़, वर्षा चौधरी, निशात फातिमा, सरिता चौहान, शिल्पी शर्मा, नीति गोयल, सपना सक्सेना, अनिता राठौर, प्रतिभा रानी, आकांशा यादव, लता यादव, रश्मि व्यास, आयशा नूर, स्वेता रस्तोगी, कुमकुम दीक्षित, साजिया इशराक, प्रीति वर्मा, आरती श्रोत्रिय, तनुषी मित्तल, वंदना , रचना चौहान, शीबा निसार, नमिता गुप्ता, अंजना चौहान, प्रवेश कुमारी, माधवी पाल, श्वेता विश्वकर्मा, मंजू काम्बोज, शिप्रा चौहान आदि मौजूद रहीं।



कलेक्ट्रेट पर उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष डॉ. ऋतु त्यागी के नेतृत्व में प्रदर्शन करतीं महिला शिक्षिकाएं।



शेरूआ चौराहा स्थित एक क्लीनिक में आपरेशन के बाद उपस्थित मरीज।

## 12 का मोतियाबिंद का ऑपरेशन हुआ

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** रोटरी क्लब मुरादाबाद एक्सिस द्वारा राम रहीम नेत्रालय शेरुवा चौराहा कांठ रोड पर शुक्रवार को 12 मरीजों का निशुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराया गया।

वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुपम कुमार सिंह ने मरीजों की आंखों की सफलतापूर्वक आपरेशन कर उनकी समस्या का निदान किया।

शिविर संयोजक रोटेरियन विवेक गोयल ने बताया कि इसके पहले क्लब द्वारा 8 जुलाई को आशियाना में नेत्र परीक्षण शिविर लगाकर 130 नेत्र रोगियों की जांच कराई थी। जिसमें 12 नेत्र रोगियों की आंख में मोतियाबिंद पाया था। इनका आज निशुल्क आपरेशन क्लब की ओर से कराया गया।

**तैयारियां** मुरादाबाद से संभल मार्ग पर रेलवे क्रॉसिंग पर तैयार हो रहा बेसमेंट

# 44 करोड़ से पंडित नगला में बनेगा ओवरब्रिज

- 750 मीटर की लंबाई वाला होगा ओवरब्रिज, दोनों साइड में बनेगी सर्विस लेन
- कार्यदायी संस्था ने सालभर में ओवरब्रिज का निर्माण पूरा होने की संभावना जताई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** उप्र राज्य सेतु निगम महानगर के पंडित नगला में ओवरब्रिज बनाने की तैयारी शुरू कर रहा है। वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के बाद अब काम की शुरूआत हो रही है। यह ओवरब्रिज मुरादाबाद-संभल मार्ग से मिनी बाईपास के लिए लिंक मार्ग के रेलवे क्रॉसिंग पर बनाया जाना है।

ओवरब्रिज बनने के दौरान आवागमन की परेशानी जरूर होगी लेकिन, निकट भविष्य में यातायात सुगम और सुरक्षित भी हो जाएगा। इस ओवरब्रिज को दिल्ली की कार्यदायी संस्था केकेआर इंफ्रा बनाने जा रही है। रेलवे क्रॉसिंग के आसपास की जमीन को कार्यदायी संस्था सुरक्षित करने में लगी है। टिनशेड आदि लगाए जा रहे हैं।

सेतु निगम के उप परियोजना प्रबंधक शशिकांत ने बताया कि पंडित नगला में रेलवे क्रॉसिंग पर बनने वाले ओवरब्रिज के संबंध में तैयार डिजाइन को रेलवे ने भी स्वीकृत कर दिया है। यही नहीं, ओवरब्रिज निर्माण में खर्च होने वाले कुल बजट में रेल विभाग से भी आर्थिक अंश प्राप्त हो गया है। इस ओवरब्रिज के बनाने में कुल 44 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। यह ओवरब्रिज कुल 750 मीटर की लंबाई वाला होगा। इसकी चौड़ाई 10.50 मीटर की रहेगी। ओवरब्रिज पर कोई डिवाइडर नहीं होगा। हां, ब्रिज के दोनों साइड में सर्विस लेन जरूर बनाई जाएगी। सेतु निगम के उप परियोजना प्रबंधक ने बताया कि कार्यदायी संस्था ने मौके बेसमेंट तैयार करने का काम शुरू किया है। उम्मीद है कि यह ओवरब्रिज साल भर में निर्मित हो जाएगा।

### गंगा, गागन व कोसी नदी पर पुल बनाने को भेजा प्रस्ताव

सेतु निगम के उप परियोजना प्रबंधक शशिकांत ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 की कार्ययोजना में तीन पुल निर्माण के लिए मुख्य परियोजना प्रबंधक बरेली को प्रस्ताव भेजे गए हैं। शासन की हरी झंडी मिलने पर संबंधित तीनों पुलों के निर्माण के लिए स्टीमेट तैयार कर प्रस्तुत किए जाएंगे। इन तीनों पुलों में बिजनौर जिले में हरिद्वार मार्ग से लिंक ग्रामीण मार्ग पर गंगा नदी पर बनेगा। इसी तरह मुरादाबाद में दिल्ली रोड पर गागन नदी पर बना पुल काफी क्षतिग्रस्त हो गया है। इसकी जगह नया पुल बनाने को प्रस्ताव भेजा गया है। इस तरह रामपुर जिले में टांडा दढ़ियाल से नैनीताल मार्ग पर कोसी नदी पर बना पुल करीब 70 साल का हो गया है। इसकी जगह नया पुल बनाने को प्रस्ताव भेजा गया है।



संचारी रोगों के प्रति जागरूकता व बचाव की बच्चों को शपथ दिलाते प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर नगली के प्रधानाध्यापक डॉ हरनन्दन प्रसाद। ● अमृत विचार

## संचारी रोगों से बचाव के उपाए बताए

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** मूंढापांडे के प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर नगली में बरसात के दिनों में जन मानस को होने वाले संचारी रोगों से बचाव के उपायों की जानकारी दी।

प्रधानाध्यापक डॉ. हरनन्दन प्रसाद ने बच्चों को बताया कि बरसात के दिनों में होने वाली बीमारियों से जीवन के लिए बहुत खतरा है। उसके बचाव के लिए सबसे ज्यादा जरूरी गंदगी व दूषित जल से दूर रहना है। समय पर इलाज व जरूरी सावधानी बचाव के मुख्य आधार है। इसके लिए जनजीवन को सुगम बनाने के लिए जागरूकता बहुत जरूरी है। इस मौके पर शिक्षक जोगेंद्र सिंह, प्रमोद कुमार, मुकेश सिंह, विकास कुमार, रामचन्द्र व स्कूली बच्चे मौजूद रहे।

## एक नजर

### नागफनी में पथराव करने वाले तीन गिरफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नागफनी थाना क्षेत्र में कार खड़ी करने को लेकर हुए विवाद में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कहासुनी पर दो गुटों में जमकर ईंट-पत्थर चले थे। पुलिस आरोपियों को कोर्ट में पेश करेगी। थाना प्रभारी उमाशंकर ने बताया कि वाल्मीकि बस्ती में गुरुवार देर रात कमल के घर के बाहर कार खड़ी करने को लेकर विवाद हो गया था। कहासुनी पर दसवां घाट के नन्हे, नईम और इरफान ने कमल के साथ मारपीट की। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में ईंट-पत्थर चलने लगे थे। पीड़ित ने तीन नामजद समेत छह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले में पुलिस ने शुक्रवार को नन्हे, नईम और इरफान को गिरफ्तार कर लिया।

### महिला बंदियों को फल बांटे

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** श्री बालाजी सेवा समिति कटघर बीच होली का मैदान ने जेल में कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें समिति की संस्थापिका साध्वी राधवेंद्री ने दरबार परिवार की ओर से महिला बंदियों को वस्त्र एवं फल वितरित किए।


अगवानपुर में अलम मुबारक के जुलूस में शामिल अजादार। ● अमृत विचार

## जुलूस में गूंजीं या हुसैन की सदाएं

**अगवानपुर, अमृत विचार:** नगर में पांचवी मोहर्रम को अलम मुबारक का जुलूस निकाला गया। जिसमें भारी संख्या में अजादार मौजूद रहे। इस दौरान अंजुमन तंजीमे हुसैनी व अंजुमन जीनते अजा ने नोहाख्वानी व सीनाजनी की।

मोहल्ला सादात निवासी हाशिम हुसैन के घर से अलम मुबारक का जुलूस बरामद हुआ। जिसमें अंजुमन तंजीमे हुसैनी के नोहेख्वान मो. नवाज और अंजुमन जीनते अजा के नोहेख्वान आदिल नकवी ने नोहेख्वानी की। जुलूस हाशिम हुसैन के घर से बरामद होकर इमामबाड़ा वाजिद अली कोतवाल से मोहल्ला कुरैशियान से स्टेशन रोड होता हुआ मुतलीब हुसैन के इमामबाड़े में संपन्न हुआ। इस दौरान हाशिम हुसैन, असलम नकवी, अली रजा, दानिश रजा, नैय्यर अब्बास, शबी अब्बास, हसन नवाब, मो. रजा, जमीन नकवी, गुलजार रजा, अली नवाज, गुड्डू आदि मौजूद रहे।

### पांचवी मुहर्रम को महानगर के अलग-अलग इमामबाड़ों में हुई मजलिसों में अजादरों ने किया मातम

# इमाम हुसैन ने 72 साथियों के साथ कुर्बानी देकर इंसानियत को बचाया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मुहर्रम की पांच तारीख शुक्रवार को महानगर के मोहल्ला लकड़ी वालान स्थित मरहूम अली यावर नकवी के आवास पर सुबह में पहले मजलिस हुई। मजलिस से पहले हाजी शबी हैदर ने मर्सिया खुवानी की और हैदर ने सलाम पेश किया।

मजलिस को मौलाना हसन मुज्तबा ने खिताब करते हुए बताया इमाम हुसैन ने अपने 72 साथियों के साथ कर्बला में अपनी जान को कुर्बान करके बता दिया कि जब तक कुर्बानी का जज्बा हमारे अंदर न होगा। तब तक हम इंसानियत को नहीं बचा सकते। इमाम हुसैन ने अपनी जान को कुर्बान किया। उन्होंने बताया कि इमाम हुसैन की शहादत के बाद उनकी बहन हजरत जैनब ने जिस तरह अपने खुतबो के जरिए हुसैन की कुर्बानी को जिंदा किया है। उसके लिए बहन ने अपनी सर की चादर तक कुर्बान कर दी। इतना ही नहीं अपने भाई इमाम हुसैन की कुर्बानी को जाया नहीं जाने दिया। क्योंकि इमाम हुसैन की शहादत से पहले इमाम हसन के कातिलों का पता नही चल पाया था। मगर बहन ने इस बार भाई की कुर्बानी को अपने खुतबो से इमाम हुसैन के कातिलों को बेनकाब कर दिया। कर्बला का पूरा वाकया सुनकर अजादारो में हाय हुसैन-हाय हुसैन की सदाए बुलंद होने लगी। मजलिस के बाद कमर अब्बास ने नोहा पड़ा। जिसमें अजादरों ने मातम भी किया। वहीं महानगर के चौमुखा पुल स्थित इमामबाड़ा मीर सआदत अली में स्थित शुक्रवार शाम दूसरी मजलिस हुई। मजलिस को मौलाना अली मोहमद ने खिताब किया। इसके अलावा रात को तीसरी मजलिस मोहल्ला लाकड़ीवालान में इमाम बाड़ा हकीम फरजंद अली में हुई। इस दौरान हाजी कायम हसनैन, हाजी अमीरूल हसन जाफरी, मोहम्मद अब्बास, हाजी अनीस बाकरी, आसिफ रजा, जिम्मी नकवी, जावेद यावर, शावैज नकवी, मोहम्मद जरी नकवी, गोहर मिर्जा, गुलरेज हैदर रिजवी, आलम आब्दी व प्रिंस नकवी समेत भारी संख्या में अजादार मौजूद रहे।


लाकड़ीवालान में मजलिस को खिताब करते मौलाना और मौजूद लोग। ● अमृत विचार

### नबी ने फरमाया जिसका मैं मौला, अली उसका मौला

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महानगर की लाल मस्जिद में चल रहे 10 रोजा जिक्र- ए शहीदाने कर्बला महफिल के चौथे दिन शुक्रवार को मुफ्ती मोहम्मद दानिश कादरी ने हजरत अली की सीरत पर खिताब किया। महफिल में मुफ्ती दानिश कादरी ने कहा कि हजरत अली की पैदाइश खाने काबा में हुई। पैदाइश के बाद हजरत अली ने सबसे पहले प्यारे नबी के चेहरे को देखा। जिसके बाद हजरत अली की परवरिश प्यारे नबी ने की और हजरत अली सबसे पहले ईमान लाए। उन्होंने कहा कि हजरत अली की शान बहुत बुलंद है और कुरान की 300 आयात हजरत अली की शान में नाजिल हुईं। एक रिवायत में आता है कि सबसे ज्यादा हदीसे भी हजरत अली की शान में ही है। प्यारे नबी ने इरशाद फरमाया कि अली मुझसे है और मैं अली से हूं। जिसका मैं मौला उसका अली मौला है। मैं इल्म शहर हूं अली उसका दरवाजा है। प्यारे नबी ने इरशाद फरमाया के अली का जिक्र इबादत, अली को देखना भी इबादत, मुसलमानों को चाहिए कि हम कसरत के साथ हजरत अली का जिक्र करें। इस मौके पर एडवोकेट फुरकान अली, मोहम्मद साद, इमरान कादरी, रईस अशरफी, फरीद साबरी, तनवीर जमाल, शुजात अशरफी समेत अन्य लोग शामिल रहे।

# पुरानी पेंशन बहाली तक करेंगे आंदोलन

### नार्दन रेलवे मेन्स यूनियन ने केंद्र सरकार के विरोध में निकाली रैली, नारेबाजी की

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** पुरानी पेंशन बहाली को लेकर नार्दन रेलवे मेन्स यूनियन (एनआरएमयू) के शीर्ष नेताओं के नेतृत्व में विशाल रैली का आयोजन किया गया। जो कपूर कंपनी स्थित ओबीसी कार्यालय से मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय तक निकाली गई। इसके बाद आयोजित जनसभा में मंडल मंत्री राजेश चौबे ने कहा कि पुरानी पेंशन दिलाने के लिए एनआरएमयू हर स्तर सरकार पर दबाव बनाने का काम करेगी।

शुक्रवार को नार्दन रेलवे मेंस यूनियन के महामंत्री शिवगोपाल मिश्रा के आह्वान पर पुरानी पेंशन बहाली के लिए कार्यक्रम आयोजित किए गए। मंडल मंत्री राजेश चौबे व केन्द्रीय उपाध्यक्ष एमपी चौबे के नेतृत्व में कर्मचारी ओबीसी कार्यालय से नारेबाजी करते हुए रैली के रूप में मंडलीय रेल कार्यालय पहुंचे। जहां जनसभा हुई। जिसमें केंद्रीय उपाध्यक्ष ने युवाओं से आह्वान किया कि वे पुरानी पेंशन बहाली में अपना योगदान दें।

वहीं मंडल मंत्री ने कहा कि एनआरएमयू का लक्ष्य पुरानी पेंशन लेना है। इस दौरान कॉमरेड दीपक यादव, मंडल अध्यक्ष मनोज शर्मा, सहायक मंडल मंत्री एके सिंघल, नरेंद्र त्यागी , दीपक यादव, विजयंत शर्मा, खेमपाल सिंह, मोहित गुप्ता, मंजू बिष्ट, रजनीश चौबे, आईवन एडिशन, राकेश बलोदी ,विनेश ठाकुर, राजपाल सिंह, अनिल सोनी, पीके शर्मा, समीर माथुर, दिनेश श्रीमाली, एक वर्मा, संजय वर्मा, विनय पाल, मोहित, अमित सिंह, राहुल श्रीवास्तव, शुभम भंडारी, बिजेंदर आदि मौजूद रहे।



पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर रैली निकालते रेलवे कर्मचारी। ● अमृत विचार

### पेंशनर्स को अन्य राज्यों की तरह मिले पुरानी पेंशन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राजकीय सिविल पेंशनर्स परिषद की मासिक बैठक शुक्रवार को कोषागार कार्यालय परिसर में हुई। इसमें माह जुलाई में जन्मे सदस्य यश कुमार त्यागी, प्रेम प्रकाश सक्सेना, घनश्याम सिंह चौहान, हरिराज सिंह त्यागी, रशीद अली सिद्दीकी, अजब सिंह चौहान समेत अन्य सदस्यों को उनके जन्म दिवस की शुभकामनाएं दीं। बैठक में सदस्यों ने पेंशन राशिकरण की धनराशि 10 वर्ष की कटौती के पश्चात बंद किए जाने की मांग की। साथ ही 30 जून एवं 31 दिसंबर को सेवानिवृत होने वाले पेंशनर्स को शासनादेश के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में सदस्यों द्वारा सरकार से यह भी मांग की गई की अन्य राज्यों की भांति कर्मचारियों को पुरानी पेंशन दी जाए। अन्य राज्यों की तरह ही सरकारी बसों में निशुल्क सेवा भ्रमण की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। बैठक की अध्यक्षता प्रेम प्रकाश सक्सेना व संचालन यश कुमार त्यागी द्वारा किया गया। बैठक में सुनील कुमार शर्मा, रामदास द्विवेदी, धन सिंह, महीपत सिंह, विजय सक्सेना, कृष्णकांत शर्मा, पीएस गिल, सोमपाल, राधेश्याम, राजेंद्र कुमार शर्मा, आशा रानी, मालती देवी आदि मौजूद रहे।

## तमंचा के बल पर देवर ने किया महिला से दुष्कर्म

**मैनाठेर, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र की महिला ने देवर पर तमंचा की नोक पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने घटना की शिकायत एसएसपी से कर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित महिला ने एसएसपी को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाते हुए बताया कि वह गाजियाबाद की रहने वाली है। कुछ साल पहले उसकी शादी मैनाठेर थाना क्षेत्र के गांव ताहरपुर निवासी एक युवक से हुई थी। आरोप है कि एक दिन घर में अकेली देखकर उसके देवर ने तमंचे के बल पर उसके साथ दुष्कर्म किया और घटना का वीडियो बना लिया। उसने वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर कई बार दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। जब पीड़िता घटना की शिकायत ससुराल वालों से की तो उन्होंने पीड़िता के साथ मारपीट की और पति द्वारा तीन तलाक दिलाकर घर से निकलने की धमकी दी। आरोप लगाया कि देवर ने कुछ दिन बाद फिर दुष्कर्म का प्रयास किया तो महिला ने पति से शिकायत की। जिस पर पति ने महिला से जमकर मारपीट की। जिससे उसे गंभीर चोटें आई। पीड़िता ने अब घटना की शिकायत एसएसपी से कर आरोपी देवर और ससुरालियों के खिलाफ कारवाई की मांग की है।

# बच्चों ने वाहन चलाया तो होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** नाबालिगों के वाहन चलाने पर यातायात पुलिस सख्ती कर रही है। दोपहिया वाहन चलाते मिलने पर 15 दिन तक पांच हजार रुपये का शमन शुल्क के साथ चालान काटे जाएंगे। इसके बाद अभिभावकों के खिलाफ मुकदमे दर्ज होंगे। पांच जुलाई से चेकिंग अभियान शुरू किया गया। ऐसे एक हजार से अधिक वाहन चेक किए गए, नाबालिगों को जागरूक करते हुए चालान काटे गए।

महानगर के स्कूलों-कॉलेजों में बच्चे वाहन लेकर आते हैं। कई स्कूलों में वाहनों की एंट्री नहीं है तो बच्चे वाहनों को निजी पार्किंग में खड़ा करते हैं। बता दें कि 18 साल से कम पर ड्राइविंग लाइसेंस नहीं बनता है। एसपी यातायात सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि 16 से 18 साल के बीच नाबालिगों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 20 जुलाई तक चलेगा। नाबालिगों के वाहन चलाने पर पुलिस अब कार्रवाई कर रही है। बच्चों के वाहन चलाने पर अभिभावक और वाहन स्वामी पर कार्रवाई की जाएगी। वाहन स्वामियों के खिलाफ हाथों-हाथ 5000 रुपये व पेंडिंग में दस हजार रुपये का शमन शुल्क वसूला जाएगा। टीआई अनुराधा सिंघल ने बताया है कि नाबालिगों को वाहन देने पर अब तक 1046 वाहनों को चेक किया गया है। जिनमें से 114 वाहन स्वामियों के खिलाफ का चालान किए गए हैं।


नया मुरादाबाद में वाहनों की फिटनेस की जांच करतीं टीआई अनुराधा सिंघल। ● अमृत विचार

### बच्चों को पढ़ाया यातायात नियमों के पालन का पाठ

अभियान के दौरान ट्रैफिक पुलिस कर्मियों ने स्कूल-कॉलेजों में बच्चों को यातायात का पाठ पढ़ाया। शुक्रवार को कोसमो पॉलिटन पब्लिक स्कूल और राजकीय कन्या इंटर कॉलेज मझोला में ट्रैफिक पुलिस ने 18 साल से कम उम्र वाले छात्रों को जागरूक किया है। साथ ही यातायात नियमों के बारे में भी जानकारी दी है। सभी छात्रों को वाहन न चलाने की सलाह दी है। वहीं टीआई अनुराधा सिंघल ने नया मुरादाबाद स्थित स्प्रिंगफील्ड स्कूल और न्यू डेल स्कूल के वाहनों की फिटनेस चेक की। पांच जुलाई से शुक्रवार तक 6259 बच्चों को यातायात नियमों को पाठ पढ़ाया गया है। जिसमें से शुक्रवार को एक हजार से अधिक बच्चों को जागरूक किया है।

### 185 वाहनों की जांच, 50 का किया चालान

यातायात पुलिस का स्कूली वाहन व नाबालिगों के खिलाफ अभियान शुक्रवार को भी चला। ट्रैफिक पुलिस ने 185 वाहनों को चेक किया, जिसमें 50 नाबालिग बच्चों के चलाने पर वाहन स्वामी के खिलाफ कार्रवाई की गई। साथ ही यातायात पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर स्कूली वाहनों की जांच की। 20 जुलाई तक अभियान जारी रहेगा। ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूली वाहनों पर कार्रवाई होगी।


**बदला मौसम :** शुक्रवार की बारिश के बाद दिनभर उमस रही। वहीं शाम को इस तरह से आकाश में बादल छाए रहे। ● अमृत विचार

## उमस भरी गर्मी में अघोषित बिजली कटौती से परेशानी

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** महानगर में अघोषित बिजली कटौती लोगों को खूब परेशान कर रही है। गुरुवार रात उमस भरी गर्मी के बीच कई इलाकों में घंटों बिजली गुल रही। मुफ्ती टोला में फाल्ट होने से 1 घंटा बिजली गायब रही। ट्रांसपोर्ट नगर, शाहिदाबाद समेत अन्य मोहल्लों में भी यही हाल रहा।

गुरुवार की रात उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल हो गए। हालांकि सुबह हुई बारिश से लोगों को कुछ राहत मिली। ट्रांसपोर्ट नगर, शाहिदाबाद समेत अन्य मोहल्लों में फाल्ट होने की वजह घंटों बिजली गुल रहीं। कुछ यही हाल हरथला में रहा। हरथला निवासी अनिकेत ने बताया कि गुरुवार रात बारिश से पहले भी कई बार बिजली ने ट्रिपिंग की। दीनदयाल नगर निवासी यश तिवारी ने कहा कि कहने को तो इलाका पॉश कॉलोनियों में शामिल है। लेकिन, रोज बिजली की अघोषित कटौती होती है।

# शतरंज में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** विल्सोनिया स्कूल में शुक्रवार को युवा शतरंज खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा से सभी को प्रभावित किया। यहां आयोजित प्रतियोगिता में स्प्रिंगफील्ड, सेंट पाल, महाराजा अग्रसेन, केके पब्लिक स्कूल, गांधी नगर पब्लिक स्कूल, विल्सोनिया स्कालर्स होम, विल्सोनिया गर्ल्स और विल्सोनिया ब्याज की टीमों ने भाग लिया।

विल्सोनिया स्कूल में विद्यालय की भूतपूर्व प्रबंधक स्व. शीरीन संतराम की याद में शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विल्सोनिया स्कॉलर्स होम की प्रधानाचार्या श्वेतागंना संतराम रही। श्वेतागंना संतराम के साथ विद्यालय के प्रबंधक आशीष संतराम, प्रधानाचार्या संगीता रेविस और आविश रेविस ने मां सरस्वती के चित्र के आगे दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का आरंभ किया। मुख्य अतिथि ने शतरंज के मुख्य बिंदुओं पर प्रकाश डाला और कहा कि इन बिंदुओं के साथ शतरंज के खेल का बेहतर आनंद ले सकते हैं और अपनी खेल शैली को सुधार सकते हैं। यह प्रतियोगिता दो वर्गों में विभाजित थी। इसमें अंडर 14 और अंडर 18 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता का प्रारंभ सुबह 9 बजे हुआ और यह कुल 5 दौर में विभाजित थी। इसमें 3 दौर शुक्रवार को पूरे किए गए और 2 दौर कल 13 जुलाई को पूरे किए जाएंगे।



सिविल लाइंस स्थित विल्सोनिया कॉलेज में आयोजित प्रतियोगिता में शतरंज खेलतीं छात्राएं।

## दहेज के लिए महिला को पीटकर घर से निकाला, रिपोर्ट दर्ज

**कुंदरकी, अमृत विचार:** दहेज के लिए महिला को पीटकर घर से बाहर निकालने के मामले में पीड़िता की शिकायत पर पति व ससुराल वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

गांव सराय पंजू निवासी पिंकी के अनुसार, आठ साल पहले उसकी शादी गांव जरगांव के रोहित के साथ हुई थी। तभी से पति, ननद शशी, संजय, राजकुमारी, हरी सिंह, चाचा महान्नदन चाची संतोष, अजीत, अनुप सिंह दहेज की मांग करने लगे। आरोप है कि इन लोगों ने उसके मारा पीटा। सात माह पहले इन लोगों ने दो लाख रुपये की मांग कर उसे पीटकर घर से निकाल दिया। तभी से वह मायके में अपने दो बच्चों के साथ रह रही है।

**बैठक** | सत्र 2024-25 में होने वाली खेल प्रतियोगिताओं की तैयारियों को परखा, जिम्मेदारी सौंपी

# मंडलीय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए बनाई योजना

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** एचएसवी इंटर कॉलेज में शुक्रवार को मंडलीय क्रीड़ा समिति की आवश्यक बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक द्वादश मंडल मुरादाबाद मनोज कुमार द्विवेदी ने की व संचालन मंडलीय क्रीड़ा सचिव वंश बहादुर ने किया। इसमें सत्र 2024-25 में होने वाली खेल प्रतियोगिताओं के लिए कार्य योजना बनाई गई।

बैठक में इस वर्ष के खेल कार्यक्रमों के निष्पक्ष, पारदर्शी और सफलतापूर्वक आयोजन के लिए मंडलीय क्रीड़ा समिति के सभी पदाधिकारियों द्वारा विचार विमर्श किया गया। बैठक में सर्वप्रथम मंडल में आयोजित होने वाली खेल प्रतियोगिताओं को विभिन्न जनपदों को आवंटित किया गया। इसमें मुरादाबाद में तैराकी, बॉक्सिंग, क्रिकेट 17 वर्ष बालक, कराटे, बुशू, टेबल टेनिस और बैडमिंटन खेल आवंटित किया गया। जनपद अमरोहा में क्रिकेट 14 वर्ष बालक, भारत्तोलन, मलखंभ, हैंडबॉल, तीरंदाजी, ताइक्वांडो तथा शतरंज, जनपद बिजनौर में कबड्डी, बास्केटबॉल, हॉकी, क्रिकेट 17 व 19 वर्ष बालिका, फुटबॉल, शूटिंग, सेपक टाकरा और थंगला मार्शल आर्ट, जनपद रामपुर में प्रदेश स्तरीय नेहरू हॉकी, एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, क्रिकेट 19 वर्ष बालक, योगासन और गतका, जबकि संभल जनपद में कुश्ती, जिमनास्टिक, जूडो, खो-खो, कुराश तथा कलारी पयट्टू खेल का आयोजन किया जाएगा। अध्यक्ष मनोज कुमार द्विवेदी ने कहा कि इस वर्ष बेसिक शिक्षा तथा माध्यमिक शिक्षा के कक्षा 6 से 12 तक के छात्र-छात्राओं को खेलों में प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक रामपुर प्रतिनिधि अरविंद कुमार भास्कर, अमरोहा से विजय सिंह, बिजनौर से प्रभात कुमार, बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रतिनिधि अमरोहा से भारत भूषण, रामपुर से स्वदीप कनौजिया, क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी प्रतिनिधि सीएल वर्मा, पूर्व मंडलीय सचिव जीवन सिंह, मंडलीय व्यायाम शिक्षक गंगा शरन, प्रधानाचार्य डॉ. मधुबाला त्यागी, विजय कुमार, डॉ. शमशाद अली, जिला व्यायाम शिक्षक संभल अनिल कपूर आदि मौजूद रहे।


बैठक को संबोधित करते मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक मनोज कुमार द्विवेदी।

# दहेज में कार न मिलने पर महिला को मारपीट कर घर से निकाला

संवाददाता ठाकुरद्वारा

● ससुर व पति सहित पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** दहेज में कार की मांग पूरी न होने पर ससुर ने चाकू दिखाकर पुत्रवधू के साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर पति, सास, ससुर, देवर ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। इस मामले में पीड़िता ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से शिकायत की। उनके आदेश पर पुलिस ने पति सहित पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

उत्तराखंड में जिला पिथौरागढ़ निवासी महिला के अनुसार, चार वर्ष पहले उसकी शादी ठाकुरद्वारा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक के साथ हुई थी। शादी के समय उसके परिजनों ने काफी सामान समान दिया था। लेकिन ससुराल वाले दहेज से खुश नहीं हुए। आरोप है कि शादी के समय से ही उसका ससुर उस पर गंदी नजर रखने लगा, जब उसका पति काम करने बाहर जाता तो ससुर उससे अश्लील हरकतें करता था।

आरोप है कि ससुर ने चाकू दिखाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। शिकायत की तो पति, सात, देवर ने बदनाम करने की बात कहकर उसे मारा पीटा। इसके बाद आरोपी ससुर ने कई बार दुष्कर्म किया। इस मामले में महिला ने पुलिस को तहरीर दी। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद महिला ने एसएसपी को शिकायती पत्र दिया। उनके आदेश पर पुलिस ने पति, ससुर, सास, देवर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### तमंचा व कारतूस के साथ आरोपी पकड़ा

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर में गश्त के दौरान पुलिस ने एक आरोपी को तमंचा और कारतूस के गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक त्रिवेंद्र सिंह ने बताया कि करनावाला के पास से इकरार उर्फ विशेष निवासी शरीफनगर को पकड़ लिया। आरोपी के पास तमंचा और कारतूस मिला।



## एक नजर

### विदेश भेजने के नाम पर दो लाख 85 हजार ठगे

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** विदेश भेजने के नाम पर दो लाख 85 हजार रुपये की ठगी कर ली गई। रुपये वापस मांगे तो आरोपी ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र सुरजननगर पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव लालापुर पीपलसाना निवासी मोहम्मद रफी ने पुलिस को तहरीर दी। इसमें बताया कि जिला बिजनौर में धामपुर के मोहल्ला बंदुक चीयान निवासी एक व्यक्ति विदेश भेजने का काम करता है। विदेश भेजने के नाम पर एजेंट को 15 हजार व आठ हजार रुपये नकद और दो लाख 18 हजार रुपये बैंक खाते से ट्रांसफर किए थे। बाकी रकम मुंबई जाकर नकद दी। दस्तावेज भी जमा करने के बाद वह काफी समय तक उसे टरकाता रहा। आरोपी उसका पासपोर्ट भी वापस कर रहा है और न ही रकम दे रहा है।

### युवती को भगाकर ले जाने वाले युवक पर रिपोर्ट दर्ज

**कुंदरकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती को बहला फुसला कर भगा कर ले जाने के मामले में पुलिस ने पीड़िता की मां की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। महिला ने बताया कि 10 जुलाई की शाम चार बजे उसकी पुत्री घर से अचानक कहीं चली गई थी। बाद में पता लगा कि उसकी पुत्री को मोनू कुमार गांव मसेबी रसूलपुर थाना मैनाठेर भगाकर ले गया है। मोनू की गांव में ही रिश्तेदारी है। वहां उसका आना-जाना था। बताया कि युवती अपने साथ नकदी व सोने चांदी के आभूषण भी ले गई है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### राशन की दुकान का प्रस्ताव निरस्त करने की मांग

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** गांव बहादुरगंज मे बिना किसी सूचना के ही ब्लॉक के अधिकारियों व कर्मचारियों ने राशन डीलर का चुनाव करा दिया। राशन की दुकान का प्रस्ताव निरस्त करने के लिए मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजा गया है। डिलारी क्षेत्र के गांव बहादुरगंज निवासी अब्बास ने जिला पूर्ति अधिकारी व मुख्यमंत्री को शिकायत पत्र भेजा है। कहा कि गांव में राशन डीलर की नियुक्ति अवैधानिक है। डीलर का चयन ग्रामसभा की खुली बैठक में कराया जाए। गांव की राशन की दुकान निरस्त चल रही थी। दुकान का प्रस्ताव ओबीसी श्रेणी के व्यक्ति के नाम होना था।

# ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में शिक्षकों ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

## मांगें पूरी नहीं होने तक विरोध जारी रखने का किया एलान, सरकार पर ऑनलाइन उपस्थिति का दवाब बनाने का आरोप, एकता में ही रहने का संकल्प

संवाददाता, कांठ


कांठ में ऑनलाइन हाजिरी के विरुद्ध प्रदर्शन करते शिक्षक। ● अमृत विचार


बीआरसी में चर्चा करते प्राथमिक शिक्षक संघ से जुड़े शिक्षक।


कुंदरकी में विरोध-प्रदर्शन करते शिक्षक व शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान और जिला कार्य समिति के निर्देश पर शुक्रवार को खंड शिक्षा अधिकारी के कार्यालय स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र में बैठक के बाद शिक्षकों ने प्रदर्शन किया। ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में हस्ताक्षर अभियान चलाया।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. कपिल सिरोही के नेतृत्व में शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। डॉ. कपिल सिरोही ने कहा कि विगत कई वर्षों से शिक्षकों की जायज मांगें- पुरानी पेंशन, अर्जित अवकाश, अर्ध आकस्मिक अवकाश, प्रतिकर अवकाश, कैशलेस चिकित्सा, पदोन्नति समेत अन्य पर सुनवाई नहीं की गई, जबकि अव्यवहारिक आदेश लगातार थोपे जा रहें हैं। मंत्री मेघराज सिंह ने कहा कि ऑनलाइन उपस्थिति सही नहीं है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष हेतराम सिंह ने कहा कि सरकार ऑनलाइन उपस्थिति का दवाब बना रही है, इसलिए सबको एकता में ही रहना है। किसी के दवाब में नहीं आना है। मोहम्मद रिजवान ने कहा कि ऑनलाइन उपस्थिति तब तक स्वीकार नहीं करेंगे, जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं होंगी। ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में प्रदर्शन किया।

बैठक में सर्वसम्मति से उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ओर से शिक्षकों की मांगों के निराकरण के लिए प्रेषित पत्र में लिखी गईं मांगों का शासन से निराकरण कराने, बेसिक शिक्षकों को भी बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों की तरह उपार्जित अवकाश, प्रत्येक माह के द्वितीय शनिवार को अवकाश, अर्ध आकस्मिक अवकाश, शिक्षकों की उपस्थिति पंजिका का डिजिटाइजेशन करने में आ रही कठिनाइयों का संघ के पदाधिकारी के साथ बैठक कर निराकरण कराने के प्रस्ताव पास किए गए।

बैठक में सर्मेन्द्र सिंह, हरवीर सिंह, कृष्णगोपाल, लोकिन्दर सिंह, गौरव चौधरी, शिखा शर्मा, मधुबाला, मनीष ठाकुर, नितिन कुमार, अकरम अली, कंचन चौरसिया, गरिमा गुप्ता, नीरू, राजवीर सिंह, दीपा रानी, रजत चौधरी, आशीष चौधरी, दमन चौहान, धर्मेन्द्र सिंह, जोगिंदर यादव, बबिता रानी, रूपेंदर सिंह, मिनाक्षी, चंदरशखेर, गीतांजलि रावत, आशा राणा, शिवानी वशिष्ठ, सुखवीर सिंह, सुरेश कुमार, उदयवीर सिंह, दुलारी देवी, सना महफूज, हुमेरा अजीम आदि रहे।

### बीआरसी में किया विरोध प्रदर्शन

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर स्थित बीआरसी में शुक्रवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की बिलारी इकाई के सदस्यों ने ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में प्रदर्शन किया। प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष सुरजीत सिंह यादव के नेतृत्व में शिक्षकों ने ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध किया। आदेश वापस होने तक आंदोलन करने का संकल्प लिया। 23 जुलाई को बीएसए कार्यालय मुरादाबाद में शिक्षक अवकाश के बाद धरना प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान नीरज शर्मा, सुधीर सिंह, मोहित कुमार, भगत सिंह, संगीता, सरोज यादव, जुल्फिकार आदि रहे।

### बैठक में कई प्रस्ताव किए गए पास

**कुंदरकी, अमृत विचार :** ब्लॉक संसाधन केंद्र में शुक्रवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की कार्यसमिति से जुड़े शिक्षक-शिक्षिकाओं की बैठक हुई। इसमें ऑनलाइन उपस्थिति को लेकर चर्चा की गई। बाद में इसके विरोध में शिक्षक-शिक्षिकाओं ने प्रदर्शन किया। बैठक में सर्वसम्मति से कई प्रस्ताव पारित हुए। बताया गया कि सर्वसम्मति से पारित प्रस्तावों को संगठन की जिला कार्यसमिति को सौंपा जाएगा। बैठक में धर्मेंद्र प्रताप सिंह, बृज किशोर, रविंद्र सिंह, सलिल चौधरी, अनिल कुमार, वसीम अब्बास, हबीब अहमद, मोहम्मद आरिफ, गजेंद्र सिंह, गीता, हिमांशु बरनवाल, कुशल पाल सिंह, मुकेश ठाकुर, नकुल शर्मा, रेनू, समीर कांत सिद्धार्थ, शिल्पी, सुनील कुमार, वसीम अहमद, विनीत गुप्ता, दीपक मलिक, नूर मोहम्मद आदि रहे।

# आंधी-बारिश के बीच रास्तों पर गिरे पेड़

संवाददाता, बिलारी


रास्ता बंद होने पर प्रदर्शन करते शिक्षक-शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

● **शिक्षकों और छात्र-छात्राओं को विद्यालयों में पहुंचने में हुई देर**

**अमृत विचार:** क्षेत्र में गुरुवार रात तेज आंधी के साथ मूसलाधार बारिश हुई। इसे रास्तों पर पेड़ गिर गए। आवागमन रुकने से सुबह छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को विद्यालयों में पहुंचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इस बीच शिक्षक और शिक्षिकाओं ने प्रदर्शन कर रास्ते खुलवाने की मांग की। सूचना के बाद मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने गिरे पेड़ों को कटवाकर आवागमन सुचारु कराया। हालांकि फिर कुछ स्कूलों में विद्यार्थी नहीं पहुंच सके।

क्षेत्र में गुरुवार रात दो बजे तेज आंधी के साथ झमाझम बारिश हुई। इससे निचले इलाकों में जलभराव हो गया। साथ ही पेड़ टूटकर गिरने से कई रास्ते बंद हो गए। कई स्थानों पर लोगों के घर में पानी घुस गया। जहां जलनिकासी की समस्या है, वहां भी लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ा। शुक्रवार सुबह जब लोग अपने काम पर निकले तो उन्हें दिक्कतें हुईं। क्षेत्र के गांव करावर के पास स्योंडारा रोड पर यूकेलिप्टस के कई पेड़ गिर गए। इनसे रास्ता बंद हो गया। इस मार्ग पर जाने वाले आरपी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि मुरादाबाद से आने वाले विद्यालयों के स्टाफ को भी समस्याओं का सामना करना पड़ा। वह दूसरे वैकल्पिक रास्ते से विद्यालय देर से पहुंचे। स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति भी कम रही। सड़क पर गिरे पेड़ों को वन विभाग की टीम ने हटाया। इसके बाद आवागमन शुरू हुआ।

# सीडीपीओ को केंद्रों पर नहीं मिलीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, जवाब मांगा

संवाददाता, बिलारी

● **सहसपुर, थांवला और मिलक में आंगनबाड़ी केंद्रों का किया निरीक्षण**

**अमृत विचार :** बाल विकास परियोजना अधिकारी सुरेंद्र पाल सिंह ने शुक्रवार को सहसपुर, थांवला, मिलक नगला समेत अन्य जगहों पर आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्हें कई आंगनबाड़ी कार्यकर्ता केंद्रों से नदारद मिलीं।

बताया गया कि सुबह नौ बजे तक कार्यकर्ता नहीं पहुंचीं और केंद्र बंद पाए गए। गांल थावंला में आंगनबाड़ी केंद्र खुला था, लेकिन पंजीकृत बच्चों के सापेक्ष संख्या कम थी। केंद्र पर फरजाना बेगम, साजिदा, अंजुम आरा, जेहरा फरजाना, इरम जहां, गुलिस्ता परवीन उपस्थित थीं, लेकिन रूबी जहां, सहायिका फरहा अनुपस्थित मिलीं। सहसपुर की सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता केंद्रों से नदारद थीं। इनमें उर्मिला, माया, नीतू, सीमा, सुनीता देवी, सुनीता रानी, मधु, मिनी, रज्जो, यासमीन, समता, मधुकुमारी, फहीम बी, फात्मा, शबाना, सरिता उपस्थित नही मिलीं। मिलक नगला नस्सु में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शीला यादव केंद्र में मिलीं। 26 बच्चों के सापेक्ष 16 उपस्थित थे। सीडीपीओ ने गांव में भ्रमण कर कार्यकर्ताओं से राशन वितरण की जानकारी ली। संचारी रोग नियंत्रण माह व दस्तक अभियान के बारे में भी जानकारी ली। उपस्थित मिलीं आंगनबाडी कार्यकर्ताओं से केंद्रों का नियमित संचालन व विभागीय योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने के लिए कहा। अनुपस्थित रहीं आंगनबाडी कार्यकर्ताओं को नोटिस देकर जवाब मांगा है। इस दौरान मुख्य सेविका शिवकुमारी, ब्लॉक समन्वयक अतुल शर्मा, श्रीओम उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप


महिलाओं को सामग्री बांटते अधिकारी। ● अमृत विचार

### सम्मेलन में दी परिवार नियोजन की जानकारी

**कांठ, अमृत विचार :** नगर पंचायत ऊमरी कलां के ऊमरी चौराहा में शुक्रवार को सास बहू बेटा सम्मेलन हुआ। इसमें महिलाओं को जानकारी दी गई। नगर पंचायत ऊमरी कलां में हुए सास, बहू-बेटा सम्मेलन में वक्ताओं ने कहा कि परिवार नियोजन, नसबंदी व विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा 11 जुलाई से 31 जुलाई तक चलाया जाएगा। डॉ. राजीव सिंह ने संचारी रोग अभियान व सफाई की जिम्मेदारी से के बारे में जानकारी दी। बीपीएम ने आशा व सभी लाभार्थियों को घर में फ्रिज, छत पर पानी जमा नहीं होने की जानकारी दी। सफाई रखने के लिए कहा। इस दौरान सारथी वाहन चलाकर आशाओं और आंगनबाड़ियों ने घर-घर परिवार कल्याण कार्यक्रम में विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े की जानकारी दी। सम्मेलन में संगिनी किरण लता, आशा मुकेश व गीता आदि उपस्थित रहीं।


पौधरोपण करते कांग्रेस के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### कब्रिस्तान में कांग्रेसियों ने किया पौधरोपण

**कांठ, अमृत विचार :** नगर के कब्रिस्तान परिसर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पौधरोपण किया। नागरिकों से पौधरोपण करने का आह्वान किया। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद के निर्देश पर कार्यकर्ताओं ने नगर के कब्रिस्तान परिसर में पौधरोपण किया। नगर अध्यक्ष नदीम अहमद ने कहा कि पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़-पौधे जरूरी हैं। ये हमें जीवन के लिए ऑक्सीजन, खाने के लिए फल और गर्मी में छांव देते हैं। धरती को हरा-भरा करने और जीवन को बचाने के लिए सबको पौधरोपण का संकल्प लेने की जरूरत है। इस दौरान जिला महासचिव शरीफ आजाद, तारिक रियाज, जाफर अली अंसारी, शादाब मस्तान, महरूब अली, शमीम अंसारी आदि उपस्थित रहे।

### कांवड़ यात्रा से पहले मार्गों की सफाई कराएं

**छजलैट, अमृत विचार :** कांवड यात्रा से पहले क्षेत्र में मार्गों की सफाई और मरम्मत कराई जा रही है। शुक्रवार को अधिकारियों ने मार्गों का निरीक्षण किया। जिला पंचायत अधिकारी वाचस्पति झा, जिला कंसल्टेड स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण सुधीर कुमार, खंड विकास अधिकारी डॉ. योगेंद्र कुमार सिंह, सहायक खंड विकास अधिकारी कृषि विकास, अधिकारी सुशील कुमार, दुर्गेंद्र सिंह, सचिन ने व्यवस्थाएं देखीं। जिला पंचायत अधिकारी ने बताया कि ग्राम पंचायत मानपुर, मुजफ्फरपुर टांडा समेत अन्य गांवों के पास कांवड़ पथ की सफाई का कार्य देखा।

### समस्याओं के निस्तारण में देर न करें: क्षेत्राधिकारी

**कांठ, अमृत विचार :** थाना सभागार में शुक्रवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी ने उपनिरीक्षकों के साथ बैठक की। लंबित विवेचनाओं का निस्तारण, शासन एवं जिला मुख्यालय से चलने वाले अभियानों को सफल बनाने के निर्देश दिए। पुलिस क्षेत्राधिकारी अपेक्षा निंबाड़िया ने कहा कि शासन एवं जिला मुख्यालय के अधिकारियों द्वारा जो अभियान चलाए जा रहे हैं, उन सभी को सफल बनाना हमारी प्राथमिकता है। इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। संपूर्ण समाधान दिवस में जितने शिकायती पत्र आते हैं, उनकी निष्पक्ष रूप से पहले जांच करें। इसके बाद समस्या का निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि जिन उप निरीक्षकों की विवेचनाएं लंबित हैं, वे गुणदोष के आधार पर उनका समय रहते निस्तारण करें।

### बीडीओ ने चौपाल लगाकर सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** क्षेत्र की ग्राम पंचायत नन्हूवाला में शुक्रवार को खंड विकास अधिकारी सुरेश गुप्ता ने चौपाल लागकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। पंचायत भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान ग्राम सचिव विशाल शर्मा, पंचायत सहायक लोकेश कुमार, प्रधान शमशाद हुसैन, आनीस, शाहिद, कलुवा, इकरार और रईस आदि मौजूद रहे।

### एसपी देहात ने थाने में देखीं व्यवस्थाएं


रजिस्टर देखते एसपी देहात।

**कांठ, अमृत विचार :** एसपी देहात संदीप कुमार मीणा शुक्रवार दोपहर बाद थाने पहुंचे। वहां उन्होंने शस्त्रों का रखरखाव, अपराध रजिस्टर, ड्यूटी रजिस्टर, माल खाने का रजिस्टर, मिस रजिस्टर देखा। उन्होंने थाना परिसर में सफाई व्यवस्था भी देखी। महिला हेल्प डेस्क चैक की। लंबित विवेचनाओं और शिकायती पत्रों के बारे में उप निरीक्षकों से जानकारी ली। उन्होंने हिस्ट्रीशीटर, सक्रिय अपराधियों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने शास्त्रों का रखरखाव देखने के बाद नए उपनिरीक्षकों से रिवाल्वर, पिस्टल खुलवाई और बंद कराकर देखी। इस दौरान क्षेत्राधिकारी अपेक्षा निंबाड़िया, थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह आदि रहे।

# खोदी गई सड़कों की नहीं कराई मरम्मत, लोग परेशान

संवाददाता, कांठ


क्षतिग्रस्त सड़क।

**अमृत विचार :** जल जीवन मिशन योजना के तहत नगर में पाइपलाइन बिछाने के बाद अनेक स्थानों पर खोदी गईं सड़कों की मरम्मत नहीं कराई गई हैं। इन सड़कों पर गुजरने से लोगों को परेशानी हो रही है।

बताया गया कि आठ माह पहले नगर में जल जीवन मिशन योजना के तहत पानी की आपूर्ति के लिए पाइपलाइन बिछाई गई थी। लेकिन अभी तक नगर के कई वार्डों में सड़क उखड़ी पड़ी है। न तो उसकी मरम्मत कराई गई और न ही घरों में पानी की आपूर्ति के लिए कनेक्शन दिए गए हैं, जबकि हर घर एक टंकी का कनेक्शन होना चाहिए। अधिकारियों की लापरवाही के कारण यह काम अभी अधर में है। नगर के लोग कई बार एसडीएम से शिकायत कर चुके हैं लेकिन जल निगम के अधिकारियों ने मौके पर सर्वे नहीं किया है। बिहारीआदर्श कन्या इंटर कॉलेज के पास सड़कों पर गड्ढों को नहीं भरा गया है। नगर पंचायत अध्यक्ष इकबाल आलम भी इस संबंध में जल निगम के अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं। नागरिकों ने क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कराई जाने की मांग की है।

## आशा की मौत के मामले में दो लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर के स्टेशन रोड स्थित देव धाम कॉलोनी निवासी आशा कार्यकर्ता की मौत के मामले में पति ने कोतवाली में दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

गांव अहरौला निवासी आशा कार्यकर्ता मंजू देवी स्टेशन रोड स्थित देव धाम कॉलोनी में रहती थी। उनका शव रोजा गांव के रहने वाले संजीव चौधरी के गन्ने के खेत में पड़ा मिला था। उसके पति मनवीर ने कोतवाली में इंद्रकेश, उसके अज्ञात साथी के विरुद्ध तहरीर दी थी। इसमें उन्होंने बताया कि कि उसकी पत्नी ब्याज पर रुपयों का लेनदेन करने का काम भी करती थी। नौ जुलाई को मंजू को बाइक पर बैठाकर गांव ले गया था। 10 जुलाई की सुबह सूचना मिली कि उसका शव गन्ने के खेत में पड़ा है। महिला के पति ने इंद्रकेश व उसके साथी पर हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ हत्या के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की है।

# सतर्क रहें बाढ़ चौकी प्रभारी: एडीएम

संवाददाता, ठाकुरद्वारा


गांव राईभूड में निरीक्षण करते अपर जिलाधिकारी व अन्य।

**निरीक्षण**

● **मानपुर दत्तराम व राईभूड के लोगों ने की तटबंध बनवाने की मांग**

● **शेरपुर पट्टी में ग्रामीणों को सतर्कता बरतने की दी सलाह**

**अमृत विचार :** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने तहसील के अधिकारियों के साथ बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। नदी किनारे बसे गांवों के लोगों से सतर्क रहने की अपील की। बाढ़ चौकियों को भी अलर्ट किया।

पर्वतीय व मैदानी क्षेत्र में बारिश के चलते रामगंगा, ढेला और फीका नदी का जल स्तर बढ़ा हुआ है। इन नदियों के किनारे बसे गांवों के लोगों को चिंता सता रही है। गांव मानपुर दत्तराम के लोगों ने प्रशासन से तटबंध बनवाने की मांग की थी। शुक्रवार को अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्यम मिश्र, उपजिलाधिकारी अजय कुमार मिश्रा, नायब तहसीलदार शिवप्रकाश, राजस्व निरीक्षक अनिल कुमार ने ढेला नदी किनारे बस गांव मानपुर दत्तराम का निरीक्षण किया। ग्रामीणों ने बताया कि प्रति वर्ष नदी का जल स्तर बढ़ने पर फसल व घरों में सामान का नुकसान होता है। गांव के रास्ते भी नदी के पानी से कट जाते हैं। रामगंगा नदी किनारे बसे गांव राईभूड़ का निरीक्षण किया। इसमें भी ग्रामीणों ने नदी किनारे तटबंध बनाने की मांग की है। गांव शेरपुर पट्टी में ग्रामीणों को सतर्कता बरतने की सलाह दी। इस बीच एडीएम ने करनपरु बाढ़ चौकी का निरीक्षण कर बाढ़ से बचाव के संशाधनों को चेक किया।

**जागरूकता** महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज में हुई संचारी रोगों से बचाव के लिए जागरूक करने को लेकर निबंध प्रतियोगिता

# निबंध प्रतियोगिता में बताए संचारी रोगों की रोकथाम के उपाय

संवाददाता, कांठ



निबंध लिखकर दिखातीं छात्राएं, साथ में शिक्षक।


प्रमाण पत्र दिखातीं छात्राएं।

**अमृत विचार :** पट्टी मौढा स्थित महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज में शुक्रवार को हुई निबंध प्रतियोगिता में संचारी रोगों की रोकथाम का संदेश दिया। छात्र-छात्राओं ने डेंगू, मलेरिया, हैजा, चिकनगुनिया, टायफाइड, पीलिया की रोकथाम के उपाय के बारे में जागरूक किया।

इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन सिंह ने कहा कि प्रदूषित जलवायु और सूक्ष्म कीटों से संचारी रोग फैलते हैं। हमें इनकी रोकथाम के लिए सावधानी बरतनी चाहिए ताकि हम स्वस्थ और सुखद जीवन यापन कर सके। घर के आसपास नालियों की सफाई रखे। घर में रखे गमलों, पुराने टायरों में पानी इकट्ठा नहीं होने दें। कूलर का पानी बदलते रहें। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। पूरी आस्तीन के कपड़ें पहनें। निबंध प्रतियोगिता में कक्षा-12 की छात्रा दिव्या बिश्नोई, यशिका बिश्नोई, लिपि चौहान, कक्षा-11 की छात्रा वाणी सारस्वत, अक्सा सैफी ने संचारी रोगों पर अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान पदम सिंह, निशिकांत पाठक, जीव विज्ञान के प्रवक्ता गौरव चौहान, दीपक सिंह, जितेन्द्र कुमार, इंद्रपाल सिंह आदि शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

**कांठ, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला मान नगर स्थित प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार को प्रधानाचार्या ने छात्र-छात्राओं को संचारी रोग के प्रति जागरूक किया। प्रधानाध्यापिका भुवनेश कुमारी ने अभिभावकों को बताया कि संचारी रोग एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में विभिन्न तरीके से फैलता है। भुवनेश ने अभिभावकों व छात्र-छात्राओं को संचारी रोग नियंत्रण अभियान के प्रति जागरूक किया। सावधानी बरतने के लिए सचेत किया। साथ ही यह भी संदेश दिया कि स्वच्छ रहेंगे तभी स्वस्थ रहेंगे।

### संचारी रोगों से बचाव का दिया संदेश

**बिलारी, अमृत विचार :** स्योड़ारा स्थित आरपी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शुक्रवार को चित्रकला प्रतियोगिता हुई। इसमें संचारी रोगों की रोकथाम का संदेश दिया। विद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता के संयोजक कला विषय के अध्यापक प्रभाकर शर्मा ने संचारी रोगों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि कैसे बीमारी फैलती है और हमें उनसे कैसे बचाव करना चाहिए। प्रधानाचार्य राजीव कुमार शर्मा ने छात्राओं को सम्मानित किया। इस दौरान डॉ. अनुपम गुप्ता, ममता रानी, शिवप्रिया, फरहीन खान, नसुदेश कुमार, दीपक कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

## कार की टक्कर से पूर्व चौकीदार की जान गई

**कांठ, अमृत विचार :** गांव महमूदपुर भगवान दास में शुक्रवार देर शाम घर के बाहर सड़क किनार खड़े थाने के पूर्व चौकीदार को कार ने टक्कर मार दी। इससे पूर्व चौकीदार की मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर आरोपी चालक को हिरासत में ले लिया है।

बताया गयाकि गांव महमूदपुर निवासी बाबूराम सैनी (65) शुक्रवार शाम सड़क किनारे अपने घर के पास खड़े थे। इस बीच कांठ की ओप जा रहे कार चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। इससे बाबूराम की मौके पर ही मौत हो गई। गांव के ही राकेश कुमार ने बताया कि बाबूराम कांठ थाने में पूर्व चौकीदार थे। दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी गई। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव पोस्टमार्टम के लिए मुरादाबाद भिजवा दिया। पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में लिया है।

## एक नजर

### बाइक फिसलने से वृद्ध घायल, जिला अस्पताल रेफर

शाहबाद, अमृत विचार : मोहल्ला फर्राशान निवासी नसीम रामपुर गए थे। वापस आते समय गोवंश को बचाने के चक्कर में उनकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### कपड़े सुखाने छत पर गई महिला को सांप ने डसा

शाहबाद, अमृत विचार : कपड़े सुखाने छत पर गई महिला को सांप ने डस लिया। परिजनों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव शाहपुर देव निवासी प्रिंस यादव की पत्नी सुनीता कपड़े सुखाने छत पर गई थी। तभी उसे सांप ने काट लिया। महिला की चीख सुन परिजन मौके पर पहुंचे और आनन–फानन में उसे सीएचसी ले गए। उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें घर भेज दिया। फिलहाल महिला की हालत में सुधार बताया जा रहा है।

### महिला से मजदूरी के रुपये दिलाने की लगाई गुहार

बिलासपुर, अमृत विचार : राजमिस्त्री ने परिवार के साथ कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। इसमें उसने एक महिला से मजदूरी के रुपये दिलाने की मांग की। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। नगरिया कलां गांव के मझरा आनंदनगर निवासी राजमिस्त्री अशोक कुमार ने बताया कि उसने हंस विहार कालोनी निवासी महिला का ठेके पर मकान बनाया था। अब महिला मजदूरी के पैसे नहीं दे रही है। पैसे मांगने पर उसे व उसके परिवार को धमकी दी जाती हैं। इससे वह और उनका परिवार डरा हुआ है। उसने पुलिस से मजदूरी के रुपये दिलाने की मांग की है।

### रेलवे ट्रैक पर अज्ञात युवक के शव मिलने से सनसनी

मिलक, अमृत विचार : रेलवे ट्रैक पर अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। गुरुवार की रात करीब 10 बजे मोहल्ला रौरा कलां स्थित रेलवे ट्रैक किनारे करीब 20 वर्षीय युवक का शव क्षत विक्षत अवस्था में पड़ा था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया। मगर सफलता नहीं मिली। कोतवाल धनंजय सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# छत के पंखे की सफाई कर रहे मजूदर की करंट से मौत

## पटवाई थाना क्षेत्र का मामला, परिवार में मचा कोहराम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर/पटवाई

अमृत विचार : छत का पंखा साफ करते समय मजदूर की करंट लगने से मौत हो गई। इससे परिजनों में कोहराम मच गया।



पटवाई थाना क्षेत्र निवासी टिंकू मजदूरी करके परिवार का पालन-पोषण करता था। परिजनों ने बताया कि शुक्रवार की सुबह करीब छह बजे वह छत के पंखे की झाड़ू से सफाई कर रहा था। इस दौरान किसी तरह उसे करंट लग गया। करंट लगते ही वह काफी दूर जाकर गिरा और उसकी चीख निकल गई। इसे सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और टिंकू को बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टर ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया।



जिला अस्पताल में खड़े टिंकू के गमजदा परिजन। ● अमृत विचार

### दोपहर बाद हुआ शव का अंतिम संस्कार

टिंकू का दोपहर बाद शव पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया। आसपास के लोग व रिश्तेदार भी पहुंच गए। वह परिजनों को सांत्वना देते रहे। मृतक की पत्नी व बच्चों का करुण–क्रंदन सुनकर मौके पर मौजूद लोगों की आंखें नम हो गई। इसके बाद शव का अंतिम संस्कार किया गया। देर शाम तक परिजनों और रिश्तेदारों का रो–रोकर बुरा हाल रहा। परिजनों ने बताया कि टिंकू दो भाइयों में बड़ा था। उसी के कंधों पर पूरे परिवार के पालन–पोषण की जिम्मेदारी थी। उसके परिवार में पत्नी के अलावा दो बच्चे भी हैं। परिवार के कमाऊ सदस्य की मौत से परिजनों के सामने रोजी–रोटी का संकट छा गया है।

### 16 क्विंटल सरिया खरीदकर दूसरी दुकान पर कम मूल्य पर बेचा

स्वार, अमृत विचार : घर बनाने के नाम पर दुकानदार से 16 क्विंटल सरिया खरीद कर आरोपी ने दूसरी दुकान पर कम मूल्य पर बेच दिया। जानकारी पर दुकानदार ने आरोपी को मारपीट कर पुलिस को सौंप दिया। जबकि उसका साथी फरार हो गया। पीड़ित ने दो लोगों के खिलाफ पुलिस को नामजद तहरीर दी है।

मोहल्ला चक स्वार निवासी रजी अहमद की बाजपुर मार्ग स्थित सड़क के मझरा में सरिये की दुकान है। दुकानदार का आरोप है कि शुक्रवार को उत्तराखंड के सरवर खेड़ा निवासी मोहम्मद अहमद व इसरार दुकान पर आए। उन्होंने 16 क्विंटल सरिया खरीदा और पैसे घर जाकर देने का वादा किया। वह सरिया ठेली में लादकर खौद शरीफ ले गए और कम मूल्य पर दूसरे दुकानदार को बेच दिया। सरिया उतारने के बाद जब ठेली वाले ने 90 हजार रुपये मांगे तो उन्होंने मना कर दिया। ठेली वाले ने दुकानदार को इसकी सूचना दी। रजी अहमद ने मौके पर पहुंच मोहम्मद उमर को मारपीट कर पुलिस के हवाले कर दिया। जबकि इसरार फरार हो गया।



मुंतशा मियां की मजार के स्थान पर पड़े पेड़। ● अमृत विचार

# प्रशासन ने मुंतशा मियां की मजार को हटवाया

संवाददाता, बिलासपुर

अमृत विचार : क्षेत्र के एक गांव में प्रशासन ने गुरुवार की रात किच्छा-काशीपुर उत्तराखंड बाईपास की जद में आ रही मजार को कड़ी सुरक्षा के बीच हटवा दिया। इस दौरान मौके पर काफी पुलिस तैनात रही।

उत्तराखंड के नजदीक स्थित क्षेत्र के गांव खानपुर में देर रात पुलिस प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने सैयद अकमल अली उर्फ मुंतशा मियां की मजार हटवा दी। यह मजार किच्छा-काशीपुर उत्तराखंड बाईपास के बीच आ रही थी। इसकी वजह से निर्माण कार्य रुका हुआ था। इस दौरान भारी पुलिस बल, पीएसी, क्यूआरटी आदि समेत अधिकारियों और खुफिया तंत्र की मौजूद भी रही। इस दौरान नगर से खानपुर जाने-आने के कई रास्तों पर भी फोर्स तैनात रही। यातायात को भी डायवर्ट कर दिया गया। शुक्रवार को मौके पर मजार का कोई नामो निशान नहीं था। वहां केवल कटे हुए पेड़ पड़े थे। रास्ते पर जगह-जगह फोर्स तैनात थी।

सीओ रवि खोखर ने भी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। बताया जाता है कि यह मजार काफी पुरानी थी। किसी की व्यक्तिगत भूमि पर बनी थी। जिसकी भूमि पर बनी थी उसने मुआवजा भी ले लिया था। लेकिन मजार को मानने वाले अन्य लोग उसे तोड़ने के पक्ष में नहीं थे। इसके चलते पुलिस प्रशासन को रात में यह कार्रवाई करनी पड़ी।

### शिक्षकों की समस्याओं का जल्द हो समाधान

बिलासपुर, अमृत विचार : परिषदीय स्कूलों में ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में शिक्षकों ने ब्लॉक संसाधन केंद्र पर नारेबाजी की।

शुक्रवार को प्रांतीय आह्वान पर प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष प्रताप सिंह के नेतृत्व में शिक्षक ब्लॉक संसाधन केंद्र पर एकत्र हुए। ब्लॉक अध्यक्ष ने बताया कि विभिन्न मांगों को लेकर संगठन के जिलाध्यक्ष को इंटरनेट मीडिया के माध्यम से ज्ञापन भेजा है। जिलाध्यक्ष इसे जिलधिकारी, बीएसए और शासन को भेजेंगे। परिषदीय स्कूलों में ऑनलाइन उपस्थिति को बंद करने, चिकित्सा सुविधा, स्थानांतरण, पदोन्नति, वेतन विसंगति, स्कूलों में लिपिक, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी व सफाई कर्मचारी की नियुक्ति, शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्य से मुक्ति दिलाने आदि की मांग शामिल हैं। शिक्षकों ने कहा कि जब तक सरकार ऑनलाइन हाजिरी का आदेश वापस नहीं लेती, तब तक विरोध जारी रहेगा। इस मौके पर प्रभजोत सिंह, गुरप्रीत सिंह, तारिक परवेज, हरीश कुमार, राजीव कश्यप, विनीत मालिक, कपिल, प्रवीण कुमार, संदीप कौर, अलका, सरबजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

### किशोरी के अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

स्वार, अमृत विचार : प्रेम प्रसंग के चलते किशोरी को भगा ले जाने के मामले में पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर चिकित्सीय परीक्षण के लिए वन स्टॉप सेंटर भेजा है।

जिला महाराजगंज के एक मोहल्ला निवासी युवती की शादी तीन वर्ष पूर्व कोतवाली के एक गांव में हुई थी। इसके चलते युवती के भाई अमर सिंह का यहां आना-जाना था। इस दौरान युवक का अपने बहनोई की बहन से प्रेम प्रसंग हो गया। इसके चलते चार दिन पूर्व युवक किशोरी को भगाकर ले गया। किशोरी के भाई ने साले के खिलाफ पुलिस को नामजद तहरीर दी थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी और आरोपी तलाश शुरू कर दी थी। शुक्रवार को पुलिस ने किशोरी को बरामद कर युवक को गिरफ्तार कर लिया।

# पेड़ लगाने का लो संकल्प, प्रकृति को बचाने का यही है विकल्प : बीएसए

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राघवेंद्र सिंह ने कहा कि पेड़ लगाने का लो संकल्प, प्रकृति को बचाने का यही है विकल्प। बीएसए ने शुक्रवार को सुबह 9:30 बजे सैदनगर ब्लॉक के कंपोजिट स्कूल घाटमपुर का निरीक्षण किया।

विद्यालय में प्रवेश के बाद बीएसए कक्षा आठ में गए। उन्होंने बच्चों से ब्लैक बोर्ड पर बने भारत के नक्शे में उत्तर प्रदेश के स्थान को पूछा। बच्चों ने इसका सही जवाब दिया। इसके बाद वह कक्षा सात में गए और बच्चों से गुणा-भिन्न के सवाल ब्लैक बोर्ड पर कराए। उन्होंने उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, जिलाधिकारी और बीएसए के नाम पूछे। बच्चों ने सभी प्रश्नों के सही जवाब दिए।



ब्लैकबोर्ड पर बच्चे से सवाल हल कराते जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राघवेंद्र सिंह।

कार्यालय में शिक्षक उपस्थिति पंजिका, मिड डे मील पंजिका और छात्र उपस्थिति पंजिकाएं भी देखीं। उन्होंने उसकी डिजिटल प्रगति की भी समीक्षा की। उन्हें बताया गया कि विद्यालय से मिड डे मील और छात्रों की उपस्थिति डिजिटल रूप से भेजी जा रही है। शिक्षकों की उपस्थिति के संदर्भ में समीक्षा पर स्टाफ ने बताया कि टैबलेट से प्रेरणा एप शुरू करने पर बिजी बता रहा है। पौधरोपण के दौरान उन्होंने छात्रों और शिक्षकों से पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर चर्चा की। सभी को अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मुजाहिद खान, चिरंजीव गुड्डू, नसरीन बी, सीमा गौहर, रजिया बेगम, नेहा कश्यप, मलखान सिंह, अमरपाल सिंह, शहनाज फातिमा, शाजिया बी आदि उपस्थित रहे।

### डूंगरपुर मामले में 18 जुलाई को होगी सुनवाई

रामपुर, अमृत विचार : पूर्व मंत्री आजम खां के डूंगरपुर से जुड़े एक मामले में गुरुवार को बचाव पक्ष की ओर से स्थगन प्रार्थना पत्र आ जाने के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। अब इस मामले में 18 जुलाई को सुनवाई होगी।

सपा नेता आजम खां के खिलाफ 2019 में डूंगरपुर में रहने वाले लोगों ने बस्ती को खाली कराने के नाम पर लूटपाट, चोरी, मारपीट समेत कई धाराओं में गंज थाने में कई मामले दर्ज कराए थे। इनमें कुछ सपाई भी शामिल थे। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में चल रही है।

शुक्रवार को बचाव पक्ष की ओर से स्थगन प्रार्थना पत्र आ जाने के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। एडीजीसी सीमा सिंह राणा ने बताया कि अब 18 जुलाई को सुनवाई होगी।




पोस्टर दिखातीं प्रतियोगिता में शामिल छात्राएं। ● अमृत विचार

# अपनी कल्पना को कैनवास पर उड़ान दें छात्राएं : डॉ. शालू

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : प्रधानाचार्य डॉ. शालू कौशल ने कहा कि कला के क्षेत्र में भी छात्राएं अपना कॅरियर बना सकती हैं।

कालेज में हुई प्रतियोगिता के बारे में बताया कि इसका उद्देश्य यही है कि छात्राएं कैनवास पर अपनी कल्पना को उड़ान दें और तरक्की की राह पर बढ़ें। राजकीय जुल्फिकार बालिका इंटर कॉलेज में शुक्रवार को कॅरियर काउंसलिंग के तहत छात्राओं से पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता कराई गई।

प्रधानाचार्य ने कहा कि छात्राओं ने पोस्टर में बताया कि कला वर्ग में छात्राएं किस कॅरियर को चुन सकती हैं। इसी प्रकार विज्ञान वर्ग, कॉमर्स या अन्य किसी भी क्षेत्र में क्या कोर्स करने पर अपना कॅरियर बनाया जा सकता है।

# प्रशासन से जुड़े किसी भी कार्य में नहीं आएगी अड़चन : राजा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रभारी चौधरी राजा वर्मा ने जिला पदाधिकारियों, ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य एवं अन्य जनप्रतिनिधियों से उनकी समस्याएं जानी। पदाधिकारी और जनप्रतिनिधियों को आश्वासन दिया कि सभी का पूरा सम्मान रखा जाएगा। प्रशासन से जुड़े किसी भी कार्य में अड़चन नहीं आएगी।



गेस्ट हाउस में हुई बैठक में बोलते भाजपा के जिला प्रभारी चौधरी राजा वर्मा।

शुक्रवार को निरीक्षण भवन में भारतीय जनता पार्टी की बैठक हुई। जिला प्रभारी ने पदाधिकारियों से कहा कि कोई भी परेशानी नहीं आने देंगे। प्रशासन से जुड़े किसी भी काम में कोई अड़चन नहीं आएगी। भारतीय जनता पार्टी को मजबूत बनाने में लग जाएं। पदाधिकारी, बीडीसी सदस्य और नगर पालिका के सभासद आदि सभी जनता के कार्य कराएं।

इस मौके पर जिला अध्यक्ष हंसराज पप्पू, अभय गुप्ता, सुभाष भटनागर, यूसुफ अली, हरीश गंगवार, रविंद्र सिंह रवि, सतनाम सिंह, अशोक विश्नोई, सौरभ पाल लोधी, प्रेम शंकर पांडेय, मोहन कुमार लोधी, पंकज लोधी, अर्जुन रस्तोगी, राजकुमार चौहान, हेमा रानी, कुलवंत औलख, मोहित सैनी, देवेंद्र चौधरी, टेकचंद गंगवार, कृष्ण अवतार लोधी, वीरपाल पाल, सुखदेव चीमा, दिनेश शर्मा, दुर्गेश गंगवार आदि मौजूद रहे।

# छात्रवृत्ति को 10 से 31 अक्टूबर तक ऑनलाइन करें आवेदन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- पूर्वदशम-दशमोत्तर छात्रवृत्ति और होगी शुल्क प्रतिपूर्ति

अमृत विचार : जिला समाज कल्याण अधिकारी सूरज कुमारी ने बताया कि 2023-24 पूर्वदशम तथा दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के तहत सामान्य, अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए शासन ने समय सारणी जारी की है। छात्र 10 से 31 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि पूर्वदशम (9-10) के छात्रों द्वारा 10 से 31 अक्टूबर तक छात्रों द्वारा आनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

संदिग्ध डाटा छात्रों द्वारा सही करने की तिथि 29 नवंबर से पांच दिसंबर निर्धारित की गई है। दशमोत्तर (11-12 व अन्य कक्षाओं) के लिए सामान्य, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के छात्र प्रथम चरण में 12 जुलाई से 16 नंवबर, द्वितीय चरण में 17 नवंबर से 31 दिसंबर तक ऑनलाइन आवेदन करना है। तृतीय चरण में एक जनवरी 2025 से 31 मार्च 2025 तक अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्गों के छात्रों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा। सस्पेक्ट डाटा सही कराने की तिथि प्रथम चरण में 29 जनवरी से पांच फरवरी 2025, द्वितीय चरण में 29 जनवरी से पांच फरवरी 2025 तथा तृतीय चरण में 29 अप्रैल से छह मई 2025 तक है।

# पीएम स्वनिधि गलियारे का शहर बनेगा रामपुर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : शहर में दूसरे पीएम स्वनिधि गलियारे का निर्माण शुरू हो गया है। इसके लिए शहर विधायक आकाश सक्सेना ने पनवड़िया में निर्माणाधीन गलियारे का निरीक्षण किया। स्थानीय रेहड़ी-पटरी के दुकानदारों से बात भी की। उन्होंने कहा कि पहले की चार दुकान महिलाओं को मिलेंगी। उसके बाद फल व सब्जी विक्रेताओं को दुकानें दी जाएंगी।

शहर में अस्थाई दुकानदारों की भरमार है। सिविल लाइंस, पनवड़िया, मिस्टन गंज, पुराना गंज आदि तमाम ऐसे इलाके हैं, जहां फल एवं सब्जी विक्रेता रेहड़ी-पटरी पर दुकानें लगाकर अपना कारोबार करते हैं। इस कारण शहर में जाम की स्थिति बन जाती है। स्कूलों की छुट्टी के समय जाम इतना अधिक होता है कि पैदल निकलना भी दुश्वार हो जाता है। इसके अलावा आए दिन पुलिस द्वारा रेहड़ी-पटरी वालों का शोषण करने की शिकायत भी मिलती रहती हैं। इसलिए शहर विधायक ने पहले ज्वालानगर में पीएम स्वनिधि गलियारे का निर्माण कराया।



पनवड़िया में लोगों से बातचीत करते विधायक आकाश सक्सेना। ● अमृत विचार

- अब पनवड़िया में रेहड़ी-पटरी वालों को मिलेंगी दुकानें
- शहर के दूसरे पीएम स्वनिधि गलियारे का शुरू हुआ निर्माण

अब पनवड़िया में दूसरे पीएम स्वनिधि गलियारे का निर्माण शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि यदि सभी को स्थाई दुकान मिल जाएं तो बाजार भी अच्छा लगेगा और बिक्री भी बढ़ जाएगी। इस पर दुकानदारों ने सहमति जताई।

**निर्णय** ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में प्रदर्शन जारी, शुक्रवार को भी शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर जताया विरोध

# अतिरिक्त कार्यों से बीएसए को त्यागपत्र देंगे 408 शिक्षक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध जारी है। शुक्रवार को भी शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। जनपद के 408 शिक्षक अपने अतिरिक्त कार्यों से जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को त्यागपत्र देंगे।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष कैलाश बाबू पटेल और जिला मंत्री आनंद प्रकाश गुप्ता के नेतृत्व में शुक्रवार को शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया। निर्णय लिया कि सोमवार को 408 शिक्षक अपने अतिरिक्त कार्यों के पद से इस्तीफा देंगे। शिक्षक संघ का कहना है कि सरकार के अधिकारी छात्रों के भविष्य पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। वह ऐसे आदेश थोप रहे हैं जिससे शिक्षकों के मान सम्मान को ठेस पहुंच रही है। जनपद में 75 न्याय पंचायत हैं।



प्राथमिक विद्यालय मिलक नौखरीद में काली पट्टी बांधे शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

प्रत्येक न्याय पंचायत में 5-5 शिक्षक संकुल बने हुए हैं। हर ब्लॉक में पांच-पांच शिक्षक एआरपी और तीन शिक्षक एसआरजी हैं। इन 408 शिक्षकों को विभाग में इतने कम सौंप रखे हैं कि यह बच्चों को नहीं पढ़ा पा रहे हैं। जिला अध्यक्ष ने बताया कि शिक्षक संघ के निर्देश पर यह सभी शिक्षक अपने अतिरिक्त पद से त्यागपत्र दे रहे हैं। सोमवार को उनके त्यागपत्र जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर दिए जाएंगे।

### शिक्षकों की समस्याओं का हो समाधान

रामपुर, अमृत विचार : ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में शिक्षकों ने पांचवें दिन बाजुओं पर काली पट्टी बांध कर शिक्षण कार्य किया। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला अध्यक्ष रवेन्द्र गंगवार ने बताया कि प्रदेश के शिक्षकों की मुख्य मांगें 31 ईएल, 15 सीएल और 15 हाफ सीएल तथा कैशलेस चिकित्सा सुविधा आदि हैं। ऑनलाइन उपस्थिति में समय में आंधे घंटे की राहत दी जाए। शिक्षकों के विभागीय कार्य भ्रष्टाचार मुक्त हों। महामंत्री विपेन्द्र कुमार ने बताया कि जिले के शिक्षक डिजिटाइजेशन एवं ऑनलाइन उपस्थिति का पुरजोर विरोध कर रहे हैं। सरकार को विषम परिस्थितियों में कम से कम 15 दिन का अवकाश देना चाहिए। शिक्षकों के आक्रोश को देखते हुए जनप्रतिनिधि भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ऑनलाइन उपस्थिति को अव्यवहारिक आदेश मानते हुए आदेश को निरस्त करने के लिए पत्र लिख रहे हैं।

### ऑनलाइन हाजिरी का आदेश वापस ले सरकार

रामपुर, अमृत विचार : उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला संयोजक अहसान खां के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट सौरभ वर्मा को सौंपा। इसमें कहा है कि आठ जुलाई से ऑन लाइन हाजिरी के आदेश दिए थे, जो गलत हैं। शासन को इस आदेश को वापस लेना चाहिए। जब तक शिक्षकों को उचित माहौल नहीं मिलेगा, वह ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध करते रहेंगे। ज्ञापन देने वालों में मुजाहिद खां, नरेश सिंह, भूकनलाल गंगवार और अफरोज अली आदि शामिल रहे।

### ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में चलाया हस्ताक्षर अभियान

दढ़ियाल, अमृत विचार : शुक्रवार को उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ प्रांतीय के आह्वान पर ब्लॉक संसाधन केंद्र दढ़ियाल में ब्लॉक के लगभग 700 शिक्षक एकत्र हुए। उन्होंने ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध जताते हुए हस्ताक्षर अभियान चलाया।

शुक्रवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र दढ़ियाल में एकत्र हुए शिक्षकों ने ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध करते हुए हस्ताक्षर अभियान चलाया। इसमें ऑनलाइन उपस्थिति का बायकॉट किया। हस्ताक्षर अभियान में 700 शिक्षकों ने भाग लिया। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष प्रेम सिंह चौहान ने कहा कि पहले अध्यापकों की मांगों को पूरा किया जाए। ब्लॉक स्वार के संकुल शिक्षकों ने संकुल शिक्षक के दायित्व से भी इस्तीफा दिया। इस दौरान प्रेम सिंह चौहान, इन्द्रेश कुमार, मोहम्मद तनवीर, सईद जफर रहमानी, नीतू सिंह, पूजा रानी, फरहा रानी, प्रशांत, गौरव, फैसल आदि अध्यापक मौजूद रहे।

# किताबों और समाचार पत्रों का अध्ययन करे युवा पीढ़ी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज (इंटेक) रुहेलखंड चैप्टर के सह संयोजक काशिफ खां ने मशहूर इस्लामिक स्कॉलर डॉ. अब्बास रजा नैयर को रजा लाइब्रेरी द्वारा प्रकाशित दीवान-ए-बाबर भेंट किया। अब्बास रजा नैयर ने कहा कि जीवन में किताबों से अच्छा कोई दोस्त नहीं हो सकता। इसलिए युवा पीढ़ी मोबाइल को छोड़कर किताबों और अखबारों का अध्यन करे।

शाही औकाफ के जरिए इमामबाड़ा खासबाग में होने वाली मजलिसों को खिताब करने आए लखनऊ यूनिवर्सिटी में उर्दू के विभाध्यक्ष डॉ. अब्बास रजा नैयर और राज्य सरकार की नेशनल एजुकेशन पॉलिसी टास्क फोर्स के सदस्य और उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी के एक्जीक्यूटिव मेंबर हैं। वह शायर और लेखक भी हैं। काशिफ खां ने शुक्रवार को उनसे मुलाकात कर दीवान-ए-बाबर भेंट किया। यह मुगल बादशाह बाबर द्वारा लिखित फारसी पांडुलिपि है। इसमें प्रथम मुगल बादशाह का कलाम और उनकी लिखावट दर्ज है। लाइब्रेरी के निदेशक रहे प्रोफेसर सैयद अजीजुद्दीन हुसैन ने इसका प्रकाशन कराया था।



डॉ. अब्बास रजा नैयर को दीवान–ए–बाबर भेंट करते काशिफ खां।

## एक नजर

### शिवांग अग्रवाल ने पास की सीए की परीक्षा



**रामपुर, अमृत विचार :** सिविल लाइन की पुरानी आवास विकास कॉलोनी निवासी संदीप अग्रवाल के बेटे शिवांग अग्रवाल ने चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा पास की है। जानकारी मिलने के बाद परिवार वालों में खुशी की लहर दौड़ गई। शिवांग अग्रवाल ने बताया कि वह सीए बनकर लोगों की सेवा करना चाहते हैं।

### 15 को लगेगा रोजगार मेला

**रामपुर, अमृत विचार :** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान स्वार (खेमपुर) में 15 जुलाई को प्रातः 10 बजे रोजगार मेला लगेगा। इसमें श्रीराम पिस्टन्स एंड रिंग्स लिमिटेड गाजियाबाद, टाटा मोटर्स लिमिटेड पंतनगर एवं त्रिवेणी इंजीनियरिंग एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड रामपुर की कंपनी शामिल होंगी। जिला सेवायोजन अधिकारी अभिषेक पंत ने बताया कि मेले में आईटीआई (समस्त व्यवसाय से) एवं हाईस्कूल, इंटर, स्नातक पासआउट अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। रोजगार मेले में अभ्यर्थी अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों की छाया प्रतियों के साथ प्रतिभाग कर सकते हैं।

### दिव्यांग ने अंत्योदय राशन कार्ड बनवाने की मांग की

**बिलासपुर, अमृत विचार :** दिव्यांग ने उपजिलाधिकारी से अंत्योदय राशन व आयुष्मान कार्ड बनवाने की मांग की है। क्षेत्र के गांव मंसूरपुर निवासी व दिव्यांग तौफीक ने उप जिलाधिकारी को शिकायती पत्र दिया। इसमें कहा कि गांव के एक अमीर व्यक्ति ने अंत्योदय राशन कार्ड बनवा लिया है। मगर दिव्यांग होने के बावजूद उसका अंत्योदय राशन कार्ड नहीं बन सका।

### बच्चों के विवाद में बड़े भिड़े

**मसवासी, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव बिजारखाता में बच्चों में खेलते-खेलते हुए विवाद हो गया। इसमें बड़े आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इसमें एक युवक घायल हो गया। बिजारखाता में खानपुर-उत्तरी मार्ग पर कलुआ और इदरीस परचून की दुकानें हैं। दोनों के बच्चों में खेलते हुए विवाद हो गया। इसमें दोनों पक्ष भिड़ गए। इस दौरान पेट में नुकीली वस्तु लगने से इदरीस गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे काशीपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उधर मामले की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है।

# नौ घंटे ठप रही अजीतपुर की बिजली

## उमस भरी गर्मी में बिजली नहीं आने से परेशान रहे हजारों उपभोक्ता

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** तेज हवा व बारिश से डूंगरपुर बिजलीघर और अजीतपुर बिजलीघर की आपूर्ति नौ घंटे ठप रही। उमस भरी गर्मी में बिजली नहीं मिलने से लोगों हाल-बेहाल हो गया। दोनों क्षेत्रों में उपभोक्ता बेचैन रहे। सुबह 10 बजे आपूर्ति सुचारु होने पर उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली।

शहरवासियों को बिजली कटौती खूब रुला रही है। कहीं भूमिगत लाइन में खराबी तो कहीं ओवरलोडिंग के कारण ट्रांसफार्मर फुंक रहे हैं। लोकल फॉल्ट के चलते किसी न किसी क्षेत्र की आपूर्ति ठप रहती है। उपभोक्ताओं को नाममात्र की बिजली मिल रही है। बिजली नहीं होने के कारण विभागीय अधिकारियों के प्रति लोगों में रोष है। शुक्रवार की रात एक बजे हुई बारिश और हवा से 11 हजार लाइन के तार टूटकर पेड़ पर गिर गए। इससे डूंगरपुर बिजलीघर के फीडर वाटर वर्क्स की आपूर्ति एक बजे चौपट हो गई। रातभर बिजली नहीं आने से उपभोक्ताओं के घरों में लगे इनवर्टर भी ठप हो गए। उमस भरी गर्मी में उपभोक्ता रात भर बैचेन रहे। सुबह आठ बजे कर्मचारियों ने पेड़ पर गिरे तारों को हटाया। दो घंटे तक क्षतिग्रस्त तारों को सही करने के बाद सुबह 10 बजे विद्युापूर्ति को सुचारु कराया गया।

उधर अजीतपुर प्रथम बिजलीघर की भूमिगत लाइन में फाल्ट हो गया। बिजली नहीं आने पर उपभोक्ताओं ने एसडीओ व जेई से संपर्क किया। उन्होंने बताया कि भूमिगत लाइन में फाल्ट हो गया। उपभोक्ताओं की समस्या को देखते हुए अजीतपुर बिजलीघर द्वितीय से जोड़कर आगापुर, लक्ष्मीनगर, शिवपुरम की विद्युापूर्ति को सुचारु कराया जा रहा है। डूंगरपुर बिजलीघर के फीडर वाटर वर्क्स के क्षेत्र जेल रोड, तहसील सदर, मुमताज पार्क, घेर मीज बाज खां के उपभोक्ता परेशान रहे।



अजीतपुर बिजलीघर की भूमिगत लाइन में आई खराबी को सही करते कर्मचारी।



डूंगरपुर क्षेत्र में पेड़ पर गिरे तारों को सही करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

> बारिश-हवा के कारण डूंगरपुर बिजलीघर की एचटी लाइन पर पेड़ गिर गए थे। अजीतपुर प्रथम बिजलीघर की अंडरग्राउंड लाइन में फाल्ट हो गया है। नई लाइन डलवाने में समय लगेगा। वैकल्पिक व्यवस्था के लिए अजीतपुर बिजलीघर द्वितीय से आपूर्ति सुचारु करा दी गई है।
>
> – इमरान खां, एक्सईएन प्रथम, नवाब गेट पावर कॉरपोरेशन।

### पहाड़ी गेट, मिस्टन गंज में भी हुई कटौती

शहर के तीन बिजलीघरों से कटौती हो रही है। इसमें पहाड़ी गेट और रजा बिजलीघर से सर्वाधिक कटौती की जा रही है। पहाड़ी गेट निवासी शाहरूख, बाबू खां, नईम का कहना है कि पतंगबाजी का बहाना बनाकर कटौती की जा रही है। उमस भरी गर्मी में बिजली नहीं मिलने से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहीं हाल शाहबाद गेट, नवाबगेट क्षेत्र का भी है। यहां भी बिजली के आने-जाने का सिलसिला जारी है। राकिम खां ने इसकी शिकायत अधीक्षण अभियंता से की है।

## संविदा कर्मियों व टीजी टू के होंगे तबादले

**रामपुर, अमृत विचार :** एक ही बिजलीघर में पांच वर्ष से तैनात तकनीकी सहायक (टीजी टू), तीन वर्ष से अधिक से तैनात संविदा कर्मचारियों को इधर से उधर किया जाएगा। इसके लिए अधीक्षण अभियंता ने चारों डिवीजनों के अधिशासी अभियंताओं को नोटिस भेजे हैं। इसमें कहा है कि जिन बिजली कर्मचारियों की लंबे समय से एक ही जगह तैनाती है, एजेंसियों से संपर्क कर उसके कार्यक्षेत्र बदले जाएं।

अधीक्षण अभियंता महफूज आलम ने बताया कि एमडी व मंडल के मुख्य अभियंता ने चारों डिवीजन के एक्सईएन को निर्देश दिए हैं कि बिजलीघर पर तीन साल से अधिक समय से तैनात संविदा कर्मचारी व पांच वर्ष से अधिक समय से कार्यरत टीजी टू के कार्यक्षेत्र बदले जाएं। किसी भी संविदाकर्मी, तकनीकी सहायक की होम फीडरों पर तैनाती न की जाए। नवाबगेट प्रथम एक्सईएन इमरान खां ने तीनों उपखंड अधिकारियों व अवर अभियंताओं से तीन वर्ष से अधिक तैनात संविदा कर्मियों की सूची मांगी है। तबादला होने की सूचना से संविदा कर्मियों और तकनीकी सहायकों में खलबली मची है।

## सार-संक्षेप



बाबा अमरनाथ के दर्शन को रवाना होता जत्था। ● अमृत विचार

### बाबा बर्फानी का दर्शन करने शिव भक्तों का जत्था रवाना

**रामपुर, अमृत विचार :** बाबा बर्फानी के दर्शन करने के लिए अमरनाथ यात्रियों का एक जत्था चौकी हजियानी से गुरुवार की रात रवाना हुआ। जत्थे को तुरैहा मछुआ समाज के अध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा ने झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर हर हर महादेव व जय-जय भोले के उद्घोष गूंज उठे। जत्थे में सोनू प्रजापति, राजीव चंद्र, पवन चावला, सुमित सिंह, दिनेश सैनी, विनोद सैनी, राजेंद्र राठौड़, सजल खत्री, कृष्णा राठौर, कैलाश सैनी, अरुण सैनी, लक्ष्मी सैनी नरेंद्र सिंह, देवेश चंद्र, प्रीतम सिंह, दिलीप कुमार आदि शिव भक्त शामिल रहे।

### सातवीं देवी धूमावती माता का किया श्रृंगार



माता की आरती करते पंडित विश्वनाथ मिश्रा।

**रामपुर, अमृत विचार :** गुप्त नवरात्रि पर शुक्रवार को शक्ति दरबार में सातवीं देवी धूमावती माता का श्रृंगार करने के साथ ही पूजा, हवन, कवच, पाठ किया गया। इसके बाद गणेश वंदना, दुर्गा चालीसा का पाठ व भजन-कीर्तन हुआ। पुरोहित पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा ने बताया कि धूमावती माता योग साधना, ध्यान करने वाले भक्तों को दर्शन देकर उनकी मनोकामनाएं पूर्ण करतीं हैं। हर प्रकार से विविध रूप से स्वस्थ रहने को अमृतमयी प्रसाद रूपी उन्नति और खुशहाली देती हैं। वैदिक मंत्रों से हवन में आहुतियां देकर कामनाएं पूर्ण होने की प्रार्थना की गई।

### संविदा कर्मचारी संघ के खंडीय अध्यक्ष बने नासिर



खंडीय अध्यक्ष का स्वागत करते जिलाध्यक्ष एवं अन्य।

**रामपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन निविदा संविदा कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष राजकुमार यादव की संस्तुति पर सैयद नासिर मियां को खंडीय अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। शनिवार को उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन निविदा संविदा कर्मचारी संघ कार्यालय पर बैठक हुई। इसमें जिलाध्यक्ष ने कहा कि संघ द्वारा कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर समय-समय पर कदम उठाए जाते हैं। इस अवसर पर मोहम्मद लईक, तेजपाल सिंह, बाबूराम, गौतम सिंह, राकेश चंद शर्मा, अब्दुल फरीद, विजय रावत, अनिकेत, कश्यप आदि मौजूद रहे।



नीरज शर्मा को पौधा देतीं संस्था की पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### औद्योगिक विकास मंत्री की दीर्घायु के लिए की पूजा

**रामपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय जागरूक हिंदू महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज शर्मा ने सदस्यों में नई ऊर्जा का संचार किया। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नन्दी बेहतर स्वास्थ्य की कामना की गई। इस दौरान वैश्य समाज ने अतिथियों को उपहार स्वरूप पौधे वितरित किए। मंत्री नंदी की दीर्घायु की कामना के लिए शिव मंदिर फ्रेंड्स कॉलोनी में पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद भंडारा हुआ। महासंघ के सदस्य गौरव जैन ने बताया कि 12 जुलाई 2012 को प्रयागराज में मंत्री नंद गोपाल नंदी पर जानलेवा हमला हुआ था। जिसमें वह मरणासन्न हालत में पहुंच गए थे। तभी से हर साल 12 जुलाई यह कार्यक्रम किया जाता है। इस मौके पर मंडलाध्यक्ष सुमित अग्रवाल, जिलाध्यक्ष प्रीती गुप्ता, शलभ गोयल, अंकुर अग्रवाल, भास्कर अग्रवाल, मुक्तक अग्रवाल ने मेहमानों का आभार जताया। इस मौके पर ऋचा अग्रवाल, रानी गुप्ता, अनुश्री अग्रवाल, राशि अग्रवाल, नीतू गुप्ता, पूजा अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, शिखा गुप्ता, ममता गुप्ता, मनोज गुप्ता, सुधीर अग्रवाल, आशा गोयल, सुनीता गुप्ता, प्रीति अग्रवाल, रूपम गुप्ता, प्रभा अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।



युवती की मां को सामान देते समिति के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### युवती की शादी में समिति ने किया सहयोग

**रामपुर, अमृत विचार :** वीर खालसा सेवा समिति ने बिलासपुर निवासी गरीब महिला की बेटी की शादी के लिए नकदी, सिलाई मशीन, कपड़े, बर्तन, वाटर कूलर, अटैची आदि सामान उपहार स्वरूप दिया। सामाजिक कार्यकर्ता सरदार मनमीत सिंह ने कहा कि जरूरतमंदों की मदद करना पुण्य का कार्य है। समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह ने कहा समिति का उद्देश्य जरूरतमंदों की सेवा करना है। इस मौके पर सरदार मनमीत सिंह, गुरजीत सिंह, सेवा सिंह, अमनदीप सिंह, अर्जुन सिंह, सनी कपूर मौजूद रहे।

### 12 फिट से ऊंचे के ताजिये बनाने में तीन गिरफ्तार

**केमरी, अमृत विचार :** केमरी थाने में 28 जून को मोहर्रम को लेकर बैठक हुई थी। इसमें बताया गया था कि ताजिये की ऊंचाई 12 फिट से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। इसके बावजूद थाना क्षेत्र के गांव सिमरिया में शफीक अहमद, मोहम्मद हसन और जुबैद निवासी ग्राम जाम थाना बहेड़ी जिला बरेली 12 फिट से ऊंचे ताजिये बना रहे थे। सूचना मिलते ही पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर शांति भंग की आशंका में चालान कर लिया। थाना प्रभारी हिमांशु चौहान का कहना है कि शांति व्यवस्था में खलल डालने वालों के साथ सख्ती की जाएगी।

### किशोरी के अपहरण में दोषी को 10 साल की सजा

**रामपुर, अमृत विचार :** किशोरी का अपहरण करने के मामले में एडीजे आठ की कोर्ट ने दोषी को 10 वर्ष की सजा सुनाई। इसके साथ ही आरोपी पर 50 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया गया है। कोतवाली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण की बेटी 29 फरवरी 2020 को स्कूल गई थी। इसके बाद वह लौटकर घर नहीं आई थी। परिजनों ने काफी तलाश किया था, लेकिन उसका पता नहीं चल सका था। बाद में पता चला कि जीशान उसका अपहरण करके ले गया है। परिजनों ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। विशेष लोक अभियोजक सुमित शर्मा ने बताया कि एडीजे आठ की कोर्ट ने जीशान को किशोरी के अपहरण का दोषी मानते हुए 10 वर्ष की कैद और 50 हजार रुपये जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है।

### पॉलीटेक्निक कालेज में प्रशिक्षण को करें आवेदन

**रामपुर, अमृत विचार :** भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई 4.0) के अंतर्गत बेरोजगार अपना पंजीकरण राजकीय पॉलिटेक्निक कालेज में करा सकते हैं। प्रवक्ता सिमरत गिल ने बताया कि कंप्यूटर आधारित दो निशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम टेक्निकल सपोर्ट इंजीनियर लेवल एक एवं ऑफिस ऑपरेशंस एग्जीक्यूटिव 30 जुलाई से शुरू हो रहे हैं। प्रशिक्षण में अभ्यर्थियों के रजिस्ट्रेशन राजकीय पॉलिटेक्निक संस्था में आठ जुलाई से शुरू हो गए हैं।



लखनऊ में सम्मानित किए गए मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रकाश त्रिपाठी।

## ऋण देने में जिला सहकारी बैंक प्रथम

संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सहकारिता भवन लखनऊ में हुए सम्मान समारोह में जिला सहकारी बैंक के कार्यपालक अधिकारी को सम्मानित किया गया। इसमें सहकारिता मंत्री जेपी एस राठौर ने रामपुर के जिला सहकारी बैंक को उत्कृष्ट कार्य करने और ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों को समय पर ऋण वितरण कर प्रदेश में प्रथम आने पर प्रथम पुरस्कार दिया गया।

बैंक के सचिव व मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रकाश त्रिपाठी द्वारा यह पुरस्कार प्राप्त किया गया। सहकारिता मंत्री ने बैंक द्वारा किए गए बेहतर कार्यों की प्रशंसा की। बैंक के सचिव व मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने इस का श्रेय प्रबंध कमेटी द्वारा किए गए बेहतर निर्णय और कर्मचारियों की मेहनत को दिया। इस मौके पर नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक तथा सहकारिता विभाग के शीर्ष अधिकारी भी मौजूद रहे। सभी ने बैंक के सचिव व मुख्य कार्यपालक अधिकारी को बधाई दी।

## औषधि निरीक्षक ने किया मेडिकल स्टोर का निरीक्षण

**टांडा, अमृत विचार :** शुक्रवार को औषधि निरीक्षक ने नगर के दो मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण किया। इस दौरान दवाओं का रख-रखाव एवं क्रय-विक्रय रजिस्टर सही नहीं मिला। इससे मेडिकल स्टोर संचालक सहमे रहे। उधर भाकियू के नगर अध्यक्ष मजहर अली उर्फ हाजी लाला ने मेडिकल स्टोरों के निरीक्षण को खाना पूर्ति बताया है। कहा कि इसकी शिकायत जिलाधिकारी से की जाएगी।

शुक्रवार को औषधि निरीक्षक मुकेश कुमार ने नगर स्थित दो मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण किया। इससे मेडिकल स्टोर स्वामियों में खलबली मच गई। औषधि निरीक्षक ने बताया कि निरीक्षण में मिली कमियों के सम्बंध में आख्या तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी। किसी भी मेडिकल स्टोर का संचालन नियम विरुद्ध नहीं करने दिया जाएगा।

## चौकी के सामने से नो एंट्री में खनन वाहन गुजरने पर हंगामा

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार :** पुलिस चौकी के सामने से नो एंट्री में अवैध खनन से लदे ओवरलोड वाहनों के गुजरने पर हंगामा हो गया। लोगों ने चौकी पुलिस पर नो एंट्री में वाहनों को पास कराने का आरोप लगाया है। मामले की शिकायत ट्विटर के माध्यम से विश्व हिंदू परिषद के स्वार ग्रामीण प्रखंड अध्यक्ष अर्जुन गुप्ता ने उच्च अधिकारियों से करते हुए जांचकर कार्रवाई की मांग की है।

नगर में नो एंट्री के बावजूद स्वार-काशीपुर मार्ग पर खनन लदे ओवरलोड वाहन धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं। पुलिस और राजस्व प्रशासन इन्हें रोकने में नाकाम है। विश्व हिंदू परिषद के स्वार ग्रामीण प्रखंड अध्यक्ष अर्जुन गुप्ता ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को ट्वीट कर शिकायत की है। अधिकारियों ने ट्वीट पर संज्ञान लेते हुए स्वार कोतवाल संदीप त्यागी को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। अर्जुन गुप्ता ने मसवासी चौकी पर पुलिस पर मिलीभगत का आरोप लगाया है।

### जेसीबी की खोदाई में लाइन क्षतिग्रस्त, बिजली ठप

**मसवासी, अमृत विचार :** मुरादाबाद-बाजपुर मार्ग का चौड़ीकरण किया जा रहा है। इसके लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क के दोनों ओर जेसीबी से मिट्टी की खोदाई कराई जा रही है। शुक्रवार को दढ़ियाल-बाजपुर मार्ग पर बिजलीघर के पीछे जेसीबी से खोदाई करते हुए भूमिगत लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। इससे नगर सहित कई मोहल्लों की आपूर्ति ठप हो गई। जेई विकास संतोषी ने बताया कि जेसीबी चालक के खिलाफ पुलिस को नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है।



भोट थाने का निरीक्षण करते एसपी विद्यासागर मिश्र। ● अमृत विचार

## पुलिस अधीक्षक ने दिया रात्रि गश्त बढ़ाने का निर्देश

संवाददाता, भोट

**अमृत विचार :** एसपी ने भोट थाने का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने थाना कार्यालय में अभिलेखों की जांच की।

गुरुवार की रात करीब 10 बजे पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र अपर पुलिस अधीक्षक के साथ भोट थाने पहुंचे। उन्होंने थाने में मौजूद अधिकारियों व कर्मचारियों की कार्यशैली का जायजा लिया। थाना कार्यालय के अभिलेखों को चेक किया।

कार्यालय, मेस, कम्प्यूटर कक्ष, थाना परिसर आदि की सफाई का निरीक्षण कर सम्बन्धित को दिशा निर्देश दिए। मोहर्रम, कांवड़ यात्रा, शिवरात्रि के दृष्टिगत अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ गोष्ठी कर रात्रि गश्त बढ़ाने के लिए प्रभारी निरीक्षक ज्योति सिंह को निर्देश दिए।

## आंधी-बारिश से लाइनों पर गिरे पेड़, गुल हुई बिजली

**शाहबाद, अमृत विचार :** गुरुवार की रात आंधी-बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। कई स्थानों पर आंधी से पेड़ गिर गए। इससे रास्ता अवरुद्ध हो गया। विकल्प में लोगों को कई किलोमीटर लंबे रास्ते चुनने पड़े। वहीं, बिजली लाइन पर पेड़ गिरने से पोल भी उखड़ गए और बत्ती गुल हो गई। उप जिलाधिकारी सुनील कुमार ने जाम को खुलवाया।

गुरुवार की आधी रात आंधी के साथ झमाझम बारिश हुई। इससे शाहबाद-बिलारी मार्ग पर कई पेड़ गिर गए। बड़ागांव के पास बड़ा पेड़ गिरने से रास्ता बंद हो गया। इससे मुरादाबाद में शादी समारोह से लौट रहे लोगों को बिलारी और स्योडारा होकर शाहबाद आना पड़ा। सुबह एसडीएम सुनील कुमार प्रथम ने मौके पर पहुंचकर पेड़ हटवाया। वहीं दिनभर बिजली गुल रही। एसडीओ महेंद्र सिंह ने बताया कि सैफनी को जाने वाली एचटी लाइन पर पेड़ गिरने से 15 पोल उखड़ गए। उन्हें ठीक कराया जा रहा है।

# भार वाहनों पर जरूर लगवाएं डैश कैम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने पट्टाधारकों व स्टोन क्रॅशर संचालकों को निर्देश दिए कि वह सभी भार वाहनों पर डैश कैम अनिवार्य रूप से लगवाएं। खराब सीसीटीवी को तत्काल ठीक कराएं। ताकि किसी दुर्घटना के दौरान डंपर या ट्रक चालक को अनावश्यक समस्या का सामना न करना पड़े। साक्ष्य के तौर पर डैश कैम की रिकॉर्डिंग चालक के पास मौजूद रहे।

कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को हुई बैठक में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र की उपस्थिति में जनपद के स्टोन क्रेशर संचालकों, पट्टाधारकों व ट्रांसपोर्टरों को उप खनिजों के बारे में जानकारी दी। कहा कि खनिज के क्रय-विक्रय व भंडारण अनुज्ञप्ति में दी गई शर्तों और मानकों के अनुरूप ही करें। भंडारण सीमा से अधिक न करें। भारी वाहनों की बढ़ाई गई बॉडी को नियमबद्ध कर लें, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी।

सड़क दुर्घटनाओं को न्यूनतम स्तर पर लाने के लिए निर्धारित गति सीमा का पालन अवश्य करें। सुरक्षा का पालन करने और यातायात सुव्यवस्थित ढंग से चलाने के लिए नो एन्ट्री यथावत रहेगी। ओवरलोडिंग व ओवर स्पीड में वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। बैठक में स्टोन क्रेशर संचालकों व पट्टाधरकों ने अपनी समस्याएं रखीं। जिलाधिकारी ने समस्याओं का समाधान तत्काल कराने का आश्वासन दिया। बैठक में एआरटीओ राजेश श्रीवास्तव और खनन अधिकारी सहित सभी उप जिलाधिकारी एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में मौजूद अधिकारी। ● अमृत विचार

● साक्ष्य के तौर पर चालक के पास रहे डैश कैम की रिकॉर्डिंग

**अनदेखी** ट्रिपिंग और फॉल्ट ठीक करने के नाम पर होती है कटौती

# टांडा को नहीं मिल रही शेड्यूल के मुताबिक बिजली

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार :** उमस भरी गर्मी में कई बार बिजली आपूर्ति बाधित रहने से लोगों को परेशानी हो रही है। बार-बार ट्रिपिंग और लोकल फॉल्ट के नाम कटौती ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। ईद उल अजहा के बाद से लोगों को कटौती की समस्या से जूझना पड़ रहा है।

लोकल फॉल्ट के कारण दिन में कई बार आपूर्ति बाधित होने से लोग परेशान हैं। बिजली के बिना पानी का संकट भी पैदा हो जाता है। उमस भरी गर्मी में बार-बार बिजली गुल होने से लोगों की दिनचर्या बदल गई है। अधिकारी संतोषजनक जवाब नहीं देते। ट्रिपिंग, लोकल फॉल्ट, एबीसी वायर का जलना तथा ट्रांसफार्मर की लीड में आग लगना आम बात है। इन्हें ठीक करने में घंटों लग जाते हैं। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। लोगों ने शेड्यूल के अनुसार आपूर्ति देने तथा मामूली फॉल्ट को दूर करने में मनमानी पर रोक लगाने की मांग की है।



> बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा शेड्यूल पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसके कारण बार-बार बिजली ट्रिप होती है। इस समस्या को अति शीघ्र दूर कराया जाए।
>
> – योगेश सैनी, नगर मंडल अध्यक्ष, भाजपा



> ईद-उल-अजहा के बाद से नगरवासी बिजली की समस्या से त्रस्त हैं। रोजाना कई बार लंबे समय तक बिजली बाधित रहती है। भीषण गर्मी में लोग परेशान हैं।
>
> – नेता तस्लीम, सभासद, वार्ड 18



> उमस भरी गर्मी में दिन-रात में कई बार बिजली बाधित होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। समस्या कम होने के बजाए बढ़ती ही जा रही है।
>
> –तरुण कुमार सैनी, पूर्व सभासद



> उमस गर्मी में कटौती से लोग परेशान हैं। सबसे ज्यादा समस्या महिलाओं और बच्चों को झेलनी पड़ रही है। अधिकारियों को इस ओर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।
>
> – हाजी शकील, नगर अध्यक्ष, व्यापार मंडल

## जिला अस्पताल में आज आ सकती है कायाकल्प की टीम

**रामपुर, अमृत विचार :** नेशनल क्वालिटी इंश्योरेंस स्टैंडर्स (एनक्यूएएस) की कायाकल्प टीम आज जिला अस्पताल आ सकती है। इसके चलते अस्पताल में रंगाई-पुताई, साफ-सफाई कराई गई। टीम में शामिल अधिकारी पैथोलॉजी लैब, इमरजेंसी विभाग, ओटी लैब, दवा, पर्चा कक्ष का निरीक्षण करेंगे।

अस्पतालों के कायाकल्प को लेकर शासन गंभीर है। हर साल अस्पतालों का भौतिक सत्यापन कराया जाता है। इस बार नए सिरे से अस्पतालों का सत्यापन किया जाना है। टीम के आगमन को लेकर कई दिन तैयारियां चल रही हैं। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एचके मित्रा ने बताया कि टीम के आने की जानकारी मिली है। टीम इमरजेंसी विभाग, ओटी लैब, दवा कक्ष, पर्चा वितरण कक्ष का निरीक्षण करेगी।

# ज्ञान प्रकाश और शाकिर बने शहर विधान सभा के प्रभारी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी ने ज्ञान प्रकाश बौद्ध और शाकिर रजा खां को शहर विधान सभा का प्रभारी बनाया है। जबकि विधानसभा अध्यक्ष राकेश सागर, उपाध्यक्ष रेहान खां, महासचिव हरद्वारी सागर को बनाया गया है। विधानसभा सचिव कमरू जमां, कोषाध्यक्ष शेर सिंह सागर, बीबीएफ संयोजक कमल कुमार बनाए गए हैं।

शुक्रवार को भमरौआ रोड स्थित बौद्ध विहार में बहुजन समाज पार्टी की बैठक हुई। जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने पांच तहसीलों की कार्यकारिणी घोषित की। इसमें मिलक विधानसभा प्रभारी हरनंदन कुमार और राजकुमार सागर को बनाया गया। विधानसभा अध्यक्ष उस्मान अली, उपाध्यक्ष परमानंद श्रीवास्तव को बनाया। महासचिव ओमकार सिंह, कोषाध्यक्ष अर्जुन सागर और बीबीएफ संयोजक नजमी खां को बनाया। स्वार का विधानसभा प्रभारी अजब सिंह और बख्तावर अली को बनाया गया। महासचिव नितेंद्र चौहान, सचिव पृथ्वी सिंह सागर, बीबीएफ संयोजक सतीश कुमार को बनाया। चमरौआ विधानसभा प्रभारी सुशील सागर व मोहम्मद यूनुस को बनाया गया। विधानसभा अध्यक्ष सेकी सागर, उपाध्यक्ष अमीर अहमद गुप्ता, महासचिव शांति प्रसाद मौर्य, सचिव संजीव सागर को बनाया गया। कोषाध्यक्ष महबूब अली और बीबीएफ संयोजक सोनू सागर को बनाया गया है। बिलासपुर का विधानसभा प्रभारी किशोरी लाल प्रजापति और सुरेंद्र सिंह, विधानसभा अध्यक्ष सोनू सागर, उपाध्यक्ष बब्बू अली, महासचिव प्रेम प्रकाश आर्य व सचिव साहब सिंह राणा को बनाया गया। कोषाध्यक्ष सुरेंद्र गंगवार और बीबीएफ संयोजक अनुज कुमार को बनाया गया है।

# लाल जोड़े में सजी बैठी रही दुल्हन, दूल्हा लापता, एफआईआर लेकर पहुंचे परिजन

## गायब युवक के पिता ने शादी में हुआ खर्च दुल्हन पक्ष को देकर अपनी जान छुड़ाई

संवाददाता,बहजोई(संभल)

- बहजोई के बैंक्वेट हॉल में होना था शादी समारोह

**अमृत विचार:** हाथों पर मेहंदी लगाकर लाल जोड़े में सजी दुल्हन सात फेरे लेने आ रहे दूल्हे का इंतजार करती रही। दुल्हन व उसके परिजन इंतजार कर थक गये लेकिन न दूल्हा पहुंचा न बरात आई। घंटों बाद उदास चेहरा लिए दूल्हे के माता-पिता हाथ में दूल्हे लापता हो जाने की एफआईआर लेकर पहुंचे। नाराज दुल्हन पक्ष ने दूल्हे के माता पिता को पकड़कर बैठा लिया। बाद में दोनों पक्षों के लोग जुटे तो दूल्हे के पिता ने दुल्हन पक्ष को शादी में हुआ खर्चा देकर अपनी जान छुड़ाई।

बदायूं जनपद के थाना फैजगंज बेहटा के एक गांव निवासी ग्रामीण के बेटे की शादी संभल जिले के थाना धनारी के एक गांव निवासी ग्रामीण की बेटी से तय हुई थी। 10 जुलाई को सगाई की रस्म पूरी हुई थी। 12 जुलाई को बहजोई के बीआर बैंक्वेट हॉल में शादी होना तय हुआ था। दुल्हन पक्ष सुबह ही बैंकट हॉल में आ गया था। बरात के स्वागत का शानदार इंतजाम कर दावत के लिए पकवान बनवाए गए थे।

पिया के घर जाने की हसरत के साथ दुल्हन अपने हाथों पर मेहंदी लगाकर शादी के जोड़े में अपने दूल्हे का इंतजार कर रही थी। लेकिन दूल्हा बरात लेकर नहीं पहुंचा तो दुल्हन पक्ष में मायूसी छा गई।

### दूल्हे के परिजनों ने बताया,उनका लड़का घर से गायब है

**बहजोई,अमृत विचार :** दुल्हन पक्ष के सभी लोग बारात का इंतजार कर रहे थे। सभी खुशी-खुशी शादी की सभी तैयारी कर रहे थे तभी रात्रि साढ़े आठ बजे के लगभग दूल्हे के माता-पिता व भाई बहजोई के बैंक्वेट हॉल में पहुंचे। दुल्हन पक्ष के लोगों ने बारात के बारे में पूछा तो दूल्हे के माता-पिता ने बताया कि उनका लड़का घर से गायब हो गया है। उन्होंने इसकी रिपोर्ट फैजगंज बेहटा थाने में लिखाई है। उन्होंने दर्ज कराई गई रिपोर्ट भी दिखाई।

### पंचायत में हुए फैसला के बाद समाप्त हुआ विवाद

**बहजोई, अमृत विचार :** जब दूल्हा बरात लेकर नहीं पहुंचा तो दोपहर तक दूल्हे के माता-पिता को दुल्हन पक्ष के लोगों ने बैठाये रखा। इससे दूल्हा पक्ष में भी खलबली मच गई। दोनों और के संभ्रांत लोग पंचायत के लिए बैठे। पंचायत में फैसला हुआ कि दूल्हा पक्ष के लोग वह पैसा देंगे जो दुल्हन पक्ष की तरफ से खर्च हुआ है। इस पर दूल्हा पक्ष के लोग मान गए और खर्च के रुपए देने के बाद समझौता हो गया। इसके बाद दोनों पक्ष अपने-अपने घर लौट गए।

जब बरात आने की उम्मीद टूट गई तो रात साढ़े आठ बजे दूल्हे के माता-पिता पहुंचे।

माता-पिता ने दूल्हे के गायब हो जाने की वजह से बारात नहीं आने की बात कही। आक्रोशित दुल्हन पक्ष के लोगों ने दूल्हे के माता-पिता व भाई को बैंकट हॉल में बैठा लिया। शुक्रवार की दोपहर फैसले के बाद दोनों पक्ष वहां से गए।

## एक नजर

### ट्रैक्टर की टक्कर से महिला घायल

**संभल, अमृत विचार :** हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के गांव मुबारकपुर निवासी मनोज कुमार शुक्रवार को बाइक पर सवार होकर मुरादाबाद में स्थित अपनी ससुराल से पत्नी गुंजन के साथ घर आ रहा था। मनोज बाइक लेकर संभल मुरादाबाद मार्ग पर जैसे ही थाना क्षेत्र के गांव ईसापुर व भारतल मदापुर के पास पहुंचा। ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में गुंजन घायल हो गई। मौके पर इकट्ठा हुए लोगों ने ट्रैक्टर चालक को पकड़ लिया और घायल गुंजन को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया।

### दो बाइकों की भिड़ंत में तीन लोग घायल

**संभल, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र में संभल मुरादाबाद मार्ग पर स्थित सूरज कुंड तीर्थ के पास रोडवेज बस को ओवरटेक करते समय मुहल्ला शहजादी सराय निवासी मोहम्मद जुनैद की बाइक मुहल्ला नूरियो सराय निवासी हुसैन रजा की बाइक से टकरा गई। इस हादसे में मोहम्मद जुनैद, व हुसैन रजा और हुसैन रजा के साथ बाइक पर सवार नखासा थाना क्षेत्र के गांव रुकनुद्दीन सराय निवासी मुदस्सिर रजा भी घायल हो गया। लोगों ने उपचार के लिए मोहम्मद जुनैद, हुसैन रजा व मुदस्सिर रजा को निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

### बाइकों की भिड़ंत में मां बेटा घायल, रिपोर्ट दर्ज

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र के गांव सलखना निवासी रंजीत ने थाने में तहरीर देकर ऐचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के गांव पाली निवासी बंटी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। कहा कि बुधवार की देर शाम मेरा भाई घनेन्द्र कुमार मां जगवती के साथ बाइक पर सवार होकर संभल हसनपुर मार्ग पर संभल की ओर से आ रहा था। गांव सिंहपुरसानी के पास सामने से आ रहे बंटी ने अपनी बाइक से घनेन्द्र कुमार की बाइक में टक्कर मार दी। जिससे घनेन्द्र व जगवती गंभीर घायल हो गए। मौके पर इकट्ठा हुए आसपास के लोगों ने उपचार के लिए घनेन्द्र को जिला अस्पताल भिजवाया। गुरुवार को तहरीर मिलने पर पुलिस ने बंटी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

## महिला की मौत पर मायके वालों ने किया हंगामा

**संभल/जुनावई, अमृत विचार :** जुनावई में बीमारी के चलते महिला की मौत हो गई तो मायके वालों ने हंगामा किया और अंतिम संस्कार नहीं होने दिया। लगातार पंचायत चली तो फैसला होने के बाद दूसरे दिन शव का अंतिम संस्कार किया गया।

जुनावई निवासी सुरेश कुमार की शादी तीन वर्ष पहले रजपुरा थाना क्षेत्र के जमालपुर डांडा की विनीता से हुई थी। शादी के दो वर्ष बाद विनीता ने बेटे को जन्म दिया। गुरुवार को शाम बीमारी के चलते विनीता की मौत हो गई है। सूचना मिलने पर मायके पक्ष के लोग भी पहुंच गए और हंगामा शुरू कर दिया। ग्रामीणों एवं रिश्तेदारों के समझाने के बाद विनीता के एक वर्षीय बेटे मोहित के नाम से सुरेश की संपत्ति को करने का प्रस्ताव रखा गया। इस प्रस्ताव को कुछ लोगों ने कैंसिल करा दिया तो शुक्रवार को फिर से पंचायत हुई। पंचायत में मृतका के मायके वालों की बात को ध्यान में रखते हुए सहमति गई। जिसके बाद शाम को शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# युवक ने रचाई दूसरी शादी, पहली पत्नी ने पहुंचकर की मारपीट

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा

- पीड़ित महिला ने पुलिस को दी तहरीर, कार्रवाई की मांग उठाई

**अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र के युवक ने चंडीगढ़ में युवती से प्रेम प्रसंग के बाद शादी कर ली। एक महीने पहले युवक बिना बताए लौट आया और यहां दूसरी महिला से शादी रचा ली। पहली पत्नी जब यहां पहुंची तो आरोप है कि युवक ने उसके साथ मारपीट की। पीड़ित महिला ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर देते हुए कार्रवाई की गुहार लगाई है।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक चंडीगढ़ में काम करता था। वहां प्रेम प्रसंग के चलते युवक ने एक युवती से न्यायालय में शादी कर ली और दोनों पति पत्नी की तरह रहने लगे। एक बच्चा भी हुआ। आरोप है कि एक महीने पहले युवक पहली पत्नी को बिना बताये चंडीगढ़ से चला आया। यहां आकर युवक ने दूसरी महिला से शादी कर ली। शुक्रवार को पहली पत्नी युवक के गांव पहुंची तो उसकी दूसरी शादी होने की जानकारी मिली। पहली पत्नी ने आपत्ति की तो उसके साथ मारपीट की गई। जिसके बाद पीड़ित महिला ने थाने पहुंचकर पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दी। तहरीर देते हुए पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच पड़ताल की जा रही है।

# ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में कलेक्ट्रेट में गरजे शिक्षक

संवाददाता,बहजोई

- 12 सूत्रीय ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौंपकर उठाई समस्याएं

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश के जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ ने ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में नारेबाजी की। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौंपा। वहीं पुरानी पेंशन योजना लागू किए जाने सहित 12 सूत्रीय समस्याएं उठाईं।

जिलाध्यक्ष सेवाराम दिवाकर के नेतृत्व में शिक्षक कलेक्ट्रेट पर पहुंच गए। जहां उन्होंने ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में नारेबाजी की। इसके बाद वह डीएम कार्यालय पर डिप्टी कलेक्टर वंदना सिंह को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों ने कहा कि अव्यवहारिक ढंग से प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था लागू की जा रही है। इसका वह पुरजोर विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 1 अप्रैल से 2004 के बाद नियुक्ति सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना लागू की जाए। बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों एवं कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा योजना का लाभ प्रदान किया जाए। साथ ही सामूहिक बीमा योजना भी पुनः प्रारंभ की जाए। अन्य कर्मचारियों की भांति परिषदीय शिक्षकों व कर्मचारियों के लिए अर्थ दिवस आकस्मिक अवकाश, उपार्जित अवकाश व प्रतिकार अवकाश दिया जाए। महिला शिक्षकों की सुरक्षा को देखते हुए परिषदीय विद्यालय में शिक्षक अवधि को पूर्व की तरह किया जाए। इस दौरान प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष यादव, सतीश चंद्र, अशोक यादव, अमीर जहां तुर्की, विकास यादव, प्रदीप चौधरी, राजकुमार सिद्धार्थ आदि रहे।

# सांसदों व विधायकों की निधि से होंगे विकास कार्य, मिले 20 करोड़

संवाददाता,बहजोई

- सांसद व विधायकों के प्रस्ताव के बाद विकास कार्य होंगे प्रारंभ

**अमृत विचार:** जनपद के विधायकों व सांसदों की विधायक निधि से विकास कार्यों के लिए 20 करोड़ की धनराशि मिल गई है। विधायक निधि का रुपया खर्च करने के लिए पूरी तरह से डिजिटल प्रक्रिया अपनाई जाएगी। भुगतान से लेकर प्रस्ताव तक ऑनलाइन प्रक्रिया अपनाई जाएगी। जिससे पूरी पारदर्शिता सामने आएगी।

जनपद की विधानसभा असमोली, संभल, गुन्नौर और चंदौसी के विधायकों को विधायक निधि को ढाई-ढाई करोड़ की धनराशि मिली है। परियोजना निदेशक ज्ञान सिंह ने सभी विधायकों को पत्र लिखकर बताया है कि उनकी विधायक निधि की धनराशि खातों में प्राप्त हुई है। इसके लिए वह विकास कार्यों के प्रस्ताव ऑनलाइन माध्यम से पोर्टल पर दे सकते हैं। इस बार पूर्ण डिजिटलीकरण की प्रक्रिया के तहत शुरू किए गए ruralsoft.up.nic.in पोर्टल पर विधायकों को प्रशिक्षण पहले ही दिया जा चुका है। अब वह प्रस्ताव इसी के माध्यम से देंगे। इसी पर उन्हें स्वीकृति सीडीओ के द्वारा दी जाएगी। जिस विभाग से संबंधित कार्य होंगे उन विभागों को टेंडर जारी करने की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। कार्य पूर्ण होने के बाद पूरा भुगतान होगा। इससे पहला पहली किस्त के रूप में 75 प्रतिशत का भुगतान विभाग को ट्रेजरी के माध्यम से किया जाएगा। विधायकों के प्रस्ताव पर 45 दिन के अंदर स्वीकृति दी जाएगी।

> जनपद के विधायकों की निधि में ढाई-ढाई करोड़ मिले हैं वहीं राज्यसभा व लोकसभा सांसद के खाते में 5-5 करोड़ मिले हैं। जनप्रतिनिधियों से उनके कार्यों के प्रस्ताव ऑनलाइन माध्यम से मांगे जा रहे हैं। जैसे ही प्रस्ताव प्राप्त होते है उन प्रस्ताव को आगे बढ़ाते हुए कार्य पूरे किए जाएंगे।
> – गोरखनाथ भट्ट, सीडीओ, संभल

### सांसद व राज्यसभा सांसद को मिले 5-5 करोड़

**बहजोई,अमृत विचार :** लोकसभा संभल के सांसद जियाउर्रहमान बर्क व राज्यसभा सांसद जावेद अली खान की निधि के तहत पांच - पांच करोड़ मिले हैं। विकास कार्यों के प्रस्ताव का पत्र मांगा गया है। सांसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के तहत पोर्टल mplads.in के माध्यम से प्रस्ताव डीएम के पास आएंगे। जहां से स्वीकृति मिलने के बाद विकास कार्य कराए जाएंगे।

## सार-संक्षेप



ओपीएल स्कूल में बच्चों को पुरस्कृत करते प्रबंधक नीलांशु वार्ष्णेय। ● अमृत विचार

### आम से सुसज्जित ड्रेस पहनकर बच्चों ने मन मोहा

**संभल अमृत विचार :** ओपीएल पब्लिक स्कूल हयातनगर में मैंगो डे का आयोजन हुआ। जिसमें बच्चों ने आम से सुसज्जित ड्रेस पहनकर मन मोह लिया। स्कूल के प्रबंधक नीलांशु वार्ष्णेय ने बच्चों को पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया। इस दौरान प्रधानाचार्य शिवानी गुप्ता, कोषाध्यक्ष रेखा वार्ष्णेय, श्रेयस वार्ष्णेय, रिंकी वार्ष्णेय, अनुराधा, पूर्वी, दीप्ति, पुष्पा आदि रहे।

### खराब सीमेंट की शिकायत पर गाली गलौज का आरोप

**संभल/कैलादेवी, अमृत विचार :** कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव भमौरी पट्टी निवासी किशनपाल ने शुक्रवार को संभल कार्यालय पर पहुंचकर एसडीएम को शिकायती पत्र सौंपा। कहा कि मकान निर्माण कराने के लिए मुहल्ला हल्लूसराय में स्थित दुकान से एक मशहूर कंपनी के दो माह में 230 कट्टे सीमेंट खरीदा था। सीमेंट खराब होने की वजह से लेंटर कभी भी नीचे गिर सकता है। इंजीनियर ने दुकानदार से सीमेंट दूसरा देने को कहा, लेकिन दुकानदार ने किशनपाल को सीमेंट नहीं दिया। आरोप है कि गुरुवार को किशनपाल ने दुकानदार से सीमेंट की बोरी देने को कहा तो दुकानदार ने गाली गलौज करते हुए किशनपाल को धमकी दी।



सिरसी में लोगों को जागरूक करते एनसीसी कैडेट। ● अमृत विचार

### रैली निकालकर पॉलीथिन बहिष्कार का दिया संदेश

**संभल/सिरसी, अमृत विचार :** बहमन पब्लिक स्कूल सिरसी में 23वीं एनसीसी बटालियन मुरादाबाद के निर्देश पर एनसीसी कैडेट्स और छात्र-छात्राओं ने पॉलीथिन बंद अभियान के तहत रैली निकाली। लोगों को पॉलीथिन का प्रयोग नहीं करने का संदेश दिया। शुक्रवार को स्कूल से शुरू हुई रैली विभिन्न मार्गों से होते हुए नगर पंचायत सिरसी में स्थित टंकी चौराहे पर संपन्न हुई। इस बीच एनसीसी कैडेट्स मोहम्मद मोईन, अनमता, मुस्लिम जाफरी, अमन, मन्तशा फातिमा ने एक ढाबे पर जाकर पॉलीथिन बंद करने और पॉलीथिन के दुष्प्रभाव के बारे में बताया। भविष्य में पॉलीथिन का उपयोग न करने की सलाह दी। पॉलीथिन के स्थान पर कागज का थैला इस्तेमाल किया जाए। जिससे पर्यावरण सुरक्षित व संरक्षित रह सकता है। इस दौरान प्रधानाचार्य शोभित कुमार रस्तोगी, उप प्रधानाचार्य मोहम्मद ऑन नकवी, प्रशासक असगर अली शाह, डायरेक्टर ताहिर उज्जमा, एनसीसी अधिकारी दिनेश कुमार सिंह, कॉर्डिनेटर शबाना नाज, फरीन फातिमा, मोहम्मद इस्लाम, साहिब अली उर्फ लॉजी रहे।




विजेता छात्रा को पुरस्कृत करते अतिथि। ● अमृत विचार

### ब्यूटीशियन परीक्षा में रीतिका अव्वल, पारुल रही द्वितीय

**संभल, अमृत विचार :** गायत्री सेवा आश्रम में ब्यूटीशियन की परीक्षा के बाद परीक्षा फल घोषित किया गया। रीतिका ने प्रथम जबकि पारुल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अभिनंदन कार्यक्रम में दोनों विजेता छात्राओं तथा अध्यापिका पारुल ठाकुर को सम्मानित किया गया। गायत्री महिला मंडल द्वारा गायत्री सेवा आश्रम में संचालित ब्यूटीशियन कक्षा में शिक्षारत 35 छात्राओं की लिखित परीक्षा व प्रैक्टिकल हुआ। परीक्षा की कॉपियों का निरीक्षण प्रीति शर्मा, श्वेता तिवारी और नेहा सक्सेना ने मौके पर ही किया। इसके बाद रीतिका कश्यप को प्रथम जबकि पारुल कश्यप को द्वितीय घोषित किया गया। गायत्री सेवा आश्रम में ही अभिनंदन कार्यक्रम के विजेता छात्राओं व शिक्षिका पारुल ठाकुर को पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया गया। गायत्री महिला मंडल की अध्यक्ष डॉक्टर रंजना सिंह तथा संचालिका सविता अग्रवाल ने मां गायत्री के चित्र पर माल्यार्पण कर विधिवत पूजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गायत्री महिला मंडल की अध्यक्ष डॉक्टर रंजना सिंह ने तथा संचालन सविता अग्रवाल ने किया।

### अलग अलग मामले में एक गांव के दो लोग गिरफ्तार

**धनारी, अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार को पुलिस ने एक व्यक्ति को पड़ोसी व दूसरे व्यक्ति को पत्नी से विवाद करने में गिरफ्तार कर लिया। थाना क्षेत्र के गांव भकरौली निवासी भोला गांव के ही रामरहीश के साथ जमीन पर कब्जे को लेकर विवाद कर रहा था। वहीं शीशुपाल घरेलू बातों को लेकर अपनी पत्नी किरनवती के साथ गाली गलौज कर रहा था। मौके पर पहुंची पुलिस ने भोला व शीशुपाल को गिरफ्तार कर लिया और कानूनी कार्रवाई कर शांतिभंग की धारा में चालान कर दिया।

# मानक के अनुसार ही रहे ताजियों की ऊंचाई व डीजे की आवाज

संवाददाता,बहजोई

- डीएम बोले, कावड़ यात्रा व मोहर्रम को लेकर सतर्क रहें अधिकारी
- अधिकारियों ने विभिन्न धर्म के प्रमुख लोगों से सीधा संवाद कर जानी समस्याएं
- मेला स्थलों को सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रखने के एसपी ने दिए निर्देश

**अमृत विचार:** कावड़ यात्रा व मोहर्रम को लेकर जिला स्तरीय पीस कमेटी की बैठक में डीएम एसपी ने विभिन्न धर्म के प्रमुख लोगों से सीधा संवाद करते हुए समस्याओं के बारे में जानकर अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। ताजियों के साथ ही डीजे की ऊंचाई व आवाज मानक के अनुसार रखने की हिदायत दी गई।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में डीएम डा. राजेंद्र पैंसिया व एसपी कुलदीप सिंह गुनावत ने विभिन्न धर्म के प्रमुख लोगों से संवाद किया। इसके बाद अधीनस्थ अधिकारियों को मोहर्रम व कांवड़ यात्रा सकुशल संपन्न कराने के लिए निर्देश दिए गए। डीएम ने कहा कि पुलिस प्रशासनिक अधिकारी स्थलीय निरीक्षण कर त्योहारों पर भ्रमण पर रहें। मोहर्रम के ताजियों की ऊंचाई मानक के अनुसार ही रहेगी। शिव मंदिरों पर लगने वाले मेले को लेकर कहा कि मंदिर पर साफ सफाई प्रत्येक दशा में की जाए। मंदिर पर वालंटियर एवं एनसीसी के छात्र लगाए जाएं। एसपी कुलदीप सिंह गुनावत ने कहा कि डीजे की आवाज एवं ऊंचाई निर्धारित मानक के अनुसार रहनी चाहिए। यात्रा मार्ग पर स्ट्रीट लाइट को लेकर भी एसपी ने चर्चा कर रूट डायवर्जन को लेकर यातायात पुलिस को निर्देश दिए। एसपी ने कहा की कावड़ यात्रा मार्ग पर कांवड़ियों की सेवा के लिए शिविर की सूचना थानों पर दी जाये। अवधि व स्थान के साथ ही यह भी बताया जाये कि शिविर में खाना किसके द्वारा बनाया जाएगा। इस दौरान सीडीओ गोरखनाथ भट्ट, एडीएम प्रदीप वर्मा, एडीएम न्यायिक सुशील कुमार चौबे, एसपी श्रीश्चंद, अनुकृति शर्मा, एसडीएम संभल विनय कुमार मिश्रा, गुन्नौर रमेश बाबू, डिप्टी कलेक्टर दीपक चौधरी आदि मौजूद रहे।




विभिन्न धर्म के प्रमुख लोगों व अधीनस्थ अधिकारियों के साथ चर्चा करते डीएम व एसपी।

### मेला स्थलों में सीसीटीवी कैमरे से की जाएगी निगरानी

**बहजोई,अमृत विचार :** एसपी कुलदीप सिंह गुनावत ने कहा कि जहां भी मेला लग रहे हैं। वहां पर पुलिस प्रशासनिक अधिकारी स्थलीय निरीक्षण कर लें। पूरे मेला परिसर को सीसीटीवी कैमरा की निगरानी में रखा जाए। सीसीटीवी कैमरे पर पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाए। उन्होंने कहा कि झूला लगने वाले स्थान पर विद्युत तार न हो। अगर तार हो तो वहां पर झूले न लगाए जाएं। सुरक्षा को लेकर पर्याप्त पुलिस बल मेलों में तैनात किया जाए।

### मेला स्थल पर पैरा मेडिकल टीम व खोया पाया शिविर लगे

**बहजोई, अमृत विचार :** डीएम ने कहा कि प्रत्येक मेला स्थल पर खोया पाया स्थान बनाया जाए। जिससे मेले में आने वाले लोगों को सहूलियत हो। स्वास्थ्य विभाग अपनी सेवाएं सुगमता से दे। डीएम ने कहा कि मंदिर पर पुजारी, प्रधान व लेखपाल मंदिर के अंदर तैनात वालंटियर जो है उनके नाम एवं नंबर चस्पा करें। जहां-जहां विद्युत के नीचे तार हैं उन्हें ऊंचा किया जाए। वहीं विद्युत पोल पर पॉलिथीन लगाई जाए जिससे वर्षा के कारण करंट न उतर सके।

## दो कारों की टक्कर में पांच लोग गंभीर घायल

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र में गवां बबराला मार्ग पर दो कारों की टक्कर हो गई। हादसे में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हुए। राहगीरों ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रजपुरा में भर्ती कराया।

शुक्रवार को सुबह गवां बबराला मार्ग पर गांव केसरपुर के पास ईको और वैगनआर कार की आमने सामने से टक्कर हो गई। हादसे में वैगनआर में सवार रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव मुटैना निवासी सुधा पत्नी दर्शन, सचिन पुत्र सोमवीर, सोमवीर, देवश्री पत्नी सोमवीर तथा ईको में सवार संजय पुत्र रामचरन थाना रहरा जनपद अमरोहा गंभीर रूप से घायल हो गए। रास्ते से गुजर रहे राहगीरों ने नजारा देखा तो रुक गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रजपुरा में भर्ती कराया। जहां घायलों की हालत नाजुक होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

# गमगीन माहौल में निकले शबीहे ताबूत के जुलूस

कार्यालय संवाददाता, संभल/सिरसी

**अमृत विचार :** सिरसी में शुक्रवार को हजरत मुस्लिम के बेटों के शबीहे ताबूत के जुलूस निकाले गए। जिसमें अंजुमनों ने मातम करते हुए माहौल को गमगीन बनाया।

पांचवीं मोहर्रम को शुक्रवार सुबह सात बजे मरहूम असगर हुसैन के मकान पर मजलिसे अजा शुरू हुई। जिसमें मर्सियाख्वानी असद अब्बास और उनके हमनवां ने पढ़ी। मजलिस को मास्टर जफर अब्बास ने खिताब फरमाया। मजलिस के बाद शबीहे ताबूत के जुलूस निकाले गए। जिसमें सवारी वकार मेहंदी और उनके साथियों ने पढ़ी। सवारी के बाद अंजुमने हाशमी ने नोहाख्वानी की। जुलूस इमाम बारगाह सादात में जाकर संपन्न हुए। सुबह नौ बजे डॉ. मुहम्मद हुसैन के मकान से हजरत अली असगर का झूला निकाला गया। जिसमें सवारी वकार मेहंदी आदि ने पढ़ी। अंजुमन जुल्फकारे हैदरी ने नौहाख्वानी की। जुलूस इमामबारगाह सादात में जाकर संपन्न हुआ। शाम को मरहूम अजहर हुसैन के मकान पर मजलिसे अज़ा शुरू हुई। जिसमें मर्सियाख्वानी असगर अब्बास आदि ने पढ़ी। मौलाना मौलवी मोहम्मद अब्बास ने मजलिस को खिताब किया। जिसके बाद अलमे मुबारक का जुलूस निकाला गया। जिसमें वकार मेहंदी ने सवारी पढ़ी। सिरसी की मुकामी अंजुमनों ने नोहाख्वानी की। जुलूस इमाम बारगाह सादात में जाकर संपन्न हो गया। देर रात मौलाना इस्तेखार के मकान पर मजलिस के बाद इमाम हुसैन के भांजे ओनो मुहम्मद के शबीहे जुलजनाह बरामद हुए। जिसमें मुकामी अंजुमनों ने नौहाख्वानी की। जुलूस इमामबारगाह सादात में जाकर संपन्न हुआ। दिनभर मजलिसों और मातम का सिलसिला चलता रहा।

**अनदेखी** | पंचायत राज एवं विकास विभाग की लापरवाही के चलते गांवों के हालात बदतर

# कीचड़ व गंदगी से संक्रामक रोग फैलने का अंदेशा

कार्यालय संवाददाता, संभल/सौंधन

- रास्ते से निकलने में दिक्कतों से जूझ रहे ग्रामीण

**अमृत विचार :** पंचायत राज विभाग एवं विकास विभाग की लापरवाही के चलते गांवों के हालात बदतर बने हैं। कहीं रास्ते में कीचड़ और गंदगी पसरी है तो कहीं गंदा पानी बह रहा है। रास्ते से निकलने में ग्रामीण दुश्वारियों से जूझ रहे हैं तो स्कूली बच्चे भी दिक्कतों का सामना कर रहे हैं। आलम यह है कि गंदगी के चलते मच्छरों के पनपने पर संक्रामक बीमारी फैलने का अंदेशा बना है। फिर भी साफ सफाई की तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

विकास खंड पंवासा के गांव सौंधन मोहम्मदपुर के मुहल्ला बरसाने में सड़क पर गंदा पानी बह रहा है। गंदगी और कीचड़ का माहौल बना है। रास्ते से निकलने में ग्रामीणों के साथ साथ स्कूली बच्चों को समस्या हो रही है। यह समस्या काफी समय है। मुहल्ले के लोगों ने कई बार अधिकारियों से शिकायत की लेकिन समस्या का समाधान कराने के लिए कदम नहीं उठाए गए। सड़क पर गंदा पानी भरा होने से संक्रामक रोग फैलने का डर सता रहा है। लोगों का कहना है कि मुहल्ले में काफी समय से नाली की सफाई नहीं हुई है। हर समय गंदगी और पानी भरा रहने की वजह से सड़क भी अब खराब हो चुकी है।

इतना ही नहीं, बारिश होने पर तो मुहल्ले के तमाम घरों में गंदा पानी घुस जाता है। उस समय ज्यादा परेशानी होती है। लोगों ने अधिकारियों से संज्ञान लेकर समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग उठाई है।



गांव सौंधन में सड़क पर जलभराव व पसरी कीचड़। ● अमृत विचार

### मुख्य मार्ग पर पसरा कीचड़, ग्रामीण खुद सफाई में जुटे

**संभल/जुनावई अमृत विचार :** विकास खंड जुनावई की ग्राम पंचायत दबथरा हिमंचल में असदपुर जुनावई मार्ग से गांव में जाने वाले मुख्य मार्ग पर कीचड़ और गंदगी का अंबार लगा है। जिसके चलते ग्रामीणों को दिक्कतों हो रही हैं। मुख्य मार्ग के बदतर हालात सफाई कर्मचारी की मनमानी की वजह से बने हैं। यहां काफी समय से सफाई नहीं हुई है। कीचड़ और गंदगी के कारण संक्रामक बीमारी फैलने का अंदेशा है। ऐसे में कुछ ग्रामीणों ने खुद ही सफाई करना शुरू कर दिया है। ग्रामीण अपने अपने घरों के आगे से गंदगी साफ कर रहे हैं। जिससे साफ है कि जिम्मेदार विभाग द्वारा कितनी लापरवाही बरती जा रही है।

## एक नजर

### द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर राजनीति विज्ञान की मौखिक परीक्षा आज

**चन्दौसी, अमृत विचार :** एनकेबीएमजी कॉलेज की एमए द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर राजनीति विज्ञान विभाग की छात्राओं की मौखिकी परीक्षा 13 जुलाई दिन शनिवार को होगी। द्वितीय सेमेस्टर की मौखिक परीक्षा पूर्वाह्न 11 बजे तथा चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा दोपहर दो बजे से आरंभ होगी। ये जानकारी देते हुए प्राचार्या प्रोफेसर अलका रानी अग्रवाल व राजनीति विभाग की प्रभारी डॉ. रीता ने सभी छात्राओं से अपनी कक्षा के समयानुसार परीक्षा से 15 मिनट पहले कक्ष संख्या डी-1 में उपस्थित होने का आह्वान किया है। छात्राएं अपना प्रवेश पत्र, एमए प्रथम व तृतीय सेमेस्टर के अंक पत्र की हार्ड कापी अवश्य लेकर आएं।

### कार की टक्कर से बेटे की मौत, पिता गंभीर घायल

**सहसवान, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के आनंदीपुर में बरात में जा रही कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में 7 साल के बच्चे नीतेश की मौत हो गई और उसका पिता मुकेश मौर्य गंभीर रूप से घायल हो गया।

# रोडवेज बस से भिड़ा कंटेनर कैप्सूल, तीन घायल

## 47 यात्री बाल-बाल बचे, बाइक सवारों को बचाने के प्रयास में हादसा, चालक ने पहले ही रोक दी थी बस

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



थाना बनियाठेर क्षेत्र में भिड़ंत के बाद क्षतिग्रस्त कंटेनर कैप्सूल व बस। ● अमृत विचार

- बस को काफी दूर घसीट ले गया कंटेनर, यात्रियों में मची चीख पुकार
- मुरादाबाद-आगरा हाइवे पर टी-प्वाइंट पर हादसा

**अमृत विचारः** आगरा-मुरादाबाद हाइवे पर बनियाठेर क्षेत्र के टी-प्वाइंट पर बाइक सवार को बचाने के प्रयास में तेज रफ्तार कंटेनर कैप्सूल खड़ी अनुबंधित रोडवेज बस में जा घुसा। हादसे में बाइक सवार दंपति व बस चालक घायल हो गए। कंटेनर की टक्कर से बस दो मीटर डिवाइडर पर घिसट गई और बस में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। गनीमत यह रही कि हादसे में यात्री मामूली रूप से चुटैल हुए। बस में 47 यात्री व कुछ बच्चे सवार थे। घटना की सूचना मिलने पर बनियाठेर पुलिस व यातायात पुलिस मौके पर पहुंच गई। घायल दंपति में फायरमैन की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया।

शुक्रवार की सुबह 11.10 बजे रोडवेज बस स्टैंड से मुरादाबाद जाने के लिए अनुबंधित रोडवेज बस 47 यात्रियों को लेकर रवाना हुई। सुबह 11.25 बजे रोडवेज बस बनियाठेर थाना क्षेत्र के आगरा-मुरादाबाद हाइवे स्थित टी-प्वाइंट पर पहुंची तो मुरादाबाद की दिशा से तेज रफ्तार कंटेनर कैप्सूल को देख चालक ने बस रोक दी। तभी बहजोई की ओर से बाइक सवार ने एकाएक बाइक चन्दौसी की ओर मोड़ दी। जिसे बचाने के प्रयास में कंटेनर कैप्सूल चालक नियंत्रण खो बैठा। साइड से खड़ी रोडवेज बस में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बस में सवार यात्री चीख-पुकार करने लगे। बस में सवार यात्री मामूली रूप से चुटैल हुए और अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गए। जबकि हादसे में बाइक सवार दंपति फायर मैन नरेश पाल सिंह 58 वर्ष पुत्र रामनाथ सिंह निवासी फायर स्टेशन व उनकी पत्नी रामबेटी घायल हो गए। अगर कंटेनर कैप्सूल चालक तत्परता नहीं दिखाता तो बड़ा हादसा हो सकता था। कंटेनर कैप्सूल में खुला सीमेंट लदा था।

> आगरा-मुरादाबाद हाइवे स्थित टी-प्वाइंट पर हुए हादसे की देर शाम तक किसी भी पक्ष की ओर से तहरीर नहीं मिली। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद कंटेनर चालक फरार हो गया।
>
> -मोहित कुमार काजला, प्रभारी, थाना बनियाठेर


बस चालक अशोक।


हादसे में घायल रेलवे कर्मी।

### मुरादाबाद निवासी बस चालक घायल

हादसे में अनुबंधित रोडवेज बस के चालक अशोक कुमार पुत्र रामेश्वर दयाल निवासी डबल फाटक मुरादाबाद घायल हो गए। जबकि परिचालक भारत सिंह पुत्र मुकेश सिंह गांव सैदरा मिलक जनपद अमरोहा मामूली रूप से चुटैल हुए।

## सार-संक्षेप

### घरेलू विवाद में महिला ने खाया जहरीला पदार्थ, रेफर

**चन्दौसी, अमृत विचार :** जनपद बदायूं के थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव सिसरका में घरेलू विवाद के चलते महिला ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन महिला को सीएचसी लेकर आए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने महिला को हायर सेंटर रेफर कर दिया। गांव सिसरका निवासी महिला सरिता पत्नी नरेंद्र सिंह ने शुक्रवार की सुबह आठ बजे घरेलू विवाद को लेकर घर में रखे जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जब महिला की हालत बिगड़ी तो परिजनों को घटना की जानकारी हुई। परिजन आनन-फानन में महिला को सीएचसी लेकर आए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने महिला को हायर सेंटर रेफर कर दिया।


मेडिकल एसेसमेंट कैंप में मरीजों का उपचार करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

### दिव्यांगता प्रमाण पत्र देने को चिकित्सकों ने की बच्चों की जांच

**चन्दौसी, अमृत विचार :** सीएचसी सभागार में शुक्रवार की सुबह 11 बजे मेडिकल एसेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें दिव्यांग व अल्प दृष्टि दोष से प्रभावित विद्यार्थियों का चेकअप किया गया। शासन की ओर से जनपद के जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को निर्देश है कि 21 जून को समस्त जनपद के विद्यालयों में दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे। इसके लिए मुख्य चिकित्साधिकारी को भी निर्देश पर सीएचसी में मेडिकल एसेसमेंट कैंप के माध्यम से परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के स्वास्थ्य परीक्षण कराकर उनको दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किए। जिसमें अल्प दृष्टि दोष से प्रभावित विद्यार्थियों को चश्में व अन्य विद्यार्थियों को सहायक उपकरण व यंत्र उपलब्ध कराए जाएंगे। शुक्रवार की सुबह 11 बजे सीएचसी के सभागार में अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. अजफर कमाल, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेश, क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ. प्रेमपाल सिंह व फिजियोथैरेपिस्ट गौरव बंसल ने बच्चों की जांच की।

### तमंचा से गोली चलाने का आरोपी गिरफ्तार

**संभल/असमोली, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र में मनोटा तिराहे के पास खड़े मामूली बात पर हुए विवाद में दूसरे पक्ष पर तमंचे से फायर झोकने वाले व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। थाना क्षेत्र के गांव असगरीपुर निवासी सद्दाम हुसैन का किसी बात को लेकर गुरुवार को गांव के ही जाबिर व उसके दो बेटों से विवाद हो गया था। जाबिर ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की नियत से सद्दाम हुसैन के ऊपर तमंचे से फायर भी किया था। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस जाबिर व उसके बेटों को पकड़ने की कोशिश कर रही थी। शुक्रवार को जाबिर मनोटा तिराहे के पास खड़ा हुआ था। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जाबिर को गिरफ्तार कर लिया।

### 15 लाख नकदी व जेवर चोरी में पुलिस के हाथ खाली

**संभल, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र में मकान की दीवार में नकब लगाकर 15 लाख रुपये जेवर चोरी होने के मामले में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। वहीं घटना के 24 घंटे बीतने के बाद भी पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा सकी है। कोतवाली क्षेत्र के गांव तिगरी निवासी कारपेंटर शहाबुद्दीन के यहां गुरुवार की रात चोर मकान की दीवार में नकब लगाकर अलमारी से 15 लाख रुपये व जेवर चोरी कर कमरे को अंदर से बंद कर भाग गए थे। कमरा अंदर से बंद होने पर रवीना ने खिड़की से झांककर देखा तो सामान इधर उधर फैला हुआ था और अलमारी खुली थी। परिजन नकब से होकर कमरे में पहुंचे। देखा तो अलमारी में रखे 15 लाख रुपये व जेवर गायब थे। इस घटना को लेकर पुलिस बदमाशों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है लेकिन अभी तक प्रयास सफल नहीं हुए हैं। वहीं शहाबुद्दीन ने घटना का जल्द खुलासा कर नकदी व जेवर बरामद करने की मांग उठाई है। शुक्रवार को कोतवाली प्रभारी ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस चोरों को पकड़ने का प्रयास कर रही है।

### रात के अंधेरे में गोशाला से भूसा चोरी का वीडियो वायरल

**संभल, अमृत विचार :** जिस गोशाला में लापरवाही की वजह से गोवंशीय पशुओं की मौत की घटना सामने आई उसी गोशाला से महिला द्वारा भूसा चुराकर ले जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। गुरुवार की देर रात तक सीवीओ, पशुधन प्रसार प्रभारी व पंचायत सचिव अस्थाई गोशाला शरीफपुर में मौजूद थे। रात को आठ बजे जैसे ही अधिकारी अपने वाहनों में सवार होकर गोशाला से निकल गए। इसके बाद ही भूसा चुराने की घटना हुई। वीडियो में दिख रहा है कि एक महिला टपरी लेकर गोशाला में पहुंचती है और भूसा बांध लेती है। वायरल वीडियो में महिला गोशाला में मौजूद युवक को अपने पास बुलाकर भूसे की टपरी उठवाकर अपने सिर पर रखवाती है। वीडियो में महिला गोशाला के मुख्य गेट तक पहुंचती है। पीछे-पीछे चल रहा युवक गेट की खिड़की खोलता है और महिला टपरी में बंधा भूसा लेकर गांव की ओर चली जाती है। गांव के लोग कह रहे हैं कि भूसा ले जाने वाली महिला ग्राम प्रधान की पत्नी थी। हालांकि ग्राम प्रधान से इसे झूठ और शरारत बताया है।

### पत्नी से झगड़े के बाद युवक की ट्रेन से कटकर मौत

**उझानी( बिजनौर ), अमृत विचार :** पत्नी से झगड़े के बाद एक युवक रेलवे लाइन की ओर चला गया। ट्रेन की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई। रेलवे लाइन पर उसका क्षत विक्षत शव मिला। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले को आत्महत्या मान रही है। कोतवाली उझानी क्षेत्र के गांव सकतपुर निवासी अरविंद (35) पुत्र झंडू सिंह ड्राइवर थे। वह उझानी में दो पत्नियों रेखा और मंजू के साथ भर्राटोला और अहिरटोला में किराए पर कमरा लेकर रहते थे। गुरुवार को कस्बा के एक गेस्ट हाउस में अरविंद की भतीजी सुमन की शादी थी जिसमें उनके बड़े भाई बलवीर शामिल नहीं हुए। अरविंद के बेटे अनिकेत के अनुसार ताऊ बलवीर के शादी में न आने से अरविंद परेशान थे जिसके चलते उनका अपनी पत्नी से झगड़ा हो गया। इसके बाद अरविंद समारोह से रेलवे लाइन की ओर चले गए और वापस नहीं आए। परिजन भी उनकी तलाश में रेलवे लाइन की ओर गए। नहीं मिले तो वापस लौट आए।

# पेड़ गिरने से बाइक सवार की मौत

कार्यालय संवाददाता, कुढ़फतेहगढ़/चन्दौसी

- कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव जहांगीरपुर के निकट गुरुवार देर रात एक बजे हुई घटना

**अमृत विचारः** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र में चन्दौसी-रीठ मार्ग पर गुरुवार की देर रात तेज हवा के साथ हुई बारिश के दौरान सड़क किनारे खड़ा पेड़ बाइक पर गिरने से दबकर मजदूर की मौत हो गई। जबकि बाइक पर पीछे बेटी मजदूर की दोनों बेटियां मामूली रुप से चोटिल हो गईं।

थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव गुरसरी निवासी अरविंद शर्मा 45 वर्ष पुत्र बनवारी लाल गुरुवार की रात जनपद बदायूं के थाना फैजगंज बेहटा के गांव भवानीपुर से एक शादी समारोह में शामिल होकर अपनी पुत्रियां ज्योति व अंजलि तथा बेटा कार्तिक के साथ बाइक से अपने गांव गुरसरी लौट रहा था। देर रात करीब एक बजे तेज हवा के साथ बारिश हो रही थी। चन्दौसी-रीठ मार्ग पर गांव जहांगीरपुर के निकट पहुंचा ही था। अचानक सड़क किनारे खड़ा पेड़ टूट कर बाइक पर आ गिरा। जिससे अरविंद गंभीर रूप से घायल हो गया और पीछे बैठीं बेटीं ज्योति व अंजलि मामूली रूप से चोटिल हो गईं।

### परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

**चन्दौसी, अमृत विचार :** हादसे में अरविंद की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। अरविंद अपने परिवार में अकेला कमाने वाला था और मजदूरी व अन्य लोगों की जमीन बटाई पर लेकर खेती कार्य करके अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा था। पत्नी गीता देवी तथा मां राम प्यारी का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं पुत्रियां ज्योति व अंजलि, बेटा अनमोल, कृष्णा, विष्णु व कार्तिक अपने पिता की मौत से बहुत दुखी हैं।

### बारिश में सड़क पर गिरे पेड़ से बाधित हुआ यातायात

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़, अमृत विचार :** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र में गुरुवार की रात तेज हवा चलने व बारिश होने से जगह-जगह पेड़ उखड़कर सड़क पर गिर गए। जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। गुरुवार की रात थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र में तेज हवा के साथ बारिश हुई। जिससे थाना क्षेत्र में जगह-जगह पेड़ उखड़ गए और सड़कों पर आ गिरे। जिससे रात को आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। वहीं बिचेटा से गुरसरी मार्ग पर जहांगीरपुर के निकट पेड़ गिरने से बाइक सवार की मौत हो गई। रीठ व जहांगीरपुर के बीच पेड़ सड़क पर गिर गया। रीठ तथा गुरसरी मार्ग पर यूकेलिप्टिस का बड़ा पेड़ उखड़कर सड़क पर गिर गया। जिससे आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया।


ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में प्रदर्शन करते शिक्षक। ● अमृत विचार

# ऑनलाइन हाजिरी पर शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- 15 जुलाई को जिला मुख्यालय बीएसए को सौंपेंगे ज्ञापन

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई बनियाखेड़ा के बैनर तले ब्लाक संसाधन केंद्र मौलागढ़ पर ऑनलाइन उपस्थिति को लेकर शुक्रवार को भी शिक्षकों का विरोध प्रदर्शन जारी रहा। शिक्षक 15 जुलाई को जिला मुख्यालय पहुंच कर बीएसए को ज्ञापन सौंपेंगे।

शिक्षकों ने कहा कि सरकार ऑनलाइन उपस्थिति रूपी अव्यवहारिक कार्य करने को बाध्य कर रही है। परन्तु बिना मांगों को पूरी किए यह संभव नहीं हो पाएगा। जनपद संभल सहित पूरे प्रदेश के शिक्षकों ने इस बार आर-पार की लड़ाई लड़ने के लिए कमर कस ली है। मांगे पूरी न होने पर ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध करने के लिए पूरे प्रदेश के शिक्षक अपने जिला मुख्यालय पर 15 जुलाई को जिला बेसिक शिक्षाधिकारी कार्यालय पर अपराह्न तीन बजे ज्ञापन सौंपेंगे। कहा कि उन्हें 30 ईएल, 15 हाफ डे लीव प्रतिकार अवकाश, स्वास्थ्य बीमा दिया जाए। उसके बाद ऑनलाइन उपस्थिति देने में किसी भी तरीके की कोई समस्या नहीं है। इस अवसर पर देवेश प्रताप सिंह, सचिन सिंह, पंकज शर्मा, गरिमा, बबिता, रीमा त्यागी, अमृता शर्मा, प्रीति कश्यप, मोहम्मद राशिद, सारिका, शारदा देवी, रजनी गोयल, नीरू, आसमा शकील, निधि अग्रवाल, आयुषी अग्रवाल, श्रद्धा शर्मा, सुनीता देवी, सुमन, अनीता कुमारी, शिप्रा अग्रवाल, ऊषा रानी, निशा रानी, श्वेता रानी आदि रहे।

### महावा नदी में नहाने गए किशोर की डूबकर मौत

**सहसवान, अमृत विचार :** साथियों के साथ महावा नदी में नहा रहा किशोर डूब गया। ग्रामीणों ने नदी में तलाश करके उसे बाहर निकाला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। चिकित्सक ने किशोर को मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया और अंतिम संस्कार कर दिया।

सहसवान के मोहल्ला अकबराबाद निवासी गोपी मौर्य का बेटा रोहित (15) अपने भाई मोहित और हमउम्र रामसेवक के साथ शुक्रवार सुबह लगभग 10 बजे महावा नदी की ओर घूमने गए थे। इसके बाद महावा नदी में स्नान करने लगे। रोहित गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। भाई और साथी ने शोर मचाया तो आसपास मौजूद ग्रामीणों ने नदी में छलांग लगा दी। रोहित को नदी से बाहर निकाल लिया और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां चिकित्सक ने रोहित को मृत घोषित कर दिया।



जीके सिल्वर स्टोन स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता के विजेता बच्चे। ● अमृत विचार

# काव्यपाठ में अंशिका, यशी, अवंतिका व वैष्णवी अव्वल

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचारः** जीके सिल्वर स्टोन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को अन्तर-सदानिये अंग्रेजी एवं हिन्दी काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता में सभी छात्र-छात्राओं को देश भक्ति पर अपनी कविता प्रस्तुत करनी थी। प्रतियोगिता में दो ग्रुप में कक्षा 6 से 8 और 9 से 12 तक बच्चों ने प्रतिभाग किया। कक्षा 6 से 8 के अंग्रेजी काव्यपाठ में अंशिका ने प्रथम, मिशिका ने द्वितीय व अक्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि कक्षा 9 से 12 के अंग्रेजी काव्यपाठ में यशी, शुभ व आन्या क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। इसी क्रम में कक्षा 6 से 8 के हिन्दी काव्यपाठ में अवंतिका, पूर्णिमा व वन्दिता तथा कक्षा 9 से 12 के हिन्दी काव्यपाठ में वैष्णवी, गौरांश व ध्रुव क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक मनोज गुप्ता, उप प्रबंधक योजना गुप्ता ने विजेताओं को पुरुस्कृत किया। कार्यक्रम का संचालन शैलेन्द्र ने किया। सनी, प्रतीक्षा, अनामिका, हिमांशी व अमन का सहयोग रहा। प्रधानाचार्य अभिनव भारद्वाज ने सभी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन कर उज्जवल भविष्य की कामना की।

# संचारी रोगों से बचाव के लिए खाद्य विभाग ने की छापेमारी

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**कार्रवाई**

- पिज्जा सेंटर पर छापा मार कर नमूना भरा

**अमृत विचारः** संचारी रोग की रोकथाम को शुक्रवार की दोपहर दो बजे मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने टीम के साथ खुले में खाद्य पदार्थ बेचने वालों के प्रतिष्ठान पर छापेमारी की और खाद्य पदार्थों को ढक कर रखने की हिदायत दी। साथ ही पिज्जा सेंटर पर छापा मार कर नमूना भरा।

शुक्रवार की दोपहर दो बजे मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी राहुल सिंह टीम के साथ गोशाला रोड पर पहुंचे। यहां पहले शिकायत के आधार पर पिज्जा सेंटर पर छापेमारी की। यहां से टीम ने पिज्जा का नमूना भरा। इसके बाद टीम आवास चौराहा पर लगने वाले खाद्य पदार्थों के ठेलों पर पहुंची। जहां आसपास गंदगी होने पर टीम ने खाद्य सामग्री को ढक कर रखने की हिदायत दी। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारीने बताया कि संचारी रोग को लेकर छापेमारी की जा रही है। ताकि आमजन को रोगों से दूर रखा जा सके। अगर कोई ठेले व दुकान पर खाद्य सामग्री बेचता है तो उसके पास लाइसेंस होना जरूरी है। अगर जांच में लाइसेंस नहीं मिलता तो संचालक के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।


आवास विकास चौराहे पर छापा मारी करते खाद्य सुरक्षा अधिकारी। ● अमृत विचार

# जल निगम ने ठीक नहीं की पाइप लाइन की लीकेज, बह रहा पानी

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचारः** जलनिगम की ओर से शहर में अमृत योजना के तहत पेयजल पाइल लाइन डाली थी। अब कार्य पूरा होने के बाद जगह-जगह पाइप लाइन से पानी लीकेज की समस्या बनी हुई है। जिससे सैकड़ों लीटर पानी लीकेज में बर्बाद हो जाता है। जबकि पूर्व जिलाधिकारी ने लीकेज की समस्या को दूर करने के लिए निर्देश दिए थे।

अमृत योजना के तहत पेयजल लाइप लाइन डालने का कार्य कई माह पहले खत्म हो चुका है। जबकि उक्त कार्य जलनिगम द्वारा किया गया था। अब जगह-जगह पाइप लाइन में लीकेज की समस्या बनी हुई है। कैथल गेट पुलिया से गणेश मेला मैदान को जाने वाले मार्ग पर शुक्रवार की सुबह लीकेज होने से सैकड़ों लीटर पानी बर्बाद हो गया। इसके अलावा रोजाना शहर के किसी न किसी मोहल्ले व सड़क पर लीकेज की समस्या बनी रहती है।

लीकेज होने से लोगों के घरों में पानी नहीं पहुंच पाता। जिससे उन्हें पेयजल के लिए परेशान होना पड़ता है। जबकि पूर्व जिलाधिकारी मनीष बंसल ने लीकेज की शिकायतें मिलने पर जलनिगम के अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि शीघ्र ही लीकेज की समस्या को खत्म कर दिया जाए। मगर अभी भी समस्या बनी हुई है।


गणेश मेला मार्ग पर जलनिगम की पाइप लाइन से बहता पानी। ● अमृत विचार

### गाली गलौज की शिकायत पर युवक को कैंची मारी

**संभल, अमृत विचारः** नखासा थाना क्षेत्र में गाली गलौज की शिकायत करने पर युवक को कैंची व पेचकस के वार से घायल कर दिया। घायल को जिला अस्पताल भेजा गया है।

मुहल्ला तुर्तीपुर इल्हा निवासी मोहम्मद हसन शुक्रवार की सुबह घर के बाहर बैठा था। मुहल्ला का एक युवक उसके पास पहुंचा और उधार दो सौ रुपये मांगने लगा। आरोप है कि मोहम्मद हसन ने रुपये देने से मना किया तो युवक गाली गलौज करते हुए अपने घर चला गया। थोड़ी देर बाद मोहम्मद हसन शिकायत करने युवक के घर गया था। शिकायत सुनकर युवक ने अपने दो भाइयों के साथ मिलकर मोहम्मद हसन को पकड़ लिया और कैंची व पेचकस से वार कर उसे घायल कर दिया। जानकारी होने पर मोहम्मद हसन के परिजन मौके पर पहुंचे। घायल को लेकर थाने आ गए। तहरीर मिलने पर पुलिस ने मोहम्मद हसन का जिला अस्पताल में मेडिकल कराया है।

# मुकेश अध्यक्ष व अरविंद सचिव विजयी घोषित

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी


नवनिर्वाचित बार अध्यक्ष व सचिव का फूल मालाओं से स्वागत करते अधिवक्ता।

- तहसील के बार रूम में सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक हुआ मतदान
- समर्थकों ने विजेता प्रत्याशियों का माला पहनाकर किया स्वागत

**अमृत विचारः** तहसील बार एसोसिएशन का चुनाव तहसील के बार रूम में संपन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष पद पर मुकेश पाल सिंह व सचिव पद पर अरविंद कुमार गुप्ता ने जीत दर्ज की। जीते प्रत्याशी के समर्थकों ने माला पहनाकर स्वागत किया। इसके अलावा अन्य पदों पर एक-एक प्रत्याशी होने पर उनको पहले ही निर्विरोध निर्वाचित कर दिया गया था।

शुक्रवार की सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक तहसील परिसर स्थित बार रूम में तहसील बार एसोसिएशन का चुनाव अध्यक्ष व सचिव पद के लिए संपन्न कराया गया। जिसमें 252 मतदाताओं में से 247 मतदाताओं ने अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चुनाव समाप्ति के बाद मतगणना का कार्य आरंभ कर दिया गया। जिसमें अध्यक्ष पद के प्रत्याशी मुकेश पाल सिंह को 135 व अमर सिंह यादव को 110 मत मिले। जिसमें मुकेश पाल को 25 मतों से विजयी घोषित कर दिया तथा दो वोट निरस्त पाए गए। वहीं सचिव पद प्रत्याशी अरविंद कुमार गुप्ता को 162 व रामजीमल को 83 मत मिले। जिसमें अरविंद कुमार को 79 मतों से विजयी घोषित कर दिया। यहां भी दो मत निरस्त किए गए।

जीत के बाद समर्थकों ने जीते प्रत्याशियों को माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। चुनाव संपन्न कराने के लिए एल्डर कमेटी के अशोक शर्मा, रतन कुमार श्रीवास्तव, राकेश कुमार गुप्ता, फजलूर्रहमान, सियाराम मौर्य मौजूद रहे। वहीं अन्य पदों पर एक-एक प्रत्याशी होने पर उन्हें पहले ही निर्विरोध निर्वाचित कर दिया गया था।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

# इमाम हुसैन के गम में निकले जुलूस में खामोश रहे अजादार

## सद्दों से बरामद हुआ मातमी जुलूस, ऊंटों के काफिले और अराईश ने दिलाई कर्बला की याद, 17 किमी चला ताजियों का जुलूस

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** कर्बला के शहीदों की याद में पांच मुहर्रम का मातमी जुलूस शुक्रवार को मोहल्ला सद्दो स्थित अजाखाना रफाती से बरामद हुआ। बताते हैं कि रफाती एक सक्का था, उसने इस इमामबाड़े की तामीर करायी थी। इसलिए यह रफाती का इमामबाड़ा कहलाता है।

अजादारों ने खामोश रहकर हजरत इमाम हुसैन की शहादत को याद किया। अपनी पुरानी रिवायत से यह जुलूस सुबह नौ बजे बरामद किया गया। जुलूस में सबसे आगे ऊंटों का काफिला था। जिसे पर बच्चे सवार थे। यह काफिला कर्बला के उस किफले की शबीह है जो इमाम हुसैन के परिवार के लोगों को इमाम हुसैन की शहादत के बाद कर्बला से शाम लेकर गए थे। इसके पीछे रौशन चौकी और अराईश चल रही थी। हुसैनी बाजा बज रहा था। अजादाराने हुसैन शबीहे ताबूत और दुलदुल के साथ-साथ चल रहे थे। जुलूस शहर में करीब 17 किलोमीटर की गश्त के दौरान 72 मोहल्लों और अजाखानों से गुजरकर देर शाम अजाखाना रफाती पहुंचकर संपन्न हुआ। जुलूस में शामिल अजादारों के लिए लोगों ने शहर में कई स्थानों पर चाय व पंखों का इंतेजाम किया। वहीं, शहर के अजाखानों में देर रात 11 बजे तक मजलिसों का सिलसिला चलता रहा। उलमाओं ने शहादते हुसैन का जिक्र किया तथा अजादारों को शौहादा-ए-कर्बला के बताए रास्तों पर चलने का भी दर्स दिया। नगर में डॉ. नाशिर नकवी, डॉ. लाडले, मुजाहिद अब्बास, मोहम्मद तुराब, अंजुम अब्बास, हुसैन रजा, पयम्बर रजा, डॉ. जमशेद कमाल, इख़्तेदार हैदर, मौलाना रजन, वसीम अमरोहवी, नईम हैदर, रिजवान अली, सामी अम्रोहवी, अरमान साहिल, बहादुर हसन, नाजिश अमरोहवी, सोनिश शबीह, दवाम मेहदी आदि मिम्बर से मर्सिया पेश कर रहे हैं। जुलूस का संचालन अंजुमन रजाकाराने हुसैनी ने किया। रजाकारान काईद गुलाम सज्जाद, जनरल सेक्रेटरी खुर्शीद हैदर जैदी, अख्तर अब्बास अप्पू, डॉ. चन्दन नकवी, वसीम जैदी, सलीम जैदी, इमदाद आब्दी, मोहम्मद हैदर, सलीम जैदी गालिब हुसैनी, नजीर हैदर आदि ने किया। जिलाधिकारी अमरोहा द्वारा जुलूस अजा के लिए नामित अंजुमन तहफ्फुजे अजादारी की समिति के सदस्य लियाकत अली, बाकर रजा, नदीम नकवी, शेजाद रजा, कासिम जैदी आदि मौजूद थे।


जुलुस में शामिल अजादार। ● अमृत विचार


जंजीर से मातम करते अजादार। ● अमृत विचार


सैदनगली में मजलिस को खिताब करते मौलाना कम्बर अली। ● अमृत विचार

### कर्बला का जिक्र करके आंसू बहा रहे अजादार

**सैदनगली/उझारी, अमृत विचार :** उझारी में इमाम हुसैन और कर्बला के तमाम शहीदों का जिक्र रात दिन हो रहा है। इमामबारगाहे बाबुल हवाइज में जीशान हैदर और उनके साथियों ने मर्सिया खानी की और मजलिस को मौलाना अली हैदर नूरी साहब ने खिताब फरमाया। इमामबारगाहे अबु तालिब में मौलाना हुसैन मेहंदी ने मजलिस को खिताब फरमाया। बताया कि कर्बला के मैदान में यजीद ने हजरत इमाम हुसैन पर जुल्म की इन्तहा कर दी थी। तीन दिन तक भूखे प्यासे मासूम बच्चों को भी शहीद कर दिया गया। खेमों में आग लगा दी गई थी। सैदानियों की चादरें छीन ली गईं। मोहल्ला नौरंगाबाद में मौलाना डॉ. हसन इमाम इमामी ने खिताब फरमाया। मजलिसों में मुख्य रूप से नूरुल हसन, बिलाल बाकरी, शकील अल्वी, इब्ने अब्बास, नजीर बाकरी, बंदे हसन, सलमान हसन आदि रहे।

### अजादारों ने किया जंजीर का मातम

**नौगांवा सादात, अमृत विचार :** कस्बा नौगांवा सादात में पांच मुहर्रम का जुलूस खाना दौलत शहीद से अंजुमन ए आबदिया व अंजुमन ए सोगवारे हुसैनी ने बरामद किया। जुलूस की शुरुआत मौलाना मुहर्रम अली व उनके साथियों ने मर्सिया पढ़कर की और अली अब्बास ने रुबाई पढ़ी। इनके पीछे अलमे मुबारक, जुलजना, इमाम हुसैन व जरी बरामद मजहरे कर्बला पहुंचे। नोहखानों ने नौहे पेश कर जुलूस को बढ़ाया। जुलूस में अजादार मातम बरपा करते हुए चल रहे थे। जुलूस जब हुसैनी चौक पर पहुंचा तब यहां पर अंजुमन ए सोगवारे हुसैनी के अजादारों ने जंजीर का मातम बरपा कर लहुलुहान हो गये। इसके बाद जुलूस अपने गश्ती रास्तों से होता हुआ इमाम बारगाह दौलत शहीद पर सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर शिबाल हैदर, इकराम हैदर, करीम हैदर, हैदर मेहंदी, अथर अब्बास, करामत अली, आदि मौजूद रहे।

### दुनिया में हर जगह हुसैन के मानने वाले : कम्बर

**सैदनगली, अमृत विचार :** कस्बे में पांच मुहर्रम को इमामबारगाहों मे मजलिसों का सिलसिला जारी रहा। कर्बला वालों कि याद में हर जगह मजलिस और मातम हुआ। घरों में महिलाएं भी रसूल के नवासे हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत की याद में मजलिसें और मातम किया। इमामबारगाह दादे हिमायत अली में मजलिस हुई। जिसमें मर्सिया ख्वानी नसीमुल हसन और हमनवा ने की। मजलिस को मौलाना कम्बर अली ने खिताब करते हुए कहा कि इमाम हुसैन कर्बला में कत्ल होकर भी जिंदा हैं, सारी दुनिया में हुसैन का नाम लेने वाले मौजूद हैं। लेकिन यजीद का नाम लेने वाला कोई नजर नहीं आता, कोई भी अपने बच्चे का नाम यजीद नहीं रखता। हमें हजरत इमाम हुसैन की शहादत को भूलना नहीं है।

## एक नजर

### नेग में मिले रुपयों की शराब नहीं पिलाई तो पीटा

**हसनपुर, अमृत विचार :** गुरुवार शाम हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव में भैंसरोली से बरात सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव हाजीपुर तरारा गई थी। बरात में गांव निवासी नवाब पुत्र शौकत अली भी गया था। वह वर पक्ष की तरफ से नाई था। पीड़ित का आरोप है कि उसे बरात में नेग में रुपये मिले थे। जिस पर गांव के युवक ने उससे नेग के रुपयों से शराब लाने की मांग की। जिस पर उसने शराब लाने से मना कर दिया। इस पर आरोपी युवक आग बबूला हो गया और उसने नवाब से मारपीट कर जब में रखे 2200 रुपये तथा मोबाइल छीनकर जान से मारने की धमकी दी। शुक्रवार को पीड़ित कोतवाली पहुंचा और पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। वहीं, पुलिस ने पीड़ित से तहरीर लेने के बाद मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

### छपना में ओवररेट बीयर बेचने की शिकायत

**रहरा, अमृत विचार :** आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव सिमथला निवासी रामवीर सिंह ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है। आरोप है रहरा के गांव छपना में बीयर लेने गया था। दुकान पर तैनात सेल्समैन से उसने चार बियर ली। उसने प्रिंट रेट के अनुसार सेल्समैन को रुपये दिए, लेकिन सेल्समैन ने चार बियर की कैन के 40 रुपये ज्यादा ले लिए। विरोध पर सेल्समैन ने उसे धक्का मुक्की करते हुए जमीन पर गिरा दिया। आरोप है कि शिकायत के बाद बार-बार फैसले का दबाव बनाया जा रहा है।

### 15 बदमाशों पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई

**अमरोहा, अमृत विचार :** पुलिस ने 15 बदमाशों पर गुंडा एक्ट की करवाई की है। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के निर्देश पर नगर पुलिस ने शातिर बदमाशों के खिलाफ अभियान चलाकर 15 बदमाशों पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई की। जिन बदमाशों के खिलाफ यह कार्रवाई की गई है उनमें अनुज पुत्र गुड्डू, नितिन कुमार पुत्र भारत, परम सिंह पुत्र गंगा शरण आदि शामिल हैं।

### कार सवार छह युवकों के स्टंट का वीडियो वायरल

**गजरौला, अमृत विचार :** छह युवकों ने कार पर खड़े होकर स्टंट किया था। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस कार की तलाश में जुटी है। वीडियो में दिख रहे छह युवक कार पर खड़े होकर डांस और स्टंट करते नजर आ रहे हैं। वीडियो दो दिन पुराना बताया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# करंट की चपेट में आकर सब्जी विक्रेता की मौत

संवाददाता, हसनपुर

**दुखद**
- सोते हुए पंखे से छू गया था नेमपाल का हाथ
- पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा शव

**अमृत विचार :** कोतवाली के गांव में गुरुवार रात टेबल फैन में करंट उतरने के कारण व्यापारी की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव सब्दलपुर शुमाली निवासी नेमपाल पुत्र अतर सिंह उम्र 40 वर्ष ग्राम रझौहा में सब्जी एवं जूस की दुकान चलाकर परिवार का पालन पोषण करता था। गुरुवार देर रात वह परिवार के साथ घर में सो रहा था, तभी अचानक टेबल फैन में करंट उतर आया। सोते समय नेमपाल का हाथ टेबल फैन पर लग गया। जिससे वह करंट की चपेट में आ गया। जानकारी पर परिजनों ने निजी चिकित्सक के यहां उसे भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने मृतक घोषित कर दिया। नेमपाल ने अपने पीछे पांच बेटों को रोते हुए छोड़ा है। वहीं, व्यापारी की मौत की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीओ दीप कुमार पंत ने बताया कि करंट से एक व्यक्ति की मौत हो गई है, शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।


नेमपाल।

## बाइक सवार पिता-पुत्र पर हमला, तहरीर दी

**हसनपुर, अमृत विचार :** सगाई कार्यक्रम से लौट रहे बाइक सवार पिता-पुत्र पर हमला हुआ। हमले में दोनों बेहोश हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले में पुलिस को तहरीर दी गई है।

थाना सैदनगली के क्षेत्र के गांव बेगपुर मुंडा निवासी राकेश सिंह बेटे चंदर के साथ आदमपुर क्षेत्र के गांव पुटशल में सगाई समारोह में शामिल होकर बाइक से घर लौट रहा था। रास्ते में घात लगाकर बैठे दो लोगों ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि उन पर गोली चलाई और सरियों से पीटकर उन्हें घायल कर दिया। जिससे वह बेहोश हो गये। पीड़ितों ने बताया कि उन्होंने दोनों आरोपियों की पहचान भी कर ली है। पुलिस को नामजद तहरीर दी गई है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। घायल पिता पुत्र को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# विकास कार्यों में फर्जीवाड़े की शिकायत

संवाददाता, अमरोहा

- सुभासपा के पूर्व जिला अध्यक्ष ने जिलाधिकारी से की शिकायत

**अमृत विचार :** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष सत्यपाल ने जिला अधिकारी से मुलाकात कर विकास खंड जोया क्षेत्र की ग्राम पंचायत श्योनाली में सड़कों पर हो रहे जलभराव को और ग्राम पंचायत में विकास न होने पर धांधली का आरोप लगाते हुए एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को जांच के आदेश दिए।

सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर ने बताया है कि ग्राम पंचायत श्योनाली में मुख्य रास्ते में दाऊद के मकान तक नाला निर्माण हुआ। जिसकी लागत दो लाख आई और शमशुल के मकान से मौलाना बब्बन के मकान तक नाला निर्माण लागत 2,20,0000 रुपये, रोड से दौसराय के मकान पर सीसी रोड लागत 3,00,000 रुपये, ग्राम पंचायत में हुए नलों की रिबोर के लिए भी 2 लाख और 4 लाख 40 हजार रुपये की लागत दिखाकर काम बताया है। जबकि ग्राम पंचायत में मौके पर नहीं हुए हैं। आरोप है कि ग्राम पंचायत में विकास के नाम पर भुगतान कर दिया गया है और जो भी कार्य हुए भी हैं। उनमें घोर अनियमितताएं हैं। इसके बाद पार्टी कार्यकर्ताओं ने मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय पहुंचकर उन्हें शिकायती पत्र सौंपकर मामले की जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है। मुख्य विकास अधिकारी ने भरोसा दिलाया है कि योजनाओं को सही से ही लागू किया जाएगा।


जिलाधिकारी से मिलते सुभासपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सत्यपाल तोमर। ● अमृत विचार

## रहरा से दिल्ली के लिए रोडवेज बस शुरू

**अमरोहा, अमृत विचार :** परिवहन निगम ने रहरा से दिल्ली के लिए बस सेवा शुरू की है। इस बस के शुरू होने से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को दिल्ली जाने का सफर आसान होगा।

अमरोहा डिपो के क्षेत्रीय सहायक प्रबंधक मोहम्मद शफी ने बताया कि रहरा से दिल्ली के लिए नई बस सेवा शुरू की है। बस के चलने से रहरा और उसके आसपास के ग्रामीणों को दिल्ली जाना अब आसान हो जाएगा। इससे पहले रहरा व उसके आसपास के ग्रामीण क्षेत्र वालों को दिल्ली जाने के लिए अमरोहा आना पड़ता था। बताया कि 10 जुलाई को ट्रायल के रूप में रहरा से दिल्ली के लिए रोडवेज बस को चलाया गया था। बताया कि अगर पर्याप्त यात्री मिलते रहे तो बस की संख्या भी बढ़ा दी जाएगी। बताया कि रहरा से काफी लोग सब्जी का कारोबार करने के लिए दिल्ली जाते हैं।

# डिजिटल हाजिरी का किया विरोध

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर शिक्षक, शिक्षिकाओं, शिक्षामित्रों व अनुदेशकों ने ब्लॉक संसाधन केन्द्र पर डिजिटल हाजिरी के विरोध में हस्ताक्षर अभियान चलाया और मांगपत्र सौंपा। सभी ने डिजिटल हाजिरी का आदेश वापस लेने की मांग की।

प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. पृथ्वी सिंह ने कहा कि शासन को अविलंब इस आदेश को वापस लेना होगा। प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉकाध्यक्ष जितेन्द्र चौधरी ने कहा कि इस आदेश से बेसिक शिक्षकों में भारी रोष है। अगर सरकार इस आदेश को वापस नहीं लेती है तो प्रदेश आह्वान पर भी धरना प्रदर्शन किया जायेगा, जिसमें सभी लोग बढ़ चढ़कर भागीदारी करेंगे। इस अवसर पर संघ के कोषाध्यक्ष सतीश सिंह, विपिन चौधरी, मिथलेश कुमारी, विवेक त्यागी, ममता अग्रवाल, कमला रावत, अमृत कौर, रेनु पाल, धर्मेन्द्र, हरीश कुमार, आकांक्षा मिश्र, विभूति त्रिवेदी, मीना, सुदेश, शीला वर्मा, दीपिका, दीपक कुमारी, पंकज त्यागी, पंकज शर्मा आदि सहित शिक्षक, शिक्षिकाएं, शिक्षामित्र आदि रहे।


विरोध के बाद मांग पत्र सौंपते शिक्षक। ● अमृत विचार

- शिक्षक संघ ने ब्लाक संसाधन केंद्र पर सौंपा मांग पत्र

## मांगें पूरी न होने पर शिक्षकों का सामूहिक विरोध जारी

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** शुक्रवार को शिक्षक संघ ब्लॉक गंगेश्वरी के आह्वान पर शिक्षकों की बैठक ब्लॉक संसाधन केन्द्र चन्दनपुर खादर पर हुई। जिसमें डिजिटल हाजिरी का विरोध जारी रखने का निर्णय लिया गया।

संगठन के जिला अध्यक्ष यशपाल सिंह ने कहा कि डिजिटल हाजिरी का विरोध जारी रहेगा। ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह ने कहा कि डिजिटल हाजिरी का शिक्षकों द्वारा सामूहिक रूप से विरोध किया जा रहा है। प्रदीप भाटी, वैभव गुप्ता, हेमराज कोहली, करनपाल, जयवीर सिंह, हरिओम सिंह, महताबुद्दीन, देवेंद्र शर्मा, धर्मेंद्र यादव, प्रवीन कुमार, गौतम सिंह, बिजेंद्र सिंह, संदीप कुमार, रीना गौड़, विजय लक्ष्मी रहे।

### शिक्षकों ने काली पट्टी बांधी

**अमरोहा, अमृत विचार :** उप्र जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ ने प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर ऑनलाइन हाजिरी व डिजिटलइजेशन को लेकर विरोध जताया। शिक्षकों ने स्कूल में काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया। संगठन के नरेश कौशिक ने कहा ऑनलाइन हाजिरी को लेकर विरोध आगे भी जारी रहेगा। शिक्षकों की मांगों को पूरा नहीं किया जाता शिक्षक विरोध करेंगे। उन्होंने बताया कि 15 जुलाई को जिले के शिक्षक कलेक्ट्रेट पहुंचकर ऑनलाइन उपस्थिति पर विरोध दर्ज करेंगे।

# शिक्षक पर जानलेवा हमले के आरोपियों पर कार्रवाई की मांग

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** शिक्षक पर जानलेवा हमला के आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने से नाराज शिक्षकों ने थाने पहुंचकर प्रभारी निरीक्षक से मुलाकात की। शिक्षकों ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

गांव लंबिया निवासी रोहित कुमार सलेमपुर गोंसाई मार्ग पर राम सरनदास स्मारक इंटर कालेज में शिक्षक हैं। उन पर नौ जुलाई को किसान आदर्श इंटर कालेज के पास बाइक सवार दो युवकों ने फायर कर दिया। उस समय रोहित ने स्कूल में घुसकर जान बचाई थी। छह जुलाई को भी आरोपियों ने शिक्षक से मारपीट की थी। दोनों मामलों की तहरीर पुलिस को देने के बाद भी कार्रवाई नहीं की गई है। इससे नाराज शिक्षक शुक्रवार को थाने पहुंचे व आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने निष्पक्ष जांच व कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान धर्मपाल सिंह, राजकुमार, लकी चौधरी, सर्वेंद्र सिंह, योगेंद्र सिंह, रविराज सिंह, मूलचंद गिल मनोज सिंह, जसवंत सिंह आदि मौजूद रहे।


गजरौला थाने में मौजूद शिक्षक। ● अमृत विचार

**राय** अभिभावकों ने कहा कि इससे अध्यापक समय से स्कूल आएंगे, शिक्षकों की मनमानी होगी बंद

# ऑनलाइन हाजिरी को अभिभावकों ने बताया सही कदम

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** राज्य सरकार द्वारा शिक्षा विभाग में ऑनलाइन हाजिरी का नियम आठ जुलाई से लागू हो गया है। जिसको लेकर शिक्षक संगठनों द्वारा विरोध भी किया जा रहा है। इस नियम के विरोध में शिक्षक संगठनों द्वारा 10 दिन का विरोध प्रदर्शन का कार्यक्रम भी घोषित कर दिया गया है।

वहीं, इस नियम को लेकर अभिभावकों से वार्ता की तो उन्होंने इसे कदम सही बताया।

हालांकि शिक्षक इन दिनों इन नियम के विरोध में प्रदर्शन कर रहे हैं और काली पट्टी बांधकर विद्यालयों में पढ़ा भी रहे हैं। अभिभावकों के अनुसार ऑनलाइन अटेंडेंस के चलते शिक्षक समय से विद्यालय आएंगे। अभिभावकों का आरोप है कि कुछ शिक्षक स्कूल नहीं आते हैं और न ही बच्चों को पढ़ाते हैं। कई शिक्षक तो अपनी जगह किसी और को स्कूल में पढ़ाने भेजते हैं। इस नियम के चलते वह समय से विद्यालय आएंगे। वहीं, शिक्षक संगठनों के पदाधिकारी का कहना है कि सरकार शिक्षकों की और मांगें तो पूरी नहीं कर रही है, बल्कि उन पर दबाव बना रही है। इस बारे में अभिभावकों एवं शिक्षक संगठन के पदाधिकारियों से वार्ता की गई।


"सरकार द्वारा जो ऑनलाइन अटेंडेंस का नियम बनाया है। यह बहुत सही है। इस नियम के अंतर्गत शिक्षक समय से विद्यालय आएंगे और बच्चों को समय से शिक्षा देंगे। इससे शिक्षक फर्जीवाड़ा नहीं कर सकेंगे। – इंद्र"


"सरकार द्वारा जो यह ऑनलाइन अटेंडेंस का नियम बनाया है। वह कुल मिलाकर सही है, लेकिन इसी के साथ सरकार को शिक्षकों की और भी मांगे माननी चाहिए। विद्यालयों में बच्चों को बेहतर शिक्षा मिलनी ही चाहिए। –संजीव"


"ऑनलाइन अटेंडेंस के नियम से शिक्षक के क्षेत्र में नई क्रांति आएगी और विद्यालय में शिक्षक का कार्य समय से होगा। लेकिन अब शिक्षकों को समय से विद्यालय आना होगा और समय से शिक्षक कार्य शुरू करना होगा। –ललिता देवी"


"ऑनलाइन हाजिरी अनिवार्य करने से पहले सरकार व्यवस्थाओं में सुधार करें और शिक्षक ऑनलाइन हाजिरी का विरोध नहीं कर रहे हैं। जबकि वह जायज मांगों के बारे में उनका कहना है कि ऑनलाइन हाजिरी से पहले बेसिक शिक्षा के सभी विभागों में अधिकारी, कर्मचारी सभी पर ऑनलाइन हाजिरी लागू की जाए उसके साथ-साथ कर्मचारियों को सुविधा दी जाएं। –होमपाल सिंह, अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ हसनपुर ब्लॉक"


"कुछ अध्यापक समय से नहीं आते हैं। जिसके कारण बच्चों के शिक्षण कार्य में देरी होती है। इस नियम से शिक्षक समय से आगे और बच्चों को सही पढ़ाएंगे। इससे शिक्षक शिक्षण में फर्जीवाड़ा नहीं कर पाएंगे। –सर्वेश देवी"


"सरकार शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने में लगी है। ऑनलाइन अटेंडेंस के नियम से भी शिक्षण कार्य में नई क्रांति आएगी और अध्यापक समय से अपने कार्य को अंजाम देंगे। इससे बच्चों का भविष्य बेहतर होगा। –सोनवती"


"ऑनलाइन अटेंडेंस नहीं देंगे। जब तक अध्यापकों की सभी मांगें पूरी नहीं होती हैं। शिक्षकों को प्रताड़ित करने के लिए नित नए आदेश किए जा रहे हैं। जो धरातल पर संभव नहीं है। –रामवीर सिंह, अध्यक्ष उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ गंगेश्वरी"

# बछरायूं बाईपास पर फल मंडी से जाम की समस्या

संवाददाता, मंडी धनौरा

**परेशानी**
- फल मंडी लगने से सुबह स्कूली बच्चों को हो रही दिक्कत
- सड़क पर फल उतारने से लग रही वाहनों की लंबी कतार

**अमृत विचार :** नगर के बछरायूं बाईपास रोड पर फल मंडी लगने से शहर में जाम की समस्या और गंभीर हो गई है। सड़क पर सुबह पांच बजे से 10 बजे तक व्यवसायियों की भीड़ लगी रहती हैं।

चांदपुर-गजरौला स्टेट हाईवे किनारे बछरायूं बाईपास रोड पर फल मंडी से आम लोगों को परेशानी हो रही है। इस मार्ग पर सुबह से देर शाम तक लोगों की आवाजाही लगी रहती है। वर्तमन में यहां सबसे अधिक परेशानी सुबह में स्कूली बच्चों को होती है। फल मंडी लगने के कारण सड़क के बीच में वाहन खड़े करने से जाम की समस्या और बढ़ रही है। वाहनों व फल के बड़े-बड़े क्रेट बीच सड़क पर रखने से वाहनों की कतार लग जाती है। इसके कारण राहगीरों व स्कूली बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पहले कारोबारी सड़क से हट कर मंडी लगाते थे। अब स्थिति ठीक इसके विपरीत हो गयी है। सुबह से ही कारोबारी रोड पर ही वाहनों से फलों के क्रेट उतारने हैं। अब वहीं बिक्री भी होने लगी है। जबकि प्रशासन इस समस्या से पूरी तरह बेखबर बना हुआ है। वहीं, नगर वासियों का कहना है कि बछरायूं बाईपास तिराहे पर जाम न लगे इसके लिए दो पुलिसकर्मी तैनात किए जाएं। जिससे स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

डॉलफिन पैथोलॉजी सेन्टर
मुस्कान नर्सिंग होम के सामने
आशियाना फेस- 1
24 घन्टे
सुविधा उपलब्ध
सभी प्रकार की खून की जाँच
होम डिलीवरी की
सुविधा उपलब्ध
Mob:- 9027586572, 9927994700

Shree Balaji Finances Associates
New And Used Comercial Vehicle Loan
Home Loan | Personal Loan | Education Loan
Business Loan | Mortgage Loan
Our Specialisation- Minimum Document, Interest & Minimum Time period Maximum Loan Amount
We Provided Investor For All Types Of Property Purchase & Sale Deals
All types loan amount 1 lakh to 1 Cr. Provided
Sumit Rahal Mob.- +91 9058612491
Add:- Opp. Crest Hospital, Mora Mustqam, Kanth Road, Moradabad- 244001

प्रो. पंकज कुमार मो. 7505622049
शरद डेयरी एण्ड कनफैक्शनरी
हमारे यहाँ पर दूध, दही, पनीर, मावा, क्रीम, सफल मटर, मक्खन, बर्थडे का सभी सामान, कोल्ड ड्रिंग, पत्तल गिलास, दोने व चम्मच एवं जन्मदिन के केक भी मिलते है।
पता- गजरौला रोड, प्रथमा बैंक के पास सलेमपुर गौसाई, बाजार मार्केट (अमरोहा)

मानेन रक्ष्यते धान्यमश्वान् रक्षत्यनुक्रमः।
अभीक्ष्णदर्शनं गाश्च स्त्रियो रक्ष्याः कुचैलतः॥

अनाज की रक्षा तौल से होती है, घोड़े की रक्षा उसे लोट-पोट कराते रहने से होती है, सतत् देखरेख से गायों की रक्षा होती है और सादा वस्त्रों से स्त्रियों की रक्षा होती है।

## संपादकीय

# ऐतिहासिक फैसला

बीते बुधवार को तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं के लिए गुजारा भत्ता संबंधी में सर्वोच्च न्यायालय का किया गया फैसला ऐतिहासिक और सामाजिक तानेबाने के लिहाज से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। हालांकि पूर्व में भी मुस्लिम महिलाओं के गुजारा भत्ते संबंधी विवादों पर अदालतें सहानुभूति पूर्वक विचार कर चुकी हैं। करीब दो वर्ष पहले इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने फैसला दिया था कि तलाक के बाद महिला को पति से गुजारा भत्ता पाने का पूरा हक है। हाल में आए सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक और सभ्य समाज के सभी लोगों ने स्वागत किया है। न्यायालय ने कहा है कि हर महिला को गुजारा भत्ता पाने का अधिकार है, चाहे वह किसी भी धर्म की हो। गौरतलब है कि अभी तक मुस्लिम पर्सनल कानून के तहत तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं का गुजारा भत्ता तय होता था। शरीअत कानून के मुताबिक इद्दत की अवधि अर्थात तीन महीने की वह अवधि, जिसमें महिला किसी दूसरे के साथ विवाह नहीं कर सकती, तक ही तलाकशुदा महिला को गुजारा भत्ता दिया जा सकता है। हमारे समाज में आज भी अधिकतर महिलाएं विवाह के बाद पति पर निर्भर हैं। किन्हीं स्थितियों में पति उन्हें छोड़ देता है तो उनका भरण-पोषण मुश्किल हो जाता है। साथ ही जिन महिलाओं पर बच्चों को पालने की भी जिम्मेदारी हो उनका जीवन बहुत ही दुष्कर हो जाता है। बहुत सारी तलाकशुदा मुस्लिम औरतें दुबारा शादी नहीं करतीं, इसलिए केवल इद्दत तक गुजारा भत्ता पाने से उनके जीवन की मुश्किलें दूर नहीं हो पातीं। वहीं जो महिलाएं दूसरा विवाह कर भी लेती हैं, जरूरी नहीं कि उससे उनके बच्चों का उचित तरह से पालन-पोषण हो ही जाए। यहां सवाल यह है कि किसी महिला को केवल धर्म के आधार पर दूसरी महिलाओं से अलग क्यों माना जाना चाहिए?

भारत के नागरिक के तौर पर हर महिला को समान अधिकार मिलना चाहिए। इसके अलावा सर्वोच्च न्यायालय ने इस बात पर भी बल दिया कि गुजारा भत्ता न्यूनतम नहीं, बल्कि पर्याप्त मात्रा का होना चाहिए यानी महिला सही से अपना गुजारा कर सके। इसमें कोई दो राय नहीं है कि सुप्रीम कोर्ट ने 1986 कानून की नए सिरे से व्याख्या की है। उसने महिला को केवल महिला के रूप में देखा है और उसकी धार्मिक पृष्ठभूमि पर ध्यान देने की बजाय उसकी जरूरतों को प्राथमिकता दी है। साथ ही अदालत ने तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों का विस्तार किया है कि वह चाहे तो सीआरपीसी की धारा-125 के तहत गुजारा भत्ता ले या 1986 कानून के तहत गुजारा भत्ता ले या दोनों के तहत ही अपने अधिकारों को हासिल कर ले। यह लिंग समता की दृष्टि से सराहनीय और स्वागतयोग्य फैसला है।

# निराधार है आरक्षण समाप्त करने का विमर्श



डॉ. शैलेश सिंह
गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

इसकी भी अपनी एक ऐतिहासिक पृष्ठभूमि है। विलियम हंटर और ज्योतिराव फुले ने 1882 में मूलतः जाति आधारित आरक्षण प्रणाली का विचार प्रस्तुत किया था। आज जो आरक्षण प्रणाली विद्यमान है, वह सही मायनों में 1933 में लागू की गई थी, जब ब्रिटिश प्रधानमंत्री रामसे मैकडोनाल्ड ने 'कम्युनल अवार्ड' प्रस्तुत किया था।

भारत की सदियों पुरानी कर्म आधारित वर्ण व्यवस्था का समापन हुआ और वर्ण व्यवस्था के बदलाव के साथ जो विदेशी आक्रांताओं के भीभत्स नीतियों की वजह से भारतीय संस्कृति में विखंडन के कारण ही भारत में जाति व्यवस्था पनपी वही जाति व्यवस्था देश में आरक्षण प्रणाली की उत्पत्ति के लिए जिम्मेदार है। सरल शब्दों में कहें तो इसका उद्देश्य जनसंख्या के उस वंचित के उत्थान हेतु व समाज में समान स्थिति को पा सकें इसीलिए कुछ वर्गों के लिए सरकारी नौकरियों, शैक्षणिक संस्थानों और यहां तक कि संसद व राज्य विधानमंडलों में सीटों तक पहुंच को सुगम बनाया गया है। इन वर्गों को अपनी जातिगत पहचान की वजह से विदेशी आक्रांताओं और समाज के कुछ कट्टर वर्ग के कारण ऐतिहासिक रूप से अन्याय का सामना करना पड़ा। कोटा आधारित सकारात्मक कार्रवाई के रूप में, आरक्षण को सकारात्मक भेदभाव के रूप में भी देखा जा सकता है। भारत में यह भारतीय संविधान द्वारा समर्थित सरकारी नीतियों द्वारा शासित है।

इसकी भी अपनी एक ऐतिहासिक पृष्ठभूमि है। विलियम हंटर और ज्योतिराव फुले ने 1882 में मूलतः जाति आधारित आरक्षण प्रणाली का विचार प्रस्तुत किया था। आज जो आरक्षण प्रणाली विद्यमान है, वह सही मायनों में 1933 में लागू की गई थी, जब ब्रिटिश प्रधानमंत्री रामसे मैकडोनाल्ड ने 'कम्युनल अवार्ड' प्रस्तुत किया था। इस निर्णय में मुसलमानों, सिखों, भारतीय ईसाइयों, एंग्लो-इंडियन, यूरोपीय लोगों और दलितों के लिए पृथक निर्वाचिका का प्रावधान किया गया। लंबी बातचीत के बाद गांधीजी और अंबेडकर ने 'पूना पैक्ट' पर हस्ताक्षर किए, जिसमें यह निर्णय लिया गया कि एक ही हिंदू निर्वाचन क्षेत्र होगा, जिसमें कुछ आरक्षण होंगे। स्वतंत्रता के बाद शुरू में आरक्षण केवल अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए ही प्रदान किया गया था। मंडल आयोग की सिफारिशों के आधार पर 1991 में ओबीसी को आरक्षण के दायरे में शामिल किया गया था। मंडल आयोग संविधान के अनुच्छेद 340 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रपति ने दिसंबर 1978 में बी.पी. मंडल की अध्यक्षता में पिछड़ा वर्ग आयोग की नियुक्ति की। आयोग का गठन भारत के 'सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों' को परिभाषित करने के मानदंड निर्धारित करने और उन वर्गों की उन्नति के लिए उठाए जाने वाले कदमों की सिफारिश करने के लिए किया गया था। मंडल आयोग ने निष्कर्ष निकाला कि भारत की जनसंख्या में लगभग 52 प्रतिशत ओबीसी हैं, इसलिए 27 प्रतिशत सरकारी नौकरियां उनके लिए आरक्षित की जानी चाहिए। आयोग ने सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक पिछड़ेपन के ग्यारह संकेतक विकसित किए हैं। हिंदुओं में पिछड़े वर्गों की पहचान करने के अलावा, आयोग ने गैर-हिंदुओं (जैसे-मुस्लिम, सिख, ईसाई और बौद्ध) में भी पिछड़े वर्गों की पहचान की है। इसने 3,743 जातियों की अखिल भारतीय अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) सूची तथा 2108 जातियों की अधिक वंचित "दलित पिछड़ा वर्ग" सूची तैयार की है।

> हम कह सकते हैं कि आरक्षण अभी भी समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है, किंतु इसका लाभ जिसको मिलना चाहिए उसको अवश्य मिले, साथ ही इसको ठीक से लागू करने की आवश्यकता है।

1992 के इंद्रा साहनी मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने पिछड़े वर्गों के लिए 27 प्रतिशत कोटा बरकरार रखा, लेकिन उच्च जातियों के आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिए 10 प्रतिशत सरकारी नौकरियों में आरक्षण देने की सरकारी अधिसूचना को रद्द कर दिया। इसी मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने इस सिद्धांत को भी बरकरार रखा कि कुल आरक्षण लाभार्थियों की संख्या भारत की जनसंख्या के 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए। इस निर्णय के माध्यम से 'क्रीमी लेयर' की अवधारणा को भी बल मिला तथा प्रावधान किया गया कि पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण केवल प्रारंभिक नियुक्तियों तक ही सीमित होना चाहिए तथा पदोन्नति तक नहीं बढ़ाया जाना चाहिए। आरक्षण की आवश्यकता क्यों? देश में पिछड़ी जातियों के साथ हो रहे ऐतिहासिक अन्याय को ठीक करना। पिछड़े वर्ग के लिए समान अवसर उपलब्ध कराना, क्योंकि वे उन लोगों के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं कर सकते, जिनके पास सदियों से संसाधनों और साधनों तक पहुंच रही है। राज्य के अधीन सेवाओं में पिछड़े वर्गों का पर्याप्त प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना। पिछड़े वर्गों की उन्नति के लिए योग्यता के आधार पर समानता सुनिश्चित करना अर्थात् योग्यता के आधार पर न्याय करने से पहले सभी लोगों को समान स्तर पर लाया जाना चाहिए।

आरक्षण के विरुद्ध तर्क- राज्य सेवाओं में आरक्षण के कारण सरकारी कर्मचारियों में मतभेद और दुश्मनी पैदा हुई, जिससे कार्यस्थल पर माहौल खराब हुआ। आरक्षण नीति का उद्देश्य जाति को कायम रखना नहीं, बल्कि उसे समाप्त करना था, लेकिन जाति आधारित आरक्षण ने समाज में जाति की धारणा को ही कायम रखा है। आरक्षण की शुरुआत यह सुनिश्चित करने के लिए की गई थी कि ऐतिहासिक रूप से वंचित समुदायों को संसाधनों तक समान पहुंच दी जाए, लेकिन आर्थिक प्रगति के बावजूद वे सामाजिक रूप से वंचित बने हुए हैं। आरक्षण आत्मसम्मान को नष्ट कर देता है, इतना अधिक कि अब सर्वश्रेष्ठ का निर्धारण करने के लिए नहीं, बल्कि सबसे पिछड़े का निर्धारण करने के लिए प्रतिस्पर्धा हो रही है। आरक्षण योग्यतावाद का सबसे बड़ा दुश्मन है, जो कई प्रगतिशील देशों की नींव है। यह वर्गीय निष्ठाओं और आदिम पहचानों का आह्वान करके संकीर्ण राजनीतिक उद्देश्यों को पूरा करने का एक उपकरण बन गया है। पिछड़ी जातियों के भीतर प्रभावशाली और कुलीन वर्ग ने अपने ही लोगों का आरक्षण का लाभ हड़प लिया है और पिछड़ी जातियों के भीतर सबसे अधिक हाशिए पर पड़े लोग हाशिए पर ही बने हुए हैं। आरक्षण समावेशन के बजाय बहिष्कार का तंत्र बन गया है, क्योंकि कई सामान्य एवं सवर्ण जाति के गरीबों को भी भेदभाव और अन्याय का सामना करना पड़ रहा है, जिससे समाज में निराशा पैदा हो रही है। आरक्षण की बढ़ती मांग के पीछे कारण आरक्षण को अब गलत सोच वाली विकास नीतियों के प्रतिकूल प्रभावों के समाधान के रूप में देखा जाने लगा है। हरियाणा, गुजरात और महाराष्ट्र जैसे विकसित राज्यों में उनकी अर्थव्यवस्था अपेक्षाकृत बेहतर होने के बावजूद, तीन बातें लोगों को चिंतित कर रही हैं: तीव्र कृषि संकट, रोजगार वृद्धि में स्थिरता और विकास पथ में विकृतियां। इस पृष्ठभूमि में सरकारों के लिए आरक्षण की बात करना, सुधार करने से कहीं अधिक आसान है। सवर्ण जातियों में आरक्षण की बढ़ती मांग भी विशेषाधिकार खोने के डर और बदलाव से निपटने में असमर्थता से उत्पन्न हो रही है। उच्च जातियों के लोग विशेषकर सरकारी नौकरियों के मामले में वंचित महसूस करने लगे हैं, क्योंकि उन्हें पिछड़े वर्गों के समान लाभ नहीं मिलता। आरक्षण का लाभ वंचित जातियों के बहुसंख्यक वंचित बच्चों को मिलना चाहिए, न कि जातिगत टैग वाले कुछ विशेषाधिकार प्राप्त बच्चों को। उच्च पदस्थ अधिकारी परिवारों, उच्च आय वाले पेशेवरों और एक निश्चित आय से ऊपर के अन्य लोगों को विशेष रूप से सरकारी नौकरियों में आरक्षण का लाभ नहीं मिलना चाहिए। आरक्षण के माध्यम से प्रत्येक समुदाय के जरूरतमंद व्यक्ति की निष्पक्ष एवं व्यावहारिक तरीके से मदद करना संभव एवं आवश्यक है।

आरक्षण की प्रक्रिया से वास्तविक आर्थिक रूप से वंचित व्यक्तियों को छांटकर न्याय के दायरे में लाया जाना चाहिए। जमीनी स्तर पर शिक्षा प्रणाली में क्रांतिकारी बदलाव समय की मांग है। आगे बढ़ने का रास्ता-आरक्षण उचित है, क्योंकि यह समाज के दलित और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के लाभ के लिए उचित सकारात्मक भेदभाव प्रदान करता है, लेकिन जब यह समाज को नुकसान पहुंचाता हो और संकीर्ण राजनीतिक उद्देश्यों के लिए दूसरों की कीमत पर कुछ लोगों को विशेषाधिकार सुनिश्चित करता हो तो इसमें यथाशीघ्र परिवर्तन कर दिया जाना चाहिए। आरक्षण से बाहर रखे गए समुदाय, आरक्षण श्रेणी में शामिल जातियों के प्रति द्वेष और पूर्वाग्रह रखते हैं। जब अधिकतर लोग आगे बढ़ने की बजाय पिछड़ेपन की आकांक्षा रखते हैं तो देश स्वयं स्थिर हो जाता है। पिछड़ों के लिए न्याय, अगड़ों के लिए समानता तथा संपूर्ण व्यवस्था की दक्षता के बीच संतुलन स्थापित करने के लिए दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति अपरिहार्य है। अतः हम कह सकते हैं कि आरक्षण अभी भी समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है, किंतु इसका लाभ जिसको मिलना चाहिए उसको अवश्य मिले, साथ ही इसको ठीक से लागू करने की आवश्यकता है। यह संवैधानिक उपबंध है कोई भी सरकार इसको समाप्त करना तो छोड़िए छेड़ भी नहीं सकती है। आरक्षण समाप्त करने का 'विमर्श' निराधार है।

## प्रसंगवश

# बुद्ध और युद्ध का गले मिलन



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी रूस यात्रा पूरी कर ली। मोदी वहां पहुंचने पर ही रूस ने यूक्रेन के एक अस्पताल पर गोलाबारी की, जिसमें 29 बच्चे मारे गए। घटना की सभी मानवतावादी शक्तियों ने निंदा की। मोदी ने यह मुद्दा रूसी राष्ट्रपति के सम्मुख उठाया भी और आहत दिखे। आगे चलकर आस्ट्रिया में उन्होंने फिर कहा कि 'हमने संसार को बुद्ध दिए, युद्ध नही'। उन्होंने 2022 में यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के बाद भी रूसी राष्ट्रपति पुतिन से कहा था कि 'यह युद्ध का काल नहीं है'। उनकी बात बिल्कुल नहीं मानी गई, रूसी आक्रमण जारी रहे और अब तक दोनों तरफ की कई लाख जाने जा चुकी हैं, जिनमें कुछ भारतीय भी हैं, लेकिन उन्होंने इस दौरे में पुतिन को गले लगाया और यह फोटो बहु प्रचारित हुई तथा आलोचना की विषय बनी।

अमेरिका व पश्चिम ने तो कटुता दिखाई ही, वहां के प्रेस ने भी मोदी को कटघरे में खड़ा किया। चीन के मुखपत्र "ग्लोबल टाइम्स" ने भी चटखारे लिए। फिर भी मोदी न केवल गले मिले, बल्कि उन्होंने रूस का सर्वोच्च सम्मान भी ग्रहण कर लिया, जो चीनी राष्ट्रपति को पहले ही मिल चुका है। अजरबैजान और कजाकिस्तान के राष्ट्र प्रमुख भी इससे पहले ही नवाजे जा चुके हैं। मालूम हो कि हमारे प्रबल शत्रु चीन से रूस की 'असीमित' मित्रता है, ऐसा दोनों राष्ट्र घोषित कर चुके हैं। 1962 में भारत पर चीनी आक्रमण के समय रूस के सरकारी अखबारों ने चीन को 'भाई' और भारत को सिर्फ 'दोस्त' बताया था। यानी चीन के मुकाबले रूस भारत के पक्ष में कभी नहीं खड़ा होगा।

बहरहाल अपने को बुद्ध देने वाला कहकर युद्धप्रेमी पुतिन को गले लगाने पर गोस्वामी तुलसीदास की चौपाई याद आ गई, "दोउ न होइं इक संग भुवालू। हंसब ठठाइ फुलावब गालू"।। क्या अब जब कि रूस भारत की शांति अपील नहीं मान रहा और न सिर्फ युद्ध जारी है, बल्कि नागरिक हत्याएं भी की जा रही हैं, तब भारत संयुक्त राष्ट्र संघ में रूस की पक्षधरता करने की अपनी नीति बदलेगा?

# पहले जीवित कंप्यूटर का सृजन



डॉ. राजीव अग्रवाल
शाहजहांपुर

> इस नए जीवित मस्तिष्क कंप्यूटर का नाम ब्रेनोवेयर है। यह जीवित कंप्यूटर तारों और मानव-मस्तिष्क का संगम होता है, जो प्रयोगशाला में बनाया जाता है और काम करता है।

स्विट्ज़रलैंड के वैज्ञानिकों ने विश्व के पहले जीवित कंप्यूटर का सृजन किया है। यह मानव के मस्तिष्क के ऊतकों से बनाया गया है, लेकिन यह ऊतक मानव के मस्तिष्क से नहीं लिए गए हैं वरन इन्हें प्रयोगशाला में बनाया गया है। इस कंप्यूटर में 16 अंगक हैं। यह अंगक प्रयोगशाला में विकसित की गई मस्तिष्क की कोशिकाओं- अर्थात् न्यूरॉन्स का समूह हैं। मस्तिष्क की कोशिकाओं के यह समूह आपस में सूचनाओं का आदान-प्रदान उसी प्रकार करते हैं जैसे एक कंप्यूटर में कंप्यूटर चिप्स करती हैं। ये न्यूरॉन्स दूसरे न्यूरॉन्स को संदेश भेजते और प्राप्त करते हैं और कंप्यूटर सर्किट्स बनाते हैं।

यह जीवित कंप्यूटर अभी प्रयुक्त होने वाले मशीनी कंप्यूटर के मुकाबले 10 लाख गुना कम ऊर्जा खर्च करता है। इस दुनिया के सबसे अच्छे कंप्यूटरों में से एक-हैवलेट पैकार्ड एंटरप्राइजेज फ्रंटियर का कंप्यूटर-जिस गति से कार्य करता है और जितनी मैमोरी रखता है, नया विकसित जीवित कंप्यूटर उसी गति से काम करता है और उससे 1000 गुना अधिक मेमोरी रखता है। यह केवल 10 से 20 वाट ऊर्जा खर्च करता है, जबकि मशीनी कंप्यूटर 21 मेगावाट अर्थात् 2 करोड़ 10 लाख वाट ऊर्जा खर्च करता है। यह कंप्यूटर फाइनल स्पार्क कंपनी द्वारा विकसित किया गया है। यह कंपनी बायोलॉजिकल न्यूरल नेटवर्क विकसित करने का कार्य करती है। इस कंपनी के सह सीईओ डॉक्टर फ्रेड जॉर्डन ने एक समाचार पत्र को बताया कि ये बातें अभी तक विज्ञान कथाओं में मिलती थीं, जो अब एक सच्चाई है। यह जीवित कंप्यूटर एक कृत्रिम मस्तिष्क ही होता है। इसके अंगक छोटे-छोटे, स्वयं को व्यवस्थित करने की क्षमता रखने वाले, 'टिशू कल्चर्स' होते हैं, जो 'स्टेम सेल्स' से बनाए जाते हैं। स्टेम सेल्स भ्रूण की वह कोशिकाएं होती हैं, जो किसी भी प्रकार की कोशिकाओं में विकसित हो सकती हैं। इन ही से एक भ्रूण के शरीर के सभी अंगों की कोशिकाएं बनती हैं। इन स्टेम सेल्स का चिकित्सा विज्ञान में बहुत महत्व है। इनसे हम विभिन्न प्रकार के अंग बना सकते हैं और उन्हें मनुष्यों में लगा सकते हैं। वैज्ञानिकों ने इन स्टेम सेल्स को लेकर उन्हें लगभग एक महीने तक संवर्धित किया और उन्हें न्यूरॉन्स के रूप में विकसित कर लिया। अभी प्रयोगशाला में बनाए गए ये छोटे-छोटे मस्तिष्क लगभग 10,000 जीवित न्यूरॉन्स से बने हुए हैं। इन अंगकों अर्थात् जीवित कंप्यूटर को डोपामीन दवा की खुराक देकर प्रशिक्षित किया जाता है। जब ये कोई कार्य अच्छी प्रकार से कर लेते हैं तो इन्हें डोपामीन की खुराक दी जाती है। डोपामीन वह हॉरमोन है, जिससे हमारा मस्तिष्क प्रसन्नता का अनुभव करता है। प्रयोगशाला में उन न्यूरॉन्स को डोपामीन देने पर वह खुशी का अनुभव करते हैं और वह यह समझ जाते हैं कि उन्हें यह अच्छा कार्य करने का पारितोषिक दिया गया है। यह वैसा ही है जैसा किसी पशु को प्रशिक्षण देते समय अच्छा कार्य करने पर उसे पारितोषिक के रूप में भोजन दिया जाता है अथवा उसका स्वामी उसे दुलारता है। यह डोपामीन बाहर से नहीं दिया जाता है, बल्कि उस कृत्रिम मस्तिष्क के अंगकों के विशेष भागों पर प्रकाश डाला जाता है। इससे वह न्यूरॉन्स उद्दीपित होकर डोपामीन का स्राव करते हैं। मानव के मस्तिष्क में भी ऐसा ही होता है। कुछ उद्दीपनों और भावनाओं से उद्दीपित होकर मानव का मस्तिष्क डोपामीन अर्थात् हैप्पी हार्मोन स्रावित करता है और मनुष्य अर्थात् मनुष्य का मस्तिष्क प्रसन्नता का अनुभव करता है। इन छोटे-छोटे मस्तिष्कों में से हर मस्तिष्क आठ इलेक्ट्रोड्स से घिरा होता है, जो इन मस्तिष्कों की एक्टिविटी को नापते हैं। इसके न्यूरॉन्स के डेन्ड्राइट्स के परस्पर जोड़ अर्थात् साइनेप्सेज में अंतर आता जाता है। ठीक यही कार्य हमारे मस्तिष्क में भी होता है। हमारे कोई नई बात सीखने अथवा याद रखने में हमारे मस्तिष्क के इन साइनेप्सेज में अंतर आता है। हम इसी विधि से कोई बात याद रखते हैं, कोई बात सीखते हैं। यह क्षमता परंपरागत कंप्यूटर्स में नहीं होती है। इसे 'वेटवेयर' कहते हैं अर्थात् सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर का संगम।

इस नए जीवित मस्तिष्क कंप्यूटर का नाम ब्रेनोवेयर है। यह जीवित कंप्यूटर तारों और मानव-मस्तिष्क का संगम होता है, जो प्रयोगशाला में बनाया जाता है और काम करता है। इससे डाटा भेजे और प्राप्त किए जा सकते हैं, गणनाएं की जा सकती हैं और डाटा को मेमोरी में स्टोर किया जा सकता है। इस जीवित मस्तिष्क कंप्यूटर को एक सूक्ष्म तरल कोष्ठ में रखा जाता है जो कोशिकाओं को जीवित रखने के लिए आदर्श स्थिति प्रदान करता है।

## सोशल फोरम

# बढ़ता दिखावा



तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

अगर कभी ऊपर वाला चींटी समान किसी लघु और कुरूप रूप में हमारे सामने आ जाए और खुद को इस सृष्टि का निर्माता बताए तो हमें सहसा विश्वास नहीं होगा। उससे पहला सवाल तो हमारा यही होगा कि आप इतने छोटे क्यों? इस विशाल सृष्टि के निर्माता को तो विशाल और सुंदर होना चाहिए। ठीक हमारी कल्पना के अनुरूप। दरअसल एक पावरफुल ऊपर वाले की कल्पना हम लघु रूप में कर ही नहीं सकते। हमारी कल्पना का ऊपर वाला विशाल और सुंदर ही होगा। उसके स्टेटस को बनाए रखने के लिए हमें उसकी चीजें भी विशाल और भव्य ही बनानी होंगी। यही वजह है कि ऊपर वाले के निवास स्थान को भव्य और विशाल बनाया जाता है। उससे जुड़ी हर चीज बड़ी-बड़ी और बड़ी, भव्य भव्य और भव्य होनी चाहिए। आम इंसान जब तक चमतकृत न हो तब तक फायदा क्या।

कभी राम नवमी के झंडे और ताजिए को देखिए। इन्हें इतना लंबा ऊंचा बनाने की कोई और वजह होगी। हमारे शहर में रामनवमी के दिन जब जुलूस निकलता है। उस समय दोपहर से रात उस समय तक बिजली कटी रहती है जब तक सभी झंडे पार न हो जाएं।

पिछले दिनों रथ यात्रा के दौरान भगवान बलभद्र की मूर्ति गिर गई, जिससे कई लोग जख्मी हो गए। मुझे नहीं पता कि भगवान बलभद्र की मूर्ति कितनी विशाल और भारी थी, लेकिन ये पता है कि भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के रथों की ऊंचाई लगभग 45 फीट होती है। इतने विशाल रथ देख क्या आपकी भक्ति में इजाफा नहीं होता। धर्म स्थलों की ऊंचाई, खूबसूरती और धार्मिक आयोजनों की भव्यता का आग्रह क्या ऊपर वाले का रहता है? ये निश्चित ही मानव मन की कल्पना है।

आज जिस रूप में हम किसी आयोजन को देख रहे हैं ये जरूरी नहीं कि शुरू से उसका यही स्वरूप रहा हो। समय के साथ इनकी भव्यता और विशालता में इजाफा ही होता है। जिन्हें हम परंपरा कहते हैं, उनमें भी नित परिवर्तन होता रहता है। सवाल है कि सादगी से हम किसी आयोजन को क्यों नहीं कर सकते? हल्ला-गुल्ला शोर-शराबा और दिखावा बढ़ता ही क्यों जा रहा है? **-फेसबुक वॉल से**

# पहली महिला चीफ जस्टिस ने कैसे अवसाद से खुद को बचाया



राज खन्ना
वरिष्ठ पत्रकार

दिल्ली हाईकोर्ट की पहली महिला जस्टिस। हाईकोर्ट में देश की महिला चीफ जस्टिस। शादी के बाद पढ़ाई छूट गई। पति की लंदन तैनाती के दौरान फिर कॉलेज में दाखिला लिया। कानून की डिग्री सर्वोच्च स्थान के साथ हासिल की। पहले कलकत्ता और फिर पटना हाईकोर्ट में वकालत की। बाद में हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट की चीफ जस्टिस के पद से रिटायर हुईं।

रिटायरमेंट के कुछ महीने बाद लीला सेठ खुद को खाली और अकेला महसूस करने लगीं। उनकी रूटीन अस्त-व्यस्त हो गई। सोने-जागने का कोई तय वक्त नहीं रह गया। किसी चीज में कोई दिलचस्पी नहीं रही। वे अवसाद में जाने लगीं। उन्होंने अपने मित्र डॉक्टर के.पी. जैन को समस्या बताई। जैन ने कहा कि 55 वर्षों की व्यस्त दिनचर्या के बाद हुए इस खालीपन से तालमेल बिठाने में कुछ समय लगेगा।

लीला सेठ के मशहूर लेखक पुत्र विक्रम सेठ ने उन्हें कुछ पुस्तकें भेंट करके जोश भरी कहानियां पढ़ने के लिए प्रेरित किया। पढ़ने के साथ लीला सेठ ने अवसाद के कारणों का आकलन शुरू किया। जरूरी लगा कि जिंदगी को पटरी पर लाने के लिए कोई सार्थक काम और रूटीन होना चाहिए। यह पर्यावरण कानून से जुड़ा नौ महीने का "वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर" कोर्स था। फिर उस कोर्स को पढ़ने के लिए 62 की लीला सेठ उन विद्यार्थियों बीच बैठ गईं, जिनकी अधिकतम उम्र 26 थी। यहां तक कि संस्थान के निदेशक की उम्र चालीस थी। साथ बैठे विद्यार्थी और फैकल्टी नहीं समझ पाती थी, कि उनके साथ कैसे पेश आएं? लेकिन लीला जल्द ही उनके बीच घुल-मिल गईं। उनके साथ क्विज और अन्य प्रतियोगिताओं में शामिल होने लगीं। सिर्फ एक दिक्कत थी। साथी सोचते थे कि रिटायर्ड चीफ जस्टिस को सब कुछ आता होगा। अपनी आत्मकथा में उन्होंने लिखा " लेकिन सच यह था कि बाकी विद्यार्थी जवाबों में जितनी गलतियां करते थे, मेरी गलतियां भी उसी के आसपास होती थीं।

इस कोर्स के क्लास अपरान्ह तीन बजे से पांच बजे तक के होते थे। इसके लिए उन्हें नोएडा से दिल्ली के डब्लूडब्लूएफ सेंटर जाना रहता था। लीला सेठ ने कोशिश की कोई क्लास मिस न हो। रोज बिस्तर से उठकर क्या करूं, के निठ्ठलेपन अहसास से उन्हें फुर्सत मिली। रुचि की पढ़ाई और युवाओं के साथ ने जिंदगी में अभी और भी बहुत कुछ करने को बाकी रहने का भरोसा दिया। फील्डवर्क के लिए वे राजस्थान नहीं जा सकी थीं, लेकिन निदेशक डॉक्टर छत्रपति सिंह और अन्य विद्यार्थियों के साथ उड़ीसा के गड़ीमाता तट पर नसीबाला में वह ओलिव रिडली समुद्री कछुओं को बचाने की मुहिम में वे शामिल हुईं। डिप्लोमा कोर्स पूरा करने के बाद डब्लूडब्लूएफ के अध्यक्ष डॉक्टर स्वामीनाथन के प्रस्ताव पर वे इसके बोर्ड ऑफ ट्रस्टी में भी शामिल हुईं। वहां की उपाध्यक्ष भी रहीं। वहां रहते वे पर्यावरण से जुड़े कानूनों के विकास में दिलचस्पी लेती रहीं। जोड़ी सलामत रहे की दुआएं और आशीर्वाद पति -पत्नी के रिश्तों के लिए आम हैं। पर उस मंजर की सोचिए, जब हाईकोर्ट में किसी महिला और पुरुष जज की खंड पीठ किसी मामले की सुनवाई कर रही हो। वे फैसला दें और फिर वहां फैसले से खुश कोई बुजुर्ग महिला दोनों हाथ उठाकर जोर-जोर से उन जजों को "जोड़ी सदा सलामत रहने" का आशीर्वाद दोहराने लगे। लीला सेठ ऐसे ही एक दिलचस्प अनुभव से रूबरू हुई थीं।



जस्टिस लीला सेठ और जस्टिस राजेंद्र सच्चर की खंड पीठ एक क्रिमिनल अपील की सुनवाई कर रही थी। यह अपील निचली अदालत द्वारा हत्या के मामले में एक युवक को आजीवन कारावास की सजा दिए जाने के खिलाफ थी। अपील की सुनवाई और रिकार्ड के परीक्षण के बाद पीठ ने युवक को दोषी सिद्ध किए जाने के पर्याप्त कारण नहीं पाए। आरोप को खारिज करते हुए पीठ ने युवक को दोषमुक्त करते हुए रिहाई के आदेश दे दिए। ग्रामीण पृष्ठभूमि के आरोपी युवक की मां फैसले के समय अदालत में मौजूद थी। उसकी खुशी का ठिकाना नहीं था। उसने दोनों हाथ उठाकर जोर-जोर से जोड़ी (जस्टिस सच्चर और जस्टिस लीला सेठ) के हमेशा सलामत रहने की दुआएं देना शुरू कर दिया। संकोच में पड़े दोनों जज फिक्रमंद थे कि उनके असली जीवन साथी क्या सोचेंगे? लेकिन जोड़ी की सलामती के सवाल पर जस्टिस लीला सेठ को दिल्ली जिमखाना की सदस्यता के सवाल पर इसके उलट अनुभव हुए।

आमतौर पर यह क्लब जजों की नियुक्ति के बाद उन्हें अपना सदस्य बना लेता था, लेकिन लीला सेठ को आवेदन के काफी समय बाद भी कोई उत्तर नहीं प्राप्त हुआ। पूछताछ पर टालमटोल होती रही। जोर देने पर बताया गया कि उनके यहां महिलाओं को सदस्यता देने की व्यवस्था है, लेकिन उससे शर्तें जुड़ी हुई हैं। क्या? केवल वही महिलाएं सदस्य बनाई जाएंगी, जो अविवाहित अथवा तलाकशुदा अथवा विधवा हों। उनसे पूछा गया कि क्या वे इनमें से किसी केटेगरी में आती हैं? उनके मुख से निकला, "ईश्वर की कृपा है। मेरे साथ ऐसा कुछ नहीं है, लेकिन आपका रवैया पूरी तरह से भेदभावपूर्ण है।" कुछ समय बाद उन्हें सूचना दी गई कि उनके पति को सदस्यता दी जा सकती है। लीला सेठ के कहने पर कि यह विचित्र व्यवस्था है, जवाब मिला कि हम नियमों से बंधे हैं और उन्हें बदलने में समय लगेगा।

# ऐसे भी भागते हैं भूत-प्रेत



ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

हाथरस के भोले बाबा प्रकरण के बाद न्यूज चैनलों पर भूत-प्रेत भगाने वाले बाबाओं को दिखाने की होड़ लगी हुई है। एक चैनल पर शनि धाम के एक बाबा के भूत-प्रेत भगाने के तरीकों पर एक रिपोर्टिंग देखकर याद आया कि यह विद्या कभी मुझे भी आती थी। बात 1999 की है जब मैं बिहार के समस्तीपुर जिले का एसपी हुआ करता था। एक दिन हसनपुर थाने के दियारा क्षेत्र के भ्रमण पर निकला था कि एक छोटे से गांव में एक पेड़ के नीचे लोगों की भारी भीड़ देखकर रुक गया। वहां एक अलाव के गिर्द दो युवक विचित्र मुख-मुद्राएं बनाकर पागलों की तरह उछल और चीख-चिल्ला रहे थे और एक बाबा कुछ मंत्र बुदबुदाते हुए हवन पात्र में कुछ डालता जा रहा था। मुझे देखकर बाबा रुका। पूछने पर उसने बताया कि दोनों युवक बुरी प्रेतात्माओं के कब्जे में हैं, जिन्हें भगाने की जुगत हो रही हैं। बाबा ने गर्व से यह भी बताया कि वह अपनी अचूक तंत्र-विद्या से अब तक सैकड़ों लोगों को प्रेत बाधा से मुक्त करवा चुका है। दोनों युवकों की उटपटांग हतकतें पहले की तरह जारी थी। मैंने बाबा को बताया कि भूत भगाने की विद्या में मैं भी पारंगत हूं। बाबा ने मुझे हैरत से देखा। मैंने दोनों युवकों को अपनी किंग साइज हाथों से पांच-दस थप्पड़ मारे। वे दो मिनट भी मेरा वार नहीं झेल सके और एकदम नार्मल होकर हाथ जोड़ दिए। प्रेत-बाधा का नामोनिशान नहीं। बाबा ने सकुचाते हुए कहा-कमाल है सरकार, आपने तो उन खूंखार प्रेतों को सचमुच भगा दिया। मैंने कहा - भगाया नहीं बाबा, बस उन्हें आपके भीतर ट्रांसफर कर दिया है। अब आपका इलाज करूंगा। मैं बाबा की तरफ बढ़ा ही था कि वह झोला-झंटा वहीं छोड़कर भाग खड़ा हुआ।

मैं वहां उपस्थित लोगों को कई तर्कों और उदाहरणों के माध्यम से अंधविश्वास के दुष्प्रभाव और बाबाओं के पाखंड से अवगत कराया। यह भी कहा कि आप में कोई शारीरिक या मानसिक तौर पर बीमार है तो मेरे साथ चलिए, मैं अच्छे अस्पताल में मुफ्त में इलाज करवा दूंगा। मेरे साथ कोई नहीं आया। मेरे लौट आने के बाद मेरे समझाने का उन पर कितना असर हुआ वह एक महीने बाद पता चला जब एक चौकीदार ने बताया कि वही बाबा उसी गांव के लोगों से एक बार फिर गंभीर रोग ठीक करने के नाम पर हजारों रुपये ठगकर फरार हो गया है।

# एसपी ने ताजियों के रूट का किया निरीक्षण

## ताजियों को निर्धारित ऊंचाई का बनाने के दिए निर्देश, नई परंपरा शुरू न हो

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक ने थाना नौगांवा सादात क्षेत्र में भ्रमण कर ताजियों के जुलूस मार्गों का निरीक्षण किया। इस दौरान 10 मुहर्रम को निकलने वाले ताजियों को लेकर संभ्रांत व्यक्तियों से वार्ता की व व्यवस्थाओं का जायजा लेकर निर्देश दिए।

शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने अधीनस्थों के साथ नौगांवा में जूलुस मार्गों का निरीक्षण किया। इस दौरान तैनात पुलिस बल को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सुरक्षा को लेकर किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। किसी भी नई परंपरा की शुरूआत न की जाए। ताजियों की ऊंचाई को लेकर निर्देश दिए। कहा कि निर्धारित मार्ग से ही जुलूस निकाला जाए। मुहर्रम व त्योहारों को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की गई। कहा कि पर्याप्त संख्या में पुलिस बल व सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना नौगांवा सादात आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे।


ताजियों के जुलूस के मार्ग का निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह व साथ में अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

**वहीं,** मंडी धनौरा में शुक्रवार को थाना परिसर में पुलिस क्षेत्राधिकारी श्वेताभ भास्कर की अध्यक्षता में कांवड़ यात्रा में शिविर लगाने वाले व्यक्तियों के साथ बैठक की गई। इसमें शिविर संचालक व ग्रामीण शामिल रहे। बैठक में पुलिस क्षेत्राधिकारी श्वेताभ भास्कर ने कहा कि सभी त्योहार आपसी भाईचारे के साथ मनाएं। कोई नई परंपरा न शुरू की जाए। पुरानी जगह पर शिविर लगाएं जाएं। जिससे कांवड़ यात्रा निकालने के दौरान कांवड़ियों को परेशानी का सामना न करना पड़े। वहीं, पुलिस क्षेत्राधिकारी ने कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि मुख्य स्थलों पर विशेष सतर्कता रहे। क्षेत्र में किसी भी नए शिविर को अनुमति नहीं दी जाएगी और शिविर में सभी आपातकालीन फोन नंबरों की सूची चस्पा की जाएगी। इस अवसर पर थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार, क्राइम इंस्पेक्टर दिनेश शर्मा, नगर चौकी प्रभारी सुभाष चौहान, एसआई पवन कुमार सहित शहर के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## रोजगार मेले में 45 अभ्यर्थियों का चयन

**अमरोहा, अमृत विचार :** जोया ब्लाक के गांव नारंगपुर में स्थित आईटीआई परिसर में लगे रोजगार मेले में 45 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। जिसमें हरियाणा के फरीदाबाद की निजी कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। साक्षात्कार के आधार पर अभ्यर्थियों का चयन किया ।

जिला सेवा योजन कार्यालय के कनिष्ठ लिपिक रामजी मिश्रा ने बताया कि शुक्रवार को जोया ब्लॉक के गांव नारंगपुर में स्थित आईटीआई परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में 120 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। जबकि 400 से अधिक अभ्यर्थियों को मेले की जानकारी दी गई थी। वहीं, मेले में हरियाणा के फरीदाबाद के निजी कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। निजी कंपनियों के प्रतिनिधियों ने अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया। इसमें से 45 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। मेले में हाईस्कूल, इंटर और आईटीआई करने वाले अभ्यर्थियों ने ही भाग लिया था। लिपिक ने बताया कि निजी कंपनियों में चयन होने के बाद अभ्यर्थियों में खुशी है।

## एक नजर

### नाबालिग को फुसलाकर ले गया युवक, रिपोर्ट

**डिडौली, अमृत विचार :** युवक पड़ोस के गांव की नाबालिग को बहलाकर अपने साथ ले गया। किशोरी के पिता ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपी युवक पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव का है। यहां के निवासी किसान का आरोप है कि पड़ोस के गांव का युवक उसकी नाबालिग पुत्री को फुसलाकर कर ले गया है। पीड़ित ने अपनी पुत्री को सभी स्थानों पर तलाश किया लेकिन वह नहीं मिली। आरोप लगाया कि उसकी पुत्री को पड़ोस के गांव का युवक शादी के उद्देश्य से ले गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी युवक पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### पीएमश्री विद्यालयों की समीक्षा, सुधार के निर्देश

**अमरोहा, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. मोनिका ने जिले के पीएमश्री विद्यालयों की समीक्षा की और प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिए कि विद्यालय में बाल वाटिकाओं और अतिरिक्त कक्ष का निर्माण जल्द पूरा कराया जाए। शुक्रवार को बीएसए डॉ. मोनिका ने समीक्षा बैठक के दौरान प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिए कि वह खेल सामग्री को भी जल्द खरीदें। विद्यालय में नामांकन, सफाई, डीबीटी, दिव्यांगों को एस्कॉर्ट एवं धनराशि दिलाने के लिए अनुशासन, स्मार्ट क्लास संचालन पर विशेष जोर दिया जाए। कहा कि इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने कहा कि निर्देशों का पूरी जिम्मेदारी के साथ पालन किया जाए।

### किशोरी के अपहरण में आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज

**गजरौला, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव निवासी युवक ने गांव निवासी किशोरी का बहला फुसलाकर अपहरण कर लिया था। बताया जाता है कि आरोपी युवक किशोरी को 10 जुलाई को अपने साथ ले गया था। कुछ ग्रामीणों ने आरोपी को बाइक पर किशोरी के साथ जाते हुए भी देखा। इसके बाद से किशोरी का कुछ पता नहीं चल सका है। किशोरी के पिता ने घटना की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में आरोपी केशव पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### महिला को पीटकर घर से निकाला, रिपोर्ट दर्ज

**डिडौली, अमृत विचार :** डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी किसान ने बेटी की शादी रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवक से की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले पीड़िता को दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे थे। ससुराल के लोगों ने 26 मई को महिला को मारपीट कर घर से निकाल दिया। उसके बाद से वह अपने मायके में रह रही है। पीड़िता ने देवर पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि पति सहित आठ लोगों पर मामला दर्ज किया गया है।

### दुल्हन के पिता को पुलिस ने दो घंटे थाने में बैठाया

**रहरा, अमृत विचार :** थाना रहरा क्षेत्र के गुरुवार को संभल के गांव सकरपुर से बारात आई थी। चढ़त के दौरान दुल्हन के पिता एवं भाई में किसी बात को लेकर कहां सुनी हो गई थी। बात इतनी बढ़ी कि पिता-पुत्र में मारपीट की नौबत आ गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दुल्हन के पिता को थाने ले आई। उधर, दुल्हन मंडप में पहुंच गई और कन्यादान का इंतजार करने लगी। लेकिन पिता के थाने में बंद होने के कारण मौके पर नहीं था। बाद में गांव के व्यक्तियों ने थाने जाकर मामला शांत कराया। जब दुल्हन के पिता गांव पहुंचे और कन्यादान किया।


वृद्ध आश्रम में जन्मदिन मनाते प्रजापति समाज के लोग। ● अमृत विचार

# वृद्ध आश्रम में होमगार्ड मंत्री का जन्मदिन मनाया

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** प्रजापति समाज ने होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा मंत्री धर्मवीर प्रजापति का 61वां जन्मदिन मनाया। समाज के लोगों ने वृद्ध आश्रम में केक काटा एवं भोजन कराया।

शुक्रवार को होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा मंत्री धर्मवीर प्रजापति का 61वां जन्मदिन था। प्रजापति समाज के लोगों ने डोमखेड़ा में स्थित बाबा घनश्याम दास वृद्ध आश्रम में केक काटकर उनका जन्मदिन मनाया। वृद्ध आश्रम में रह रहे बुजुर्गों को फल वितरण के साथ भोजन भी कराया। उसके पश्चात पौधरोपण किया। इस मौके पर भरत लाल, सोनिया, डॉ.धर्मेंद्र सिंह प्रजापति, केशव राव, महेंद्र सिंह प्रजापति, पंकज चौहान, श्याम प्रजापति, राजकुमार, रोहित, संजय, मुरारी लाल, मोहन सिंह, सुखपाल सिंह, राम खिलाड़ी मौजूद रहे।

# पूर्व एमएलसी ने किया सड़क का शिलान्यास

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री महबूब अली द्वारा प्रस्तावित आजाद बाईपास से कांकर सराय, पूरनपुर, डिडौली मार्ग के निर्माण कार्य का पूर्व एमएलसी परवेज अली ने फीता काटकर शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस सड़क निर्माण से लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।


फीता काटकर सड़क का शिलान्यास करते पूर्व एमएलसी परवेज अली।

सदर विधायक महबूब अली द्वारा आजाद नगर बाईपास से कांकरसराय, पूरनपुर, डिडौली मार्ग का प्रस्ताव किया गया था। यह मार्ग पिछले काफी समय से खस्ताहाल है। लेकिन इस मार्ग का निर्माण नहीं हो पा रहा था। जिस कारण क्षेत्र के लोगों को डिडौली जाने के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। लोगों की परेशानी को देखते हुए सदर विधायक ने इस मार्ग के निर्माण के लिए प्रस्ताव दिया था। महबूब अली के प्रस्ताव पर अब इस सड़क का निर्माण किया जा रहा है। शुक्रवार को पूर्व एमएलसी परवेज अली ने फीता काटकर निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। पूर्व एमएलसी परवेज अली ने कहा कि मार्ग का निर्माण कार्य पूरा होने पर लोगों को डिडौली जाने में आसानी होगी।

● **सालों से जर्जर है यह मार्ग, बनने पर डिडौली जाने में होगी आसानी**

उन्होंने कहा कि नगर के विकास के लिए सड़कों का सही होना अति आवश्यक है। सदर विधायक महबूब अली लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार काम कर रहे हैं। इस मौके पर पूर्व एमएलसी, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी, जुबेर सैफी, अतीक अहमद, आदि मौजूद रहे।

## निजी अस्पताल में वृद्ध की मौत, परिजनों का हंगामा

**अमरोहा, अमृत विचार :** निजी अस्पताल में उपचार के दौरान वृद्ध की मौत हो गई। परिजनों ने चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया।

मामला थाना अमरोहा देहात क्षेत्र के जोया रोड स्थित न्यू अपोलो हॉस्पिटल का है। कैलसा बाईपास रोड नसीम 70 वर्ष का परिवार रहता है। गुरुवार शाम नसीम को पथरी का दर्द होने की शिकायत पर उन्हें जोया रोड स्थित न्यू अपोलो हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। परिजनों का आरोप है कि चिकित्सक ने ऑपरेशन के लिए कहा था। देर रात तक नसीम को होश नहीं आया तो परिजनों ने चिकित्सक से पूछा तो नसीम को दूसरे अस्पताल में रेफर कर दिया गया। दूसरे अस्पताल में चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजनों ने न्यू अपोलो हॉस्पिटल पर पहुंचकर हंगामा किया। सीएमओ डॉ. सतपाल सिंह ने बताया कि मामले में जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# अमरोहा-अतरासी रोड के नहीं भरे गए गड्ढे

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** कांवड़ियों को इस बार अमरोहा से अतरासी तक सड़क के गड्ढों व जलभराव से होकर गुजरना पड़ेगा। जिलाधिकारी के आदेश के बाद भी सड़कों के गड्ढे नहीं भरे गए हैं। यहां नौ किलोमीटर के दायरे सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे हैं। कांवड़ यात्रा के बावजूद इस मार्ग की अधिकारी अनदेखी कर रहे हैं।

कांवड़ यात्रा के दौरान कई जिलों के श्रद्धालु हरिद्वार से जल लेकर अमरोहा से पैदल गुजरेंगे। कांवड़िये हरिद्वार से बिजनौर होते हुए नौगांवा रोड से पैदल कांवड़ में गंगाजल लेकर अमरोहा से गुजरते हुए गंतव्य की ओर जाते हैं। इस दौरान अतरासी रोड से भी कांवड़िये गुजरते हैं। इन दिनों अमरोहा से अतरासी मार्ग गड्ढों में तब्दील है। यहां नौ किलोमीटर के दायरे में सड़क में गहरे गड्ढे हैं। कांवड़िये यहां से होकर बिजनौर जिले से होते हुए हरिद्वार जाते हैं।


अतरासी रोड पर उखड़ी पड़ी सड़क व बने गड्ढे। ● अमृत विचार

> कांवड़ यात्रा मार्ग पर पड़ने वाली सड़कों को दुरुस्त कराया जा रहा है। सड़कों की मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया गया है। बिजनौर रोड को सही किया जा रहा है। अतरासी रोड पर मरम्मत कराई जाएगी।
>
> –मनोज कुमार, अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग

इस मार्ग की हालत बेहद खस्ता है। अतरासी कलां में सड़क पर जलभराव के कारण लोगों को दिक्कतें हो रही हैं। गांव पपसरा, कूबी, सूदनपुर में भी सड़क पर गहरे-गहरे गड्ढे हैं। यहां आएदिन हादसे होते रहते हैं, पर कोई इस पर ध्यान नहीं दे रहा है। श्रावण मास में कांवड़ियों को इस मार्ग से गुजरने में कठिनाई होगी। जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग को गड्ढ़े भरने को कहा था। लेकिन गड्ढे अभी भी नहीं भरवाए गए हैं।

## गैंगस्टर एक्ट के दोषी को चार साल की सजा

**अमरोहा, अमृत विचार :** अदालत ने गैंगस्टर एक्ट में दोषी को चार साल की सजा सुनाई। साथ ही उस पर 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

30 मई 2009 को थाना बछरायूं के तत्कालीन एसओ जितेंद्र कुमार ने गांव चौहड़पुर निवासी चंद्रपाल के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मामल दर्ज कराया था। चंद्रपाल आपराधिक वारदातों को अंजाम देने वाले गैंग का लीडर था। बाद में पुलिस ने आरोपी चंद्रपाल को गिरफ्तार कर चालान कर दिया था। फिलहाल, गैंगस्टर एक्ट का आरोपी चंद्रपाल जमानत पर था। केस की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश त्वरित द्वितीय की कोर्ट में चल रही थी। अभियोजन पक्ष की ओर से वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी रामध्यान ने मजबूत पैरवी की। शुक्रवार को कोर्ट में केस की आखिरी सुनवाई हुई। कोर्ट ने चंद्रपाल को दोषी करार दिया। चार साल की जेल व 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा भी सुनाई।

## सार संक्षेप

### पौधरोपण से सुरक्षित रहेगा पर्यावरण

**रहरा, अमृत विचार :** गंगेश्वरी में स्थित ग्रामोदय इंटर कॉलेज में पौधरोपण किया गया। इस दौरान विद्यालय स्टाफ ने तमाम फलदार और छायादार प्रजाति के पौधे लगाए। इसके साथ ही उन्होंने पौधों का महत्व भी बताया। आमजन से भी पौधे लगाने की अपील की। कॉलेज के प्रभारी प्रधानाचार्य अरुण कुमार शर्मा ने बताया कि विद्यालय परिसर में हरितिमा अमृत वन महोत्सव के तहत पौधरोपण अभियान को गति दी गई। विद्यालय परिसर में फलदार और छायादार प्रजाति के पौधे लगाए गए। पौधरोपण को लेकर छात्र-छात्राओं को भी जागरूक किया।


ग्रामोदय इंटर कॉलेज गंगेश्वरी में पौधरोपण करते छात्र एवं शिक्षक।

### गलियों में ई-रिक्शा से कूड़ा उठवा रही पालिका

**हसनपुर, अमृत विचार :** गलियों में नगर पालिका द्वारा ई-रिक्शाओं से कूड़ा उठाया जा रहा है। नगर क्षेत्र में कई गलियों में कूड़ा उठाने के लिए बड़े वाहन नहीं जा पाते थे। जिसके बाद अब पालिका द्वारा ई रिक्शा से कूड़ा उठवाया जा रहा है। शुक्रवार को ई-रिक्शा से छोटी गलियों में कूड़ा उठाया गया। उप्र उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष मनोज गोयल ने बताया कि पालिका इससे नगर साफ सुथरा रहेगा। पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने बताया कि अभी छह ई-रिक्शा कूड़ा गाड़ी बनवाई हैं।


गलियों में कूड़ा एकत्र करतीं ई-रिक्शा। ● अमृत विचार

### हाईवे पर चेकिंग अभियान में छह बसें सीज कीं

**गजरौला, अमृत विचार :** बुधवार को उन्नाव में सड़क हादसे में 18 लोगों की मौत हो गई थी। जिसके बाद पुलिस डग्गामार वाहनों पर कार्रवाई कर रही है। शुक्रवार शाम एआरटीओ महेश कुमार ने चौपला चौकी के इंचार्ज प्रवीण कुमार के साथ मिलकर गजरौला में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान एआरटीओ ने छह बसों को सीज किया। एआरटीओ ने बताया कि डग्गामार वाहनों से सवा दो लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया है। वहीं डग्गामार बसों में सवार यात्रियों को पुलिस ने सुरक्षित निगम की बसों से रवाना किया गया।

### संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत दवा काउंटर शुरू

**हसनपुर, अमृत विचार :** सीएचसी में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के तहत काउंटर शुरु किया गया है। यहां संचारी रोगों से संबंधित दवाएं मिलेंगी। शुक्रवार को काउंटर का आरंभ सीएचसी प्रभारी डॉ. धुर्वेद्र सिंह ने किया। डॉ. धुर्वेद्र सिंह ने बताया कि काउंटर पर संचारी रोग से संबंधित दवाएं मिलेंगी और स्वास्थ्यकर्मी इस बारे में लोगों को जागरूक भी करेगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस मौके पर दवाओं का भी वितरण किया गया।


दवा वितरण करते सीएचसी प्रभारी डॉ. धुर्वेद्र सिंह। ● अमृत विचार

### कुत्तों के हमले में घायलों ने लगवाई एआरवी

**हसनपुर, अमृत विचार :** गुरुवार को बच्चे सहित छह लोगों को कुत्तों ने काट लिया था। शुक्रवार को घायलों ने सीएचसी में एंटी रैबीज का इंजेक्शन लगवाएं। जिसमें कनेटा की मैढ़िया गांव में निशांत (4) पुत्र मणिपाल, गांव मैढिया दिव्यांशु (12) पुत्र बच्चन, ग्राम मुबारकपुर कलां निवासी कालीचरन पुत्र बदिया उम्र 56 वर्ष एवं हसनपुर निवासी नसीम पत्नी इकबाल उम्र 40 वर्ष, सरोज पुत्र कालू उम्र 50 वर्ष वीर सिंह पुत्र प्रीतम उमर 75 वर्ष को काटकर कुत्तों ने घायल कर दिया। घायलों ने सीएचसी पहुंचकर एंटी रेबीज इंजेक्शन लगाया। सीएचसी प्रभारी डॉ. धुर्वेद्र सिंह ने बताया कि कुत्तों एवं बंदरों के हमले में घायल लोगों को एंटी रेबीज के इंजेक्शन लगाए गए।

### न्यायालय में विद्युत विभाग के टीजी-2 सहित दो तलब

**अमरोहा, अमृत विचार :** आरटीआई एसोसिएशन ऑफ इंडिया के नगर अध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता विनोद कुमार मौर्य के परिवाद पर न्यायालय ने विद्युत विभाग के टीजी-2 प्रवीण कुमार सहित एक अन्य को गाली गलौज करने एवं जान से मारने की धमकी के अपराध में विचारण हेतु तलब किया है। बताया जाता है कि भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता विनोद कुमार मौर्य पांच दिसंबर को शहर के बड़ा बाजार से जा रहे थे। तभी उन्हें रास्ते में विद्युत विभाग के टीजी 2 प्रवीण कुमार एवं राजा सिद्दीकी ने घेर लिया और उन्हें गालियां देकर जान से मारने की धमकी दी और कहा कि हमारे विरुद्ध पुलिस में और विभाग में शिकायत की है। उसे वापस लो और एक लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई । परिवादी विनोद कुमार मौर्य ने न्यायालय के समक्ष दिए अपने बयान में कहा कि प्रवीण कुमार जो विद्युत विभाग में कर्मचारी है। जिसकी शिकायत उनके द्वारा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से की गई थी। इस पर उसका ट्रांसफर हो गया। तभी से वह उनसे रंजिश रखने लगा है और उनके विरुद्ध षड्यंत्र रचता रहा है। विनोद कुमार मौर्य ने अधिवक्ता चंद्रगुप्त मौर्य के माध्यम से न्यायालय में गुहार लगाई थी। मामले में जेएम प्रथम सुप्रिया शर्मा ने प्रवीण कुमार एवं राजा सिद्दीकी को तलब किया है ।

**आयोजन** वन महोत्सव के तहत विधायक ने किया पौधरोपण

# पौधरोपण से संतुलित रहेगा पर्यावरण

संवाददाता, रहरा

**अमृत विचार :** शुक्रवार को आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव खरपड़ी के जंगल में वन महोत्सव के अंतर्गत विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने पौधरोपण किया।

हसनपुर विधानसभा में 14 लाख 35 हजार पौधों का लगाने का लक्ष्य है। विधायक ने कहा कि इस अभियान में सभी को सहयोग करना है। पौधरोपण से ही पर्यावरण संतुलन बना रहेगा। इस दौरान क्षेत्र पंचायत सदस्य देवेंद्र सिंह खड़गवंशी, ग्राम पंचायत अधिकारी विदित यादव, मंडल महामंत्री राजू राणा, एसडीओ अमरोहा विमल कुमार भारद्वाज, डिप्टी रेंजर सुमित राठी डिप्टी रेंजर राजवीर सिंह अन्य रहे।

**गोवंशों के बैठने के लिए बने खड़ंजा : मुबारिजपुर/रहरा :** विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने ब्लॉक गंगेश्वरी क्षेत्र की वृहद नंदी विहार गोशाला गुरैठा खादर का निरीक्षण किया। उन्होंने बारिश के चलते पशुओं के नीचे बैठने के स्थान पर हो रहे खड़ंजा के निर्माण कार्य की जानकारी ली। विधायक ने कहा कि बारिश के चलते पशुओं को परेशानी का सामना न करना पड़े एवं पशुओं के चारा, पानी एवं उनकी ठीक समय से देखभाल हो। विधायक ने मुख्य विकास अधिकारी को सभी टिन शेड के नीचे जल्द से जल्द खड़ंजे के निर्माण के निर्देश दिए। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष मयंक अग्रवाल, भाजपा नेता देवेंद्र सिंह खड़गवंशी, राजू राणा आदि उपस्थित रहे।


खरपड़ी के जंगल में पौधरोपण करते विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी।

# कीचड़ व जलभराव से ग्रामीण परेशान

संवाददाता, रहरा

**अमृत विचार :** विकास खंड गंगेश्वरी क्षेत्र के गांव निरावली खादर में मुख्य मार्ग पर जलभराव होने से कई गांव के लोगों में आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि कई सालों से यह समस्या बनी हुई है। जलनिकासी की व्यवस्था न होने पर घरों का गंदा पानी एवं बारिश का पानी मुख्य मार्ग पर भर जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि काफी समय से यहां पर जलभराव हो रहा है और यहां का पानी कभी भी खत्म नहीं होता। इससे राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां बाइक, कार आदि वाहनों को निकालने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार राहगीर यहां पानी में गिर चुके हैं। यहां हमेशा हादसे की आशंका रहती हैं। लालापुर, छपना, ताजपुर, उझारी, ढबारसी आदि गांवों को जाने वाले राहगीर भी इसी रास्ते से होकर गुजरते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि इस समस्या की कई बार खंड विकास अधिकारी एवं सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) राजेंद्र सिंह से कर चुके हैं। लेकिन शिकायत के बावजूद भी कोई समस्या का समाधान नहीं हुआ है। इस मामले में सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) राजेंद्र सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मार्ग के खराब होने की जानकारी है। अब इस मार्ग को सही कराया जाएगा। वीर सिंह, कलुआ, रामनिवास, रामरतन, विक्रम सिंह, राधे सिंह, जसवंत सिंह, सीताराम, सुनील आदि ने इस मार्ग को ठीक कराने की मांग की।


निरावली खादर में सड़क पर जलभराव। ● अमृत विचार

● **आधा दर्जन गांवों के राहगीरों को हो रही है परेशानी**

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
● बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
● एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
● मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
● मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
● बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
● एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202)
श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404)
डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

## एक नजर

### बरेली कॉलेज में जल्द शुरू होंगी कक्षाएं

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में स्नातक द्वितीय, तृतीय और परास्नातक द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं की कक्षाएं जल्द शुरू हो जाएंगी। चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे ने बताया कि सोमवार को सभी विभागाध्यक्षों की बैठक की जाएगी। इसके बाद कक्षाओं का शेड्यूल तैयार किया जाएगा।

### ड्यूटी से गायब रहने वाले दो डॉक्टरों पर कार्रवाई

**बरेली, अमृत विचार :** जिले के दो डॉक्टरों पर शासन स्तर से कार्रवाई की गई है। इनमें एक भोजीपुरा सीएचसी में तैनात महिला डॉक्टर भी हैं जो चार साल तक बिना सूचना के ड्यूटी से गायब रहीं हैं। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक के आदेश पर प्रदेश स्तर पर कई डॉक्टरों पर कार्रवाई की गई है, जिसमें बरेली के डॉक्टर भी शामिल हैं। बताया जा रहा है कि महिला डॉक्टर को बर्खास्त किया गया है, हालांकि अभी इसका पत्र जिले के अधिकारियों के पास नहीं पहुंचा है। डॉ. रुबी की तैनाती वर्ष 2019 में हुई थी लेकिन वह 7 अगस्त 2020 से बिना सूचना के गायब हैं।

# महिला सिपाही से छेड़खानी, विरोध पर पीटा, कार से कुचलने की कोशिश

## मोहर्रम के जुलूस में कर रही थी ड्यूटी, दरोगा की ओर से रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** पुलिस की ओर से एक महिला सिपाही से छेड़खानी की रिपोर्ट थाना प्रेमनगर में दर्ज कराई गई है। आरोप है कि कोहाड़ापीर इलाके में मोहर्रम के जुलूस में ड्यूटी कर रही सिपाही से दो युवकों ने छेड़खानी के बाद विरोध करने पर मारपीट कर उसे कार से भी कुचलने की कोशिश की। पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है। फरार हुआ दूसरा आरोपी सेना का जवान बताया जा रहा है।

थाना प्रेमनगर में सब इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार की ओर से इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। एफआईआर के अनुसार 11 जुलाई की रात मोहर्रम के जुलूस में पीड़ित महिला सिपाही की ड्यूटी लगी थी। इसी बीच कार लेकर पहुंचे दो युवकों ने उसे देखकर अश्लील इशारे शुरू कर दिए, अपशब्द भी कहे। महिला सिपाही ने इसका विरोध किया तो दोनों युवकों ने उसके साथ मारपीट कर दी। सिपाही की कोहनी और घुटनों में चोट लगी है। भागते हुए आरोपियों ने उसे अपनी कार से कुचलने की भी कोशिश की।

पुलिस ने सनी नाम के एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है जो सुभाषनगर के करगैना इलाके की विश्वनाथपुरम कॉलोनी का रहने वाला है। पूछताछ में उसने बताया कि उसके साथ करगैना का ही राहुल सिंह था, जो अब जैतरा (एटा) के खबा जैतरा में रह रहा है। वह सेना में है और उसकी तैनाती जमशेदपुर में है। पुलिस राहुल को तलाश कर रही है। इंस्पेक्टर प्रेमनगर आशुतोष रघुवंशी ने बताया कि पकड़े गए आरोपी से पूछताछ करने के साथ फरार फौजी को भी तलाश किया जा रहा है।

> कोहाड़ापीर पेट्रोल पंप के पास पूछताछ के दौरान कुछ विवाद हुआ था। बाद में पता चला कि पुलिस कर्मी के साथ छेड़छाड़ की गई है। रिपोर्ट दर्ज कर एक आरोपी को हिरासत में लिया गया है। पुलिस जांच कर रही है।
>
> – पंकज कुमार, सीओ प्रथम

### समझौते के बाद एसएसपी की सख्ती पर रिपोर्ट

प्रेमनगर पुलिस ने पहले इस मामले में दोनों पक्षों में लिखित समझौता करा दिया और इसके बाद उस पर हस्ताक्षर कराकर दोनों आरोपियों को छोड़ दिया। लेकिन बाद में जब इसकी जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य को हुई तो उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराकर आरोपियों को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया। इसके बाद प्रेमनगर पुलिस के हाथ पांव फूल गए। उसने फौरन सनी को थाने बुलाकर हिरासत में ले लिया। अब राहुल की तलाश की जा रही है।

## गैंगस्टर के आरोपियों की 26 लाख की संपत्ति कुर्क

**बिल्सी,(बदायूं) अमृत विचार :** कोतवाली बिल्सी और थाना मुजरिया पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के दो आरोपियों के खिलाफ संपत्ति जब्तीकरण की कार्रवाई की है। पुलिस ने गांव जाकर मुनादी कराई और दोनों की 26 लाख 2 हजार रुपये की संपत्ति कुर्क की। बिल्सी कोतवाली क्षेत्र के गांव सिरातौल पट्टी कुंवरशाह निवासी गुड्डू पुत्र फिरासत शाह और थाना मुजरिया क्षेत्र के गांव भीकमपुर निवासी शानू पुत्र अनवार शातिर किस्म के हैं। गुड्डू पर षड्यंत्र, आर्म्स एक्ट, गैंगस्टर और शानू पर भी षड्यंत्र, गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो चुकी है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ गैंगचार्ट तैयार किया था। अनुमोदन के लिए डीएम के पास भेजा। डीएम से अनुमोदन के बाद पुलिस ने शुक्रवार को गुड्डू की 22 लाख 17 हजार की संपत्ति और 12 हजार रुपये की बाइक के अलावा थाना मुजरिया पुलिस ने शानू की गांव की 3 लाख 73 हजार रुपये की संपत्ति कुर्क की।

## अनियंत्रित होकर बहला नदी में गिरा डंपर

**काशीपुर, अमृत विचार :** काशीपुर की बाजपुर रोड स्थित बहला नदी में अचानक डंपर अनियंत्रित होकर नदी में जा गिरा। लोगों ने चालक को बमुश्किल डंपर से सुरक्षित बाहर निकाला। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने चालक को मुरादाबाद रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी। काशीपुर निवासी डंपर मालिक शेरखान के मुताबिक उनका चालक बाजपुर के कनौरा निवासी युवराज पाल देर रात काशीपुर से कुंडेश्वरी स्थित स्टोन क्रशर जा रहा था। तभी आईटीआई थाना क्षेत्र में बाजपुर रोड पर ग्राम हिम्मतपुर के समीप बहला नदी पुल से थोड़ा पहले सामने से ओवरटेक कर आ रहे कैंटर को बचाने के प्रयास में नदी में गिर गया। हादसे में डंपर चालक युवराज पाल ने बड़ी मुश्किल से डंपर से निकल कर जान बचाई। एसआई प्रकाश सिंह बिष्ट ने बताया कि सूचना पर पहुंची टीम ने ड्राइवर को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। शुक्रवार दोपहर बाद दो क्रेन की मदद से डंपर को बाहर निकलवाया गया।


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, मिलक जनपद-रामपुर

पत्रांकः- 773/क्षेत्र पं०/निविदा-टेन्डर/2024-25 दिनांक-12.07.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल उ०प्र० की ओर से खण्ड विकास अधिकारी मिलक रामपुर द्वारा अर्ह प्रतिष्ठित विकास खण्ड मिलक में पजींकृत ठेकेदारों से पंचम राज्य वित्त / 15वाँ वित्त (केन्द्रीय वित्त) से क्षेत्र पंचायत मिलक के अन्तर्गत निर्माण कराये जाने वाले निम्नलिखित कार्यों हेतु प्रतिशत दर पर / टेण्डर (निविदा) टैक्नीकल / फाइनेनशियल विड दिनांक 24.07.2024 से 27.07.2024 अपरान्ह 2:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 27.07.2024 अपरान्ह 3:00 बजे विकास खण्ड मिलक में अधोहस्ताक्षरी / गठित समिति एवं निविदाताओं व उनके प्रतिनिधियों के समक्ष कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी मिलक के कक्ष में खोली जायेगी।

| क्र० सं० | जिला/ विकास खण्ड का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू० में) | धरोहर धनराशि (लाख रू० में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | कार्यालय का नाम जहां पर निविदा खोली जायेगी | योजना का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | रामपुर/मिलक | ग्राम राठौन्डा गुरुकुल स्कूल में शौचालय निर्माण | 3.184 | 0.159 | 677 | 3 माह | खण्ड विकास अधिकारी | 15वां टाइड |
| 2 | रामपुर/मिलक | ग्राम पंजावा में शिवमन्दिर पर शौचालय निर्माण | 3.184 | 0.159 | 677 | 3 माह | खण्ड विकास अधिकारी | 15वां टाइड |
| 3 | रामपुर/मिलक | ग्राम तिराह शिवमन्दिर पर शौचालय निर्माण | 3.184 | 0.159 | 677 | 3 माह | खण्ड विकास अधिकारी | 15वां टाइड |
| 4 | रामपुर/मिलक | ग्राम जगदीशपुर में सुरेश के खेत के पास पुलिया निर्माण | 7.156 | 0.358 | 766 | 3 माह | खण्ड विकास अधिकारी | 15वां टाइड |
| 5 | रामपुर/मिलक | ग्राम चकिया हयात नगर में कृष्ण गंगवार के घर से शेरसिंह प्रजापति के घर तक नाला | 9.626 | 0.481 | 766 | 3 माह | खण्ड विकास अधिकारी | 15वां टाइड |
| 6 | रामपुर/मिलक | ग्राम सिमरा में शिवमन्दिर से देवीस्थान तक सी०सी० | 6.931 | 0.347 | 766 | 3 माह | खण्ड विकास अधिकारी | 15वां टाइड |
| 7 | रामपुर/मिलक | ग्राम निपनियां में भूरा भाई के घर से लेकर असमाईल के घर तक सी०सी० | 5.090 | 0.255 | 766 | 3 माह | खण्ड विकास अधिकारी | 15वां अनटाइड |
| 8 | रामपुर/मिलक | ग्राम हलूनागर में मेन पुलिया से सुनार खेडा की ओर खडंजा निर्माण | 8.921 | 0.446 | 766 | 3 माह | खण्ड विकास अधिकारी | 15वां अनटाइड |
| 9 | रामपुर/मिलक | ग्राम मनौना में जयदेव की गली में इन्टरलाकिग | 2.165 | 0.108 | 677 | 3 माह | खण्ड विकास अधिकारी | 15वां अनटाइड |
| 10 | रामपुर/मिलक | ग्राम गदईया निकट हरसूनगला में खेमकरन कश्यप की दुकान से हरनन्दन सिंह गुर्जर के घर तक सी०सी० व नाली | 9.494 | 0.475 | 766 | 3 माह | खण्ड विकास अधिकारी | 15वां अनटाइड |
| 11 | रामपुर/मिलक | ग्राम खुटिया में गनेशीलाल के घर से सरकारी तालाव तक खडंजा | 6.833 | 0.342 | 766 | 3 माह | खण्ड विकास अधिकारी | पंचम राज्य वित्त |
| 12 | रामपुर/मिलक | ग्राम परम में डालचन्द कश्यप के घर से नन्हे राठौर के घर तक सी०सी० | 4.253 | 0.213 | 677 | 3 माह | खण्ड विकास अधिकारी | पंचम राज्य वित्त |
| 13 | रामपुर/मिलक | ग्राम परम में रीता पब्लिक स्कूल के गेट के सामने सी०सी०/ इन्टरलाकिंग | 1.309 | 0.065 | 677 | 3 माह | खण्ड विकास अधिकारी | पंचम राज्य वित्त |
| 14 | रामपुर/मिलक | ग्राम परम का मझरा कल्यानपुर में शमशान घाट निर्माण | 4.492 | 0.225 | 677 | 3 माह | खण्ड विकास अधिकारी | पंचम राज्य वित्त |
| 15 | रामपुर/मिलक | ग्राम ज्योहरा में शमशान घाट निर्माण | 4.492 | 0.225 | 677 | 3 माह | खण्ड विकास अधिकारी | पंचम राज्य वित्त |
| 16 | रामपुर/मिलक | ग्राम मेघानगला चौराहे पर सिलई वडा गांव मार्ग से रजनीश पटेल के कार्यालय तक इन्टरलाकिंग कार्य | 9.270 | 0.464 | 766 | 3 माह | खण्ड विकास अधिकारी | पंचम राज्य वित्त |
| 17 | रामपुर/मिलक | ग्राम हुरमतनगर में डा० मंगलसेन के बाग से नदी की ओर खंडजा | 8.931 | 0.447 | 766 | 3 माह | खण्ड विकास अधिकारी | पंचम राज्य वित्त |
| 18 | रामपुर/मिलक | ग्राम नरखेडा में चेतराम के घर से जितेन्द्र कुमार के घर तक सी०सी० | 3.391 | 0.170 | 677 | 3 माह | खण्ड विकास अधिकारी | पंचम राज्य वित्त |
| 19 | रामपुर/मिलक | ग्राम रूपपुर में डावर रोड से वीरपाल के फार्म तक खंडजा निर्माण | 4.490 | 0.225 | 677 | 3 माह | खण्ड विकास अधिकारी | पंचम राज्य वित्त |
| 20 | रामपुर/मिलक | ग्राम अशोकपुर में मेन रोड से गेजा सिंह के घर की ओर सी०सी० रोड निर्माण | 9.986 | 0.499 | 766 | 3 माह | खण्ड विकास अधिकारी | पंचम राज्य वित्त |
| 21 | रामपुर/मिलक | ग्राम श्यामपुर में शमशान घाट की पूर्व की ओर दीवार निर्माण | 6.497 | 0.325 | 766 | 3 माह | खण्ड विकास अधिकारी | पंचम राज्य वित्त |
| 22 | रामपुर/मिलक | ग्राम धर्मपुरा में नन्हेलाल मौर्य के घर से नहर की पुलिया की ओर खडंजा निर्माण | 6.497 | 0.325 | 766 | 3 माह | खण्ड विकास अधिकारी | पंचम राज्य वित्त |
| 23 | रामपुर/मिलक | ग्राम वृजपुर में प्राथमिक विद्यालय के सामने से वरमदेव तक खडंजा | 3.690 | 0.185 | 677 | 3 माह | खण्ड विकास अधिकारी | पंचम राज्य वित्त |
| 24 | रामपुर/मिलक | ग्राम वृजपुर में प्राथमिक विद्यालय के कोने से फकीरचन्द नेता जी के घर तक इन्टरलाकिंग | 1.308 | 0.065 | 677 | 3 माह | खण्ड विकास अधिकारी | पंचम राज्य वित्त |
| 25 | रामपुर/मिलक | ग्राम लोहा पटटी भागीरथ में प्रेमपाल सक्सैना के घर से चौराहे तक सी०सी० | 7.216 | 0.361 | 766 | 3 माह | खण्ड विकास अधिकारी | पंचम राज्य वित्त |
| 26 | रामपुर/मिलक | ग्राम परैनिया खुर्द के ग्राम धनौरा में सुखविन्दर सिंह के खेत से दयाल दीप सिंह के खेत तक खडन्जा निर्माण | 5.198 | 0.260 | 766 | 3 माह | खण्ड विकास अधिकारी | पंचम राज्य वित्त |
| 27 | रामपुर/मिलक | ग्राम क्योरार वाईपास पर शिव मंगल वैकेट हाल के सामने नाला व इन्टरलाकिग | 4.283 | 0.214 | 677 | 3 माह | खण्ड विकास अधिकारी | पंचम राज्य वित्त |
| 28 | रामपुर/मिलक | ग्राम झुनईया में राजेन्द्र शर्मा के घर से तालाव तक की ओर सी०सी० निर्माण | 8.390 | 0.420 | 766 | 3 माह | खण्ड विकास अधिकारी | पंचम राज्य वित्त |
| 29 | रामपुर/मिलक | ग्राम गुलामगंज में शमशान घाट निर्माण | 4.492 | 0.225 | 677 | 3 माह | खण्ड विकास अधिकारी | पंचम राज्य वित्त |
| 30 | रामपुर/मिलक | ग्राम गंगापुर कदीम में मेन रोड से आर्दश पब्लिक स्कूल की ओर सी०सी० निर्माण | 8.041 | 0.402 | 766 | 3 माह | खण्ड विकास अधिकारी | पंचम राज्य वित्त |
| 31 | रामपुर/मिलक | ग्राम सिलई बडा गांव में किसान सहकारी समिति में शौचालय निर्माण | 3.160 | 0.158 | 677 | 3 माह | खण्ड विकास अधिकारी | 15वां टाइड |
| 32 | रामपुर/मिलक | ग्राम हरदुआ मे सरस्वती शिशु मंदिर में शौचालय निर्माण | 3.160 | 0.158 | 677 | 3 माह | खण्ड विकास अधिकारी | 15वां टाइड |
| 33 | रामपुर/मिलक | ग्राम चकिया हयात नगर के मझरे में अख्तर अली के घर से रियासत के घर तक व नासिर के घर तक सी०सी० | 4.796 | 0.240 | 677 | 3 माह | खण्ड विकास अधिकारी | पंचम राज्य वित्त |
| 34 | रामपुर/मिलक | ग्राम कोठरा में फईम के घर से मुन्ने के घर तक सी०सी० | 6.505 | 0.325 | 766 | 3 माह | खण्ड विकास अधिकारी | पंचम राज्य वित्त |
| 35 | रामपुर/मिलक | ग्राम भैसोडी में लगर खाने के गेट से फसाद मिया मजार होते हुये मेन रोड तक इन्टरलाकिंग | 3.427 | 0.171 | 677 | 3 माह | खण्ड विकास अधिकारी | 15वां अनटाइड |

1- निविदा डालने वाले ठेकेदार / कान्टेक्टर को विकास खण्ड के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य होगा। पंजीकृत न हाने की दशा में निविदा मान्य नही होगी। 2- प्रत्येक कार्य को पूर्ण करने की अवधि उपरोक्त तालिका के कालम 07 में दर्शाई गयी है प्रत्येक दशा में निविदा में डाले गये कार्य को निर्धारित अवधि में पूर्ण करना अनिवार्य होगा। अन्यथा की स्थिति में जमानत की धनराशि जब्त करने की कार्यवाही की जायेगी। जिसके लिये टेण्डरदाता पूर्ण रूप से जिम्मेदार होगा। 3- निविदा की वैधता निविदा प्राप्ति के दिन से 90 दिन के लिये वैध होगी। वैधता की अवधि में निविदा को वापस नहीं लिया जा सकेगा। 4- प्रत्येक निविदा के साथ कालम 06 में अंकित निविदा का मूल्य ही मान्य होगा जो की खण्ड विकास अधिकारी मिलक के खाता सं०प्रथमा यू०पी० ग्रामीण बैंक मिलक खाता सं०- 87200162680187 आई०एफ०सी०कोड PUNB0SUPGB5 में जमा करते हुये A/C Statement निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। 5- निविदा प्रपत्र दिनांक 24.07.2024 से 26.07.2024 तक प्रातः 10:00 से अपरान्ह 4:00 बजे कार्यालय से कार्य दिवस में प्राप्त किये जा सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात निविदा प्रपत्र किसी दशा में देय नही होगा। 6- निविदादाता दिनांक 22.07.2024 को अपरान्ह 03:00 बजे खण्ड विकास अधिकारी मिलक के कार्यालय में मूल प्रपत्र सहित समस्त अभिलेख सत्यापन हेतु उपलब्ध करायेगें। जैस- चरित्र प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र, जी०एस०टी० रजिस्ट्रेशन एवं पैनकार्ड एवं पंजीकरण मूल प्रति में जिसकी वैधता टेण्डर जारी होने के पूर्व से तथा टेण्डर अवधि के 06 माह तक होनी आवश्यक होगी। 7-निविदा समविष्ट / जमा करने की तिथि 27.07.2024 प्रातः 10:00 बजे से अपरान्ह 2.00 बजे तक विकास खण्ड मिलक में रखे टेण्डर वक्शे में डाले जा सकते है। तथा उक्त समय तक प्राप्त निविदा ही दिनांक 27.07.2024 को अपराह्न 3.00 बजे विकास खण्ड कार्यालय मिलक में खोली जायेगी। 8- प्रत्येक निविदा के साथ धरोहर राशि (जमानत धनराशि) जैसा कि कालम 05 में अंकित है को संलग्न करना अनिवार्य होगा। जो कि एन०एस०सी०/ बैंक एफ०डी०आर०के रूप में खण्ड विकास अधिकारी मिलक के पक्ष में पदनाम से बन्धक होगी। 9- सशर्त निविदा किसी भी दशा में मान्य नही होगी। 10- कार्य की लागत / मात्रा आवश्यकतानुसार घट बढ़ सकती हैं 11- समस्त एवं आंशिक निविदायें निरस्त करने का अधिकार बिना बताये अधोहस्ताक्षरी का होगा तथा बाद विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र रामपुर होगा। 12- निवदिदाता निविदा डालने से पूर्व निर्मित कराये जाने वाले कार्य स्थल का निरीक्षण अवश्य कर लें। और कार्य की स्थिति से भली भांति वाकिफ हो लें। निविदा डालने के उपरान्त किसी भी प्रकार के तथ्य पर विचार नहीं किया जा सकेगा। कार्य में यदि विलम्ब होता है तो ऐसी स्थिति में कार्य की लागत बढने पर निविदादाता स्वंय जिम्मेदार होगा। 13- अन्य शर्तें कार्यालय से देखी जा सकती हैं जो टेण्डर प्रक्रिया की भाग होंगी। 14- निर्माण कार्यों में प्रस्तुत की जाने वाली निर्माण सामग्री की टेस्टिंग रिपोर्ट भुगतान से पूर्व ठेकेदार को प्रस्तुत करनी होगी। अन्यथा भुगतान देय नही होगा। 15- प्रत्येक कार्य की 5 प्रतिशत जमानत धनराशि प्रथक प्रथक टेण्डर के साथ तथा 5 प्रतिशत अनुबन्ध के साथ जमानत करना अनिवार्य होगा।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**मिलक (रामपुर)**


## समिति ने नियमावली का किया अनुमोदन

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय में शुक्रवार को कुलपति प्रो. केपी सिंह की अध्यक्षता में प्रवेश समिति की बैठक हुई। इसमें प्रवेश नियमावली का अनुमोदन किया गया। इसके अलावा समिति के सदस्यों ने प्रवेश के संबंध में कई महत्वपूर्ण विषय रखे।

इस दौरान बताया गया कि छात्र प्रवेश के दौरान जिन विषयों का चयन करते हैं, उनमें परीक्षा के दौरान बदलाव कर देते हैं। परीक्षा फार्म में दूसरे विषय भरने पर दिक्कत होती है। ऐसे में कहा गया कि छात्र प्रवेश के समय जो विषय चयन करेगा, वह लॉक कर दिए जाएंगे और परीक्षा फार्म में भी वह विषय भरने होंगे। कई बार साइबर कैफे से फार्म भरने के दौरान भी गलत विषय भर जाते हैं। इसकी वजह से छात्रों को परीक्षा के दौरान परेशानी होती है। इसके अलावा महाविद्यालय अपने संशाधनों के हिसाब से छात्रों को विषय आवंटित कर सकते हैं।

# बरेली कॉलेज में बीकॉम ऑनर्स में प्रवेश की पहली मेरिट जारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बीकॉम ऑनर्स की ओपन कटऑफ 94.16 और बीबीए की 94.124
- बीए और बीएससी जीव विज्ञान की आज जारी होगी मेरिट

**अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में स्नातक के स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए शुक्रवार को पहली मेरिट जारी कर दी गई। बीकॉम ऑनर्स की ओपन कटऑफ काफी हाई रही है। मेरिट में शामिल छात्रों के शनिवार से प्रवेश होंगे। वहीं शनिवार को संस्थागत पाठ्यक्रम बीए, बीएससी और बीकॉम की मेरिट जारी कर प्रवेश शुरू हो जाएंगे।

बरेली कॉलेज के बीकॉम ऑनर्स विभागाध्यक्ष डॉ. प्रियांक मेहरोत्रा ने बताया कि 160 सीटों पर प्रवेश के लिए 340 छात्रों ने पंजीकरण कराया था। पहली कटऑफ का ओपन मेरिट इंडेक्स 94.16 रहा है। मेरिट में शामिल विद्यार्थियों को 13 से 15 जुलाई तक प्रवेश लेना होगा। बीसीए विभागाध्यक्ष डॉ. रोमा सक्सेना ने बताया कि बीसीए प्रथम वर्ष की 160 सीटों के लिए 679 विद्यार्थियों ने आवेदन किए थे। बीबीए विभागाध्यक्ष डॉ. अतुल कुमार यादव ने बताया बीबीए की 264 सीटों के लिए 578 आवेदन आए थे। मुख्य प्रवेश नियंत्रक वंदना शर्मा ने बताया कि बीकॉम ऑनर्स, बीबीए और बीसीए की पहली ओपन मेरिट जारी कर दी गई है।

बीसीए की ओपन कटऑफ 80.164 और बीबीए की 94.129-74.732 रही है। मेरिट में शामिल छात्रों को 13 और 14 जुलाई तक प्रवेश लेने होंगे।

### बीकॉम और बीएससी गणित में सीधे होंगे प्रवेश

बरेली कॉलेज में बीकॉम और बीएससी गणित में छात्र सीधे विभाग में जाकर प्रवेश ले सकते हैं। इन पाठ्यक्रमों में सीटों के सापेक्ष या कम ही आवेदन आए हैं। इसके अलावा बीए और बीएससी जीव विज्ञान की पहली मेरिट शनिवार को जारी की जाएगी। इसकी तैयारी कर ली गई है। इन दोनों पाठ्यक्रमों में सीटों से तीन गुना आवेदन आए हैं। मुख्य प्रवेश नियंत्रक प्रो. वंदना शर्मा ने बताया कि शनिवार को सभी पाठ्यक्रमों की पहली मेरिट जारी की जाएगी।

## शाहजहांपुर में हाईवे पर पानी भरने से बरेली से नहीं गईं बसें

**बरेली, अमृत विचार :** शाहजहांपुर में बाढ़ का पानी भरने से हाईवे बंद हो गया है। इसकी वजह से शुक्रवार को बरेली से शाहजहांपुर के लिए बसों का संचालन बंद रहा। देहरादून, दिल्ली व अन्य शहरों से आने वाली बसें बरेली से कटरा, हरदोई होते हुए लखनऊ को गईं। बसें न चलने से यात्रियों ने ट्रेनों का सहारा लिया।

बरेली से बसें सिर्फ तिलहर तक गईं और वहीं से वापस आईं। दिल्ली से रुपेडिहा जाने वाली बसें पीलीभीत से गोला होते हुए गंतव्य को गईं। बस चालक राम सिंह ने बताया कि शाहजहांपुर में बरेली मोड़ पर पानी बह रहा है। बसों की हेडलाइट के ऊपर तक पानी आ जा रहा है।

ऐसे में उधर से जाना सुरक्षित नहीं है। रात में दिल्ली से लखनऊ जा रही बस चालक अयोध्या प्रसाद ने बताया कि शाहजहांपुर में हाइवे पर पानी भरा होने की वजह से कटरा से मदनापुर-हरदोई होते हुए लखनऊ जाएंगे।

# अधिवक्ता गोलीकांड के शूटर ने रामपुर कोर्ट में किया समर्पण

संवाददाता, रुद्रपुर

- कोतवाली पुलिस ने रिमांड को दिया आवेदन
- दूसरे शूटर की भी तलाश, दबिश हुई तेज

**अमृत विचारः** अधिवक्ता गोलीकांड के एक शूटर की रामपुर (यूपी) न्यायालय में आत्मसमर्पण की चर्चा आखिरकार सही साबित हुई। प्रारंभिक जांच पड़ताल के बाद कोतवाली पुलिस ने यूपी कोर्ट में आवेदन देकर रिमांड पर लेने की तैयारी कर ली है। वहीं फरार चल रहे दूसरे शूटर की तलाश तेज कर दी है।

27 जून की दोपहर को गदरपुर निवासी अधिवक्ता प्रशांत सिंह पर बाइक सवार दो बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोलियां चला दी थीं। इस दौरान दो गोलियां अधिवक्ता के पैर में लगी थीं। अभी पुलिस तफ्तीश ही कर रही थी कि फेसबुक पर यूके में बैठे सहज विर्क नाम के युवक ने गोलीकांड की जिम्मेदारी लेते हुए कई लोगों से जल्द मुलाकात करने की धमकी भरा मैसेज पोस्ट किया था।29 जून को अधिवक्ता के दोस्त बगवाड़ा चौकी इलाके के महफूज नाम के युवक के व्हाट्सएप पर 15 लाख रुपये की फिरौती मांगने का भी मैसेज डाला था। जब पुलिस ने रेकी करने वाले तीन आरोपियों की गिरफ्तारी की तो मामला अंतरराष्ट्रीय गैंगस्टर गिरोह से जुड़ने लगा। इसी बीच शनिवार को चर्चा हुई है कि अधिवक्ता पर गोली चलाने वाले शूटर सुलेमान ने रामपुर न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया है। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस में हड़कंप मच गया और कई दिनों के बाद पुलिस ने आत्मसमर्पण की चर्चा पर विराम लगाते हुए इसकी पुष्टि की।

कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि शूटर सुलेमान ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया था। इसकी जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस ने शूटर को रिमांड पर लेने के लिए कोर्ट में आवेदन डाल दिया है। रिमांड आदेश मिलते ही शूटर को पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी।

## सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने पर रिपोर्ट दर्ज

**काशीपुर,अमृत विचारः** सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक धार्मिक टिप्पणी करने से लोगों का आक्रोश भड़क गया। इस मामले में समुदाय विशेष के लोगों ने कुंडा थाने का घेराव किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

ग्राम लालपुर निवासी बादल ने कुंडा थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 9 जुलाई की शाम 4 बजे वह फेसबुक आईडी चला रहा था। इसी दौरान उसने फेसबुक पर प्रशान्त अम्बेडकर की आईडी पर एक आपत्तिजनक धार्मिक पोस्ट देखी। इस पोस्ट से धर्म विशेष के लोगों में आक्रोश है। इस मामले को लेकर पूर्व चेयरमेन शमशुद्दीन, हसीन खान, मुजीब अहमद एड, असलम चौधरी, मुशर्रफ हुसैन आदि ने पुलिस अधिकारियों से मिलकर शिकायत की। वहीं फरमान बारसी, सैफुल इस्लाम मदनी, मौ. सद्दान आदि तमाम लोगों ने कुंडा थाने का घेराव भी किया। तहरीर पर कुंडा थाना पुलिस ने आरोपी भरतपुर निवासी प्रशान्त अम्बेडकर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

## देवीधुरा में 16 अगस्त से 11 दिन तक होगा रक्षाबंधन बग्वाल मेला

**टनकपुर/ चम्पावत, अमृत विचारः** जनपद चम्पावत के लोहाघाट क्षेत्र से लगे मां बाराही धाम देवीधुरा में आयोजित होने वाले बग्वाल मेले की तैयारी को जिला कार्यालय सभागार में जिलाधिकारी नवनीत पांडेय की अध्यक्षता में बैठक हुई। 16 अगस्त से 26 अगस्त तक कुल 11 दिनों तक चलने वाले आषाड़ी रक्षाबंधन बग्वाल मेले को भव्यता से मनाया जाएगा। मेले का मुख्य आकर्षण फल फूलों से खेले जाने वाला बग्वाल मेला (पाषाण युद्ध) 19 अगस्त को होगा।

बैठक में सुरक्षा, यातायात, पेयजल, बिजली व वाहन पार्किंग व्यवस्था आदि पर चर्चा की गई। डीएम ने सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में नालियों की सफाई, झाड़ी कटान के लिए लोनिवि और एएमए जिला पंचायत को शीघ्र कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए। मेले के दौरान सम्पूर्ण बाजार क्षेत्र में पूर्व में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाने के साथ ही इन सीसीटीवी का कंट्रोल रूम पुलिस चौकी में स्थापित रहेगा। इसके अलावा एसडीआरएफ तथा जल पुलिस भी मेला क्षेत्र में तैनात रहेगी। क्षेत्र में मेला अवधि के दौरान अस्थाई पार्किंग व्यवस्था करने, मेला क्षेत्र में पानी की निकासी के पुख्ता इंतजाम करने, मार्गों को ठीक करने, पुलिस चौकी के निकट अस्थाई पार्किंग व्यवस्था करने, टैक्सियों के उचित किराए का निर्धारण कर वाहनों पर उसे चस्पा करने, 21 अगस्त को बहुद्देशीय शिविर का आयोजन करने के निर्देश दिए। तय किया गया कि मेला अवधि के दौरान विभिन्न खेलकूद, सामान्य ज्ञान, साहसिक आदि प्रतियोगिताएं भी आयोजित कराई जाएगी।

# ...मगर छात्रा ने कुछ देर के लिए सबके होश उड़ा दिए

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बेहोशी की हालत में लेकर जिला अस्पताल पहुंचे थे अभिभावक
- होश में आई तो स्कूल की प्रिंसिपल पर लगाए सनसनीखेज आरोप

**अमृत विचार :** बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल पहुंची राजेंद्रनगर के एक कॉन्वेंट स्कूल में 11वीं की छात्रा होश में आई तो प्रिंसिपल पर सनसनीखेज आरोप लगा डाले। बताया, प्रिंसिपल कई महीने से उस पर ऑफिस में बुलाकर गलत काम करने का दबाव बना रही हैं, इन्कार पर उसे स्कूल से निकालने और फेल करने की धमकी देती हैं। शुक्रवार को उन्होंने धमकाने के साथ मारपीट भी की। गुस्साए अभिभावकों की शिकायत पर पुलिस ने जांच की तो पता चला कि छात्रा की स्कूल के ही एक छात्र से गहरी दोस्ती है। प्रिंसिपल ने इसी बात पर उसकी डांट लगाई थी।

जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में सुबह करीब साढ़े 11 बजे छात्रा के अभिभावक उसे बेहोशी की हालत में लेकर पहुंचे थे। स्कूल यूनिफार्म पहने छात्रा बेहोशी की हालत में भी थर-थर कांप रही थी। प्राथमिक इलाज के बाद वह होश में आई तो डॉक्टर ने उससे पूछताछ की। छात्रा ने बताया कि वह राजेंद्रनगर के कॉन्वेंट स्कूल में 11वीं में पढ़ती है। कई महीने से स्कूल की प्रिंसिपल उसे अपने ऑफिस में बुलाकर गलत काम करने का दबाव बना रही है। छात्रा के सनसनीखेज आरोप सुनकर उसके अभिभावकों के होश उड़ गए। गुस्से में बिफरे दोनों लोग यहां से थाने पहुंचे और स्कूल की प्रिंसिपल के खिलाफ पुलिस को शिकायत दे दी। पुलिस ने स्कूल जाकर जांच की तो मामला कुछ और निकला। इंस्पेक्टर प्रेमनगर आशुतोष रघुवंशी के मुताबिक स्कूल के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखने पर पता चला कि प्रिंसिपल ने छात्रा को न ऑफिस में बुलाया था, न मारपीट की थी। जांच में पता चला कि छात्रा की स्कूल के ही एक छात्र से गहरी दोस्ती है। स्कूल में ही अटपटी हरकतों पर प्रिंसिपिल ने छात्रा को डांट लगाई थी जिसके बाद उसने बेहोश होने का बहाना किया था।

### मां ने कहा, कई दिन से कर रही थी उत्पीड़न की शिकायत

छात्रा की मां ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे छात्रा के स्कूल की एक शिक्षिका ने फोन कर सूचना दी कि उनकी बेटी की तबीयत खराब हो गई है। वह पति के साथ स्कूल पहुंचीं तो करीब आधे घंटे तक उन्हें उससे मिलने नहीं दिया। हंगामा करने पर उन्हें बेटी के पास ले जाया गया। वह उन्हें बदहवास हालत में मिली। वे फौरन उसे जिला अस्पताल लाए। बताया, कुछ दिन से उनकी बेटी लगातार बता रही थी कि स्कूल में उसका उत्पीड़न किया जा रहा है।

## इन्कम टैक्स विभाग का पोर्टल सुस्त

**बरेली, अमृत विचार :** अमृत विचार : इन्कम टैक्स रिटर्न भरने की तारीख नजदीक आते ही विभाग का पोर्टल परेशान करने लगा है। उसकी चाल सुस्त हो गई, जो काम 15 मिनट में होना चाहिए, उसके लिए घंटों का समय लग रहा है। पोर्टल की इस दिक्कत को लेकर दिल्ली के एक सीए की कविता बरेली के चार्टर्ड एकाउंटेंट ग्रुप में चर्चा का विषय बनी हुई है।


### सूचना

मैं सुषमा त्यागी W/o कैलाश त्यागी ग्राम व पोस्ट रहरा तह0 हसनपुर जिला अमरोहा मेरे पति कैलाश त्यागी त्यागी का निधन 18.12.2023 को हो गया था। जिनके जिला सहकारी बैंक रहरा जनपद अमरोहा के बैंक खाते मे 10,83426/- रूपये मौजूद है। मेरे बच्चे आँचल त्यागी, नीशू त्यागी, ज्योति त्यागी पुत्रियाँ व योगेश त्यागी व अतुल त्यागी पुत्रगण स्वर्गीय कैलाश के वारिस है। उक्त रूपयों को निकालने के लिये मैंने सिविल (जज) महोदय सी0 डि0 मजि0 महोदय अमरोहा मूलवाद सं0 9/2024 वाद डाला है। जिसकी तारीख पेशी 16/07/2024 नियत है।

# बच्ची का अपहरण कर दुष्कर्म, हालत गंभीर

## डीएम ने अस्पताल पहुंच जाना हाल, शादी में मां के साथ आई थी गेस्ट हाउस

संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार :** मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र में मां के साथ शादी समारोह में भाग लेने आई चार वर्ष की बालिका को गेस्ट हाउस से अगवा कर दुष्कर्म किया गया। गेस्ट हाउस से थोड़ी दूरी पर बालिका अचेत पड़ी मिली। उसे पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। हालत नाजुक होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

कोतवाली क्षेत्र के कस्बा स्थित एक गेस्ट हाउस में गुरुवार देर रात बारात आई थी। इस शादी समारोह में थाना कमालगंज क्षेत्र का एक परिवार शामिल होने के लिए आया था। मां के साथ विवाह समारोह में चार वर्षीय बच्ची गेस्ट हाउस में खेल रही थी। अचानक खेलते-खेलते बच्ची गायब हो गई। रात करीब 11 बजे परिजनों ने बच्ची को गायब देखा तो उन्होंने उसकी खोजबीन की गई तो गेस्ट हाउस से करीब पांच सौ मीटर की दूरी पर कबीर नगर मार्ग पर सड़क



किनारे वह बेहोश पड़ी मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद भेजा। वहां डॉक्टर ने बच्ची की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। इसके बाद महिला पुलिस कर्मी के साथ परिजनों ने बच्ची को डॉ. राम मनोहर लोहिया महिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां बच्ची की हालत गंभीर बनी हुई है। बच्ची के पैरों की तोड़ियां भी गायब है।

बच्ची की मां ने बताया कि बच्ची को गोद में लेकर वह कार्यक्रम में घूम रही थी। थक जाने के कारण बच्ची को नीचे उतार दिया था। 10 मिनट में बच्ची गेस्ट हाउस से गायब हो गई। बताया कि सीसीटीवी फुटेज में जो युवक दिखाई दे रहा है, उसे हम लोग नहीं पहचानते हैं। पुलिस ने गेस्ट हाउस पहुंचकर हलवाई और वेटर को हिरासत में लेकर पूछताछ की। बाद में सभी को छोड़ दिया गया। सीसीटीवी फुटेज में बच्ची अकेली गेस्ट हाउस से जाते दिख रही है। उसके आगे एक युवक दिख रहा है।

घटनास्थल पर पहुंचे एसपी आलोक प्रियदर्शी ने सीओ तथा कोतवाल को आरोपी को तलाशने के निर्देश दिए। घटना की सूचना पर महिला अस्पताल पहुंचे जिलाधिकारी वीके सिंह व सीएमओ अवनींद्र कुमार को सीएमएस डॉ. कैलाश दुल्हानी ने बताया की बच्ची को मेडिकल टेस्ट के बाद भर्ती कर लिया गया है। बच्ची के इंटर्न पार्ट में इंजरी है। सर्जन को केस रेफर किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने बालिका के बेहतर इलाज के निर्देश दिए।

### जंगल में ले जाकर महिला से सामूहिक दुष्कर्म

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** बीते 17 जून की देर शाम घर आए दो युवकों ने विवाहिता को घर में अकेली देख डरा धमका बाइक पर बैठा जंगल ले गए। वहां पहले से ही दो युवक मौजूद थे। आरोप है कि चारों ने विवाहिता के साथ दुष्कर्म कर जान से मारने की धमकी देते हुए भगा दिया। डरी सहमी विवाहिता ने करीब माह भर बाद शुक्रवार को मामले में चार लोगों के खिलाफ नामजद केस दर्ज कराया। पुलिस ने तीन को गिरफ्तार भी कर लिया है। शुक्रवार को गोसाईगंज थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता ने पुलिस को तहरीर दी है। इसमें बताया कि 17 जून की शाम को वह घर पर अकेली थी। देर शाम करीब आठ बजे लालजी जायसवाल व गुलाबचंद्र मौर्या उसके घर पर आए। आरोप है कि उसे जबरदस्ती बाइक पर बैठाकर जंगल में ले गए। जंगल में पहले से ही रमन वर्मा और अनूप प्रजापति मौजूद थे। जंगल में बारी-बारी से लालजी जायसवाल, गुलाबचंद्र मौर्या व रमन वर्मा व अनूप ने महिला के साथ दुराचार किया। क्षेत्राधिकारी जयसिंहपुर प्रशांत सिंह ने बताया केस दर्ज कर लिया गया है। तीन आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## निजी मेडिकल-डेंटल कॉलेजों की शुल्क सूची वेबसाइट पर

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में निजी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस प्रथम वर्ष की सबसे ज्यादा फीस 13,73,760 रुपये बरेली स्थित श्रीराम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस की है। वहीं सबसे कम फीस सीतापुर के हिंद इंस्टीट्यूट मेडिकल साइंसेज में 10,77,229 रुपये है। दूसरी तरफ गाजियाबाद के आईटीएस डेंटल कॉलेज द्वारा बीडीएस के लिए 3,84,000 रुपये लिए जा रहे हैं। कॉलेजों में यूजी व पीजी पाठ्यक्रमों के शुल्क का ब्योरा चिकित्सा शिक्षा विभाग (डीजीएमई) महानिदेशालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि निजी कॉलेजों में फीस निर्धारण के लिए समिति बनाई गई है। समिति की संस्तुति से ही किसी भी निजी कॉलेज में पाठ्यक्रम का शुल्क निर्धारण होता है, जिसके बाद शुल्क की सूची विभाग की वेबसाइट पर लोड की जाती है ताकि अभ्यर्थियों को दाखिला लेने के पहले काउंसिलिंग के दौरान हर कॉलेज की फीस की जानकारी रहे।

## हाईटेक महाकुंभ में कर्मचारियों की लगेगी डिजिटल हाजिरी

**लखनऊ, अमृत विचार :** अगले साल प्रयागराज महाकुंभ मेले के आयोजन में अब 6 महीने का समय शेष है। 14 जनवरी से शुरू हो रहे महाकुंभ में दुनियाभर से आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रदेश भर से बड़ी संख्या में सरकारी कर्मचारियों व अधिकारियों की तैनाती होगी। ऐसे में उनकी दैनिक उपस्थिति को सुनिश्चित करने और रियल टाइम एसेसमेंट करने के लिए राज्य सरकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का सहारा लेने जा रही है। अगर यह प्रयोग सफल रहा तो भविष्य के बड़े सरकारी आयोजनों में भी इसे लागू किया जा सकता है। फिलहाल शुरुआत महाकुंभ से हो रही है।

महाकुंभ मेले में सेवाएं देने वाले कर्मचारियों व अधिकारियों के लिए डिजिटल अटेंडेंस सिस्टम फेशियल रिकग्निशन बेस्ड मोबाइल ऐप के जरिए काम करेगा। इस ऐप को एंड्रॉयड व आईओएस फॉर्मेट पर कार्य करने के लिए विकसित किया जाएगा। यह योजना 8 महीने के प्रोजेक्ट पीरियड के लिए संचालित होगी।

## सार-संक्षेप

### सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने किये रामलला के दर्शन

**अयोध्या, अमृत विचार :** भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ शुक्रवार को रामलला का दर्शन करने के लिए अयोध्या पहुंचे। महर्षि वाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर जिला जज गौरव श्रीवास्तव व अन्य अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने सबसे पहले हनुमानगढ़ी में दर्शन पूजन किया, जहां पुजारी हेमंत दास ने उनका स्वागत किया। उसके बाद राम मंदिर पहुंचे। उन्होंने रामलला के दर्शन किये। निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत राम कथा पार्क हेलीपैड स्थल से लखनऊ के लिए रवाना हुए।

### स्मार्टक्लास-फिजिक्स लैब से युक्त होंगे सर्वोदय विद्यालय

**लखनऊ, अमृत विचार :** भारत प्रतिभूति मुद्रण एवं मुद्रा निर्माण निगम लिमिटेड (भारत सरकार टकसाल) ने उप्र. समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित तीन सर्वोदय विद्यालयों को 71 लाख रुपये का सीएसआर फंड प्रदान किया है। इस फंड से विद्यालयों में स्मार्टक्लास और फिजिक्स लैब को और विकसित किया जाएगा। समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने बताया कि चल रहे सर्वोदय विद्यालयों को अपने विकास के लिए निजी कंपनियों द्वारा सीएसआर फंड मिल रहा है। उन्होंने बताया कि इस फंड से बदनौरा (बुलंदशहर), निडोरी (गाजियाबाद) और हस्तिनापुर (मेरठ) में संचालित तीन सर्वोदय विद्यालयों में स्मार्टक्लास और फिजिक्स लैब को और मजबूत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा प्रदेश में 103 सर्वोदय विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है।

### दुग्ध उत्पादन बढ़ाने को पशु सखियों को मिलेगी ट्रेनिंग

**लखनऊ, अमृत विचार :** राज्य सरकार पशुधन और ग्रामीण आबादी के विकास व उनकी स्थाई आय बढ़ाने के लिए ए-हेल्प कार्यक्रम का संचालन करने जा रही हैं, जिसे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और पशुपालन विभाग के संयुक्त प्रयास से संचालित किया जाएगा। इस कार्यक्रम को पहले पायलट प्रोजेक्ट के तहत अगस्त माह के पहले हफ्ते में लांच किया जाएगा। शुरुआत में इसे 25 जिलों के 50 विकास खंडों में लागू किया जाएगा, जिसके बाद सरकार इसे पूरे राज्य में लागू करेगी। इसके अंतर्गत अगले दो साल में 10 हजार पशु सखियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि लक्ष्य है कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में 2,000 पशु सखियों को ए-हेल्प एजेंट के रूप में प्रशिक्षित करना है। अगले दो वर्षों में यह संख्या बढ़कर 10,000 एजेंटों तक पहुंचने की उम्मीद है।

### आम बीन रहे बच्चों को पेड़ से बांधा, माली पर रिपोर्ट

**महाराजगंज, एजेंसी।** महाराजगंज में बगीचे में गिरे हुए आमों को बीनने पर माली द्वारा तीन बच्चों को दंडित किए जाने का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने आरोपी (माली) के खिलाफ मामला दर्ज किया है। चौक पुलिस थाने के प्रभारी प्रशांत कुमार पाठक ने बताया कि वायरल वीडियो में माली ने न केवल तीनों बच्चों को एक पेड़ से बांधा, बल्कि प्रत्येक के मुंह में आम ठूंस दिया। पाठक ने कहा कि आरोपी माली के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है। ग्रामीणों के मुताबिक गुरुवार सुबह कुछ लोग पिपरैया गुरु गोविंद राय गांव में उस बगीचे में छह वर्षीय नीतीश, पांच वर्षीय बलबीर और पांच वर्षीय अंश के साथ गए थे। ये बच्चे बगीचे में पहुंचे और गिरे हुए आम बीनने लगे। तभी बगीचे का माली वहां आया और उसने बच्चों को पकड़ लिया। उन्होंने बताया कि इन बच्चों को रस्सी से एक पेड़ से बांध दिया गया। तभी वहां कुछ लोगों ने इस घटना का वीडियो बना लिया और इसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

### दो आईएएस अफसरों का स्थानांतरण

**लखनऊ, अमृत विचार :** शासन ने आईएएस कुमार विनीत को उप्र. चीनी निगम का नया प्रबंध निदेशक बनाया है। अभी तक वह अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी की जिम्मेदारी निभा रहे थे। वहीं, निर्वाचन आयोग कार्यालय लखनऊ में अब तक कार्यरत आईएएस निधि श्रीवास्तव को भी अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी पद से कार्यमुक्त कर दिया गया है। फिलहाल उन्हें प्रतीक्षारत रखा गया है।

# युवक को 40 दिन में 7वीं बार सांप ने डसा

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार :** सांप ने 40 दिन के अंदर एक शख्स को सात बार काटा, लेकिन सातवीं बार जब सांप ने युवक को काटा तो उसकी हालत नाजुक हो गई। उसे शहर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां आईसीयू में इलाज हो रहा है।

सर्पदंश से पीड़ित 24 वर्षीय विकास द्विवेदी मलवां थाना क्षेत्र के सौरा गांव का रहने वाला है, जिसे 40 दिनों के अंदर सांप ने 7वीं बार काट लिया। युवक व परिजनों के मुताबिक, हर बार सांप के काटने के पहले उसे खतरे का आभास भी हो जाता है। उसे शनिवार और रविवार के दिन ही सांप ने काटा है। भयभीत होकर वह रिश्तेदारी में भी गया, लेकिन सर्प पीछा नहीं छोड़ रहा है। इलाज कर रहे डॉ. जवाहर लाल के अनुसार हालत चिंताजनक बनी हुई है। 12 से 24 घंटे



सांप के काटने के बाद निजी अस्पताल में चल रहा युवका का इलाज।

बाद कुछ बता पाना मुमकिन होगा। परिजन किसी अनहोनी की आशंका से सहमे हैं। पीड़ित युवक को जब छठवीं बार सांप ने काटा था तो उसने खुलासा किया था कि मुझे सांप ने तीसरी बार काटा था। उसी रात वही सांप मेरे सपने में भी आया था और मुझसे बोला था कि मैं तुझे नौ बार काटूंगा, लेकिन आठवीं बार तक तो तू बच जाएगा, लेकिन नौंवी बार तूझे कोई नहीं बचा पाएगा और तुझे अपने साथ ले जाऊंगा। सांप ने उसे हमेशा शनिवार और रविवार को ही डसा है।

### इसी अस्पताल में हुआ छह बार इलाज

युवक का पहले भी 6 बार इसी अस्पताल में इलाज किया गया था और 7वीं बार भी यहीं इलाज चल रहा है। युवक को घर से दूर रिश्तेदारी में रखा गया, लेकिन वहां भी उसे सर्प डस लेता है। अब विकास का परिवार सरकार से मदद की गुहार लगा रहा है। सातवीं बार घटना होने से परिजन खासा चिंतित हैं।

### डॉक्टरों की टीम करेगी जांच

24 साल के विकास को बार-बार सांप काटने के मामले में शासन के हस्ताक्षेप पर जिला प्रशासन अलर्ट हो गया है। सीएमओ डॉ. राजीव नयर गिरि ने बताया कि डिप्टी सीएमओ स्तर के चार डॉक्टरों की टीम गठित की गई है। टीम पूरे मामले की जांच कर 48 घंटे के अंदर जांच रिपोर्ट सौंपेगी।

## चाय बनाने से इनकार पर पति ने डाला खौलता पानी, मौत

**सतांव (रायबरेली), अमृत विचार :** गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र के कुटी गोपालदास मजरे कोरिहर गांव में मामूली बात से नाराज पति ने पत्नी के ऊपर खौलता पानी डाल दिया। घटना में रामकली (68) गंभीर रूप से झुलस गई। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। मृतका के पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपित बसंतलाल को गिरफ्तार कर लिया है। मृतका के बेटे दयाशंकर ने बताया कि गुरुवार को उसकी मां रामकली खाना बनाने के लिए पानी खौला रही थी, तभी पिता बसंतलाल ने उन्हें चाय बनाने के लिए कहा। इस पर मां ने चाय बनाने से मना कर दिया। मां के मना करने से गुस्से में आए पिता बसंतलाल ने मां पर खौलता हुआ पानी डाल दिया, जिससे वह बुरी तरह से झुलस गई।

# कब्जा, ट्रांसफर की शिकायतें सुन योगी बोले, फरियादियों की सुनो

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री ने अपने सरकारी आवास पर किया जनता दर्शन

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर जनता दर्शन किया। पीड़ितों ने पुलिस, कब्जा, स्थानांतरण आदि मुद्दों को लेकर योगी से अपनी वेदना रखी, जिस पर उन्होंने कार्रवाई का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि फरियादियों की सुनिये, फिर संवाद कर कार्रवाई कीजिये। हर उचित मामलों में पीड़ित की संतुष्टि जरूरी है।

मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर विभिन्न जिलों से आए सैकड़ों लोगों की समस्याएं सुनीं। एक शिक्षक ने अपनी निजी परेशानी को बताते हुए स्थानांतरण का आग्रह किया, जिस पर उनके आवेदन को कार्रवाई के लिए शिक्षा निदेशालय भेज दिया गया। वहीं मृतक आश्रित कोटे से नौकरी का प्रार्थना पत्र लेकर भी एक फरियादी पहुंचे, जिस पर मुख्यमंत्री ने अफसरों को इसे सम्बंधित विभाग में भेजकर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान पुलिस और जमीन कब्जे से जुड़े मामले भी आए, जिस पर मुख्यमंत्री ने संबंधित जिलों के अफसरों को इस पर कार्रवाई का निर्देश दिया।

# प्रेम के इजहार के लिए प्रेमी ने शहर में लगा दी होर्डिंग

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार :** शहर में एक युवक को प्रेम हुआ तो युवती से निवेदन कर दिया। शायद यह प्रयास कामयाब नहीं हुआ तो उसने अनोखा तरीका अपना डाला। सुबह जब लोग जागे तो शहर के बीच एक स्थान पर गुलाबी रंग के होर्डिंग पर प्रेमिका व प्रेमी का नाम लिखा था। इसमें अनोखे अंदाज में शादी का निवेदन किया गया था। हालांकि पुलिस ने इसे उतरवा दिया है। यह गुलाबी रंग का होर्डिंग सीएमओ ऑफिस के पास मेन रोड पर लगा था। लोगों ने ध्यान दिया तो इस पर एक लड़की और एक लड़के का नाम लिखा था। साथ ही अंग्रेजी



में लिखा गया है जिसका तात्पर्य है कि 'जब से तुमसे मिला हूं, बस तुम्हारा हूं। अंतिम सांस तक तुम्हारा साथ देने का वादा करता हूं।'

सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने होर्डिंग उतरवाकर जांच शुरू की गई। इस संबंध में सीओ सदर कमलेश कुमार ने बताया कि होर्डिंग में कुछ भी आपत्तिजनक नहीं था। सीसीटीवी के जरिये युवक की तलाश की जा रही है।

### मऊ और कानपुर देहात में बनेंगे आश्रम पद्धति विद्यालय

**लखनऊ, अमृत विचार :** मऊ और कानपुर देहात में नए आश्रम पद्धति विद्यालय की सैद्धांतिक स्वीकृति मिल गई है। एक विद्यालय के निर्माण पर 40 करोड़ रुपये खर्च होंगे। समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। इनमें 32 हजार छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। कन्नौज, शाहजहांपुर, गौतमबुद्धनगर, शामली और बागपत में आश्रम पद्धति विद्यालय का निर्माण कार्य शुरू हो गया है।

## खबरें कोर्ट रूम से...

# हाईकोर्ट के वकीलों ने खत्म की हड़ताल

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- विभिन्न मांगों को लेकर तीन दिन से किया था कार्य बहिष्कार

**अमृत विचार:** इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी ने सर्वसम्मति से शुक्रवार दोपहर 1 बजे नए पदाधिकारी कक्ष में आयोजित बैठक में तीन दिनों से चल रहे अधिवक्ताओं के आंदोलन को स्थगित करने का निर्णय लिया है। सोमवार से अधिवक्ता न्यायिक कार्य करेंगे। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल तिवारी और संचालन महासचिव विक्रांत पांडेय ने की। अधिवक्ताओं द्वारा किए जा रहे आंदोलन को स्थगित करने का निर्णय मुख्य न्यायाधीश के इस आश्वासन पर किया गया कि अति शीघ्र बार की कार्यकारिणी द्वारा की गई मांगों को पूरा करने का प्रयास किया जाएगा और इसके अनुपालन में पहला सकारात्मक कदम दिनांक 11 जुलाई 2024 को उठाया गया है। दिनांक 29 जुलाई 2024 को कार्यकारिणी अग्रिम कार्यवाही हेतु पुनः बैठक करेगी। इसके अलावा वर्तमान बैठक में कार्यकारिणी ने यह भी निर्णय लिया की मुख्य न्यायाधीश से ऐसे किसी अधिवक्ता का नाम न्यायमूर्ति के रूप में प्रस्तावित न करने के लिए अनुरोध किया जाएगा, जो हाईकोर्ट में वकालत न करता हो। बार एसोसिएशन द्वारा की जा हड़ताल उन न्यायाधीशों के विरुद्ध थी, जो अधिवक्ताओं के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करते हैं। उक्त जानकारी संयुक्त सचिव (प्रेस) पुनीत कुमार शुक्ला द्वारा जारी की गई है।

### पेपर लीकः आरोपी को सशर्त जमानत

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यूपी पुलिस आरक्षी भर्ती की परीक्षा के पेपर लीक मामले के मास्टर माइंड राजीव नयन की सशर्त जमानत मंजूर कर ली। यह आदेश न्यायमूर्ति समीर जैन की एकलपीठ ने याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया है। गौतमबुद्धनगर में एसटीएफ की ओर से दर्ज मामले में राजीव नयन का नाम पेपर लीक गिरोह के साथी सह-अभियुक्त प्रमोद कुमार पाठक, मोनू पंडित, गौरव चौधरी, आशीष पालीवाल, मोहन उर्फ मोना, अखिलेश और राहुल की गिरफ्तारी के बाद सामने आया था।

### बेसहारा मरीजों के इलाज पर हुई सुनवाई

**विधि संवाददाता, लखनऊ :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि बेसहारा मरीजों के इलाज व अशक्त मरीजों के लिए सहायक दिए जाने का शासनादेश तो जारी कर दिया गया, लेकिन इसकी मॉनीटरिंग कैसे की जानी चाहिए, इस बिंदु पर अगली सुनवाई में विचार किया जाएगा। यह टिप्पणी करते हुए न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 6 अगस्त की तिथि नियत की है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने ज्योति राजपूत की ओर से दाखिल एक जनहित याचिका पर पारित किया।

## वर्ग पहेली-129

**बाएं से दाएं**

1. 1. कुटिल व चालाक, काइयां, स्वार्थी 2. जिसके मन की बात को जानना बहुत कठिन है 3. खेतीबारी तथा गांव संबंधी कहावतों के लिए भोजपुरी बोली के एक प्रसिद्ध कवि तथा लोकमर्मज्ञ 4. जादूगर, बाज़ीगर 5. अनुभवी और नीतिज्ञ विद्वान।

3. 1. विशेष घर जो मिट्टी

4. 1. पछताने की क्रिया या भाव 2. पश्चाताप, अफ़सोस 3. अनुचित कार्य करने के बाद होने वाली आत्मग्लानि।

7. 1. राजनीति करने वाला, राजनेता 2. अपना स्वार्थ सिद्ध करने के लिए दूसरे को बेवकूफ़ बनाने वाला व्यक्ति।

**ऊपर से नीचे**

2. मज़ेदार, मिर्च-मसालेदार, चरपरा।

3. 1. वह जो बलवा करे, विद्रोही, बागी 2. वह जो अशांति फैलाए।

5. 1. आबाद, बसा हुआ 2. भरा-पूरा 3. संपन्न, समृद्ध।

6. 1. धर्मानुसार देवता को अर्पित की जाने वाली वस्तु 2. चंदन आदि के लेप से बनाई हुई रेखा, लकीर 3. श्रेणी, पंक्ति 4. सिकुड़न के कारण शरीर पर पड़ी हुई लकीर, झुर्री 5. पेट के दोनों ओर पेटी के सिकुड़ने से पड़ी हुई रेखा, बल 6. (पुराण) एक दैत्य जो प्रह्लाद का पौत्र था और जिसे विष्णु ने वामन अवतार लेकर छला था 7. प्राचीन भारत में एक राजकीय कर 8. बवासीर का मस्सा 9. छप्पर का वह किनारा जहां से बरसात का पानी नीचे गिरता है, छाजन की ओलती 10. पीले रंग का खनिज पदार्थ, गंधक 11. एक प्रकार का वाद्य यंत्र।



### वर्ग पहेली -128 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 वि | | | | |
| | 2 दे | खा | 3 दे | खी | |
| 4 का | शी | | व | | 5 गू |
| | | | गृ | | दा |
| | 6 मु | 7 शा | ह | रा | |
| | | लि | | | |
| 8 जी | ला | नी | | 9 ट | च |

## सुडोकू -42

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 7 | | |
| 8 | | 3 | 5 | | 6 | | | 4 |
| | | 1 | 7 | | | 6 | | 3 |
| | 3 | | | 8 | 9 | | | 1 |
| | | | 2 | | 4 | | | |
| 9 | | | 3 | 5 | | | 7 | |
| 6 | | 4 | | | 5 | 8 | | |
| 7 | | | 1 | | 8 | 9 | | 6 |
| | | 9 | | | | 5 | | |

### सुडोकू -41 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 5 | 8 | 4 | 6 | 3 | 9 | 2 |
| 9 | 4 | 3 | 2 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 2 | 8 | 9 | 7 | 3 | 5 | 4 | 1 |
| 1 | 8 | 2 | 6 | 3 | 9 | 4 | 5 | 7 |
| 4 | 3 | 9 | 7 | 2 | 5 | 6 | 1 | 8 |
| 5 | 6 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 2 | 9 | 4 | 3 | 6 | 8 | 1 | 7 | 5 |
| 8 | 5 | 6 | 4 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 |
| 3 | 7 | 1 | 5 | 9 | 2 | 8 | 6 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 13 जुलाई शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-सप्तमी 15.05 तक तत्पश्चात अष्टमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-वर्षा।

चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।

ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र- हस्त 19.15 तक तत्पश्चात चित्रा।

**मेष** – आज आपका कोई विरोधी समस्या दे सकता है। घर पर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। बढ़ते खर्च को लेकर आप परेशान रहेंगे। नौकरी में उच्च अधिकारियों के कोप का शिकार हो सकते हैं।

**वृष** – आज बहुराष्ट्रीय कंपनी में कार्यरत लोगों को पदोन्नति मिलेगी। आपको मनचाहा कार्य करने को मिल सकता है। उद्योग धंधे की योजना अमल में आएगी। यदि आपका कोई वाद विवाद लंबे समय से चला रहा था तो उससे आपको छुटकारा मिलेगा।

**मिथुन** – आज व्यापार में कठिन परिश्रम के अनुपात में कम लाभ होने से मन खिन्न रहेगा। नौकरी में आपको झूठा आरोप लगने पर महत्वपूर्ण पद से हटाया जा सकता है। नए कार्य को शुरू करने से पहले उसके लाभ हानि का विचार अवश्य करें।

**कर्क** – आज कार्यक्षेत्र में ज्यादा जोखिम लेने से बचें। व्यापार में कोई ऐसी घटना घट सकती है,जिससे भविष्य में बड़ा लाभ होगा। कोई नवीन दायित्व मिल सकता है। बहुराष्ट्रीय कंपनी में कार्य कर रहे लोगों को विदेश यात्रा करने का अवसर प्राप्त होगा।

**सिंह** – आज व्यापार में नए सहयोगी बनेंगे। नवीन व्यापार अथवा उद्योग धंधे की शुरुआत करने के योग बनेंगे। किसी महत्वपूर्ण कार्य की अभिलाषा पूरी होने के योग हैं। शारीरिक समस्याओं को लेकर परेशान रहेंगे।

**कन्या** – आज आपको व्यवसाय मे फंसा हुआ धन मिलने के पूरी संभावना है। कोई पुराना मित्र आपसे लंबे समय बाद मुलाकात करने आ सकता है। राजनीति में आपको उच्च पद मिल सकता है। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी।

**तुला** – आज व्यापार में नए अनुबंध होंगे। राजनीति में विरोधियों को पीछे कर आप महत्वपूर्ण पद अथवा जिम्मेदारी प्राप्त करेंगे। संतान पक्ष से कोई शुभ समाचार मिलेगा। किसी अनजान व्यक्ति पर भरोसा घातक सिद्ध हो सकता है।

**वृश्चिक** – आज दिन की शुरुआत व्यर्थ की भागदौड़ के साथ होगी। कोई अप्रिय समाचार मिल सकता है। किसी महत्वपूर्ण कार्य में बनते-बनते बाधा आ जाएगी। कार्यक्षेत्र में आप अपने चरित्र को पवित्र बनाए रखें, अन्यथा आप किसी बड़ी मुसीबत में फस सकते हैं।

**धनु** – आज उद्योग धंधे में किसी सरकारी मदद से लाभ होगा। बेरोजगारों को रोजगार प्राप्त होगा। कला, अभिनय की दुनिया में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। सामाजिक कार्य में काम सोच-विचार कर करें। विपरीत परिस्थिति में धैर्य बनाए रखे।

**मकर** – आज का दिन आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। व्यवसाय में आप यदि कोई धन संबंधित मदद मांगेंगे तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगी। व्यर्थ की चिंता की स्थिति बनी रहेगी। विवेकपूर्ण निर्णय जीवन में बदलाव ला सकता है।

**कुंभ** – आज व्यापार में कोई विश्वासपात्र व्यक्ति धोखा दे सकता है। किसी प्रियजन से दूर जाना पड़ सकता है। अनचाही यात्रा करनी पड़ेगी। राजनीति के क्षेत्र में अत्यधिक व्यस्तता बनी रहेगी। यात्रा में वाहन कुछ तनाव दे सकता है।

**मीन** – आज कार्यक्षेत्र में नए मित्र बनेंगे। कोर्ट कचहरी के मामले में सफलता मिलेगी। किसी अधूरे कार्य के पूरे होने के योग हैं। खेल, कूद, प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। किसी अनचाही यात्रा पर जाना पड़ सकता है। व्यापार में प्रयोग उन्नति कारक सिद्ध होंगे।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
भीष्म – सुबह : 10.45
खून भरी मांग – रात : 07.00

**SONY PIX**
सैन एंड्रियास – सुबह : 11.25
जस्टिस लीग – रात : 09.00

**&pictures**
मि. एंड मिसेज खिलाड़ी – सुबह : 11.23
रमैया वस्तावैया – रात : 07.30

**ZEE CINEMA**
वलाटी – सुबह : 10.56
स्कंदा – रात : 08.30

**colors CINEPLEX**
हम आपके हैं कौन – सुबह : 10.15
सत्यम शिवम सुंदरम – शाम : 06.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

बच्चा- नल से आते पानी को देखकर बोला, पापा ये पानी कहां से आता है?
पापा- बेटा नदी से...
बेटा-तो फिर मुझे नदी देखनी है।
पापा उसे नदी दिखाने ले जाते हैं।
बच्चा उन्हें नदी में धक्का मारकर गिरा देता है और भागता हुआ घर आकर मां को कहता है।
मम्मी जल्दी से नल खोलो, पापा आते होंगे...

अध्यापक- रोहन, अगर तुम्हारे पास पंद्रह सेब हों, जिनमें से छह तुम निर्मला को दे दो, चार सुनिता को दे दो और पांच डौली को दे दो तो तुम्हें क्या मिलेगा?
रोहन- सर ! मुझे तीन नई गर्लफ्रेंड मिलेगी।

अमृत विचार
www.amritvichar.com
मुरादाबाद, शनिवार, 13 जुलाई 2024

## एक नजर

### ई-नीलामी के नियमों को आसान बनाएगी कोल इंडिया

नई दिल्ली। महारत्न कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने शुक्रवार को कहा कि उसने ई-नीलामी के नियमों को आसान बनाने के उपाए किये हैं। कंपनी ने बताया कि इसके तहत बयाना राशि को कम करना और पेशकश में कोयला की मात्रा बढ़ाने जैसे कदम शामिल हैं। कोल इंडिया अपनी नीलामी और आवंटन पद्धति में भी बदलाव करने की योजना बना रही है, जिसका मकसद भागीदारी को बढ़ावा देना है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि कोल इंडिया ने ई-नीलामी के नियमों को आसान बनाने के लिए बयाना राशि जमा (ईएमडी) को कम करने और नीलामी के तहत पेश की जाने वाली मात्रा को बढ़ाने जैसे कदम उठाए हैं।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव :** दाल चना : 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द : 110 से 130 रुपये मूंग धोआ : 104 – 106 रुपये मूंग छिलका : 95 से105 रुपये मूंग साबुत : 90से105 रुपये चना देसी : 60से 70 रुपये चना कावली : 90 से 130 रुपये राजमा लाल : 130 से140 रुपये राजमा चित्ता : 125 से 130 रुपये लोबिया लाल : 90से 110 रुपये लोबिया सफेद : 80 से 100 रुपये ।

## मेंथा बाजार भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक- 950 फ्लैग- 1090 बोल्ड- 1140 डीएमओ- 850
**रामपुर :** शिवालिक-955 फ्लैग-1075 डीएमओ-815 बोल्ड-1130

## सर्राफा

मुरादाबाद

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 73,300 |
| चांदी आभूषण | 91,500 |

# सात प्रतिशत रहेगी भारत की जीडीपी वृद्धि दर: विरमानी

## नीति आयोग के सदस्य ने अर्थव्यवस्था पर जताई संभावना

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

- कहा- देश के सामने नई चुनौतियां, उनसे निपटना होगा



नीति आयोग के सदस्य अरविंद विरमानी ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष 2024-25 में करीब सात प्रतिशत की दर से बढ़ेगी और आने वाले कई वर्षों तक यही वृद्धि दर बरकरार रहने की संभावना है। विरमानी ने कहा कि देश के सामने नई चुनौतियां हैं और उनसे निपटना होगा। उन्होंने एजेंसी को दिए साक्षात्कार में कहा, भारतीय अर्थव्यवस्था सात प्रतिशत की दर (0.5 प्रतिशत घट-बढ़ के साथ) से बढ़ेगी... मुझे उम्मीद है कि हम आज से कई वर्षों तक सात प्रतिशत की दर से वृद्धि करने की राह पर हैं।

आरबीआई ने पिछले महीने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। निजी उपभोग व्यय में गत वित्त वर्ष 2023-24 में गिरावट के बारे में पूछे जाने पर विरमानी ने कहा कि वास्तव में अब इसमें सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा, वैश्विक महामारी के कारण बचत कम हुई ... और यह पिछले वित्तीय झटकों से बहुत अलग था। विरमानी ने कहा, पिछले साल भी अल नीनो आया था, लेकिन वैश्विक महामारी के कारण लोगों को अपनी बचत निकालनी पड़ी।

उन्होंने खपत में कमी को समझाते हुए कहा कि अगर आज लोग बड़े ब्रांड का सामान खरीद रहे हैं, तो वे सस्ते ब्रांड या साधारण सामान खरीदेंगे और पैसे बचाएंगे। भारत के सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था होने के बावजूद देश में एफडीआई में गिरावट के बारे में विरमानी ने कहा कि उभरते बाजारों की तुलना में अमेरिका तथा अन्य विकसित देशों में निवेश पर जोखिम रहित रिटर्न कहीं अधिक है।

## टीसीएस का शेयर करीब सात प्रतिशत चढ़ा

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी सेवा कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का शेयर शुक्रवार को करीब सात प्रतिशत चढ़ा। इससे कंपनी के बाजार पूंजीकरण में 94,866.26 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है। टीसीएस ने गुरुवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में शुद्ध लाभ 8.7 प्रतिशत बढ़कर 12,040 करोड़ रुपये रहा। आलोच्य अवधि में राजस्व 5.4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 62,613 करोड़ रुपये हो गया। उसके बाद आज उसके शेयर में उछाल आया। बीएसई पर शेयर 6.68 प्रतिशत उछलकर 4,184.90 रुपये पर बंद हुआ। दिन के कारोबार के दौरान यह सात प्रतिशत बढ़कर 4,199 रुपये पर पहुंच गया था। एनएसई पर यह 6.59 प्रतिशत उछलकर 4,182.45 रुपये प्रति शेयर पर पहुंच गया।

# आईटी शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स-निफ्टी नए शिखर पर

**मुंबई, एजेंसी**

- सेंसेक्स ने 622 और निफ्टी ने 186 अंकों की उछाल की दर्ज

टीसीएस के अच्छे नतीजों से उत्साहित होकर सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और प्रौद्योगिकी शेयरों में तगड़ी लिवाली आने से शुक्रवार को दोनों मानक सूचकांक अपने नए शिखर पर पहुंच गए। सेंसेक्स में 622 अंक और निफ्टी में 186 अंकों की बड़ी उछाल दर्ज की गई।

कारोबारियों ने कहा कि रिलायंस इंडस्ट्रीज और इन्फोसिस में तेजी ने भी निवेशकों की धारणा को मजबूती दी। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 622 अंक यानी 0.78 प्रतिशत उछलकर 80,519.34 के नए उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 996.17 अंक तक उछलकर 80,893.51 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 186.20 अंक यानी 0.77 प्रतिशत बढ़कर 24,502.15 के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान एक समय यह 276.25 अंक उछलकर 24,592.20 के नए सर्वकालिक शिखर पर पहुंच गया था। इस तरह कारोबारी सप्ताह का समापन तेजी के साथ हुआ। इस हफ्ते सेंसेक्स में कुल 522.74 अंक यानी 0.65 प्रतिशत की बढ़त रही जबकि निफ्टी 178.3 अंक यानी 0.73 प्रतिशत चढ़ने में सफल रहा। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "विभिन्न कारणों से बाजार सीमित दायरे से बाहर निकलने में सफल रहा।

## ओमकार केमिकल्स में हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी अडाणी विल्मर

**नयी दिल्ली।** प्रमुख खाद्य तेल कंपनी अडाणी विल्मर लि. 56 करोड़ रुपये के उद्यम मूल्य पर ओमकार केमिकल्स इंडस्ट्रीज में 67 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करेगी। अडाणी विल्मर, अडाणी समूह और सिंगापुर के विल्मर समूह के की एक संयुक्त उद्यम है। यह भारत की सबसे बड़ी उपभोक्ता खाद्य कंपनियों में शामिल है। कंपनी के पास विविधता भरा उत्पाद पोर्टफोलियो है, जिसमें खाद्य तेल, गेहूं का आटा, चावल, दालें, चना आटा (बेसन) और चीनी सहित अधिकांश घरेलू उत्पाद शामिल हैं। अडाणी विल्मर ने गुरुवार को शेयर बाजार को बताया कि उसने एक विशेष रसायन कंपनी ओमकार केमिकल्स इंडस्ट्रीज प्राइवेट लि. में 67 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए शेयर खरीद समझौता किया है।

## देवेन्द्र मील बने जेप्टो के चीफ बिजनेस ऑफिसर

**मुंबई।** भारत की सबसे तेज़ी से विकसित होती कन्ज़्यूमर इंटरनेट कंपनी ज़ेप्टो ने देवेन्द्र मील को पदोन्नत कर अपना चीफ़ बिज़नेस ऑफिसर बनाने की घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां कहा कि अपनी इस भूमिका में मील कैटेगरी मैनेजमेन्ट का नेतृत्व करेंगे और ब्राण्ड साझेदारियों को बढ़ावा देंगे, साथ ही प्लेटफॉर्म के अनुकूलतम वर्गीकरण, कीमत निर्माण, उपलब्धता और सभी कोर एसकेयू की कैटलॉगिंग को सुनिश्चित करेंगे। कंपनी के संस्थापक और सीईओ आदित पलीचा ने कहा, ज़ेप्टो के साथ मील की यात्रा अतुलनीय रही है।

# मई में औद्योगिक उत्पादन बढ़कर 7 माह के उच्चस्तर 5.9 प्रतिशत पर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- खनन उत्पादन 6.6 और बिजली उत्पादन 13.7 प्रतिशत बढ़ा

खनन और बिजली क्षेत्रों के अच्छे प्रदर्शन के कारण इस साल मई में देश का औद्योगिक उत्पादन सात महीने के उच्चतम स्तर 5.9 प्रतिशत पहुंच गया। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) पर आधारित औद्योगिक उत्पादन मई 2023 में 5.7 प्रतिशत बढ़ा था। मई 2024 में भारत का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक 5.9 प्रतिशत बढ़ा।

आईआईपी इस साल अप्रैल में 5 प्रतिशत, मार्च में 5.4 प्रतिशत, फरवरी में 5.6 प्रतिशत और जनवरी में 4.2 प्रतिशत की दर से बढ़ा था। पिछले साल दिसंबर में आईआईपी 4.4 प्रतिशत और नवंबर में 2.5 प्रतिशत था। आईआईपी का पिछला उच्च स्तर अक्टूबर 2023 में 11.9 प्रतिशत था। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के मुताबिक मई 2024 में खनन उत्पादन 6.6 प्रतिशत और बिजली उत्पादन 13.7 फीसदी बढ़ा। मई 2023 में खनन उत्पादन 6.4 प्रतिशत और बिजली उत्पादन 0.9 प्रतिशत बढ़ा था। आंकड़ों के मुताबिक इस साल मई में विनिर्माण क्षेत्र के उत्पादन की वृद्धि दर घटकर 4.6 प्रतिशत रह गई, जो एक साल पहले इसी माह में 6.3 प्रतिशत थी। समीक्षाधीन माह में पूंजीगत सामान खंड की वृद्धि दर घटकर 2.5 प्रतिशत रह गई, जो एक साल पहले इसी महीने में 8.1 प्रतिशत थी। उपभोक्ता वस्तुओं का उत्पादन 12.3 प्रतिशत बढ़ा, जबकि मई 2023 में इसमें 1.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

## विदेशी मुद्रा भंडार 657.2 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में जबरदस्त बढ़त होने से 05 जुलाई को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.16 अरब डॉलर बढ़कर 657.2 अरब डॉलर पर पहुंच गया। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 05 जुलाई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.23 अरब डॉलर की बढ़त के साथ 577.1 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

# बैंक क्षेत्र में सुधार को कानून में संशोधन कर सकती है सरकार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- बैंकिंग नियमन अधिनियम, 1949 और कुछ अन्य कानूनों में संशोधन का ला सकती है प्रस्ताव

सरकार आगामी बजट सत्र के दौरान बैंक क्षेत्र में सुधारों को आगे बढ़ाने के लिए बैंकिंग नियमन अधिनियम, 1949 और कुछ अन्य कानूनों में संशोधन का प्रस्ताव ला सकती है। सूत्रों ने बजट सत्र में लाए जाने वाले प्रस्तावों का जिक्र करते हुए कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के निजीकरण के लिए बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं हस्तांतरण) अधिनियम, 1970 और बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं हस्तांतरण) अधिनियम, 1980 में संशोधन की भी जरूरत है।

सूत्रों के मुताबिक, इन दोनों अधिनियमों की वजह से दो चरणों में बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया था लेकिन अब सार्वजनिक बैंकों के निजीकरण के लिए इन कानूनों के प्रावधानों में बदलाव करने होंगे। संसद का बजट सत्र 22 जुलाई से शुरू होने वाला है। इस दौरान 23 जुलाई को बजट पेश किया जाएगा।



## एक नजर

### सांसद अमृतपाल के भाई हरप्रीत मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार

जालंधर। पंजाब के खडूर साहिब से सांसद और खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह के भाई हरप्रीत सिंह और उनके सहयोगी लवप्रीत सिंह तथा एक अन्य व्यक्ति को जालंधर पुलिस ने शुक्रवार को फिल्लौर में मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया। जालंधर के एसएसपी अंकुर गुप्ता ने कहा कि हरप्रीत सिंह और लवप्रीत सिंह के डोप टेस्ट किया गया जिसमें पॉजिटिव पाया गया। पुलिस ने कहा कि आइस ड्रग्स या क्रिस्टल मेथामफेटामाइन लुधियाना के एक व्यक्ति संदीप अरोड़ा से खरीदा गया था, जिसे भी गिरफ्तार किया गया है।

### सीबीएसई विद्यालयों में असम की जल दूत पहल होगी लागू: हिमंत

गुवाहाटी। जल संरक्षण में विद्यार्थियों की भूमिका को मान्यता देने वाले असम सरकार के जल दूत कार्यक्रम का अब देशभर में संचालित सीबीएसई के विद्यालयों में अनुकरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस संबंध में सीबीएसई की ओर से जारी परिपत्र को एक्स पर साझा करते हुए शर्मा ने कहा, असम की एक और अनूठी पहल लोगों की नजर में आयी है। उन्होंने कहा, सीबीएसई ने अपने सभी विद्यालयों में असम सरकार के कार्यक्रम जल दूत को लागू करने का निर्देश दिया है। यह व्यावहारिक कार्यक्रम जल संरक्षण की समुदाय की कोशिशों से विद्यार्थियों को जोड़ता है।

### येदियुरप्पा को पॉक्सो मामले में व्यक्तिगत पेशी से मिली छूट

बेंगलुरु। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. येदियुरप्पा द्वारा उनके खिलाफ पॉक्सो मामले को रद्द करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई 26 जुलाई तक के लिए स्थगित कर दी और वरिष्ठ भाजपा नेता को इस मामले के संबंध में 15 जुलाई को बेंगलुरु की अदालत में व्यक्तिगत रूप से पेश होने से छूट दे दी। यहां पॉक्सो अधिनियम मामलों के लिए फास्ट ट्रैक अदालत-1 ने चार जुलाई को 81 वर्षीय बुजुर्ग नेता को 15 जुलाई को पेश होने के लिए समन जारी किया था। मामले की जांच कर रहे आपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने 27 जून को फास्ट ट्रैक अदालत में उनके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया।

# सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा सरकार को शंभू बॉर्डर खोलने का दिया निर्देश

## उच्च न्यायालय का फैसला बरकरार रखा, अंबाला के पास 13 फरवरी से बंद है बार्डर

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- प्रदर्शनकारी किसानों को दिल्ली की ओर कूच करने से रोकने के लिए लगाए गए थे बैरिकेडिंग

उच्चतम न्यायालय ने हरियाणा सरकार को अंबाला के पास 13 फरवरी से बंद शंभू बॉर्डर से पुलिस बैरिकेडिंग हटाकर यातायात सभी के लिए खोलने का शुक्रवार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुयान की पीठ ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के 10 जुलाई के आदेश को बरकरार रखते हुए राज्य सरकार को यह निर्देश दिया। उच्च न्यायालय ने10 जुलाई को राज्य सरकार को एक सप्ताह के भीतर अंबाला के पास शंभू बॉर्डर खोलने का निर्देश दिया था, जिसे फरवरी में प्रदर्शनकारी किसानों को दिल्ली की ओर कूच करने से रोकने के लिए सरकार ने बंद कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा सरकार की ओर से पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के सात मार्च के फैसले को चुनौती देने वाली राज्य सरकार की याचिका पर सुनवाई के दौरान यह निर्देश दिया। उच्च न्यायालय की ओर से फरवरी में प्रदर्शनकारी किसानों और पुलिस के बीच झड़प के दौरान किसान 21 साल के शुभकरण सिंह की मौत की जांच के लिए एक पूर्व उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक समिति गठित करने का निर्देश दिया गया था।

सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की सुनवाई के दौरान हरियाणा सरकार के अधिवक्ता ने अदालत के समक्ष कहा कि राज्य सरकार 10 जुलाई को उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने की तैयारी कर रही है। इस पर न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने हरियाणा सरकार से पूछा, राज्य हाईवे को कैसे रोक सकता है? उसका कर्तव्य है कि वह यातायात को नियंत्रित करे। हम केवल इसे खोलने के बारे में नहीं कह रहे, बल्कि नियंत्रित करने के बारे में भी कर रहे हैं।

# जुर्माना नहीं चुका पाने पर किसी दोषी को अतिरिक्त सजा न्याय का उपहास

**मुंबई, एजेंसी**

बंबई हाईकोर्ट ने एक व्यक्ति को रिहा करने का आदेश दिया है, जो जुर्माना अदा न कर पाने के कारण अपनी सजा पूरी करने के बाद भी जेल में था। कोर्ट ने कहा कि उसे अतिरिक्त सजा भुगतने के लिए बाध्य करना न्याय का उपहास होगा।

न्यायमूर्ति भारती डांगरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की खंडपीठ ने 27 जून के फैसले में कहा कि कानूनी प्रक्रिया के दुरुपयोग को रोकने के लिए व्यक्ति को रिहा किया जाना चाहिए। आदेश की प्रति शुक्रवार को उपलब्ध कराई गई। दोषी व्यक्ति निचली अदालत के लगाए जुर्माने का भुगतान न कर पाने पर अतिरिक्त सजा काट रहा था। अदालत सिकंदर काले नामक व्यक्ति की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसे 2019 में कोल्हापुर में 14 आपराधिक मामलों में दोषी ठहराया गया था। 2017 में गिरफ्तारी के बाद से वह हिरासत में था। काले को सभी मामलों में दो साल की सजा हुई थी और उसकी सजा एकसाथ चलनी थी। मजिस्ट्रेट ने उस पर 2,65,000 रुपये का जुर्माना लगाया और राशि जमा न करने पर अतिरिक्त सजा सुनाई। काले ने याचिका में कहा कि उसने अपनी सजा पूरी कर ली है, लेकिन चूंकि वह गरीबी से जुर्माना भरने में सक्षम नहीं है, इसलिए उसे नौ साल की अतिरिक्त अवधि के लिए जेल में रहना पड़ सकता है।

### जमानत पर रोक दुर्लभ मामलों में ही लगाए : कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि अदालतों को यांत्रिक तरीके से और बिना कोई कारण बताए जमानत आदेशों पर रोक लगाने से बचना चाहिए। न्यायालय ने इस बात पर जोर दिया कि किसी आरोपी को राहत देने से केवल दुर्लभ और अपवादस्वरूप मामलों में ही इनकार किया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि अदालतें किसी आरोपी की स्वतंत्रता को बाधित नहीं कर सकतीं। अदालतों को जमानत आदेश पर सिर्फ दुर्लभ और अपवादस्वरूप मामलों में ही रोक लगानी चाहिए, जैसे कोई व्यक्ति आतंकवादी मामलों में शामिल हो, जहां कानून को दरकिनार किया गया हो। आप इस तरह से स्वतंत्रता को प्रतिबंधित नहीं कर सकते। यह विनाशकारी होगा। कोर्ट ने धनशोधन के मामले में आरोपी परविंदर सिंह खुराना की याचिका पर फैसला सुरक्षित रखते हुए ये टिप्पणियां कीं।

# भाजपा अलग सोच वाली पार्टी : नितिन गडकरी

**पणजी, एजेंसी**

- कहा- कांग्रेस द्वारा हुईं गलतियों को दोहराने से बचना होगा

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि भाजपा अलग सोच वाली पार्टी है और इसलिए वह बार-बार जनता का विश्वास जीत रही है। साथ ही उन्होंने पार्टी को अतीत में कांग्रेस द्वारा की गई उन गलतियों को दोहराने से बचने को लेकर आगाह किया जिनकी वजह से कांग्रेस को सत्ता से बाहर होना पड़ा।

भाजपा के बहुमत प्राप्त नहीं कर पाने के करीब एक महीने बाद गडकरी ने कहा, अगर हम वही करते रहेंगे जो कांग्रेस करती थी, तो उनके जाने और हमारे आने का कोई मतलब नहीं है। गडकरी ने जाति आधारित राजनीति के चलन की आलोचना की और कहा जो करेगा जात की बात उसे पड़ेगी कसके लात। गडकरी पणजी के निकट भाजपा की गोवा कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में पार्टी की राज्य इकाई के अध्यक्ष सदानंद तनावडे और मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत सहित अन्य नेता शामिल हुए।

# नए दस्तावेज जमा करने संबंधी आदेश खारिज

**मुंबई, एजेंसी**

**मानहानि मामला**

- बंबई उच्च न्यायालय ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को राहत दी

बंबई उच्च न्यायालय ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को राहत देते हुए एक मजिस्ट्रेट का वह आदेश शुक्रवार को रद्द कर दिया, जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के एक कार्यकर्ता को उसकी लंबित आपराधिक मानहानि शिकायत में नये और अतिरिक्त दस्तावेज जमा कराने की अनुमति दी गई थी। आरएसएस कार्यकर्ता राजेश कुंटे ने 2014 में भिवंडी में मजिस्ट्रेट अदालत में मानहानि की शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें दावा किया गया था कि कांग्रेस नेता ने एक भाषण के दौरान झूठा और अपमानजनक बयान दिया था कि महात्मा गांधी की हत्या के लिए संघ जिम्मेदार है।

मजिस्ट्रेट अदालत ने 2023 में कुंटे को राहुल गांधी के भाषण की प्रतिलिपि प्रस्तुत करने की अनुमति दी। राहुल का भाषण 2014 में दायर उनकी उस याचिका का हिस्सा था, जिसमें उन्होंने अपने खिलाफ जारी समन को रद्द करने की मांग की थी। कांग्रेस नेता ने मजिस्ट्रेट के आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती दी। न्यायमूर्ति पृथ्वीराज चव्हाण की एकल पीठ ने कांग्रेस नेता की याचिका मंजूर कर ली। अदालत ने कहा, याचिका स्वीकार की जाती है। विवादित आदेश और तदनुरूप दस्तावेज प्रदर्शित करने के आदेश को रद्द तथा खारिज किया जाता है....। न्यायमूर्ति चव्हाण ने मजिस्ट्रेट को मुकदमे को शीघ्रता से निपटाने का निर्देश दिया तथा दोनों पक्षों से सहयोग करने को कहा। राहुल गांधी ने अपनी याचिका में दावा किया कि 2021 में उच्च न्यायालय की एक अन्य पीठ ने कुंटे को मामले में कोई भी नया दस्तावेज जमा करने की इजाजत नहीं दी थी।

# हाथरस कांड की याचिका सुप्रीम कोर्ट में खारिज

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- कहा- हर चीज संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत नहीं आती

उच्चतम न्यायालय ने हाथरस में दो जुलाई 2024 की भगदड़ में 121 लोगों की मौत के मामले की जांच के लिए शीर्ष अदालत के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में पांच सदस्यीय विशेषज्ञ समिति नियुक्त करने की गुहार वाली एक जनहित याचिका शुक्रवार को यह कहते हुए खारिज कर दी कि हर चीज संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत नहीं आती।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने याचिका पर सुनवाई करने से इनकार करते हुए याचिकाकर्ता अधिवक्ता विशाल तिवारी से उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने को कहा। पीठ ने कहा, बेशक, ये परेशान करने वाली घटनाएं हैं, लेकिन उच्च न्यायालय इससे निपटने के लिए सक्षम है। पीठ के समक्ष याचिकाकर्ता ने जोर देकर कहा कि मामला चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता से भी जुड़ा है।

# महायुति ने नौ, एमवीए ने जीती दो सीट

**मुंबई, एजेंसी**

**महाराष्ट्र विप चुनाव**

- भाजपा ने 5 तो शिवसेना व राकांपा ने जीतें दो-दो सीट

भाजपा, शिवसेना और राकांपा के सत्ताधारी महायुति गठबंधन ने शुक्रवार को राज्य विधान परिषद की 11 में से उन सभी नौ सीट पर जीत दर्ज की जिस पर चुनाव लड़ा था, जबकि महा विकास आघाडी (एमवीए) ने दो सीट पर दर्ज की है।

भाजपा ने 5 सीट पर जीत दर्ज की है जबकि दो-दो सीट पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना और अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा ने जीत दर्ज की है। विपक्षी एमवीए की तरफ से शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे के सहयोगी मिलिंद नार्वेकर और कांग्रेस उम्मीदवार प्रज्ञा सातव ने जीत दर्ज की है। शरद पवार की राकांपा (एसपी) द्वारा समर्थित पीजेंट्स एंड वर्कर्स पार्टी (पीडब्ल्यूपी) के उम्मीदवार जयंत पाटिल चुनाव हार गए। चुनाव की जरूरत इसलिए पड़ी क्योंकि विधान परिषद (एमएलसी) के 11 सदस्य 27 जुलाई को अपना कार्यकाल पूरा कर रहे हैं। 288 सदस्यीय विधानसभा चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल थी और इसकी वर्तमान ताकत 274 है। प्रत्येक जीतने वाले उम्मीदवार को 23 प्रथम वरीयता वोट के कोटे की आवश्यकता होती है। भाजपा 103 सदस्यों के साथ सबसे बड़ी पार्टी है, उसके बाद शिवसेना (38), राकांपा (42), कांग्रेस (37), शिवसेना (यूबीटी) 15 और राकांपा (एसपी) 10 हैं। भाजपा ने पंकजा मुंडे, योगेश तिलेकर, परिणय फुके, अमित गोरखे व सदाभाऊ खोत को उतारा था।

## नीतीश के करीबी सहयोगी ने लालू पर तंज कसा

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के करीबी सहयोगी ने शुक्रवार को अनंत अंबानी की शादी में शामिल होने रवाना होने पर राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद और उनके परिवार पर तंज कसा। बिहार के ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी पत्रकारों द्वारा लालू प्रसाद, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, बड़ी पुत्री मीसा भारती, दोनों पुत्र तेज प्रताप यादव और तेजस्वी यादव के मुंबई रवाना होने के बारे में पूछे गए सवालों का जवाब दे रहे थे।

# दोषी पाए जाने पर विवादास्पद आईएएस अधिकारी को किया जा सकता है बर्खास्त

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- दस्तावेजों की केंद्र द्वारा गठित एक सदस्यीय समिति करेगी जांच

विशेषाधिकारों के दुरुपयोग को लेकर विवादों में घिरीं परिवीक्षाधीन आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर को दोषी पाये जाने पर सेवा से बर्खास्त किया जा सकता है।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार सिविल सेवा परीक्षा और फिर सेवा में चयन के लिए उनके द्वारा प्रस्तुत सभी दस्तावेजों की गुरुवार को केंद्र द्वारा गठित एक सदस्यीय समिति द्वारा पुनः जांच की जाएगी। यदि अधिकारी दोषी पायी जाती है तो उन्हें सेवा से बर्खास्त किया जा सकता है।

यदि यह पाया जाता है कि उन्होंने तथ्यों को गलत तरीके से पेश किया है या यह पाया जाता है कि उनका चयन जिन दस्तावेजों के आधार पर किया गया है, उनमें किसी तरह का फर्जीवाड़ा किया है तो उन्हें आपराधिक आरोपों का भी सामना करना पड़ सकता है।

वर्ष 2023 बैच की आईएएस अधिकारी खेडकर परिवीक्षा पर हैं और वर्तमान में अपने गृह कैडर महाराष्ट्र में तैनात हैं। खेडकर (34) आईएएस में शामिल होने के लिए शारीरिक दिव्यांगता श्रेणी और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) कोटा के तहत लाभों का दुरुपयोग करने का आरोप है।

## खेल डायरी

### अमुंडी चैंपियनशिप के पहले दिन अदिति और दीक्षा ने किया निराश

**एवियन ले बेंस (फ्रांस)।** भारतीय ओलंपिक दल की गोल्फर अदिति अशोक और दीक्षा डागर ने अमुंडी एवियन चैंपियनशिप के शुरूआती दिन निराशाजनक शुरूआत की। अदिति ने महिलाओं के सर्किट के मेजर टूर्नामेंट में इवन पार 71 का कार्ड बनाया जिससे वह संयुक्त 52वें स्थान पर बनी हुई हैं। दीक्षा ने पांच ओवर 76 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त 120वें स्थान पर मौजूद हैं। अदिति ने 12 होल में दो बर्डी लगाई जिससे वह दो अंडर पर थीं, लेकिन वह 13वें और 14वें होल में लगातार बोगी कर बैठीं जिससे वह संयुक्त 52वें स्थान पर खिसक गईं। दीक्षा ने पहले नौ होल में एक बर्डी, दो बोगी और एक डबल बोगी लगाई जिससे वह 18वें स्थान पर थीं।

### महिला एशिया कप में भारत और पाकिस्तान का मुकाबला 19 को

**कोलंबो।** भारत दांबुला में होने वाले महिला टी-20 एशिया कप में अपना पहला मैच शुरुआती दिन चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगा जबकि मेजबान श्रीलंका इसी दिन बांग्लादेश का सामना करेगा। श्रीलंका क्रिकेट ने शुक्रवार को यह घोषणा की। भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका के अलावा थाईलैंड, संयुक्त अरब अमीरात, नेपाल और मलेशिया की टीम भी टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी। टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है। भारत, पाकिस्तान, संयुक्त अरब अमीरात और नेपाल को ग्रुप ए में जबकि बांग्लादेश, श्रीलंका, मलेशिया और थाईलैंड को ग्रुप बी में रखा गया है। टूर्नामेंट में कुल 15 मैच खेले जाएंगे, जिनमें दोनों सेमीफाइनल और फाइनल भी शामिल हैं। श्रीलंका क्रिकेट ने विज्ञप्ति में कहा सभी मैच का अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर सीधा प्रसारण किया जाएगा तथा दर्शकों को स्टेडियम में मुफ्त प्रवेश दिया जाएगा।

### भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने म्यामांर को 1-1 से बराबरी पर रोका

**यांगून (म्यांमा)।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम शुक्रवार को यहां दूसरे मैत्री मैच में अपने प्रदर्शन का स्तर ऊंचा करते हुए म्यामांर को 1-1 की बराबरी पर रोकने में सफल रही। शुरुआती मैच में हार का सामना करने के बाद इस मुकाबले में भारत आक्रामक तेवर के साथ मैदान पर उतरी थी। टीम को शुरुआती हाफ में गेंद पर बेहतर नियंत्रण बनाने के कारण गोल करने के मौके मिले लेकिन खिलाड़ी इसे भुनाने में नाकाम रहे। म्यामांर की गोलकीपर मयो म्या म्या नयिन ने इस दौरान कुछ शानदार बचाव किए। दूसरे हाफ के शुरू होने पर ओडिशा एफसी की स्ट्राइकर प्यारी ने पनथोई के लंबे पास पर अच्छा नियंत्रण बनाते हुए म्यामांर की लिन लाई ओ को छकाकर गोल कर दिया।

# पारी और 114 रनों से जीता इंग्लैंड

## टेस्ट करियर का अंतिम मैच खेले एंडरसन, 704 विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज बने जेम्स

**वेस्टइंडीज के खिलाफ पहला टेस्ट**

लॉर्ड्स, एजेंसी

गस ऐटकिंसन (कुल 12 विकेट) की घातक गेंदबाजी और जैक क्रॉले (76), जेमी स्मिथ (70) की बेहरीन बल्लेबजी के दम पर इंग्लैंड ने पहले टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज को पारी और 114 रनों से हरा दिया है। वेस्टइंडीज की पहली पारी 121 के स्कोर पर सिमट गई थी तथा दूसरी पारी में भी की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और वह उसने 55 रन पर पांच विकेट गवां दिए। कप्तान क्रैग ब्रैथवेट (4), किर्क मैकेंजी (शून्य), मिकाइल लुइस (14), कावेम हॉज (4), एलिक अथानाजे (22) रन बनाकर आउट हुये। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने पर वेस्टइंडीज ने छह विकेट पर 79 बना लिये थे।

वेस्टइंडीज ने दूसरे दिन के छह विकेट पर 79 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में अभी नौ रन का इजाफा ही हुआ था कि जेम्स एंडरसन ने जॉशुआ डासिल्वा (9) को आउट कर वेस्टइंडीज को सातवां झटका दिया। इसके बाद गस ऐटकिंसन ने अल्जारी जोसेफ (8) को पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। शमार जोसेफ (3) को भी ऐटकिंसन ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद 47वें ओवर की आखिरी गेंद पर ऐटकिंसन ने जेडेन सील्स (8)को आउटकर वेस्टइंडीज की को दूसरी पारी में 136 रन पर समेटकर अपनी टीम को पारी और 114 रनों से जीत दिला दी। इंग्लैंड की ओर से गस ऐटकिंसन ने पांच विकेट लिए। जेम्स एंडरसन को तीन विकेट मिले। बेन स्टोक्स ने दो बल्लेबाजों को आउट किया।

इससे पहले इंग्लैंड ने पहली पारी में ओली पोप (57), जैक क्रॉले (76) रन हैरी ब्रूक (50), जो रूट (68), जेमी स्मिथ ने (70) और क्रिस वोक्स (23) रन की बेहतरीन परियों की बदौलत इंग्लैंड ने पहली पारी 371 रन का स्कोर खड़ा कर वेस्टइंडीज की पहली पारी के आधार पर 250 रनों की बढ़त बनाई थी। वेस्टइंडीज की ओर से जेडन सील्स ने चार विकेट लिए। जेसन होल्डर और गुडाकेश मोटी को दो-दो विकेट मिले। इंग्लैंड के गेंदबाजों ने वेस्टइंडीज को पहली पारी में महज 121 रन पर ढ़ेर कर दिया था। पहले टेस्ट में इंग्लैंड की ओर से पर्दापण करने उतरे गस एटकिंसन ने घातक गेंदबाजी का मुजाहिरा करते हुए वेस्टइंडीज को पहली पारी में महज 121 रन पर ढेर कर इस मैच को यादगार बना दिया। वहीं, गट एटकिंसन ने आखिरी के तीनों विकेट चटकाकर पारी में पांच और मैच में कुल 12 विकेट लेकर अपने पदार्पण को यादगार बनाया। वह 1946 में एलेक बेडसर के बाद घरेलू मैदान पर एक टेस्ट में 10 विकेट लेने वाले इंग्लैंड के पहले गेंदबाज बन गए। लुइस (27) हॉज (24) अथानाजे (23), जेसन होल्डर (शून्य), जोशुआ डिसिल्वा (शून्य), अलजारी जोसफ (17) और जोसफ (शून्य) को आउट हुए। गुडाकेश मोटी (14) रन बनाकर नाबाद रहे। वेस्टइंडीज की टीम 41.4 ओवर में 121 रन पर सिमट गई थी।

**टेस्ट में सबसे ज्यादा विकेट**

| | | |
|---|---|---|
| 800 | मुथैया मुरलीधरन | श्रीलंका |
| 708 | शेन वॉर्न | ऑस्ट्रेलिया |
| 704 | जेम्स एंडरसन | इंग्लैंड |
| 619 | अनिल कुंबले | भारत |
| 604 | स्टुअर्ट ब्रॉड | इंग्लैंड |
| 563 | ग्लेन मैकग्रा | ऑस्ट्रेलिया |
| 530 | नाथन लियोन | ऑस्ट्रेलिया |
| 519 | कर्टनी वॉल्श | वेस्टइंडीज |
| 516 | आर अश्विन | भारत |
| 439 | डेल स्टेन | द. अफ्रीका |



### एंडरसन की गेंदबाजी देखना आनंदित करता था : तेंदुलकर

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के महान गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने शुक्रवार को अपने दो दशक से अधिक लंबे करियर का समापन किया और इस मौके पर भारत के महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने अपने पुराने प्रतिद्वंद्वी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्हें गेंदबाजी करते हुए देखना आनंदित करता था। तेंदुलकर ने एक्स पर लिखा जिमी आपने अपने 22 साल के शानदार स्पैल से खेल प्रेमियों को मंत्रमुग्ध किया। आपको गेंदबाजी करते हुए देखना खुशी प्रदान करता था। आप जिस गति, सटीकता, स्विंग और फिटनेस के साथ गेंदबाजी करते, वह अद्भुत रहा। आपने अपने खेल से कई पीढ़ियों को प्रेरित किया है।

### 704 विकेट के साथ खत्म किया सफर

**लंदन।** इंग्लैंड के महान तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने दूसरी पारी में 32 रन पर तीन विकेट चटकाकर पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन वेस्टइंडीज के खिलाफ अपनी टीम को एकतरफा जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। एंडरसन ने करियर के आखिरी और 188वें टेस्ट मैच में कुल चार विकेट झटके इस प्रारूप में उनका करियर 704 विकेट के साथ खत्म हुआ। एंडरसन टेस्ट में 700 से अधिक विकेट लेने वाले इकलौते तेज गेंदबाज है।




अंतिम टेस्ट खेलने के बाद भावुक हुए जेम्स एंडरसन और उनकी पत्नी डेनिएला।

**स्कोर बोर्ड**

| | |
|---|---|
| वेस्टइंडीज (पहली पारी) | 121/10 (41.4 ओवर) |
| इंग्लैंड (पहली पारी) | 371/10 (90 ओवर) |
| वेस्टइंडीज (दूसरी पारी) | 136/10 (47 ओवर) |

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| क्रेग ब्रैथवेट बोल्ड एंडरसन | 4 | 26 | 1/0 |
| मिकाइल लुईस कैच स्मिथ बोल्ड स्टोक्स | 14 | 49 | 2/0 |
| कर्क मकेंजी पगबाधा स्टोक्स | 0 | 9 | 0/0 |
| ऐलेक ऐथनेज कैच स्मिथ बोल्ड एंडरसन | 22 | 47 | 4/0 |
| केवम हॉज बोल्ड ऐटकिंसन | 4 | 5 | 1/0 |
| जेसन होल्डर कैच पोप बोल्ड ऐटकिंसन | 20 | 59 | 2/0 |
| डासिल्वा कैच स्मिथ बोल्ड एंडरसन | 9 | 26 | 1/0 |
| जोसेफ कैच डकेट बोल्ड ऐटकिंसन | 8 | 9 | 1/0 |
| गुडाकेश मोटी नाबाद | 31 | 35 | 5/0 |
| शमार जोसेफ बोल्ड ऐटकिंसन | 3 | 9 | 0/0 |
| जेडेन सील्स कैच डकेट बोल्ड ऐटकिंसन | 8 | 12 | 1/0 |

अतिरिक्त : 13, गेंदबाजी : जेम्स एंडरसन16-7-32-3, क्रिस वोक्स7-3-11-0, गस ऐटकिंसन 14-2-61-5, बेन स्टोक्स 10-4-25-2




## चौथे टी-20 में सीरीज जीतने उतरेगा भारत

**हरारे।** भारतीय क्रिकेट टीम शनिवार को चौथे मुकाबले में जिम्बाब्वे पर जीतकर दर्ज कर पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला में अजेय बढ़त बनाकर सीरीज अपने नाम करने उतरेगी। टी-20 विश्वकप के बाद पहले दौरे पर जिम्बाब्वे पहुंची भारतीय टीम को पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा था, हालांकि भारतीय टीम अगले दो मैचों में एकतरफा जीत दर्ज की। भारत इस सीरीज में 2-1 से बढ़त बनाए हुए है और वह चौथा मैच जीतकर सीरीज में अजेय बढ़त बनाने का प्रयास करेगा। यह मैच शाम 4: 30 बजे शुरू होगा।

वहीं जिम्बाब्वे, भारत को पहले मैच की तरह चौकाकर श्रृंखला में वापसी का प्रयास करेगा, लेकिन उसे वापसी के लिए अपने क्षेत्ररक्षण में विशेष रूप से सुधार करना। पिच और परिस्थितियों को देखा जाए तो हरारे की दोहरी उछाल वाली पिच पर अमूमन हाई स्कोरिंग गेम नहीं खेला जाता। पिछले 15 मैचों में केवल सात बार ही ऐसा हुआ है, जब पहली पारी में टीम ने 150 या उससे अधिक का स्कोर बनाया हो। तीसरे टी-20 में भारतीय टीम में विश्व विजेता टीम के तीन सदस्य शिवम दुबे, यशस्वी जायसवाल और संजू सैमसन के टीम में शामिल होने के बाद उनका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ है। यशस्वी जायसवाल को विश्वकप के दौरान मौका नहीं मिला था, लेकिन पिछले मैच में उन्होंने 27 गेंदों में 36 रन की पारी खेल दिखा दिया कि उनका फॉर्म अभी भी वही है, लेकिन इस मैच में वह बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। वॉशिंगटन की नजरें स्पिन हरफनमौला के रूप में टीम में जगह पक्की करने पर है। उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ अभी तक 4.5 की औसत से छह विकेट लिए हैं।

# इस बार विंबलडन को मिलेगी नई मल्लिका

लंदन, एजेंसी

बारबोरा क्रेजिकोवा और जैस्मिन पाओलिनी के बीच शनिवार को होने वाले फाइनल में कोई भी जीते, यह सुनिश्चित है कि विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट को इस बार नई मल्लिका मिलेगी। क्रेजिकोवा ने पीठ में दर्द के बावजूद इस बार विंबलडन में हिस्सा लिया। यही नहीं इस टूर्नामेंट से पहले वह इस सत्र में कुछ मैच में ही जीत दर्ज कर पाई थी। इसलिए वह महिला एकल के फाइनल में पहुंचकर हैरान थी। यही हाल उनकी प्रतिद्वंदी और सातवीं वरीयता प्राप्त पाओलिनी का है।

इन दोनों में से कोई भी खिलाड़ी इससे पहले विंबलडन एकल के फाइनल में नहीं पहुंची थी। पाओलिनी ने वर्तमान टूर्नामेंट से पहले ग्रास कोर्ट पर खेले जाने वाली इस प्रतियोगिता में जो तीन मैच खेले थे उन सभी में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। विंबलडन में पिछले सात वर्ष में महिला एकल में सात खिलाड़ी चैंपियन बनी हैं। इनमें सेरेना विलियम्स भी शामिल है जिन्होंने 2016 में यहां सातवीं बार खिताब जीता था। क्रेजिकोवा ने में 2021 में फ्रेंच ओपन का खिताब जीता था, लेकिन उन्होंने यह सोचा भी नहीं था कि वह विंबलडन के फाइनल में पहुंचेंगी। उन्होंने कहा मुझे काफी मुश्किल दौर से गुजरना पड़ा। मैंने वास्तव में इसकी कल्पना नहीं की थी कि मैं विंबलडन के फाइनल में जगह बनाऊंगी।

क्रेजिकोवा और पाओलिनी दोनों ने सेमीफाइनल में पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करके जीत हासिल की। 31वीं वरीयता प्राप्त क्रेजिकोवा ने सेंटर कोर्ट पर 2022 की विंबलडन चैंपियन एलेना रिबाकिना को 3-6, 6-3, 6-4 से जबकि पाओलिनी ने डोना वेकिच को 2-6, 6-4, 7-6 (10-8) से हराया। इन दोनों खिलाड़ियों ने आक्रामक रवैया अपनाने के बाद मैच का पासा पलटा। फाइनल में भी इन दोनों से इसी तरह के खेल की उम्मीद है। पाओलिनी 1968 में ओपन युग शुरू होने के बाद विंबलडन के एकल फाइनल में पहुंचने वाली इटली की पहली खिलाड़ी हैं। यह 2016 के बाद पहला अवसर है जबकि कोई खिलाड़ी एक सत्र में फ्रेंच ओपन और विंबलडन के फाइनल में पहुंची है। पेरिस के बाद यहां भी फाइनल में पहुंचना, सच कहूं तो मैंने इसकी उम्मीद नहीं की थी। यह विशेष है। पाओलिनी फ्रेंच ओपन के फाइनल में इगा स्वियातेक से हार गई थी लेकिन यहां वह किसी भी तरह की कसर नहीं छोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है।



जैस्मिन पाओलिनी।

# इंग्लैंड महिला टीम ने न्यूजीलैंड को छह विकेट से दी शिकस्त

कैंटरबरी, एजेंसी

सोफी एकल्सटन की बेहतरीन गेंदबाजी और उसके बाद ऐलिस कैप्सी नाबाद (67) रनों की शानदार पारी के दम पर इंग्लैंड की महिला टीम ने न्यूजीलैंड को तीसरे टी-20 मैच में चार गेंदे शषे रहते छह विकेट से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 3-0 से बढ़त बना ली हैं।

142 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की भी शुरुआत खराब रही। पहले ही ओवर में हैन्ना रो ने माया बूशेर (शून्य) को पगबाधा आउट कर दिया। इसके बाद सोफिया डंकली और ऐलिस कैप्सी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए दूसरे विकेट के लिए 66 रन जोड़े। डंकली ने 35 रन बनाए। कप्तान नेट साइवर ब्रंट (0) को फ्रैन जोनस ने आउट किया। एमी जोंस (19) रनआउट हुई। ऐलिस कैप्सी ने नाबाद (67) रनों की पारी खेली। फ्रेया केंप ने नाबाद (16) रन बनाए। इंग्लैंड ने 19.2 ओवर में चार विकेट पर 142 रन बनाकर मुकाबला छह विकेट से जीत लिया।




न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत के बाद जश्न मनातीं इंग्लैड टीम की खिलाड़ी। ● एजेंसी

इससे पहले इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में जॉर्जिया प्लिमर (0) का विकेट गवां दिया। एमेलिया केर ने सूजी बेट्स के साथ पारी को संभाला। दोनों के बीच दूसरे विकेट लिए 52 रनों की साझेदारी हुई। आठवें ओवर में सोफी एकल्सटन ने साझेदारी को तोड़ा और दोनों को आउट किया। सूजी बेट्स 27 गेंदों में (38) और एमेलिया केर 18 गेंदों में (23) रन बनाकर आउट हुई। कप्तान सोफी डिवाइन ने 42 गेंदों में नाबाद (58) रनों की पारी खेली।

# साबले को पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने का यकीन

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के 3000 मीटर के शीर्ष स्टीपलचेस खिलाड़ी अविनाश साबले ओलंपिक में सिर्फ एक प्रतिभागी बनकर नहीं जाना चाहते और उन्हें यकीन है कि वह पेरिस में पदक जीत सकते हैं। हाल ही में अपना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ने वाले 29 वर्ष के साबले तोक्यो ओलंपिक 2021 में फाइनल में जगह नहीं बना सके थे।

उन्होंने कहा मैं सिर्फ भाग लेने नहीं जा रहा हूं। मेरा विश्वास है कि मैं पदक जीत सकता हूं। मेरा फोकस लक्ष्य पर है और सब कुछ ठीक रहा तो मैं पदक जीत सकता हूं। मुझे लगता था कि ओलंपिक पदक विजेता कुछ अनूठे और कठिन तरीके से तैयारी करते हैं लेकिन पिछले दो साल के मेरे अनुभव ने मेरा आत्मविश्वास बढाया है। साबले इस महीने की शुरूआत में पेरिस डायमंड लीग में छठे स्थान पर रहे और उन्होंने आठ मिनट 9.91 सेकंड का समय निकालकर अपना रिकॉर्ड तोड़ा। साबले ने कहा विश्व स्तर पर उनके प्रदर्शन से मुझे काफी प्रेरणा मिलती है।




अगर मेरे रोल मॉडल विश्व स्तर पर अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं तो मैं भी। मुझे अपनी प्रक्रिया पर फोकस करना सिखाया गया है। मेरी स्पर्धा मेरी ही टाइमिंग से है। राष्ट्रमंडल खेल 2022 में स्टीपलचेस में कीनियाई खिलाड़ियों का वर्चस्व तोड़ने वाले साबले ने कहा राष्ट्रमंडल खेलों में मिले रजत पदक से मुझे आत्मविश्वास दिया कि मैं दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का सामना कर सकता हूं।

## बॉलीवुड हलचल

### सरफिरा का हिस्सा बनकर महसूस हो रहा है गर्व : अक्षय

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार फिल्म सरफिरा में काम कर गर्व महसूस कर रहे हैं। अक्षय कुमार, परेश रावल, राधिका मदान और सीमा बिस्वास जैसे कलाकारों से सजी सरफिरा कैप्टन गोपीनाथ की किताब सिंपलीफ्लाई से प्रेरित है। यह फिल्म ग्रामीण महाराष्ट्र में एक शिक्षक के बेटे वीर जगन्नाथ म्हात्रे (अक्षय कुमार) की यात्रा का अनुसरण करती है, जो भारत में हवाई यात्रा में क्रांति लाने के लिए सभी बाधाओं को पार करता है। फिल्म रिलीज हो गई है। अक्षय ने इंस्टाग्राम पर लिखा सरफिरा का मतलब पागल होता है और पीछे मुड़कर देखने पर मुझे लगता है कि यदि मैंने यह फिल्म नहीं की होती तो मैं पागल होता। तो मुझे खुशी है कि मैंने ऐसा किया। यह यात्रा लगभग तीन साल पहले शुरू हुई थी और अंततः यह आप सभी के गवाह बनने और उम्मीद है कि इसे संजोएंगे। मुझे इस फिल्म का हिस्सा होने पर बहुत गर्व है और खुशी है कि सरफिरा मेरी 150वीं फिल्म है। #सरफिरा अब तुम्हारा है।



### फिल्म तेरे इश्क में धनुष के साथ काम करती नजर आएंगी तृप्ति

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री तृप्ति डिमरी, दक्षिण भारतीय फिल्मों के जाने-माने अभिनेता धनुष के साथ काम करती नजर आ सकती हैं। फिल्म एनिमल में काम करने के बाद नेशनल क्रश बनने वाली अभिनेत्री तृप्ति डिमरी लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। उनके पास कई फिल्मों की लाइन लगी हुई है। चर्चा है कि तृप्ति डिमरी, दक्षिण भारतीय अभिनेता धनुष के साथ एक फिल्म में अभिनय करने वाली हैं। कहा जा रहा है कि इस फिल्म का निर्देशन आनंद एल राय कर रहे हैं, जिसका नाम तेरे इश्क में है। यह एक प्रेम कहानी होगी। चर्चा है कि अक्टूबर 2024 में तेरे इश्क में की शूटिंग शुरू कर दी जाएगी। फिल्म को वाराणसी समेत उत्तर प्रदेश के कई शहरों में शूट किया जाएगा।



## डोपिंग के कारण दो साल बाहर बैठना काला अध्याय : जरमनप्रीत

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक के लिए चुनी गई 16 सदस्यीय भारतीय हॉकी टीम में जगह बनाने वाले जरमनप्रीत सिंह ने कहा कि 2016 में डोपिंग का दंश झेलना उनके करियर का सबसे निराशाजनक समय था।



जरमनप्रीत पिछले कुछ वर्षों से भारतीय टीम के नियमित खिलाड़ी रहे हैं। वह डोपिंग के कारण 2016 से 2018 तक खेल से दूर रहे थे। ओलंपिक में पदार्पण को तैयार इस खिलाड़ी ने डोपिंग के कारण लगे प्रतिबंध को याद करते हुए कहा यह मेरे लिए आसान नहीं था। यह कई अनिश्चितताओं के साथ मेरे सबसे बुरे समय में से एक था। पंजाब के इस खिलाड़ी ने कहा खिलाड़ी आम तौर पर इस तरह के झटके से उबर नहीं पाते हैं। दो साल तक मैचों से बाहर बैठने से आप काफी पीछे छूट जाते हैं। आयकर विभाग में अधिकारी के पद पर तैनात इस खिलाड़ी ने कहा मैं हालांकि अपनी वापसी को लेकर दृढ़ निश्चय था और मुझे पता था कि मुझे वापसी करनी होगी। मुझे नहीं लगता कि मैं मजबूत घरेलू ढांचे के बिना ऐसा कर सकता था, जहां मैं चयनकर्ताओं को दिखा सकता था कि मुझमें अभी भी वह क्षमता है। उन्होंने भारत के लिए 98 मैच खेले हैं।

# इंग्लैंड के खिलाफ चमक बिखेरते यमल पर टिकी स्पेन की उम्मीदें

बर्लिन, एजेंसी

**यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप**

फुटबॉल के नये वंडर ब्वॉय, बेहतरीन मिडफील्ड और विरोधी टीमों के औसत प्रदर्शन ने स्पेन को सफलता की नई इबारत लिखने की ड्योढी पर ला खड़ा किया है लेकिन आखिरी तिलिस्म पर एक ऐसी टीम खड़ी है जिसे बरसों से किसी बड़े खिताब का उतनी ही बेताबी से इंतजार है।

इंग्लैंड और स्पेन के बीच रविवार को होने वाला यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप फाइनल हर लिहाज से मनोरंजन की सौगात देने का माद्दा रखता है। ओलंपिक 1936 के लिए नाजियों द्वारा बनाए गए ऐतिहासिक स्टेडियम पर सभी की नजरें 17 बरस के लमाइन यमल पर होंगी जो 2008-12 के दौर के बाद पहली बार स्पेन को बड़े खिताब से एक जीत दूर ले आया है। स्पेन ने 2010 में विश्व कप और उसके बाद यूरो खिताब जीते थे। इस बार जहां क्रिस्टियानो रोनाल्डो, काइलियान एमबाप्पे और इंग्लैंड के हैरी केन जैसे दिग्गज धराशाई हो गए, वहीं यमल का नाम हर फुटबॉलप्रेमी की जुबां पर है। सेमीफाइनल से पहले वह तीन गोल का सूत्रधार रहा और फ्रांस के खिलाफ सेमीफाइनल में बेहतरीन शॉट पर गोल करके पूरे देश का नूरे नजर बन गया। गत चैंपियन इटली और 2022 में विश्व कप सेमीफाइनल खेलने वाली क्रोएशिया जैसी टीमों के रहते स्पेन ग्रुप में शीर्ष पर रहा। इसके बाद मेजबान जर्मनी और एमबाप्पे की फ्रांस को हराया। वैसे स्पेन की टीम इंग्लैंड को हलके में लेने की गलती नहीं करेगी।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

